फाल्गुन कृष्ण पक्ष, एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 6 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 109, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

पूरा भारत चाहता है मणिपुर की स्थिति सामान्य हो 16

लवली का गाना रंग लहे लहे डाली रिलीज 15

अपहरण के मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह दोषी

जौनपुर, एजेंसी

- अपर जिला सत्र अदालत आज सुनाएगी सजा

जौनपुर की अपर सत्र अदालत ने बाहुबली पूर्व सांसद और जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय महासचिव धनंजय सिंह समेत दो अभियुक्तों को अपहरण और रंगदारी मांगने के मामले में मंगलवार को दोषी करार दिया। अदालत बुधवार को सजा सुनाएगी। जिला शासकीय अधिवक्ता सतीश पांडेय ने बताया कि नमामि गंगे परियोजना के प्रबंधक मुजफ्फरनगर निवासी अभिनव सिंघल ने 10 मई, 2020 को जौनपुर के लाइन बाजार थाने में धनंजय सिंह और उनके साथी संतोष विक्रम के खिलाफ अपहरण और रंगदारी मांगने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया था कि विक्रम ने उनका अपहरण कर धनंजय के आवास पर ले गया। जहां धनंजय सिंह ने धमकी देने के बाद रंगदारी मांगी। मुकदमा दर्ज होने के बाद धनंजय सिंह गिरफ्तार भी हुए थे। बाद में उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश शरद कुमार त्रिपाठी ने धनंजय सिंह और संतोष विक्रम को दोषी करार दिया है।

योगी मंत्रिमंडल का विस्तार, चार और कैबिनेट मंत्री शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में दिलाई शपथ मुख्यमंत्री भी रहे मौजूद
- दारा सिंह, सुनील शर्मा, सुभासपा के ओपी राजभर रालोद से अनिल शामिल

शपथ लेने के बाद राज्यपाल आनंदी बेन और मुख्यमंत्री योगी के साथ नए मंत्री।

अमृत विचार : योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार-दो के मंत्रिमंडल में चार नए कैबिनेट मंत्रियों को शामिल किया गया है। मंगलवार को राजभवन के गांधी सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने चारों को शपथ दिलाई। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल का यह पहला शपथ ग्रहण समारोह रहा।

कैबिनेट मंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ लेने वाले नए मंत्रियों में भाजपा से दारा सिंह चौहान और सुनील शर्मा हैं। वहीं, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर और राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) से अनिल कुमार शामिल हैं। दरअसल, राजभर को तो एनडीए में शामिल होने के बाद ही बेसब्री से मंत्रीपद मिलने का इंतजार था, पिछले दिनों उन्होंने पद न मिलने पर होली न मनाने की चेतावनी भी दी थी। इसके साथ ही प्रदेश मंत्रिमंडल में अब 22 कैबिनेट समेत 56 मंत्री हो गए हैं। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नवनिर्वाचित मंत्रियों को पुष्प गुच्छ देकर शुभकामनाएं दीं। जो चार मंत्री बनाए गए हैं उनमें दो पूर्वी उत्तर प्रदेश से व दो पश्चिमी उत्तर प्रदेश से हैं।

ये हैं नए कैबिनेट मंत्री

ओमप्रकाश राजभर : गाजीपुर के जहूराबाद विधानसभा से विधायक। एनडीए के घटक दल सुभासपा के अध्यक्ष। योगी आदित्यनाथ के पहले कार्यकाल में भी मंत्री थे।

दारा सिंह चौहान : मऊ की घोसी सीट से सपा विधायक थे, फिर भाजपा में आकर घोसी से उपचुनाव लड़े और पराजित। पहले एमएलसी बनाया गया, अब कैबिनेट मंत्री।

सुनील शर्मा : 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के रूप में साहिबाबाद विधानसभा सीट पर रिकॉर्ड जीत हासिल की। दो लाख 14 हजार 386 वोटों से सपा गठबंधन प्रत्याशी अमरपाल शर्मा को हराया।

अनिल कुमार : मुजफ्फरनगर जिले की अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित सीट पुरकाजी से सपा में रहते हुए रालोद के सिंबल पर वर्ष 2022 में विधायक निर्वाचित।

निजी नलकूपों को मिलेगी मुफ्त बिजली

- 14.78 लाख ग्रामीण व शहरी नलकूपों का बिल माफ करने का फैसला
- सात करोड़ किसानों को चुनाव से पहले राज्य सरकार ने दी बड़ी राहत
- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में हुए 29 अहम फैसले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 29 अहम फैसले लिए गए। किसानों के निजी नलकूपों की बिजली बिल पूरी तरफ मुफ्त कर दी गई। सरकार ने 14.78 लाख ग्रामीण और शहरी नलकूपों की बिजली बिल पिछले साल के अप्रैल माह से ही शून्य कर दी है। दावा किया कि इससे करीब सात करोड़ किसानों को राहत देकर चुनाव में किए गए वादे को पूरा किया गया है। वहीं, होमगार्ड के भोजन भत्ता को 30 रुपये से बढ़ाकर 120 रुपये किया गया है।

मुख्यमंत्री आवास पर हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद लोकभवन में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने चुनावों के दौरान घोषणा की थी कि किसानों को उनके निजी नलकूपों पर शतप्रतिशत छूट दी जाएगी। राज्य में लगभग 14 लाख 73 हजार ग्रामीण नलकूप हैं, जबकि 5,188 शहरी नलकूप हैं। सरकार ने लगभग 200 ग्राम पंचायतों को नगर ग्राम पंचायतों में बदल दिया है, इसलिए शहरी और ग्रामीण का फर्क खत्म करके इसे मर्ज कर दिया है। इस तरह कुल 14 लाख 78 हजार नलकूपों पर किसानों को बिजली बिल पर छूट का लाभ मिलेगा। शर्मा ने बताया कि मेरे पास खुद भी ट्यूबवेल है और इसी आधार पर हम कह सकते हैं कि एक ट्यूबवेल से 8 से 10 किसान लाभान्वित होते हैं, जिसके खेत तक पानी पहुंचता है।

इस तरह लगभग डेढ़ करोड़ किसानों को इस योजना से लाभ होने वाला है। प्रति किसान यदि 5 सदस्यों के परिवार की गणना करें तो लगभग 6-7 करोड़ लोग इस योजना से लाभान्वित हो सकेंगे। किसानों को अब एक अप्रैल 2023 से कोई बिल देने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके पहले का यदि कोई बकाया है तो उसके लिए हम ब्याज रहित योजना लेकर आएंगे और उसका भी क्रियान्वयन आने वाले दिनों में किया जाएगा। 2023-24 में मुख्यमंत्री ने इस योजना के लिए 2400 करोड़ और 2024-25 के बजट में 1800 करोड़ का प्रावधान किया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने भी इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया।

सरकार ने प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी को भी दी मंजूरी

सरकार ने प्रदेश में इनवायरमेंट फ्रेंडली एनर्जी के प्रोडक्शन की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी को मंजूरी दी है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि हाइड्रोजन का उपयोग ईंधन के रूप में बड़े कारखाने जैसे फर्टिलाइजर प्लांट, पेट्रोकेमिकल प्लांट और स्टील प्लांट में होता है। अभी तक हाइड्रोजन पैदा करने की जो तकनीक थी वो बिजली या गैस के सहारे होती थी, जिसे ग्रे हाइड्रोजन कहा जाता है। ग्रे हाइड्रोजन को ग्रीन हाइड्रोजन में परिवर्तित करने की दिशा में बहुत बड़ा काम शुरू हुआ है। पॉलिसी में आने वाले चार साल यानी 2028 तक प्रतिवर्ष एक मिलियन मीट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन पैदा करने का लक्ष्य रखा गया है। नीति की समयावधि पांच वर्ष रखी गई है। समयावधि में जो उद्योग यहां आएंगे उन्हें 5 हजार 45 करोड़ रुपये सब्सिडी व अन्य राहतों के रूप में प्रदान किए जाएंगे। 10 से 30 प्रतिशत तक कैपिटल एक्सपेंडीचर पर सब्सिडी देंगे। पहले 5 उद्योगों को 40 प्रतिशत तक छूट प्रदान करेंगे। इसके तहत एनर्जी बैंकिंग का भी प्रावधान कर रहे हैं। इंट्रास्टेट बिजली भेजने पर जो चार्जेस लगते हैं उस पर 100 प्रतिशत तक छूट देंगे।

राज्य राजधानी क्षेत्र के गठन का रास्ता साफ

मंत्रिमंडल ने उप्र राज्य राजधानी क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्रीय विकास प्राधिकरणों के गठन अध्यादेश से जुड़े प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य है कि दिल्ली एनसीआर की तर्ज पर यहां नियोजित विकास किया जा सके। काफी समय से नागरिकों की सुविधा की दृष्टि ये आवश्यकता महसूस की जा रही थी कि राज्य राजधानी क्षेत्र में लखनऊ के साथ शामिल बाराबंकी, रायबरेली, हरदोई, सीतापुर और उन्नाव के अलावा अन्य पड़ोसी जिलों में भी अनियोजित विकास न हो। इस अध्यादेश के तहत सभी प्राधिकरणों के कोऑपरेशन-कोऑर्डिनेशन से विकास परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा। किसी प्राधिकरण का मर्जर नहीं होगा, सभी का अस्तित्व बरकरार रहेगा।

तौकीर रजा 2010 के दंगे का मास्टर माइंड

विधि संवाददाता, बरेली

- कोर्ट से 7 आरोपियों के खिलाफ गैरजमानती वारंट भी जारी
- कमिश्नर, डीआईजी, एसएसपी डीएम को भी माना सहयोगी

अमृत विचार : फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्पेशल जज रवि कुमार दिवाकर ने आईएमसी अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा को वर्ष 2010 में बरावफात के दिन शहर में हुए दंगे का मास्टर माइंड मानते हुए तलब किया है। मंगलवार को विवेचक इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव की गवाही के बाद चार्जशीट में तौकीर का नाम न शामिल किए जाने का संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने आदेश जारी किया। इसी आधार पर तत्कालीन कमिश्नर, डीएम, डीआईजी, एसएसपी को भी मौलाना का सहयोगी मानते हुए आदेश की प्रति मुख्यमंत्री योगी को भी भेजी है। सात आरोपियों के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किए गए हैं।

शहर में 2010 में हुए दंगे के बाद प्रेमनगर पुलिस ने बलवा, विधि विरुद्ध जमाव, हत्या की कोशिश जैसी गंभीर धाराओं में 178 नामजद और हजारों अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। राज्य बनाम शहजादे आदि नाम से यह केस फास्ट ट्रैक कोर्ट में विचाराधीन है। डीजीसी क्राइम सुनीति कुमार पाठक के मुताबिक कोर्ट ने पाया कि दंगे के दिन तौकीर रजा ने कोहाड़ापीर में मंच से पुलिस-प्रशासन और हिंदुओं को ललकारा था कि आधे घंटे में चाहबाई से जुलूस नहीं निकलने दिया गया तो अंजाम अच्छा नहीं होगा। खून की नदियां बहा दूंगा। हिंदुओं के घर को तहस-नहस कर आग के हवाले कर दूंगा। किन्तु चार्जशीट से मौलाना तौकीर का नाम हटा दिया गया। मंगलवार को केस के विवेचक इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने विवेचना के तथ्यों का उल्लेख करते हुए अदालत में बताया कि दंगे वाले दिन तौकीर रजा ने दोपहर में कोहाड़ापीर आकर भड़काऊ भाषण दिया था। कोर्ट ने मौलाना तौकीर को 11 मार्च को सुनवाई पर तलब किया है।

कोर्ट ने किया तलब

कोर्ट की टिप्पणी- सत्ता प्रमुख धार्मिक व्यक्ति को होना चाहिए ... योगी आदित्यनाथ उदाहरण : पेज 3

एक नजर

प्रधानमंत्री गुरुवार को जम्मू-कश्मीर दौरे पर

श्रीनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गुरुवार को केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के आगमन के मद्देनजर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा निरस्त होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली कश्मीर यात्रा होगी। मोदी श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में सार्वजनिक रैली को संबोधित करेंगे। एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री की हाईप्रोफाइल दौरे को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा उपाय बढ़ाए गए हैं और सभी आवश्यक सावधानियां बरती जा रही हैं।

को-ऑपरेटिव बैंक ने बॉन्ड के चक्कर में गंवाए 2 करोड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 28 मार्च 2023 को हुई थी धोखाधड़ी की घटना, नौ महीने बाद दर्ज हुई एफआईआर

अमृत विचार : रामपुर जिले की दि न्यू अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक को जालसाज ने 2.08 करोड़ रुपये का चूना लगा दिया। बॉन्ड खरीदने के चक्कर में बैंक ने पूंजी गंवा दी। बैंक ने यह धनराशि 28 मार्च 2023 को जालसाज के खाते में ट्रांसफर की थी। इस मामले में नौ महीने बाद बैंक के सचिव एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी जीवन तिवारी ने मुरादाबाद साइबर क्राइम थाने में मामला दर्ज कराया है। इसमें देबानजाय राय पुत्र मोंजायब्रत राय नामजद हुआ है जो पश्चिम बंगाल में 24 परगना उत्तर के दम-दम कोलकाता का निवासी और मेसर्स फिनिडियाज निवेश साईं कृपा इंफ्रा सिक्योरिटीज का उपाध्यक्ष है।

बैंक के सचिव ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने ई-मेल से बैंक की ई-मेल पर 100 रुपये प्रति बॉन्ड की दर से कोटेशन प्रस्तुत की थी। ब्याज दरों को देखकर बैंक ने दो करोड़ के बॉन्ड खरीद लिए थे। 28 मार्च 2023 को बैंक ने आरटीजीएस से साईं कृपा इंफ्रा सिक्योरिटीज के खाते में कुल 2,07,86,142 रुपये ट्रांसफर कर दिए थे। यह पैसा एचडीएफसी बैंक शाखा श्रीभूमि कोलकाता में ट्रांसफर हुआ था, लेकिन पैसा ट्रांसफर होने के बाद भी बॉन्ड नहीं मिले।

बद्रीनाथ धाम ने ओढ़ी बर्फ की चादर...

चमोली : उत्तराखंड में पहाड़ों पर ताजा बर्फबारी हुई। इस दौरान चमोली जिले में स्थित बद्रीनाथ धाम के कपाट भी बर्फ से सफेद चादर में ढक गए। चमोली स्थित बद्रीनाथ धाम, पिथौरागढ़ व बागेश्वर समेत हिमालय की ऊंची चोटियों में बर्फबारी हो रही है। ताजा बर्फबारी से बद्रीनाथ धाम में लगभग दो फीट तक बर्फ जम गई। अन्य उंचाई वाले स्थान हिमपात के बाद बर्फ की मोटी सफेद चादर में लिपट गए जबकि निचले इलाकों में बर्फबारी से ठिठुरन और बढ़ गई है। ● एजेंसी

रेणुका को पुलिस भर्ती बोर्ड अध्यक्ष पद से हटाया

लखनऊ। सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले को गंभीरता लेते हुए शासन ने उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की अध्यक्ष रेणुका मिश्रा को पद से हटाकर प्रतिक्षारत में डाल दिया है। डीजी विजिलेंस राजीव कृष्ण को भर्ती बोर्ड का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। शासन से जुड़े सूत्रों के मुताबिक पेपर लीक मामले में चूक, परीक्षा रद होने के बाद भर्ती बोर्ड की आंतरिक समीक्षा समिति की रिपोर्ट नहीं देना और इस मामले में अब तक एफआईआर दर्ज न कराना भी, उनके खिलाफ शासन की नाराजगी की वजह बन गई थी।

एसपी ऑफिस पर युवक ने पेट्रोल डालकर खुद को लगाई आग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- वाहन का था विवाद, पुलिस की कार्यप्रणाली से आहत था युवक
- 50% झुलसा, लखनऊ किया रेफर एएसपी सिटी करेंगे जांच

अमृत विचार : पुलिस की कार्यप्रणाली से आहत युवक ने एसपी ऑफिस पर पेट्रोल डालकर खुद को आग लगा लिया। 50 प्रतिशत झुलसे युवक को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां से लखनऊ रेफर कर दिया गया। एसपी ने मामले की जांच एएसपी सिटी को सौंपी है।

कांट थाना क्षेत्र के गांव सेहरान निवासी ताहिर अली(45) के पास दो पिकअप वाहन थे। जिसे डेढ़ वर्ष पूर्व सदर बाजार क्षेत्र के गांव चिनौर निवासी एक ग्रामीण को किराए पर दिए थे। उसने गाड़ी लौटाने से मना कर दिया। बाद में एसपी के आदेश पर 13 अक्टूबर 2023 को वाहन बरामद कर कैंट चौकी में खड़े करा दिए गए थे। 16 अक्टूबर 2023 को ताहिर को वाहन दे दिए गए थे। बाद में चौकी इंचार्ज और सिपाहियों के साथ आरोपी उसके घर पहुंचा और जबरन वाहन उठा ले गया। तभी से दोनों वाहन कैंट चौकी पर खड़े थे। आरोप है कि पुलिस ने वाहन गायब करा दिए। मंगलवार दोपहर 12 बजे पत्नी व बच्चों के साथ ताहिर एसपी कार्यालय गेट पर पहुंचा और अपने ऊपर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली फिर एसपी कार्यालय की तरफ भागा। पुलिस कर्मियों और मौजूद लोगों ने किसी तरह आग को बुझाया।

> ताहिर अली ने एसपी कार्यालय गेट पर आग लगाई है। उसके पास दो वाहन थे। वह उमेश तिवारी नाम के एक व्यक्ति के साथ काम करता था। उमेश ने उससे वाहन खरीदकर पैसे दे दिए थे, दूसरे वाहन की किश्तें जमा कर रहा था। ताहिर चाहते थे कि दोनों वाहन उन्हें मिल जाएं। जो विवाद की जड़ था। घटना की जांच एएसपी सिटी संजय कुमार को सौंपी गई है। - **अशोक कुमार मीणा**, एसपी

शाहजहां की हिरासत लेने गई सीबीआई को लौटाया

संदेशखालि मामला

कोलकाता/नई दिल्ली, एजेंसी

- सीबीआई की टीम ने दो घंटे से अधिक समय तक सीआईडी मुख्यालय में किया इंतजार
- पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर उच्चतम न्यायालय का तत्काल सुनवाई से इनकार

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मंगलवार को निर्देश दिया कि संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हमले का मामला और टीएमसी के निलंबित नेता शाहजहां शेख की हिरासत सीबीआई को सौंपी जाए। उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल पुलिस को पक्षपातपूर्ण आचरण के लिए फटकार लगाई और कहा कि आरोपियों को बचाने के लिए जांच में देरी का हर प्रयास किया जा रहा है। उच्च न्यायालय द्वारा प्रवर्तन निदेशालय के अनुरोध को स्वीकार करने के कुछ ही घंटों के भीतर पश्चिम बंगाल सरकार ने आदेश को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया, लेकिन शीर्ष अदालत की पीठ ने याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया। इस बीच, सीबीआई ने मामले की जांच अपने हाथ में लेने के लिए पश्चिम बंगाल पुलिस से संपर्क किया। एजेंसी की एक टीम शेख को हिरासत में लेने के लिए अर्धसैनिक बलों के साथ कोलकाता स्थित सीआईडी कार्यालय भी पहुंची, लेकिन उसे हिरासत नहीं सौंपी गई। उच्च न्यायालय द्वारा मंगलवार शाम साढ़े चार बजे तक उसके निर्देशों का पालन करने का आदेश दिए जाने के तुरंत बाद सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज करके जांच अपने हाथ में ले ली। सीबीआई की टीम भवानी भवन स्थित सीआईडी मुख्यालय पहुंची थी और दो घंटे से अधिक समय तक इंतजार करने के बाद शाम साढ़े सात बजे शेख को लिए बगैर ही लौट गई। एक उच्च पदस्थ सूत्र ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) शेख की हिरासत सीबीआई को नहीं सौंपने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ बुधवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख कर सकता है। यह घटनाक्रम ईडी द्वारा शाम को उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शिवज्ञानम के समक्ष यह उल्लेख करने के बाद हुआ कि राज्य सीआईडी ने मंगलवार शाम साढ़े चार बजे तक आरोपियों को सीबीआई को सौंपने के अदालत के आदेश का पालन नहीं किया। इस बीच ईडी ने शेख की 12.78 करोड़ रुपये मूल्य की एक दर्जन से ज्यादा संपत्तियों को कुर्क किया है।

मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवज्ञानम की अध्यक्षता वाली उच्च न्यायालय की पीठ ने कहा, इस मामले से बेहतर कोई और मामला हो ही नहीं सकता, जिसे सीबीआई जांच के लिए हस्तांतरित करने की आवश्यकता हो।" पीठ ने कहा कि मंगलवार शाम साढ़े चार बजे तक निर्देशों का पालन किया जाए। ईडी और राज्य सरकार दोनों ने एकल पीठ के 17 जनवरी के उस आदेश को चुनौती देते हुए अलग-अलग अपील दायर की थी।

भारतीय एप को बहाल करने पर सहमत हुआ गूगल

नई दिल्ली। प्ले स्टोर पर सेवा शुल्क भुगतान को लेकर गूगल और भारतीय कंपनियों के बीच विवाद को सुलझाने के लिए सरकारी हस्तक्षेप के बाद गूगल भारतीय ऐप को बहाल करने पर सहमत हो गई है। दूरसंचार और सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि गूगल और स्टार्टअप समुदाय ने हमसे मुलाकात की है, बेहद रचनात्मक चर्चा हुई है। गूगल सभी ऐप को सूचीबद्ध करने के लिए सहमत हो गई है। गूगल ने भुगतान निर्देशों का पालन नहीं करने का हवाला देते हुए शुक्रवार को प्ले स्टोर से एक दर्जन डेवलपर्स के एप को हटा दिया था।

फेसबुक-इंस्टाग्राम ठप, लॉग इन न होने से लोग रहे परेशान

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत सहित कई देशों में असर जीमेल-यूट्यूब भी प्रभावित

जीमेल, यूट्यूब, फेसबुक एवं इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंचों के तमाम उपयोगकर्ताओं को मंगलवार को भारत समेत दुनिया के कई हिस्सों में मुश्किलों का सामना करना पड़ा। गूगल और मेटा के अधीन संचालित विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर उपयोगकर्ताओं के खाते अचानक ही निष्क्रिय नजर आने लगे। उन्हें इन खातों को खोलने पर एप बंद होने का सामना करना पड़ रहा था। सोशल मीडिया नेटवर्क पर होने वाली गड़बड़ियों पर नजर रखने वाले मंच डाउन डिटेक्टर के मुताबिक, गूगल और मेटा के विभिन्न ऐप में नेटवर्क खराब होने की समस्या भारतीय समयानुसार रात नौ बजे के आसपास आई थी।

लोगों की शिकायत थी कि उन्हें फेसबुक, इंस्टाग्राम, जीमेल, यूट्यूब के खातों से लॉग-आउट कर दिया गया है। रोबोज डॉटइन टेक के सीईओ मिलिंद राज ने कहा कि मुझे संदेह है कि यह एक वैश्विक साइबर हमला है। मेटा के संचार निदेशक एंडी स्टोन ने कहा कि हम समस्या दूर करने पर काम कर रहे हैं।

शहर में आज

- बरेली कॉलेज में रोवर्स-रेंजर्स समागम 12 बजे।
- आर्य समाज बिहारीपुर का वार्षिकोत्सव सुबह 7 बजे से।
- रेलवे स्टेडियम में अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता सुबह 10 बजे।
- नाथ महोत्सव पर रक्तदान शिविर आईएमए में सुबह 10 बजे।
- दस्तावेज कल्याणकारी समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारी का शपथ ग्रहण उप निबंधक कार्यालय में दोपहर 2 बजे।
- बरेली कॉलेज में नाथ महोत्सव के दौरान सुपर साइको बैंड द्वारा प्रस्तुति शाम 4 बजे।
- नाथ महोत्सव के दौरान आनंद आश्रम में हिंदू जागरण मंच द्वारा भजन संध्या शाम 5 बजे।

नियमों पर न चले तो अब भरना पड़ेगा मोटा जुर्माना छोटी-मोटी कमाई करने वालों पर भी लागू होगा टैक्स

नगर निगम ने स्वच्छता के साथ अपनी आय बढ़ाने के लिए तैयार किया जुर्माने और शुल्क लागू करने का प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : नगर निगम ने शहर में होने वाली व्यावसायिक गतिविधियों पर शुल्क और जुर्माना लागू करने का प्रस्ताव तैयार कर लिया है। इस के तहत छोटी-मोटी कमाई के लिए घर के बाहर चाट, आइसक्रीम, जूस या सब्जी का ठेला लगाने वालों को हर दिन दो सौ रुपये भरने होंगे। नाली में गोबर बहाने पर तीन हजार और सड़क काटते पकड़े जाने पर पांच हजार का जुर्माना लगाया जाएगा। घर-घर कूड़ा लेने वाली एजेंसी के कर्मचारी को सूखा और गीला कूड़ा अलग-अलग करके न देने या खुले में कचरा डालने पर भी ढाई सौ रुपये का जुर्माना भरना पड़ेगा। 21 से ज्यादा बेड वाले नर्सिंग होम से तीन हजार रुपये का मासिक शुल्क तय किया गया है।

नगर निगम ने इस प्रस्ताव पर आपत्ति दाखिल करने के लिए 15 दिन का समय दिया है। इसके बाद इसे लागू कर दिया जाएगा। नगर स्वास्थ्य अधिकारी की ओर से जारी इन प्रस्तावित दरों पर कोई भी अपनी आपत्ति भी उनके कार्यालय या ऑनलाइन तरीके दर्ज करा सकता है। नगर निगम ने अपनी आय बढ़ाने के साथ शहर में स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक रखने के लिए शुल्क और जुर्माना तय किया है। यह प्रस्ताव 31 जुलाई को कार्यकारिणी और फिर नगर निगम बोर्ड की बैठक में पारित हुआ था जिसे अब लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

शुल्क शॉपिंग कॉम्प्लेक्स-मल्टीप्लेक्स शोरूम के क्षेत्रफल के अनुसार तय किया गया है। इसके तहत 30 गज में बने शोरूम से सौ रुपये और 50 गज से ज्यादा क्षेत्रफल में बने शोरूम पर हर महीने एक हजार का शुल्क लागू होगा। मल्टीप्लेक्स का मासिक शुल्क 10 हजार और आवास में दुकान खोलने पर सौ रुपये का मासिक शुल्क लागू होगा।

शहर में दुपहिया वाहनों की सर्विस करने वाले मैकेनिकों पर भी शुल्क लागू किया गया है। दुपहिया वाहनों के सर्विस सेंटर से एक हजार रुपये महीने, दुपहिया वाहनों की वर्कशॉप से दो हजार, चार पहिया वाहनों के सर्विस सेंटर से दो हजार और वर्कशॉप से पांच हजार रुपये महीना का शुल्क वसूल करना प्रस्तावित है। औद्योगिक इकाई एवं उत्पादन इकाइयों को उनके क्षेत्रफल के अनुसार शुल्क देना होगा। एक हजार मीटर की यूनिट से एक हजार रुपये, पांच हजार मीटर तक ढाई हजार और पांच हजार मीटर से ज्यादा क्षेत्रफल में बनी इकाई को हर महीने पांच हजार का शुल्क देना होगा।

- घर के बाहर ठेला लगाने वालों को रोज भरना होगा दो सौ रुपये का शुल्क
- लोगों से 15 दिन के अंदर मांगी आपत्तियां, उसके बाद लागू हो जाएंगी दरें

किस पर कितना जुर्माना और शुल्क

सड़क पर अतिक्रमण कर जनरेटर रखने पर	3000
प्रचार के लिए दीवारों का प्रयोग कर गंदा करने पर	5000
सड़क किनारे चाट, आइसक्रीम, जूस, सब्जी बेचने पर	500 रुपये रोज
होटल से सूखा-गीला कूड़ा एजेंसी कर्मी को न देने पर	1000 रुपये रोज
सरकारी और गैर सरकारी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी पर	500 मासिक
तीन हजार वर्ग मीटर से ज्यादा क्षेत्रफल के मैरिज हॉल	10,000 मासिक
दो सौ वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल के रेस्टोरेंट	1000 मासिक
15 से ज्यादा कर्मचारी वाली बैंक शाखा	2000 मासिक
सिनेमा हॉल	3000 मासिक
पांच से 10 पशु वाली डेयरी पर	500 मासिक
दस से ज्यादा पशु वाली डेयरी पर	1000 मासिक
घी-क्रीम और मक्खन, दूध की दुकान पर	1000 मासिक

सड़क पर दुकान चलाने वालों पर भी लागू होगा दो हजार रोज का जुर्माना

अतिक्रमणकारियों पर सख्ती करने के लिए नगर निगम ने आम रास्तों, सड़क या दुकानों के सामने खाली सरकारी जमीन पर कब्जा करके कोई भी व्यवसाय करने वालों से दो हजार रुपये का जुर्माना रोज वसूल करने का निर्णय लिया है। सड़क किनारे मशीन लगाकर गाड़ियों की धुलाई करते पाए जाने पर भी पांच हजार रुपये का जुर्माना वसूल करने के साथ पानी का कनेक्शन काट दिया जाएगा।

खाली प्लॉट पर कूड़ा मिला तो पांच हजार सड़क पर थूकने पर ढाई सौ का जुर्माना

शहर में खाली प्लॉटों का इस्तेमाल लोग कूड़ा डालने के लिए कर रहे हैं। इसे साफ करने के नगर निगम की सारी कोशिशें नाकाम हो चुकी हैं। अब किसी खाली प्लॉट पर कूड़ा इकट्ठा पाए जाने पर प्लॉट मालिक से पांच हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया जाएगा। इसके बाद भी गंदगी साफ नहीं हुई तो यह जुर्माना दोगुना होता जाएगा। खुले और सार्वजनिक स्थान पर कूड़ा जलाने पर भी पांच हजार का जुर्माना तय किया गया है। शहर में कहीं भी खुले में पेशाब करते या पान मसाला खाकर सड़क पर थूकते पाए जाने पर ढाई सौ रुपये का जुर्माना तय किया गया है।

नई ट्रेन : नौ मार्च से चलेगी टनकपुर-देहरादून एक्सप्रेस

- बरेली जंक्शन वाया चंदौसी होकर गुजारा जाएगा

बरेली, अमृत विचार: रेल मंत्रालय ने टनकपुर-देहरादून के बीच नई ट्रेन चलाने की स्वीकृति दी है। अब इस ट्रेन का शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है। यह ट्रेन नौ मार्च से चलेगी।

इज्जतनगर रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि ट्रेन संख्या 15020 टनकपुर से प्रत्येक शनिवार को शाम 19:40 बजे चलकर बनबसा, खटीमा, पीलीभीत के रास्ते चलकर भोजीपुरा 21:30 बजे, बरेली सिटी 22:13 बजे, बरेली जंक्शन 22:33 बजे बरेली जंक्शन पहुंचेगी। यहां से रामगंगा, चंदौसी, मुरादाबाद, नजीबाबाद, लक्सर, हरिद्वार, देहरादून अगले दिन सुबह 7:35 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 15019 देहरादून से प्रत्येक रविवार को 15:15 बजे चलकर हरिद्वार, लक्सर, नजीबाबाद, मुरादाबाद, चंदौसी, रामगंगा के रास्ते बरेली जंक्शन देर रात 00:55 बजे, बरेली सिटी 01:10 बजे, भोजीपुरा जंक्शन 01:45 बजे पहुंचेगी। बरेली वाया चंदौसी देहरादून के लिए यह पहली ट्रेन होगी।

इंटरसिटी का शहजादनगर में इंजन फेल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ढाई घंटा खड़ी रही ट्रेन, दूसरा इंजन लगाकर किया रवाना

अमृत विचार : इंटरसिटी एक्सप्रेस का मंगलवार सुबह बरेली जंक्शन से रवाना होने के बाद शहजादनगर स्टेशन के पास इंजन फेल हो गया। इससे करीब ढाई घंटे तक ट्रेन खड़ी रही। परेशान यात्रियों ने एक्स पर पोस्ट कर रेलवे अधिकारियों से शिकायत की। इसके बाद दूसरा इंजन लगाकर ट्रेन को रवाना किया गया।

बरेली से नई दिल्ली को जाने वाली ट्रेन संख्या 14315 इंटरसिटी एक्सप्रेस बरेली जंक्शन से अपने निर्धारित समय 4:55 बजे से दो मिनट की देरी से रवाना हुई थी। करीब 55 किलोमीटर चलने के बाद ही ट्रेन का इंजन रामपुर से पहले शहजादनगर स्टेशन पर फेल हो गया। लोको पायलट को इंजन में गड़बड़ी पकड़ में नहीं आई तो कंट्रोल रूम को सूचना दी। इसके बाद मुरादाबाद से दूसरा इंजन मंगाया गया। इंजन लगाने और शंटिंग आदि में करीब ढाई घंटे लग गए। यहां से 8:15 बजे ट्रेन को चलाया गया। इससे पहले फैजान रजा, हिमालया गुप्ता आदि यात्रियों ने रेल अधिकारियों को एक्स पर शिकायत कर नाराजगी जताई।

मुख्यमंत्री से नहीं मिली हरी झंडी, टल गया नाथ महोत्सव

बरेली, अमृत विचार : पहली बार होने वाला नाथ महोत्सव टल गया है। मुख्यमंत्री से हरी झंडी नहीं मिलने की वजह से सात मार्च को होने वाला कार्यक्रम अब नहीं होगा। जिले की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को जीवित रखने के लिए पहली बार प्रशासन की ओर नाथ महोत्सव मनाए जाने की तैयारी पिछले कई दिनों से चल रही थी। स्थान भी बरेली कॉलेज किया गया। कई दिनों से इस बात के कयास लगाए जा रहे थे कि महोत्सव में सीएम आएंगे या नहीं, कार्यक्रम होगा या नहीं, इसको लेकर प्रशासनिक अफसर भी कुछ स्पष्ट नहीं बता रहे थे। सीडीओ जग प्रवेश ने बताया कि फिलहाल जिला प्रशासन नाथ महोत्सव नहीं करा रहा है। कार्यक्रम टल गया है, हालांकि निजी लोग, संगठन छोटा-मोटा कार्यक्रम कराने की तैयारी कर रहे हैं।

शाहदाना एसडीओ फरार, डीडीपुरम एसडीओ को दिया अतिरिक्त चार्ज

बरेली, अमृत विचार : रिश्वत लेने के मामले में नामजद एसडीओ शाहदाना गौरव शर्मा अभी तक फरार हैं। अब डीडीपुरम एसडीओ को शाहदाना का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। वहीं अभी तक मुख्यालय से कोई आदेश नहीं मिलने पर अधिकारियों ने भी कोई कार्रवाई नहीं की है। शाहदाना उपकेंद्र पर पिछले महीने एंटी करप्शन की टीम ने 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए संविदा कर्मचारी अरविंद कुमार को गिरफ्तार किया था। संविदा कर्मचारी के बयान के आधार पर शाहदाना एसडीओ गौरव शर्मा को भी मुकदमे में नामजद किया गया है। अधिशासी अभियंता अनुज गुप्ता ने बताया कि डीडीपुरम एसडीओ अभिषेक सिंह को अतिरिक्त चार्ज दिया गया है।

अलखनाथ रोड बंद, गलियों में जाम

बरेली, अमृत विचार : सीवर लाइन का कनेक्शन करने के लिए जल निगम ने अलखनाथ रोड को बंद किया है। इसकी वजह से मंगलवार को जाम लग गया। लोग गलियों से निकले तो वहां भी फंस गए। कुदेशिया फाटक के आगे मंदिर के पास जल निगम ने गड्ढा खोदा है। गहरी खोदाई होने से अलखनाथ मंदिर से बीबीएल स्कूल जाने वाला मार्ग दो दिन से पूरी तरह बंद है। मंगलवार को भी रास्ता बंद रहा। स्थानीय लोगों ने बताया कि सोमवार से ही यहां पर यह स्थिति है। मंगलवार को सुबह लगभग दस बजे मार्ग बंद होने से कार्यालय आने जाने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। केला बाग की तंग गली से लोगों के आने और जाने से यहां भी जाम लग गया। ऑटो और बाइकों की लंबी लाइनें लग गईं। पूरे दिन यह स्थिति बनी रही। मौके पर मौजूद जल निगम के सुपरवाइजर ने बताया कि मंगलवार की रात तक काम खत्म हो जाएगा और बुधवार को मार्ग खोल दिया जाएगा।

गढ़ी चौकी के पास खोदाई और गली में लगे जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

वनस्पति घी, तेल और पेंट में घटतौली बाट-माप विभाग ने लगाया जुर्माना

संवाददाता, बरेली/सीबीगंज

- चंदौसी की वासु ऑयल के पैकेट पर पीसीआर संबंधी सूचना अधोमानक पाई गई
- बाट माप विभाग ने एक लाख से लेकर 50 हजार तक रुपये का जुर्माना लगाया

अमृत विचार : त्योहार के सीजन में मिलावट के साथ घटतौली भी शुरू हो गई है। बाट माप विभाग ने मंगलवार को मुंबई की वनस्पति घी कंपनी के टीन में घटतौली पकड़ी। वहीं चंदौसी की कंपनी के तेल पैकेट को अधोमानक पाया। दोनों मामले में जुर्माना लगा गया है।

बाट माप विभाग के वरिष्ठ निरीक्षक मुकुल उपाध्याय ने बताया कि मुंबई की वनस्पति घी बनाने वाली कंपनी वुंगे इंडिया के 15 किलो के टीन में करीब तीन सौ ग्राम की घटतौली पाई गई, जिस पर कंपनी को नोटिस जारी कर एक लाख का जुर्माना लगाया है। इसी तरह चंदौसी की वासु ऑयल के पैकेट पर पीसीआर संबंधी सूचना अधोमानक पाई गई। इस पर 45 हजार का जुर्माना लगाकर वसूला गया। बर्जर पेंट से मानक पूरे न होने पर 50 हजार का जुर्माना लगाया गया। टीम ने जनवरी से अब तक यह कार्रवाई की है।

पतंजलि धूप और अश्वगंधा गोल्ड में भी मिली गड़बड़ी : ऑनलाइन खरीदारी के दौरान कंपनियां ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी कर रही हैं। विभाग ने पीसीआर संबंधी जानकारी न देने पर कई कंपनियों को जुर्माना लगाया है। विभाग के अनुसार मुंबई की इयर फोन बेचने वाली केडीएम कंपनी, खाद्य सामान बनाने वाली अश्वगंधा गोल्ड समेत कई कंपनी पीसीआर संबंधी जानकारी में अधोमानक पाई गई हैं। पतंजलि धूप पर भी अधोमानक घोषणा के चलते 50 हजार का जुर्माना लगाया है। अश्वगंधा गोल्ड पर भी 50 हजार का जुर्माना लगाया गया।

सामान खरीदते समय ये बरते सावधानियां

बाट माप के अनुसार ग्राहक ऑलाइन और आफलाइन सामान खरीदते समय एमआरपी, यूनिट सेल प्राइज (यूएसपी), नेट वेट, मूल्य, अंतिम तिथि आदि सामान देख कर ही सामान खरीदे। अगर ग्राहक को किसी सामान में पीसीआर संबंधी सूचना अंकित नहीं हो तो उसकी शिकायत विभाग से करें। वहीं विभाग ने 2022-23 के वित्तीय वर्ष में करीब 36 लाख रुपये का जुर्माना वसूला था, जबकि चालू वित्तीय वर्ष में 44 लाख का जुर्माना फरवरी तक वसूला गया है।

सीएनजी पर ढाई रुपये किए कम, कुछ ही देर बाद आदेश निरस्त

बरेली, अमृत विचार : मंगलवार को सीएनजी पर ढाई रुपये कम करने का आदेश जिले के अधिकारियों को मिला। इसके बाद उन्होंने उपभोक्ताओं को जानकारी दी कि मंगलवार रात से कम दाम लागू हो जाएंगे। हालांकि देर रात आदेश वापस ले लिया गया।

सीयूजीएल के सीनियर मैनेजर मार्केटिंग नवीन सिंह ने बताया कि अभी तक सीएनजी का दाम 96 रुपये था। मंगलवार को ढाई रुपये कम करने का आदेश मिला था, जिसके बाद मंगलवार की रात से 93 रुपये 50 पैसे सीएनजी के दाम लागू का फैसला लागू किया गया था, लेकिन मंगलवार की रात अचानक से ही सीएनजी पर काम किए गए ढाई रुपये का आदेश वापस कर दिया गया जिसके बाद उपभोक्ताओं को जानकारी दी गई कि कोई बदलाव नहीं किया गया है। जिन लोगों के पास दाम कम होने की जानकारी पहुंची थी, उन्होंने काफी राहत महसूस की थी लेकिन आदेश वापस लेने से मायूसी हुई।

हजारों घरों ने घंटों झेला बिजली का संकट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सीबीगंज, महानगर और किला में बिजली गुल होने से परेशान हुए लोग

अमृत विचार : मरम्मत कार्य की वजह से मंगलवार को शहर के कई इलाकों में घंटों बिजली गुल रही। सीबीगंज, महानगर और किला उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में करीब 25 हजार घरों में बिजली नहीं होने से लोग परेशान हुए।

मंगलवार को विदयुत उपकेंद्र सीबीगंज के बरेली-एक फीडर और सर्वोदय नगर फीडर पर मरम्मत कार्य की वजह सुबह 11 से शाम 4 बजे तक स्वालेनगर, आनंद बिहार, किला छावनी, लीचीबाग, चंदननगर, सर्वोदय नगर, सनौआ में बिजली सप्लाई बंद रही। इसके साथ ही किला उपकेंद्र के सिटी-2 फीडर के हुसैनबाग, बाकरगंज की विद्युत आपूर्ति दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक बाधित रही। महानगर उपकेंद्र के तहत आने वाले क्षेत्र आशुतोष सिटी, छोटी बिहार, बड़ी विहार, मुंशीनगर में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली कटौती की गई।

आज इन इलाकों में भी होगी कटौती : मरम्मत कार्य की वजह से बुधवार को भी कई इलाकों में बिजली कटौती की जाएगी। अधिशासी अभियंता सत्येन्द्र चौहान ने बताया कि उपकेंद्र सीबीगंज के बरेली-एक फीडर और सर्वोदय नगर फीडर पर मरम्मत का काम होने के चलते सुबह 11 से शाम 4 बजे तक बिजली कटौती की जाएगी। सिटी फीडर पर सुबह 11 से शाम 4 बजे अलखनाथ, केला बाग, मोतीलाल बजरिया, जटवारा, गढ़ी चौकी, स्टेट बैंक कॉलोनी, सुरखा, बानखाना, चौधरी तालाब में आपूर्ति बंद रहेगी। हरुनगला के बाईपास फीडर पर मरम्मत कार्य और पेड़ों की टहनियों की छंटाई की वजह से तुला शेरपुर, सुरेश शर्मा नगर, विष्णु धाम कॉलोनी में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक आपूर्ति प्रभावित होगी।

तेज हवाओं ने कराया ठंडक का अहसास

बरेली, अमृत विचार : जिले में मंगलवार से मौसम साफ हो गया लेकिन तेज हवाओं की वजह से ठंड का अहसास हुआ। इस दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से छह डिग्री की गिरावट के साथ 22.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान चार डिग्री की गिरावट के साथ 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि इस सप्ताह अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होगी।

अगले दिन की भी हाजिरी लगाने पर सीएमएस ने टोका तो ड्यूटी छोड़ चली गईं महिला डॉक्टर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- तीन सौ बेड अस्पताल का मामला, दोनों में हुई जमकर नोकझोंक

अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग में अराजकता की स्थिति मरीजों पर भारी पड़ रही है। तीन सौ बेड अस्पताल में मंगलवा को एक महिला डॉक्टर ने रजिस्टर में बुधवार की भी उपस्थिति दर्ज कर दी। प्रभारी सीएमएस ने इस पर आपत्ति की तो दोनों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। कार्रवाई की चेतावनी देने पर महिला डॉक्टर ड्यूटी ही छोड़कर चली गईं।

प्रभारी सीएमएस डॉ. सतीश चंद्रा ने बताया कि महिला डॉक्टर ड्यूटी करने में लगातार लापरवाही कर रही हैं। उन्हें पहले कई बार चेतावनी दी जा चुकी है। मंगलवार को उन्होंने 6 मार्च की भी हाजिरी लगा दी और आपत्ति करने पर उनसे अभद्रता भी की। उन्होंने इस मामले में उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को अवगत कराया है।

अस्पताल में एक दिन पहले की लगाई हाजिरी।

खुद भी एक घंटे देरी से पहुंचे

तीन सौ बेड अस्पताल में इससे पहले डॉ. भानु प्रकाश सीएमएस थे जिन्हें हटाकर सीएमओ ने कुष्ठ रोग विभाग में तैनात डॉ. सतीश चंद्रा को प्रभारी सीएमएस बनाया है। डॉ. सतीश चंद्रा का सबसे ज्यादा जोर स्टाफ के समय से ड्यूटी पर पहुंचने पर है। इसके लिए कर्मचारियों को वह कई बार चेतावनी दे चुके हैं लेकिन मंगलवार को खुद उनका ओपीडी में एक घंटे देरी से पहुंचना कर्मचारियों में चर्चा का विषय बना रहा।

एसटीपी के शोधित पानी से होगी जंक्शन पर रेल कोचों की सफाई, 22 करोड़ के प्रोजेक्ट पर शुरू हुआ काम

मुरादाबाद रेल मंडल से हुआ करार, सरायतल्फी से जंक्शन तक जल निगम बिछाएगा पाइप लाइन

सुरेश पांडेय, बरेली

- जंक्शन पर अभी रेल कोचों की सफाई के लिए शुद्ध पानी हो रहा है बर्बाद
- एक बार रेलवे टीम कर चुकी है बरेली का दौरा, इसी सप्ताह फिर आएगी

अमृत विचार : जंक्शन पर अभी ट्रेनों में कोचों की सफाई के लिए रोज हजारों लीटर शुद्ध पानी का इस्तेमाल किया जाता है लेकिन अब यह बर्बादी रोकने का रास्ता ढूंढ लिया गया है। रेल कोचों को अब शुद्ध पानी के बजाय सरायतल्फी एसटीपी में शोधित पानी से साफ किया जाएगा। रेलवे टीम के बरेली के दौरे के बाद इसके लिए समझौता हो चुका है। एसटीपी में शोधित पानी की जंक्शन तक सप्लाई के लिए पाइप लाइन बिछाने की तैयारी शुरू हो गई है। जल निगम ने इसके लिए 22 करोड़ का प्रोजेक्ट तैयार किया है।

सरायतल्फी में 35 एमएलडी (350 लाख लीटर) क्षमता का एसटीपी शुरू हुए कई महीने हो चुके हैं। फिलहाल इस एसटीपी में शहर के नालों से 15 से 18 एमएलडी पानी ही पहुंच रहा है जिसका शोधन कर उसे आसपास किसानों के खेतों और रामगंगा नदी में छोड़ा जा रहा है। अब इस पानी के बेहतर इस्तेमाल की योजना तैयार की गई है। दरअसल, अमृत-2 योजना में एसटीपी बनाने के साथ उसके पानी का दोबारा इस्तेमाल करने का भी प्रावधान है। यह जिम्मेदारी जल निगम को दी गई है। एसटीपी में पर्याप्त पानी की उपलब्धता के बाद अब यहां शोधित पानी के दोबारा इस्तेमाल का प्रोजेक्ट तैयार किया गया है।

योजना के तहत शोधित पानी के दोबारा इस्तेमाल की दिशा में पहला एग्रीमेंट रेलवे के साथ हुआ है। पिछले दिनों मुरादाबाद रेल मंडल की टीम ने इसी सिलसिले में बरेली का दौरा किया था। रेलवे की वाशिंग लाइन सुभाषनगर मालगोदाम रोड पर है। यहां फिलहाल रेलवे की अपनी पाइप लाइन के जरिए कोचों की सफाई होती है। अब यहां एसटीपी के शोधित पानी से कोचों की सफाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि जल निगम ने बीडीए और उद्यान विभाग को भी शोधित पानी देने का प्रोजेक्ट बनाया है। इसके लिए एक प्वाइंट बनाया जाएगा। टैंकर के जरिए भी पानी की सप्लाई दी जा सकेगी।

सात एमएलडी पानी देने का रेलवे से एग्रीमेंट

जल निगम के अफसर एसटीपी के पानी के दोबारा इस्तेमाल के लिए कई विभागों के चक्कर लगा चुके हैं। पहले इज्जतनगर मंडल में संपर्क साधा गया था लेकिन यहां रेल कोचों की सफाई के लिए वाशिंग लाइन न होने के कारण बात आगे नहीं बढ़ पाई। इसके बाद मुरादाबाद मंडल में संपर्क किया गया जहां जल निगम का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया गया। इसके बाद डीपीआर तैयार हुई। पाइप लाइन बिछाकर रेलवे को 70 लाख लीटर शोधित पानी की सप्लाई देने के लिए 22 करोड़ का प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। रेल अफसरों की टीम के आने की पुष्टि जल निगम के सहायक अभियंता प्रवीन कुमार ने की है।

नगर निगम तय करेगा शोधित पानी का मूल्य

एसटीपी से शोधित पानी के मूल्य का निर्धारण नगर निगम करेगा। एसटीपी में बिजली की खपत ज्यादा है। इसका खर्च भी नगर निगम को ही वहन करना होगा जिसे वह पानी बेचकर उठाएगा। जलकल के अधिशासी अभियंता सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि एसटीपी के शोधित पानी का ब्योरा अभी नहीं आया है। इसके आने के बाद शोधित पानी की दरें तय की जाएगी।

रस्म तेरहवीं

स्व. श्री रमेश चन्द्र चौधरी

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे- पूज्य पिताजी श्री रमेश चन्द्र चौधरी जी का स्वर्गवास दिनांक 03/03/2024 दिन रविवार को हो गया है प्रभु की ऐसी इच्छा थी। रस्म तेरहवीं दिनांक 15/03/2024 दिन शुक्रवार को होना निश्चित हुई है। हवन प्रातः 10:00 बजे ब्रह्मभोज दोपहर 12:00 बजे रस्म पगड़ी अपराहन- 2:00 बजे निवास स्थान- ग्राम भोगी नगीना रोड बिजनौर।

मो.- 7906240841, 9412452305, 9927770048

समस्त - शोकाकुल परिवार



सत्ता प्रमुख धार्मिक व्यक्ति को होना चाहिए क्योंकि त्याग-समर्पण पर आधारित होता है उसका जीवन... योगी आदित्यनाथ उदाहरण

अदालत ने की टिप्पणी, कहा- तौकीर की तरह कोई उलट काम करता है तो छिन्न-भिन्न हो जाती है कानून-व्यवस्था

विधि संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : मौलाना तौकीर रजा खां को शहर में 2010 में हुए दंगे का मास्टरमाइंड मानते हुए तलब करने के आदेश में कोर्ट ने कई टिप्पणियां भी की हैं। आदेश में कहा गया है कि सत्ता का प्रमुख किसी धार्मिक व्यक्ति को होना चाहिए क्योंकि धार्मिक व्यक्ति जीवन का भोग नहीं करता, बल्कि त्याग और समर्पण का जीवन जीता है। महान सिद्धपीठ गोरखनाथ मंदिर के पीठाधीश्वर महंत बाबा योगी आदित्यनाथ इसका उदाहरण हैं जिन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री होते हुए इस अवधारणा को सत्य साबित किया है। कोर्ट ने कहा कि अगर कोई धार्मिक व्यक्ति इसके खिलाफ काम करता है तो कानून-व्यवस्था छिन्न-भिन्न हो जाती है और दंगे होते हैं। इसका उदाहरण तौकीर रजा है।

कोर्ट ने अपने आदेश में उल्लेख किया है कि तौकीर रजा खां बरेली की प्रमुख दरगाह आला हजरत परिवार से संबंधित है। आला हजरत दरगाह की मुस्लिम समाज में बहुत मान्यता है। तौकीर चूंकि एक धार्मिक परिवार के धर्मगुरु की भी हैसियत रखते हैं और आईएमसी अध्यक्ष भी हैं, इस कारण मुस्लिम समाज में उनका काफी प्रभाव है। कोर्ट ने कहा कि

- आदेश में लिखा- धार्मिक व्यक्ति के सत्ता की सीट पर बैठने से मिलते हैं अच्छे नतीजे
- योगी आदित्यनाथ सरकार न होती तो तौकीर ने शहर में दोबारा दंगा करा दिया होता

अगर कोई धार्मिक व्यक्ति सत्ता की सीट पर बैठता है तो उसके बहुत अच्छे परिणाम प्राप्त होते हैं। महान दार्शनिक प्लेटो ने भी कहा कि नगर राज्यों में तब तक कष्टों का अंत नहीं होगा, जब तक दार्शनिक राजा न हों। न्याय राजा की प्राण वायु है। इसी कारण सत्ता का प्रमुख किसी धार्मिक व्यक्ति को होना चाहिए।

कोर्ट ने कहा कि अभी कुछ समय पहले मौलाना तौकीर ने शहर में दोबारा दंगे भड़काने की कोशिश की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध अपमानजनक बातें भी कहीं। अगर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार न होती तो तौकीर ने दंगा करा दिया होता। यह भी कहा कि भारतवर्ष में शायद ही अब तक कभी दंगा भड़काने वाले मास्टर माइंड को सजा हुई हो।

ज्ञानवापी पर फैसला देने के बाद मिली मुस्लिम संगठन की धमकी का भी किया जिक्र

बरेली, अमृत विचार : जज रवि कुमार दिवाकर ने आदेश में वर्ष 2022 में ज्ञानवापी प्रकरण के निस्तारण के बाद मुस्लिम संगठन की ओर से 32 पन्नों का धमकी भरा पत्र मिलने का भी जिक्र किया।

उन्होंने कहा कि इस मामले में एफआईआर वाराणसी में दर्ज कराई गई थी लेकिन इसमें किसी भी व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं हुई। इससे लखनऊ में रहने वाली उनकी माता और शाहजहांपुर में सिविल

- गिरफ्तार नहीं हुआ कोई, परिवार के लोगों की सुरक्षा की रहती है चिंता
- एक धर्म विशेष के लोगों के साथ अधिकारियों का भी बदल गया रवैया

जज सीनियर डिवीजन एफटीसी के पद पर तैनात छोटे भाई दिनेश कुमार दिवाकर की सुरक्षा की बराबर चिंता बनी रहती है।

उनके बच्चे भी उनसे पूछते हैं कि पापा न्यूज चैनल में दिखाया जा रहा है कि आपको जान से मार दिया जाएगा तो वह समझाते हैं कि यह सब झूठ दिखाया जा रहा है। जज ने कहा कि जब से उन्होंने ज्ञानवापी प्रकरण का फैसला दिया है, तबसे एक धर्म विशेष के लोगों और अधिकारियों का रवैया उनके प्रति अजीब सा हो गया है। लगता है कि जैसे ज्ञानवापी प्रकरण में फैसला देकर उन्होंने कोई पाप कर दिया हो जबकि आदेश विधिक प्रावधानों के तहत दिया था।

सत्ता के इशारे पर चार्जशीट से हटा था तौकीर का नाम

बरेली : कोर्ट के आदेश में कहा गया है कि दंगा भड़काने के मास्टर माइंड मौलाना तौकीर रजा खां का नाम विवेचना में पर्याप्त साक्ष्य होने के बावजूद चार्जशीट में शामिल नहीं किया गया, जिससे प्रतीत होता है कि तत्कालीन पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी और शासन के अधिकारियों ने अपने कर्तव्यों का पालन करने के बजाय दंगा भड़काने वाले तौकीर का जानबूझकर सहयोग किया। तत्कालीन कमिश्नर, डीएम, एसएसपी, आईजी, डीआईजी ने विधिक रूप से कार्य न करके सत्ता के इशारे पर कार्य किया और अपने अधिकार से परे जाकर दंगे के मास्टर माइंड मौलाना तौकीर का सहयोग किया।

हाल ही में जेल भरो आंदोलन के दौरान तौकीर ने एसपी देहात को जमकर सुनाए थे अपशब्द।

न्याय के मंदिर ने लिया स्वतः संज्ञान, 14 साल के बाद दंगे का वनवास खत्मः राजेश

बरेली, अमृत विचार : कोर्ट का फैसला आने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने यह कहते हुए प्रतिक्रिया व्यक्त की कि आज 14 साल के बाद 2010 के दंगे का वनवास खत्म हो गया है। न्याय के मंदिर के स्वतः संज्ञान लेने पर दंगा कराने वाले मास्टर माइंड और दूसरे दोषियों को सजा मिलेगी। यह हम सबकी जीत है। बधाई...।

- बोले- दंगे से शहर को बचाने के लिए योद्धा की तरह अकेले लड़ा था

राजेश अग्रवाल ने कहा कि तौकीर रजा खां की तकरीर के बाद कोहाड़ापीर में दंगाइयों ने हिंदुओं की दुकानों को जला दिया था और लूटपाट की थी। मुसलमानों की हरा झंडा लगी दुकानों को छोड़ दिया था। उस वक्त वह अकेले योद्धा की तरह शहर को दंगे से बचाने के लिए लड़ रहे थे। इस्लामिया इंटर कॉलेज के ग्राउंड में 15-20 हजार और आजाद इंटर कॉलेज में 14-15 हजार मुस्लिम इकट्ठे हो गए थे। तब उन्होंने अपने क्षेत्र के लोधी समाज को जागृत किया। उनकी आवाज पर लोधी समाज की महिलाओं-पुरुषों समेत चार से पांच हजार लोग इकट्ठे होकर उनके साथ खड़े हुए। उस दौरान पुलिस-प्रशासन के अफसर शहर छोड़कर भाग गए थे। लोधी समाज के साथ मिलकर उन्होंने पूरे शहर को दंगाइयों से बचा लिया, तब उसके बाद अफसर आए थे। उन्होंने बताया कि कोर्ट से आदेश जारी होने के बाद शाम को तमाम लोगों ने उनके घर आकर इसे समाज की बड़ी जीत बताते हुए उन्हें बधाई दी है।

कोतवाली में दर्ज एफआईआर में नामजद दंगे के आरोपी कोर्ट से हो चुके हैं बरी

बरेली, अमृत विचारः दो मार्च 2010 को हुए दंगे के सात आरोपी संदेह का लाभ पाकर कोर्ट से बरी हो चुके हैं।

इनके खिलाफ बाजार में पथराव, बलवा करने, लोगों को जान से मारने के लिए असलहों से फायरिंग करने समेत कई धाराओं में कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। इस केस में सिर्फ तीन पुलिस कर्मियों की गवाही हुई, साथ ही पब्लिक से भी कोई गवाह सामने नहीं आया था।

कोतवाली क्षेत्र के आजमनगर निवासी राजा, शब्बू कुरैशी, फैसल, साजिद बेग, कमर, अब्दुल सलाम और शास्त्री मार्केट निवासी कैफी को सत्र परीक्षण के बाद संदेह का लाभ देते हुए एडीजे-14 की कोर्ट ने दोषमुक्त कर दिया था। यह एफआईआर कोतवाली थाने में तैनात तत्कालीन एसआई आरके शर्मा की तहरीर पर दर्ज हुई थी जिसमें कहा गया था कि दो मार्च 2010 को वह जुलूस-ए-मोहम्मदी की ड्यूटी पर तैनात था। जुलूस मनिहारन चौक से बासमंडी रोड पर आ रहा था। इसी समय दूसरे संप्रदाय के लोग कटीकुईयां की तरफ से आकर गणेश मंदिर के सामने एकत्र हो गए थे। उस जुलूस को आगे बढ़ने से यह कहकर रोकने लगे कि उनका जुलूस गुलजार रोड से निकलेगा। इसी बात पर दोनों समुदायों में विवाद शुरू हो गया। एक दूसरे को जान से मारने की नियत से अवैध असलहों से फायर करने लगे और पत्थर फेंके। इससे बाजार में दहशत फैल गई थी।

सात आरोपियों के विरुद्ध गैर जमानती वारंट भी

बरेली : कोर्ट ने अभियुक्त बाबू खां, आरिफ, अमजद अहमद, निसार अहमद, अबरार, राजू उर्फ राजकुमार, कौसर के गैरहाजिर रहने पर कोर्ट ने इन सातों को गैरजमानती वारंट जारी कर तलब किया है। इसके साथ रिजवान, दानिश, राजू, हसन, सौबी रजा, यासीन की हाजिरी माफी अंतिम अवसर के साथ मंजूर की।

एक नजर

किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल कैद

बरेली, अमृत विचार : चौदह साल की किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने के बाद दुष्कर्म करने का आरोपी थाना बारादरी त्रिमूर्ति संजय नगर निवासी विशाल गुप्ता परीक्षण में दोषी पाया गया। स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट हरिप्रसाद ने उसे 20 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अभियुक्त पर 80 हजार रुपये जुर्माना डाला है। जुर्माने से 75 हजार रुपये पीड़िता को बतौर मुआवजा दिए जाएंगे। सरकारी वकील सरनाम सिंह ने बताया कि पीड़िता के बाबा ने थाना बारादरी में तहरीर देकर बताया था कि 29 जून 2020 को शाम 4 बजे पोती कॉपी लेने गयी थी। काफी देर तक वापस घर नहीं आयी। 30 जून 2020 को उनके पुत्र के फोन पर पोती की कॉल आई तो उसने बताया कि विशाल गुप्ता नाम का लड़का तमंचा दिखाकर बस अड्डे ले गया और वहां से दिल्ली ले आया है। वह डरा धमका रहा है कि अगर पुलिस भेजकर तेरे घर वाले उसके पिता को परेशान करेंगे तो वह उसके मां-बाप को मार देगा। वह 2 जुलाई 2020 को सौ फुटा रोड़ पर छोड़कर भाग गया। पोती ने बताया कि होटल में दो दिन रखकर कोल्डड्रिंक में शराब मिलाकर जबरदस्ती पिलाई और कई बार दुष्कर्म किया था। विरोध पर थप्पड़ मारा और उसके पास तमंचा था।

जाम से मुक्ति दिलाने के लिए सड़क सुरक्षा वाहिनी

बरेली, अमृत विचार : शहर के कई चौराहों पर लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए यातायात पुलिस की छह महिला पुलिस कर्मियों और चार पुरुष कर्मियों की सड़क सुरक्षा वाहिनी टीम गठित की गयी है। टीएसआई को वाहिनी सेक्टर प्रभारी बनाया है। आईजी डॉ. राकेश सिंह, एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के निर्देश पर एसपी ट्रैफिक शिवराज ने 10 पुलिस कर्मियों की की टीम गठित की है। यह टीम महानगर के चिह्नित स्थानों पर मौजूद रहकर कहीं भी जाम लगने की सूचना पर 5 से 10 मिनट में मौके पर पहुंचकर यातायात सामान्य कराएगी। मंगलवार को बीसलपुर चौराहे पर एक्स पर सूचना प्राप्त होने पर वाहिनी ने तत्काल मौके पर पहुंचकर यातायात सामान्य कराया।

तौकीर ने दिया भड़काऊ भाषण तो फूंक दी गई थी कोहाड़ापीर चौकी

गवाहों के बयान से हुआ साफ, सरकारी रिकॉर्ड जलाया, मंदिर की मूर्तियां भी तोड़ दीं



कुतुबखाना सब्जी मंडी में फूंक दी गई थीं दुकानें। (फाइल फोटो)

विधि संवाददाता, बरेली

अमृत विचारः कोर्ट में सुनवाई के दौरान गवाहों की गवाही से साफ हुआ कि मौलाना तौकीर रजा खां ने ही 2010 में शहर में दंगा भड़काया था। तौकीर की भड़काऊ तकरीर के बाद बलवाइयों ने कोहाड़ापीर पुलिस चौकी को फूंक दिया था और सरकारी रिकार्ड जलाने के साथ मंदिर में मूर्तियां भी तोड़ दी थीं।

कोर्ट ने आदेश में साफ किया है कि गवाह रामनिवास शर्मा और तत्कालीन चौकी प्रभारी छावनी अशरफ खां ताहिर हुसैन के बयान से साफ हुआ कि मौलाना तौकीर ने ही दंगा भड़काया था। विवेचक सुभाष चंद्र यादव ने भी अपने बयान में कहा कि दो मार्च 2010 को जुलूस-ए-मोहम्मदी के दौरान उनकी ड्यूटी कोहाड़ापीर में थी। इस जुलूस में आसपास के गांवों से तमाम अंजुमन अलग-अलग रास्तों से कोहाड़ापीर आती हैं। यहीं से सभी अंजुमन एक बड़े जुलूस की शक्ल में कुतुबखाना होते हुए कोतवाली की ओर निकलती हैं। विवेचक के बयान के मुताबिक दंगे वाले दिन दोपहर करीब 2:30 बजे दिन गुलाबनगर की ओर से आने वाली कुछ अंजुमनों को उनके साथ आने वाले लोगों ने मोहल्ला चाहबाई होते हुए गैर परंपरागत मार्ग से निकालने का प्रयास किया जिसका हिंदू समुदाय ने विरोध किया। इस कारण दोनों पक्षों में पथराव हुआ था। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचकर झगड़े को रोकने का प्रयास कर रहे थे। इसी बीच तौकीर रजा खां ने कोहाड़ापीर तिराहे पर बने मंच पर आकर तकरीर की। कहा, 'पुलिस एवं प्रशासन के अफसर कान खोलकर सुन लें कि गुलाबनगर की ओर से आने वाले जुलूस को चाहबाई होकर गुजरने दें, नहीं तो मैं जुलूस के आगे चलकर हिंदुओं की छाती पर चढ़कर जुलूस को गुजारूंगा। आधा घंटे का समय देता हूं, नहीं तो मैं जुलूस को चाहबाई ही होकर गुजारूंगा, चाहे मुझे खून की नदियां ही क्यों न बहानी पड़ें। अगर प्रशासन ने जुलूस को इस रास्ते से नहीं गुजरने दिया तो अपने भाइयों को साथ लेकर हिंदुओं के मोहल्ले में चढ़ जाऊंगा और उनके मकान और दुकानों को तहसनहस कर जलाकर राख कर दूंगा।''

मौलाना ने 20-25 मिनट बाद फिर इन्हीं बातों को दोहराया, जिससे मुस्लिम समुदाय के लोगों में उत्तेजना फैल गई। उग्र हुए ये लोग टुकड़ियां बनाकर हिंदुओं को मारो-मारो, काटो-काटो का शोर मचाते हुए हाथों में लाठी, तलवारें, नाजायज तमंचे के साथ हिंदुओं, ड्यूटी में लगे पुलिस-प्रशासन की अधिकारियों और कर्मचारियों पर आक्रमण करने लगे थे। इससे भय और आतंक का माहौल फैल गया और अफरातफरी फैल गई। लोहे की सरिया आदि से हिंदुओं की दुकानों के शटर ताले तोड़कर पहले से लाए एक-एक लीटर के छोटे सिलेंडरों और बोतलों में बने पेट्रोल बम से आग लगाना शुरू कर दिया। गवाहों के बयान से साफ हुआ कि बलवाइयों ने योजनाबद्ध तरीके से बलवा किया था और चौकी कोहाड़ापीर में घुसकर परिसर में रखी मोटर साइकिलों और रिकार्ड को आग लगाने के साथ मंदिर की मूर्तियां भी तोड़ दी थीं। यह दंगा मौलाना तौकीर रजा की भड़काऊ तकरीर के बाद शुरू हुआ था।

योगी-मोदी को बोले अपशब्द, उम्मीद थी पुलिस करेगी कार्रवाई

बरेली, अमृत विचार : मौलाना तौकीर रजा खां ने ज्ञानवापी में पूजा की अनुमति दिए जाने के खिलाफ जेल भरो आंदोलन के दौरान न सिर्फ प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के लिए अपशब्द कहे थे बल्कि एसपी देहात से भी बदसलूकी की थी। इसके बाद उम्मीद थी कि पुलिस तौकीर के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

प्रदर्शन के बाद तौकीर के योगी-मोदी के खिलाफ अपशब्द कहने पर कई संगठनों ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की थी। साईं मंदिर के महंत सुशील पाठक और वृंदावन की एक चित्रगुप्त पीठ के पीठाधीश्वर ने भी तौकीर रजा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन पुलिस की ओर से इस मामले में तौकीर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

मेरी बेटी के साथ दुष्कर्म हुआ उसी को कर लिया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ब्लैकमेलिंग केस में गिरफ्तार किशोरी की मां एसएसपी से मिली
- कहा- नौकरी के बहाने बुलाकर बनाया गया साजिश का शिकार

अमृत विचार : तीन फर्जी पत्रकारों के साथ बेकरी मालिक को नाबालिग लड़की के चक्कर में फंसाकर सात लाख रुपये मांगने के आरोपी दरोगा और सिपाही पर हल्का हाथ रखने और सबसे पहले ब्लैकमेलिंग के लिए इस्तेमाल की गई किशोरी को ही गिरफ्तार कर लेने के बाद पुलिस खुद सवालों में उलझती जा रही है। अब किशोरी की मां ने आरोप लगाया है कि उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया गया, लेकिन इसके बावजूद उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की जा रही है। उल्टे उसे ही अभियुक्त करार देकर गिरफ्तार कर लिया गया है। किशोरी की मां ने मंगलवार को एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान से मिलकर शिकायत की। उसने बताया कि वह तलाकशुदा हैं और घर की माली हालत ठीक नहीं है। चार बेटियां हैं जिनका पालन खुद मजदूरी करके कर रही है। गिरफ्तार की गई उसकी बेटी भी काम की तलाश कर रही थी। उसे फर्जी पत्रकार नावेद, चांद अल्वी और आजाद ने बेकरी चलाने वाले मुस्तकीम की फैक्ट्री में उसकी नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया था। लड़की की मां ने बताया कि 23 फरवरी को इन लोगों ने उसकी बेटी को मुस्तकीम से मिलवाया। मुस्तकीम ने उससे 24 फरवरी को 11 बजे मिनी बाईपास के अशोका होटल में आकर इंटरव्यू देने को कहा।

अगले दिन उसकी बेटी इंटरव्यू देने होटल पहुंची जहां पहले से मुस्तकीम के नाम से कमरा बुक था। इसी कमरे में मुस्तकीम ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद उसे धमकी देकर निकाल दिया। महिला ने आरोप लगाया कि उसने इसकी शिकायत किला पुलिस से की थी लेकिन उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। उसे भी शिकायत करने पर अंजाम भुगतने की धमकियां दी जा रही हैं।

आजाद के वीडियो से कई और लोगों में बेचैनी

इस बीच आरोपी गुलाम साबिर आजाद एक के बाद एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर कर रहा है। इन वीडियो में वह अपनी ही जमात के लोगों पर साजिश रचकर उसे फंसाए जाने का आरोप लगा रहा है। यह दावा भी कर रहा है कि ये लोग भी ब्लैकमेलिंग के धंधे में लिप्त हैं और उनके खिलाफ उसके पास साक्ष्य भी हैं। इन वीडियो से उसके बेहद करीब रहने वाले लोगों की बेचैनी बढ़ी हुई है। माना जा रहा है कि गुलाम जिस तरह ऑडियो और वीडियो लगातार शेयर कर रहा है, उससे कई और लोगों की पोल खुल सकती है।

प्रकरण की निष्पक्ष तरीके से जांच की जा रही है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। जांच में पुलिस तह तक जाएगी ताकि गिरोह में शामिल और लोगों के नाम भी साफ हो सकें। जो लोग दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

-घुले सुशील चंद्रभान, एसएसपी

वायुसेना के जवान की बाइक के सामने गिरा, फिर की लूट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आरोपी के शोर शराबा करने पर भीड़ ने भी पीटा
- कोर्ट के आदेश पर बारादरी पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार : वायुसेना के जवान के साथ लूट की भी बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इस पर जवान ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

प्रयागराज के पंटवा हंडिया निवासी विजय कुमार पांडेय ने बताया कि वह वायुसेना बरेली में तैनात हैं। 28 सितंबर 2023 को वह अपनी बाइक से शाम 7.30 बजे स्टेडियम रोड पर जा रहे थे। इसी दौरान एक अस्पताल के सामने फैजान नामक लड़का सड़क पार करते हुए बाइक के सामने आकर गिर गया। बाइक रोकने के प्रयास में वह भी गिर गए। इसी दौरान फैजान चीखने चिल्लाने लगा। इससे मौके पर काफी लोग एकत्र हो गए और उन्हें पीटना शुरू कर दिया। फैजान ने भीड़ के साथ मिलकर गले से सोने की चेन, साढ़े सात हजार रुपये और एटीएम कार्ड निकाल लिया। किसी तरह उन्होंने बाइक छोड़कर भागकर जान बचाई। थाने रिपोर्ट लिखाने गया तो रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पुलिस अधिकारियों से भी शिकायत की, लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। तब उन्होंने न्यायालय की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर बारादरी पुलिस ने आरोपी फैजान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

लाल फाटक रोड पर अंतिम लेयर बिछाने का काम शुरू

बरेली, अमृत विचारः फोरलेन की गई लालफाटक रोड पर डामर की अंतिम परत बिछाने का काम शुरू कर दिया है। हालांकि अभी डिवाइडर का निर्माण अधूरा पड़ा है।

लालफाटक ओवरब्रिज से रामगंगा तिराहे तक सड़क को कई महीने पहले फोरलेन किया जा चुका है। करीब दो महीने से इस पर डिवाइडर का निर्माण किया जा रहा है। अब इस सड़क पर डामर की अंतिम परत बिछाने का भी काम शुरू कर दिया गया है।

रात 11 बजे के बाद मॉडल टाउन चौकी में डाल दिया जाता है ताला

बरेली, अमृत विचार : शहर की मॉडल टाउन चौकी में चौकी प्रभारी के कार्यालय में रात 11 बजे के बाद ताला लटका दिया जा रहा है। रात में अन्य पुलिसकर्मी भी गायब हो जाते हैं, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है।

मॉडल टाउन चौकी क्षेत्र के अंतर्गत संजय नगर समेत कुछ अतिसंवेदनशील मोहल्ले आते हैं। चौकी प्रभारी वैभव गुप्ता रात में कार्यालय पर ताला डालकर चले जाते हैं। वहीं ऐसे में देर रात कोई चौकी पर शिकायत करने के लिए पहुंचता है तो उसे रात में ही थाने तक जाना पड़ता है। चौकी में तैनात दो पुलिसकर्मी

ब्याज पर गाड़ियां रखने का काम कर रहे हैं। उसके बदले में दो से तीन गुना रुपये वसूली कर रहे हैं। अधिक रुपये देने से इनकार करने पर सिपाही वर्दी का खौफ दिखाकर जेल भेजने की धमकी भी देते हैं। मामले में एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने बताया कि ऐसा कोई चौकी इंचार्ज नहीं कर सकता। अगर ऐसी स्थिति पाई जाएगी तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पैमाइश में सामने आया सच, किसानों की जमीन पर है इफको का कब्जा

संवाददाता, बरेली/आंवला

अमृत विचार : हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी कई दिनों से टालमटोल कर रहे इफको के अफसर मंगलवार को बैकफुट पर आ गए। इसके बाद एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार राजकुमार सिन्हा के नेतृत्व में राजस्व टीम ने इफको के बाहर जमीन की पैमाइश की। इसके बाद देर शाम टीम ने पुष्टि की किसानों की काफी जमीन इफको फैक्ट्री की चारदीवारी के अंदर है।

भमोरा के गांव नौगवां अहिरान के रामरहीस, रामदास, रामनिवास, रामवीर, धर्मवीर, भंवरपाल ने बताया कि अक्टूबर 2022 में तत्कालीन तहसीलदार ने भी जमीन की पैमाइश कराई। इसके बाद तत्कालीन एसडीएम वेदप्रकाश मिश्रा ने एडीएम प्रशासन को रिपोर्ट भेजी थी कि किसानों की जमीन गाटा संख्या 233 की 0.67 हेक्टेयर जमीन चारदीवारी के अंदर नहीं है। गाटा संख्या 234 की 0.089 हेक्टेयर भूमि इफको की चारदीवारी के अंदर मिली थी। इसके बावजूद अफसरों ने कार्रवाई नहीं की।

इसके बाद किसानों की याचिका पर हाईकोर्ट ने तहसील प्रशासन को पिछले महीने पैमाइश करने आदेश दिया। इस पर एसडीएम ने रविवार को पैमाइश के लिए टीम गठित कर इफको भेजी मगर इफको के अफसर नहीं पहुंचे। को टीम फिर पहुंची और इफको के बाहर से किसानों की जमीन की नापजोख की। नौगवां अहिरान के वीर सिंह ने बताया कि टीम ने इफको के अंदर पैमाइश करने के बजाय उनके खेतों में ही पैमाइश की। टीम में नायब तहसीलदार राजकुमार सिन्हा, कानूनगो रामस्वरूप, इंद्रेश यादव, लेखपाल धीरज शर्मा, राहुल, बाबा भीम आदि मौजूद रहे।



इफको फैक्ट्री के बाहर पैमाइश करती आंवला तहसील की टीम। ● अमृत विचार

- एसडीएम के निर्देश पर जांच को पहुंची टीम ने इफको के बाहर से की जमीन की पैमाइश
- हाईकोर्ट ने दिए थे आदेश, जांच टीम ने किसानों की जमीन इफको परिसर में होने की पुष्टि

किसानों ने पैमाइश पर जताया संदेह

भाकियू टिकैत गुट के तहसील अध्यक्ष महाराज सिंह यादव ने बताया कि तहसील के अधिकारी रविवार को कई घंटे तक इफको में रुकने के बाद लौटे थे और अधिकारी न होने के कारण पैमाइश न होने की बात कही थी। मंगलवार को भी तहसील के अधिकारी कई घंटे इफको में रहे जबकि पैमाइश किसानों के खेत में की। इफको का कोई अधिकारी नहीं आया। किसान नेता ने पैमाइश पर संदेह जता रहे हैं।

इफको के अफसरों पर जालसाजी का भी शक

किसानों के मुताबिक इफको अधिकारियों ने इफको की खतौनी दिखाई थी, जिसमें गाटा संख्या 233 का कुछ भाग इफको की खतौनी में चढा है, जबकि इस गाटा का अधिग्रहण नहीं हुआ था। उत्तर प्रदेश असाधारण गजट 21 जून 1984 के गजट में इन गाटों का उल्लेख ही नहीं है, जबकि वर्तमान की इफको की खतौनी में गाटा संख्या 233 का कुछ भाग अंकित है। ओमशंकर सक्सेना ने बताया पहले की पैमाइश की रिपोर्ट उनके पास है, यदि इनकी नापजोख की रिपोर्ट में कुछ परिवर्तन होगा तो वह फिर से सर्वे कराने की मांग करंगे।

किसानों की जमीन के नापजोख के लिए मंगलवार को टीम भेजी गई थी। पैमाइश का काम पूरा हो गया है।। इफको में जमीन है या नहीं। यह जांच रिपोर्ट आने के बाद भी पता चल सकेगा।

-गोविंद मौर्य, एसडीएम आंवला

बिना परमिट के दौड़ रहीं निजी बसें यात्रियों को टिकट के बजाय पर्ची

आरटीओ और रोडवेज अफसरों की साठगांठ से लंबे समय से चल रहा है खेल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : जिले के अलग-अलग रूट पर चल रही निजी बसों में यात्रियों को टिकट तक नहीं दिए जाने से परिवहन विभाग की साठगांठ का खुलासा हो रहा है। कई रूट पर बसें बगैर परमिट के ही दौड़ रही हैं। इससे सरकारी राजस्व का तो नुकसान हो ही रहा है, यात्रियों को भी जोखिम उठाना पड़ रहा है।

किला से शीशगढ़ के बीच तमाम निजी बसें बगैर परमिट के दौड़ रही हैं। यही हाल कई और रूट पर है।

इन निजी बसों में यात्रियों को टिकट के नाम पर सिर्फ एक पर्ची दी जा रही है जिस पर न बस का नंबर होता है न ही किराए की धनराशि।

किला से शीशगढ़ चलने वाली बस में दिए जा रहे टिकट पर रूट के आगे सिर्फ किराया लिखा होता है। बस नंबर और

सेटेलाइट के पास खड़ी प्राइवेट बस।

शीशगढ़ रूट पर दी जा रही टिकट।

- **सरकारी राजस्व के नुकसान की कीमत पर अपनी जेबें भर रहे हैं अफसर**

दूसरा कोई विवरण टिकट पर नहीं होता। इसी तरह सेटेलाइट अड्डे के आगे से बीसलपुर जाने वाली बसों में भी बरेली से बीसलपुर का ही टिकट दिया जा रहा है। रास्ते में उतरने वाले यात्रियों को कोई टिकट नहीं दिया जाता है। बस नंबर, यात्रा का शुरू और अंत और यात्री जैसा विवरण टिकट पर नहीं होता।

बीसलपुर रूट का टिकट।

बता दें कि किला से शाही, शीशगढ़, दुनका, फतेहगंज, फिरोजाबाद और सेटेलाइट से भुता और बीसलपुर के लिए निजी बसों को चलाया जा रहा है। इन बसों में वैध टिकट न दिए जाने से यात्रा के दौरान किसी तरह की असुविधा होने पर यात्री किसी से संपर्क भी नहीं कर सकता। हादसा होने की स्थिति में तो यात्री की पहचान होना और मुआवजा देना तक संभव नहीं होगा।

रोडवेज को नुकसान अफसरों को चिंता नहीं

परिवहन विभाग के अधिकारियों के अनुसार करीब 40 बसों को बीसलपुर चौराहे से बीसलपुर तक चलने के लिए परमिट जारी किया गया है लेकिन इन निजी बसों ने सेटेलाइट अड्डे से कुछ आगे सड़क को ही अपना अड्डा बना रखा है। इसमें रोडवेज के साथ ट्रैफिक पुलिस की भी मिलीभगत बताई जा रही है। निजी बस में बीसलपुर का किराया रोडवेज से 17 रुपये कम है, इसलिए वे रोडवेज में बैठी सवारियां भी ले उड़ते हैं।

> बीसलपुर चौराहे से बीसलपुर जाने वाली निजी बसों को परमिट दिया गया है। किला से बगैर परमिट के बसें चल रही हैं। अगर निजी बसों में यात्रियों को वैध टिकट नहीं दिया जा रहा है तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। – **कमल प्रसाद गुप्ता**, आरटीओ।

डीएम ने दिया मतदान केंद्रों के रास्तों को दुरुस्त करने का निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **डीसी मनरेगा ने एपीओ के साथ बैठक कर सड़कों का सर्वे करने का दिया निर्देश**

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में मतदान केंद्रों तक मतदाताओं को पहुंचने में दिक्कत न हो, इसके लिए खराब रास्तों को दुरुस्त कराया जाएगा। डीएम रविंद्र कुमार के आदेश पर मंगलवार को डीसी मनरेगा मो. हसीब अंसारी ने विकास भवन में बैठक कर तकनीकी सहायकों से खराब सड़कों को सर्वे करने के निर्देश दिए हैं। सर्वे के बाद सड़कों को सही किया जाएगा।

जिले में 3492 बूथों पर लोकसभा का चुनाव होना है। बूथों पर बिजली, पानी आदि की सुविधाएं हैं या नहीं, इसके लिए बूथों का निरीक्षण करने के लिए डीएम ने विधानसभा वार टीमें गठित कर रखी हैं। वहीं मतदान केंद्रों तक वोटरों को जाने में सड़कों की खराब स्थिति से न जूझना पड़े, इसके लिए सड़कों को चिह्नित कराकर मनरेगा से निर्माण कराने के आदेश दिए हैं। मंगलवार को डीसी मनरेगा ने एपीओ और टीए (तकनीकी सहायकों) के साथ विकास भवन में बैठक की। इसमें उन्होंने निर्देश दिए कि सभी टीए बूथों को जाने वाली सड़कों का सर्वे कर लें और रिपोर्ट दें, ताकि मतदान से पहले सड़कों को दुरुस्त करा दिया जाए। बैठक में प्रधान सहायक एमपी सिंह समेत एपीओ और टीए मौजूद रहे।

चुनाव में पेड न्यूज पर निगरानी रखेगी कमेटी

बरेली, अमृत विचार : विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी और प्रभारी अधिकारी कार्मिक/प्रशिक्षण की अध्यक्षता में मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनीटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) के दायित्वों और कार्यों का प्रशिक्षण हुआ। कमेटी पेड न्यूज पर भी निगरानी रखेगी। सीडीओ ने कहा कि दो दिवसीय प्रशिक्षण मेंएमसीएमसी कमेटी की ओर से चुनाव के दौरान के महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी दी गई। एमसीएमसी कमेटी को आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर अलग-अलग मीडिया प्लेटफार्म पर नजर रखने, न्यूज, विज्ञापन, टेलीकास्टिंग आदि की प्री सर्टिफिकेशन करना है। नोडल अधिकारी मीडिया सेल नीतू कनौजिया, अंजना सिरोही, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर मोहित अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।

नहीं निकला हल, अब शहर में सफाई कार्य ठप करेंगे कर्मचारी

बरेली, अमृत विचार : नगर निगम कर्मचारियों का धरना मंगलवार को भी जारी रहा। दूसरे दिन अपर नगर आयुक्त और नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने कर्मचारियों से बात कर धरना समाप्त करने की अपील की। इस पर कर्मचारी नेताओं ने संघ को पत्र भेजने की बात कहकर वार्ता का प्रस्ताव ठुकरा दिया। नेताओं ने चेतावनी दी है कि बुधवार तक समस्या हल नहीं हुई तो शहर में सफाई कार्य ठप कर दिया जाएगा।

सफाई मजदूर संघ के महामंत्री राजेश कुमार ने आरोप लगाते हुए कहा कि वार्डों को गलत तरीके से ठेके पर दिया गया है। इसी

- **नगर निगम में सफाई कर्मचारियों का दूसरे दिन भी जारी रहा धरना**

का विरोध किया जा रहा है। कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने कहा कि कर्मचारी हित को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया गया है कि बुधवार को भी धरना जारी रहेगा और निगम प्रशासन द्वारा कोई निर्णय नहीं लिया गया तो सफाई व्यवस्था बंद कर दी जाएगी। सतीश ऋषिवाल, मिशन पाल सिंह, राजेन्द्र समदर्शी, सुमित वाल्मिकी, विजय मुन्नू, राजीव कुमार, देव दास चौहान, वेद प्रकाश आदि रहे।

हेराफेरी में घिरे एसडब्ल्यूसी में अब गुटबाजी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **मेयर-सांसद से आरएम की शिकायत कराने में था ठेकेदार का हाथ**
- **टेंडर और खाद्यान्न घोटाले में घिरे आरएम पांच साल से हैं बरेली में तैनात**

अमृत विचार : एसडब्ल्यूसी (राज्य भंडारण निगम) पर खाद्यान्न की हेराफेरी के आरोप पहले से लगते रहे हैं लेकिन अब निगम में ही दो गुट एक-दूसरे के खिलाफ खड़े हो गए हैं। पिछले महीने आंवला सांसद और मेयर की ओर से आरएम को सपा का करीबी और भ्रष्ट बताकर हटाने के लिए मुख्यमंत्री को लिखी गई चिट्ठी के पीछे भी इसी गुटबाजी का हाथ बताया जा रहा है।

आरएम एसएन यादव के खिलाफ चिट्ठी लिखवाने में एक ट्रांसपोर्ट हैंडलिंग ठेकेदार की भूमिका बताई जा रही है जिसकी वजह से रसुइया गोदाम से 105 बोरी खाद्यान्न हेराफेरी से जुड़े मामले में एसएन यादव पर आरोप लगे थे। बताया जा रहा है कि जिस ट्रक में बोरी पकड़ी गई थीं, वह इसी ठेकेदार का था। अपनी गर्दन बचाने के लिए इस मामले में एक डिपो प्रभारी को नाप दिया गया था।

विभागीय सूत्रों के मुताबिक 2019 में जब मुरादाबाद और बरेली दोनों मंडल एसएन यादव के क्षेत्राधिकार में थे, तब भी वह चहेते ठेकेदारों को मनमानी दरों पर परिवहन ठेका देने में फंसे थे।

उन्हें यहां से हटाकर लखनऊ मुख्यालय से संबद्ध कर बरेली में रविंद्र कुमार को तैनात कर दिया गया था। कुछ समय बाद सपा के एक वरिष्ठ नेता के करीबी सत्ताधारी मंत्री की पैरवी पर एसएन यादव को दोबारा बरेली का चार्ज दे दिया गया था।

खेल बिगड़ा तो खटकने लगे आरएम

करीब पांच साल से बरेली में तैनात एसएन यादव टेंडर घोटाले समेत कई आरोपों में घिर चुके हैं। कहा जा रहा है कि ट्रांसपोर्ट हैंडलिंग ठेकेदार और विभाग के कुछ कर्मचारी एसएन यादव से परेशान हैं। इसीलिए मेयर और सांसद से सीएम को पत्र लिखवाया गया। कुछ समय पहले सपा नेता के ठेकेदार बेटे ने आरएम पर पैसा मंगाने के तक आरोप लगाए थे। उसने एसडब्ल्यूसी कार्यालय के आगंतुक रजिस्टर पर भी लिख दिया था कि आरएम पैसा मांगते हैं।

जान-माल के लिए खतरा बताया, किया कुछ नहीं

एसएन यादव ने वरिष्ठ लेखाधिकारी संजीव मिश्रा और अंकित मिश्रा को 24 जनवरी को पत्र लिखकर कहा था कि ठेकेदार बिना किसी काम रोज चार से पांच घंटे कार्यालय बैठते हैं। दिसंबर 2023 से ठेकेदार लगातार बैंक गारंटी वापस करने का अनुचित दबाव बना रहा है। एसएन यादव ने दोनों बाबुओं पर गोपनीय विभाग की सूचनाएं लीक करने के आरोप के साथ उनसे जान-माल के लिए खतरा बताते हुए स्पष्टीकरण मांगा लेकिन इसके बाद चुप्पी साध ली।

> मेयर-सांसद ने पत्र क्यों लिखा, यह वही बता सकते हैं। मेरे स्तर से कार्यालय की गोपनीय सूचनाएं लीक करने के मामले में दो बाबुओं का स्पष्टीकरण मांगा गया था। – एसएन यादव, आरएम एसडब्ल्यूसी

जंक्शन पर लेट होने का रिकॉर्ड तोड़ रही हैं ट्रेनें

जंक्शन पर ट्रेन में सवार होती यात्रियों की भीड़। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **17 घंटा लेट चल रही थी कुंभ एक्सप्रेस, यात्री हुए परेशान**

अमृत विचार: सर्दी में निरस्त की गईं ट्रेनों के दोबारा शुरू होने के बाद ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया है। इसके बाद ट्रेनों ने रोज लेट होने का रिकॉर्ड तोड़ना शुरू कर दिया है। सुबह को आने वाली ट्रेनें रात को स्टेशन आ रही है। कई ट्रेनों के इंतजार में यात्री मंगलवार को परेशान हुए।

मंगलवार को 12369 कुंभ एक्सप्रेस 17 घंटा घंटा लेट चल रही थी। इस ट्रेन के देर रात स्टेशन पहुंचने की संभावना थी, जबकि इसके आने का समय सुबह का है। वहीं 13151 कोलकाता जम्मूतवी एक्सप्रेस एक घंटा 58 मिनट, 13307 गंगा सतलुज दो घंटा, 12209 काठगोदाम गरीबरथ एक्सप्रेस एक घंटा 42 मिनट, 18103 जलियांवाला बाग चार घंटा 23 मिनट, 15651 लोहित एक घंटा 50 मिनट, 19270 पोरबंदर चार घंटा 28 मिनट, 12203 गरीबरथ तीन घंटा 45 मिनट, 19602 उदयपुर सिटी पांच घंटा 21 मिनट, 14673 शहीद दो घंटा 33 मिनट, 15001 राप्ति गंगा एक घंटा 15 मिनट और 22356 चंडीगढ़ पाटलीपुत्र एक्सप्रेस एक घंटा की देरी से बरेली जंक्शन पहुंची।

जंक्शन पर बर्खास्त रेल कर्मचारियों की बहाली के लिए प्रदर्शन

बरेली, अमृत विचार : लोको यूनियन के पदाधिकारियों ने मंगलवार को बरेली जंक्शन पर विरोध प्रदर्शन किया। यूनियन ने कठुआ में मालगाड़ी रोल डाउन होने के बाद लोको पायलट, सहायक लोको पायलट, स्टेशन मास्टर, पॉइंट्समैन को बर्खास्त करने का विरोध किया। पदाधिकारियों ने जंक्शन लोको लॉबी के बाहर जोरदार नारेबाजी की। आल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन की केंद्रीय कार्यकारिणी के आह्वान पर बरेली यूनियन ने प्रदर्शन किया। शाखा सचिव अभय कुमार ने बताया कि गलत ढंग से कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया है। उन्होंने मांग की कि बर्खास्त किए गए कर्मचारियों की बहाली की जाए। इस दौरान मंडल कोषाध्यक्ष अनूप वैश्य, मंडल संयुक्त सचिव सोमवीर यादव, शाखा अध्यक्ष संदेश कुमार, शाखा सचिव अभय कुमार, शाखा उपाध्यक्ष राजेश राजवंशी, भास्कर यादव, ललित शर्मा, केदार शर्मा, अरुण सोनवानी, अजीत कुमार सिंह आदि रेल कर्मचारी मौजूद रहे।

बरेली के दो खादिमुल हुज्जाज का हज यात्रा 2024 के लिए चयन

बरेली, अमृत विचार : हज कमेटी के सदस्य एवं हज ट्रांसपोर्ट कमेटी के चैयरमेन डॉ. सैयद एहतेशाम उल हुदा ने बताया कि मंगलवार को लखनऊ में राज्य हज कमेटी की बैठक में उन्होंने हज यात्रा 2024 को लेकर बरेली मंडल से संबंधित सुझाव रखे। जिन्हें सर्वसम्मति से पारित कर शासन को भेजा गया है। इसके अलावा लाटरी के जरिए बरेली के दो खादिमुल हुज्जाज का चयन हुआ है। पूरे प्रदेश से 270 आवेदन प्राप्त हुए थे जिनमें से 60 खादिमुल हुज्जाज को चयनित किया गया है। उन्होंने बताया कि हाजियों की ट्रेनिंग के दौरान सभी हज ट्रेनिंग सेंटर्स का औचक निरीक्षण किया जाएगा। हज ट्रेनर्स को हज 2024 पूरा होने पर लखनऊ में सम्मानित किया जाएगा। इस बार एक महिला खादिमुल हुज्जाज का भी चयन किया गया है। बरेली मंडल से जाने वाले हाजियों के लिए एक अतिरिक्त काउंटर हज हाउस लखनऊ में लगाया जाएगा। हज यात्रा को लेकर जल्द ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करेंगे। बरेली मंडल से दो मौलवियों का चयन किया जाएगा जो हज के दौरान हज हाउस लखनऊ पर रहकर धार्मिक सेवा कार्य करेंगे। बैठक का नेतृत्व उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के अध्यक्ष मोहसिन रजा ने किया।

रेलवे ट्रैक के प्वाइंट पर पत्थर रखने से सिग्नल फेल

बरेली, अमृत विचार : कैंट स्टेशन के पास मंगलवार सुबह रेलवे ट्रैक पर पत्थर रखने से डाउन सिग्नल फेल हो गया। इस दौरान मालगाड़ी को गुजारा जा रहा था। सिग्नल फेल होने की सूचना से रेलपथ, सिग्नल विभाग और आरपीएफ के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। आरपीएफ ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मंगलवार सुबह करीब छह बजे डाउन लाइन पर बरेली की तरफ से आ रही मालगाड़ी को गुजारा जा रहा था। इसी दौरान बरेली कैंट और रसुईया के बीच सिग्नल फेल हो गया। आनन-फानन में रेलवे के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और सिग्नल फेल होने का कारण पता किया तो पता चला कि डाउन लाइन पर रेलवे ट्रैक के प्वाइंट पर पत्थर रखा हुआ था। जिसकी वजह से प्वाइंट नहीं बन पाया और सिग्नल फेल हो गया। आरपीएफ का स्टाफ भी मौके पर पहुंचा। आरपीएफ ने अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई। इस बीच करीब 20 मिनट तक मालगाड़ी का संचालन प्रभावित हुआ। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

लोकसभा चुनाव पर केंद्रित रहा पिछड़ा वर्ग मोर्चा सम्मेलन

बरेली, अमृत विचार : किला छावनी स्थित साहू राठौर धर्मशाला में मंगलवार को भाजपा के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के साहू राठौर समाज का मंडलीय सम्मेलन हुआ। यह सम्मेलन लोकसभा चुनाव पर केंद्रित रहा। मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष एवं भूमि विकास बैंक के डायरेक्टर रविंद्र सिंह राठौर ने कहा कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य आगामी लोकसभा चुनाव है। उन्होंने कहा कि सभी लोग एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशी को संसद पहुंचाने का काम करें। उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाई। इस दौरान प्रदेश प्रमुख पिछड़ा वर्ग मोर्चा के शिवमंगल सिंह राठौर, आनंद नारायण साहू, मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजकिशोर कश्यप रामचंद्र, सूरज राठौर, मंडल अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश लोधी, कुंवर सिंह साहू, सेवाराम राठौर, अरुण राठौर मौजूद रहे।

जे.पी. क्लीनिक
डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन
- दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
- बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
- जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
- गुर्दों की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज
बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।
हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है
पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206
सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
स्वास्थ्य जाँच पैकेज की व्यापक रेंज
जांचों पर विशेष छूट
समस्त प्रकार की खून जांचे उपलब्ध
39-बी, एकता नगर, चाट बाजार के पास, नीरज लाईफ केयर हॉस्पिटल के सामने, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

ADITYA
डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

सार-संक्षेप

विद्यार्थी परिषद ने बंगाल सरकार का पुतला फूंका

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय में मंगलवार को विद्यार्थी परिषद ने पश्चिम बंगाल सरकार का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने महानगर आंदोलन प्रमुख संदीप सागर और वैष्णवी गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नगर मजिस्ट्रेट को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सोपा। अभाविप के प्रांत मंत्री अंकित पटेल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी लगातार जनविरोधी नीतियों को बढ़ावा दे रही हैं और भ्रष्टाचारियों और अपराधियों का संरक्षण कर रही हैं। अभाविप की प्रांत सह मंत्री अवनी यादव ने कहा कि संदेशखाली में महिलाओं के साथ ज्यादती का घटनाक्रम जब सामने आया तभी से विद्यार्थी परिषद न्याय की मांग को लेकर पूरे देश के शैक्षणिक संस्थानों में प्रदर्शन कर रही है। महानगर मंत्री श्रेयांश बाजपेई, विभाग संगठन मंत्री नितिन माहेश्वरी, आनंद कठेरिया, शाहनवाज अंसारी, रवि प्रताप, शिवांश सक्सेना, अंश, दक्ष, वैभव आदि मौजूद रहे।

ब्लू वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में मनाया वार्षिकोत्सव

बरेली, अमृत विचार : ब्लू वर्ड बरेली पब्लिक स्कूल मुरावनपुरा में मंगलवार को वार्षिकोत्सव हुआ। इसमें विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि बिथरी विधायक डॉ. राघवेन्द्र शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत। विशिष्ट अतिथि रश्मि पटेल, प्रशांत पटेल, आशीष पेटल और हरेन्द्र पटेल रहे। प्रधानाचार्या गरिमा भारतीय ने विद्यालय और शिक्षा नीतियों के विषय में जानकारी दी। चेयरमैन गिरीश पटेल ने अतिथियों का सम्मान किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक सरोज पटेल, एमडी पारस पटेल, हतेन्द्र सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

अहम का शून्य होना ही लक्ष्य की प्राथमिकता

बरेली, अमृत विचार : विलय ज्ञान धर्मार्थ संस्था की ओर से भगवान शैलजा नारायण की 27वीं प्राकट्य श्रृंखला के चौथे दिन मंगलवार की शुरुआत नारायण वंदना से हुई। मंत्रोच्चारण के बाद नारायण का कीर्तन जय-जय राधे, आये हैं हम शरण बिहारी जैसे भजनों के साथ हुआ। प्रभु चर्चा में बताया गया कि भक्तों के अहम का शून्य होना ही लक्ष्य की प्राथमिकता है। जो अहम को शून्य कर लेता है, वो भगवान को पा लेता है।

जिला कारागार में लगाया स्वास्थ्य शिविर

बरेली, अमृत विचार : रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हास्पिटल की ओर से मंगलवार को जिला कारागार में बंदियों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसके तहत बंदियों को आवश्यक दवाएं और चश्मे भी दिए गये। शिविर में स्त्री रोग, दंत रोग, नेत्र रोगों आदि की जांच की गयी। उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने किया। इस दौरान डॉ. अर्जुन, डॉ. स्मृति, डॉ. नकुल, डॉ. प्रतीक, शिविर इंचार्ज शकीब उद्दीन, सुप्रिटेंडेंट विपिन मिश्रा, लाइफ फाउंडेशन संस्था से अध्यक्ष रंजना शुलजा, उपाध्यक्ष सिम्मी रेनू, प्रियला, रेशू मौजूद रहे।

मानवता की सीख देकर मनाया वार्षिकोत्सव

बरेली, अमृत विचार : क्रीसेंट पब्लिक स्कूल में मंगलवार को मानवता की शुरुआत हम से होती है थीम पर तीसवां वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस दौरान नाटक का भी मंचन किया गया। मुख्य अतिथि मेयर उमेश गौतम और विशिष्ट अतिथि फहीम रजा और नाजिम बेग रहे। छात्रों को सर्वाधिक उपस्थिति के लिए प्रशस्ति पत्र दिया गया। प्रधानाचार्य रागिनी शर्मा ने छात्रों को नई शिक्षा नीति के विशेषताएं बतायी। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक डॉ. महमूद शाह खां, अध्यक्ष मो. कासिम कश्मीरी, शिक्षक, छात्र और अभिभावक उपस्थित रहे।

बच्चों और महिला संबंधी योजनाओं की जानकारी दी

बरेली, अमृत विचार : खंडेलवाल कॉलेज में एनएसएस शिविर में छात्रों को बच्चों और महिलाओं से संबंधित योजनाओं और कानूनों के बारे में जानकारी दी। यूनिसेफ के मंडलीय सलाहकार बाल संरक्षण अमरेंद्र कुमार ने बाल तस्करी, बाल भिक्षावृत्ति, बालश्रम रोकथाम, बाल विवाह रोकथाम, साइबर क्राइम और चाइल्ड लाइन की जानकारी दी। वन स्टॉप सखी सेंटर की केंद्र प्रबंधक चंचल ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, विधवा पेंशन आदि की जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पैरालीगल वालिंटियर पूजा ने कानूनी सलाह के बारे में बताया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सविता सक्सेना, सहायक प्रोफेसर रितेश गुप्ता आदि छात्र उपस्थित रहे।

प्राइवेट परीक्षा फार्म का मिलान शुरू

कॉलेज के पूर्वी गेट पर कैफे चलाने वालों के फर्जीवाड़े में शामिल होने की आशंका

कार्यालय संवाददाता, बरेली

बरेली कॉलेज में बिना फारवर्डिंग फीस जमा किए प्राइवेट परीक्षा फार्म जमा करने के मामले में प्राचार्य ने परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीनम की देखरेख में एक कमेटी बनाई है। इस कमेटी को फर्जी फार्म जमा होने की जानकारी की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं पुलिस ने फार्म के साथ पकड़े गए छात्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। इस खेल में कॉलेज के पूर्वी गेट के बाहर लगाए गए कैफे वालों के शामिल होने की बात आ रही है। इन कैफे वालों के बीच कुछ महीने पहले विवाद में जमकर तोड़फोड़ हुई थी। बरेली कॉलेज में अब तक कॉलेज में करीब 12 हजार फार्म जमा किए जा चुके हैं। अभी और फार्म जमा किए जाएंगे। अब कॉलेज में जमा किए गए फार्म और विश्वविद्यालय में फारवर्ड कर स्वीकृत किए गए फार्मों की संख्या का मिलान कराया जाएगा। इसमें जो भी अंतर पाया जाएगा, उन्हें फर्जी माना जाएगा और विश्वविद्यालय से ऐसे छात्रों की परीक्षा निरस्त कराने की मांग की जाएगी।

गायब कर्मचारी के नाम से जारी रसीद का किया इस्तेमाल: कॉलेज प्रशासन की जांच में सामने आया कि जिस पुरानी रसीद का इस्तेमाल कर नई फर्जी रसीद बनाकर बिना शुल्क जमा किए हुए फार्म जमा करने की कोशिश की गई, वह कॉलेज के ही एक कर्मचारी के द्वारा जारी की गई थी। हालांकि कर्मचारी कॉलेज से करीब छह महीने से गायब है। उसके घर में भी कई बार नोटिस जारी किया जा चुका है लेकिन वह वापस नहीं आया है।

विश्वविद्यालय के कर्मचारी का बेटा है फार्म में खेल करने वाला बरेली कॉलेज में व्यक्तिगत परीक्षा फार्म जमा करने के खेल में पकड़ा गया छात्र रुहेलखंड विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग विभाग में तैनात कर्मचारी का बेटा है। छात्र ने खुद को विद्यार्थी परिषद का सदस्य बताया है। जानकारी में आया है कि उसके दोस्त भी इसमें शामिल हो सकते हैं।

प्राचार्य से निजी फार्म जमा करने के खेल की जांच की मांग करते छात्रनेता।

निजी फार्म के खेल में आरोपी छात्र पर एफआईआर

बरेली कॉलेज में रुहेलखंड विश्वविद्यालय की स्नातक और स्नातकोत्तर की वार्षिक परीक्षा के व्यक्तिगत छात्रों के फार्म जमा करने के खेल में पकड़े गए छात्र नितिन के खिलाफ बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इस मामले में चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने तहरीर दी थी। पुलिस नितिन से पूछताछ कर रही है, कि उसके गैंग में कौन-कौन शामिल है। सोमवार को नितिन, आकाश और पवन के अलावा दो अन्य छात्रों के आवेदन लेकर पहुंचा था। काउंटर पर बैठे कॉलेज के कर्मचारी ने जब फीस रसीद पर बार कोड स्कैन किया तो नहीं हुआ। शक होने पर नितिन को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने बताया था कि वह अब तक 12 छात्रों के आवेदन वह जमा कर चुका है। चीफ प्राक्टर के निर्देश पर आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। देर रात बारादरी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

परीक्षा फार्म जमा करने के खेल की जांच की मांग

बरेली कॉलेज में प्राचार्य की आईडी-पासवर्ड हैक कर प्राइवेट परीक्षा फार्म जमा करने के खेल की समाजवादी के छात्र नेताओं ने जांच की मांग की है। मंगलवार को छात्र नेताओं ने प्राचार्य प्रो. ओपी राय से मुलाकात कर मांग की कि इस मामले में एक कमेटी गठित की जाएगी और संदिग्ध लोगों पर कार्रवाई की जाए। प्राचार्य को ज्ञापन देने वालों में करन सिंह, गजेंद्र कुर्मी, मुकेश यादव, कौशल कुमार, सुनील कुमार, आदित्य रोहिल्ला आदि रहे।

प्रदर्शन करने पहुंचे छात्र नेताओं में भी गुटबाजी

समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष अविनाश मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष फरहान अली के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने छात्रों की कई मांगों को लेकर रुहेलखंड विश्वविद्यालय में विरोध प्रदर्शन किया लेकिन इसमें कई पुराने पदाधिकारियों को नहीं बुलाने से गुटबाजी हो गई। यही वजह रही कि बरेली कॉलेज में अलग से गजेंद्र कुर्मी, मुकेश यादव समेत अन्य छात्र नेताओं ने विरोध जताया।

परीक्षा फार्म पर विलंब शुल्क वापस ले विश्वविद्यालय

रुहेलखंड विश्वविद्यालय में प्रदर्शन करते सछास कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सछास और एनएसयूआई ने संयुक्त रूप से विश्वविद्यालय में सात सूत्री मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

अमृत विचार : समाजवादी छात्रसभा और एनएसयूआई ने मंगलवार को संयुक्त रूप से रुहेलखंड विश्वविद्यालय में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने परीक्षा फार्म पर पांच सौ रुपये विलंब शुल्क न लेने, यूएफएम में पांच सौ और अधिक बढ़ाने को वापस लेने समेत सात सूत्री मांगे रखीं।

समाजवादी छात्रसभा के जिलाध्यक्ष अविनाश मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रशासनिक भवन के सामने नारेबाजी करते हुए धरना देने के बाद सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की छात्रसंघ चुनाव बहाल किया जाए। खेलों में जिला, प्रदेश, राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को बीपीएड और एमपीएड में सरकारी सीट पर प्रवेश शुरु किए जाएं। कई पाठ्यक्रमों के फार्म विश्वविद्यालय कुछ दिन के लिए खोलता है और फिर विलंब शुल्क वसूलता है। इसे बंद किया जाएगा। विश्वविद्यालय में बीटेक, बीफार्मा, एमबीए, एमसीए कोर्स सेल्फ फाइनेन्स की फीस कम की जाए। पीएचडी कोर्स के लिए प्रवेश परीक्षाएं जल्द कराई जाए। इस दौरान समाजवादी छात्रसभा प्रदेश उपाध्यक्ष फरहान अली, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष भुवनेश यादव, यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष एजाज अहमद, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष नदीम सिद्दीकी, अमरीश यादव, सुदेश यादव, नसीम अहमद समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

गोलमाल : लेखपालों ने की दोबारा जांच की मांग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसडीएम सदर को सौंपा पत्र ऑडिट में चूक होने की बात कही
- ऑडिट रिपोर्ट में हुई थी लेखपालों को अवैध लाभ देने की पुष्टि

अमृत विचार : सदर तहसील के लेखपालों को बड़े पैमाने पर अवैध लाभ देने का खुलासा होने के बाद हड़कंप मचा हुआ है। मंगलवार को लेखपाल संघ के पदाधिकारियों ने एसडीएम सदर को पत्र सौंपकर दोबारा ऑडिट कराने की मांग की।

राजस्व परिषद की ओर से सदर तहसील को भेजी गई रिपोर्ट के अनुसार ऑडिट टीम के 2022-23 की बिल बुक की जांच करने पर बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां मिली थीं। इसमें उल्लेक था कि 52 लेखपालों को शहरी क्षेत्र के आवास भत्ते के साथ यात्रा भत्ते का भी भुगतान भी किया जा रहा है जबकि एक साथ दोनों भत्ते नहीं दिए जा सकते। इसकी लेखपालों से वसूली का भी आदेश जारी दिया गया है। नियम-कानून दरकिनार कर लेखपालों को लाभ पहुंचाने के मामले की खबर मंगलवार का अमृत विचार में प्रकाशित होने के बाद सदर तहसील में हड़कंप मचा रहा।

ऑडिट की दोबारा से जांच कराने की मांग करते हुए लेखपालों ने एसडीएम सदर को पत्र सौंपा है। एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव ने बताया कि लेखपाल संघ के पदाधिकारी मिले हैं। उन्होंने ऑडिट की दोबारा से जांच कराने और ऑडिट की फाइल भी मंगाने की मांग की है। पदाधिकारियों को उनकी बात शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया है।

अनुशासित युवाओं से भारत बनेगा विकसित राष्ट्र

कार्यालय संवाददाता, बरेली

रोवर्स-रेंजर्स समागम की शुरुआत करते कुलपति प्रो. केपी सिंह। ● अमृत विचार

- बरेली कॉलेज में तीन दिवसीय 27वें अंतर महाविद्यालयी रोवर्स रेंजर्स समागम की शुरुआत

अमृत विचार : बरेली कॉलेज में मंगलवार को रुहेलखंड विश्वविद्यालय के 27वां अन्तर महाविद्यालयी रोवर्स रेंजर्स समागम की शुरुआत हुई। अलग-अलग महाविद्यालयों की 10 टीमों ने चिकित्सा, टेंट, पुल आदि निर्माण की गतिविधियां की।

समागम की शुरुआत कुलपति प्रो. केपी सिंह ने स्काउट गाइड प्रार्थना के बाद ध्वजारोहण के साथ की। उन्होंने कहा कि रोवर्स-रेंजर्स के अनुशासित युवाओं से हम देश को गौरवान्वित स्तर पर ले जाकर 2047 तक विकसित राष्ट्रों की पंक्ति में खड़े होंगे। सेवा, तप और त्याग के साथ मैं नहीं आप की भावना वाले अन्तर्राष्ट्रीय संगठन रोवर्स-रेंजर्स से सीखने और जुड़ने की आवश्यकता है।

कुलपति ने क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो. संध्या रानी शाक्य, प्राचार्य प्रो. ओपी राय, संयोजक प्रो. नीरजा अस्थाना, स्काउट गाइड की सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त सितारा त्यागी के साथ रोवर्स-रेंजर्स टीमों के मार्च पास्ट की सलामी ली। प्रो. नीलम गुप्ता और उनकी टीम की स्मारिका का विमोचन भी किया गया। प्राचार्य ने जीवन में संघर्ष, संवाद और विनम्रता को श्रेष्ठ बताया और स्काउट गाइड से सभी को सीखना आवश्यक बताया। इस दौरान प्रो. एसी त्रिपाठी, जिला प्रशिक्षक आयुक्त स्काउट डॉ. पुष्प कांत शर्मा, चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे, डॉ. बीनम सक्सेना, प्रो. पंपा गौतम, प्रो. वंदना शर्मा, सुंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

भूगोल की परीक्षा में आसान प्रश्न देख छात्रों के खिले चेहरे

बरेली, अमृत विचार: यूपी बोर्ड की परीक्षा में मंगलवार को इंटरमीडिएट की भूगोल परीक्षा में मानव भूगोल के मूल सिद्धांत समेत अन्य प्रश्नों को देखकर परीक्षार्थियों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय की रिपोर्ट के अनुसार इंटर में 1446 छात्र और 1914 छात्राएं पंजीकृत थीं, जिनमें से 1316 छात्र और 1850 छात्राओं ने परीक्षा दी। कृषि भाग-1 परीक्षा में 614 छात्र और 32 छात्राएं शामिल हुईं। हाईस्कूल की कम्प्यूटर परीक्षा में 364 छात्र और 456 छात्राएं मौजूद रहीं। हाईस्कूल की गृह विज्ञान में 17255 छात्राओं ने परीक्षा दी। जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर फ्लाइंग स्क्वाइड की ओर से निरीक्षण किया जा रहा है। कंट्रोलरूम में सभी परीक्षा केंद्रों पर नजर रखी जा रही है।

यंत्रालय और लेखा विभाग की टीमें जीतीं

बरेली, अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ इज्जतनगर मंडल की ओर से रेलवे स्पोर्ट्स स्टेडियम में अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता में मंगलवार को वालीबॉल में यंत्रालय और परिचालन विभाग के बीच मैच खेला गया, जिसमें यंत्रालय की टीम ने 25-17 और 25-9 अंकों से जीत दर्ज की। दूसरा मैच लेखा एवं विद्युत विभाग के टीमों के बीच हुआ, जिसमें लेखा ने 25-12, 23-25 एवं 25-18 अंकों से जीत दर्ज की। इज्जतनगर रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि 10 मार्च तक प्रतियोगिताएं होंगी। बुधवार से क्रिकेट मैच शुरू होंगे।

जिला महिला अस्पताल में थॉयराइड जांच नहीं, गर्भवती महिलाएं झेल रही हैं दिक्कत

- हर गर्भवती महिला को प्रसव से पहले डॉक्टर थायराइड जांच का देती हैं परामर्श

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : जिला महिला अस्पताल में थायराइड जांच की सुविधा नहीं होने से गर्भवती महिलाओं को परेशानी हो रही है। अस्पताल में हर गर्भवती मरीज को प्रसव से पहले डॉक्टर थायराइड जांच की सलाह देते हैं। इसकी वजह से मरीजों को निजी लैब में जांच करानी पड़ती है।

वहीं जिला अस्पताल में मई 2023 से थॉयराइड जांच की जा रही है। यहां रोजाना 25 से 30 मरीजों की जांच की जा रही हैं। अगर महिला अस्पताल प्रबंधन जिला अस्पताल का सहयोग लेता है तो मरीजों को आर्थिक हानि के साथ ही परेशान भी नहीं होना पड़ेगा।

इसलिए जरूरी है थॉयराइड जांच : जिला महिला अस्पताल की डॉ. वर्षा ने बताया कि महिलाओं में पुरुषों की तुलना में थॉयराइड का खतरा अधिक रहता है। अस्पताल में आने वाली 10 गर्भवती महिलाओं में से दो से तीन महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान थॉयराइड की समस्या का पता चलता है। उन्होंने बताया कि गर्भावस्था के पहले महीने में ही थॉयराइड सहित सभी जांच करानी चाहिए। गर्भावस्था के दौरान थायरॉइड हार्मोन्स में असंतुलन देखा जाता है। अगर सही दवा नहीं दी जाए तो बच्चे का विकास, ब्रेन में समस्या और गर्भपात तक हो सकता है।

महिला अस्पताल के पांच ठेका कर्मचारियों का जिला अस्पताल के आवासों पर कब्जा

बरेली, अमृत विचार : जिला अस्पताल परिसर में बने सरकारी आवासों में महिला अस्पताल के पांच ठेका कर्मचारी लंबे समय से निवास कर रहे हैं। जिला अस्पताल की एडीएसआईसी के आदेश पर अवर अभियंता की टीम ने जब जर्जर आवासों का सर्वे किया तो इसका खुलासा हुआ। अवर अभियंता की टीम ने एडीएसआई को जर्जर आवासों के साथ ही कब्जा की रिपोर्ट दी। एडीएसआईसी ने जिला महिला अस्पताल के सीएमएस को पत्र जारी कर संबंधित पांच कर्मचारियों को तुरंत आवास खाली कराने को कहा है। सीएमएस ने संबंधित कर्मचारियों को एक सप्ताह में आवास खाली करने का आदेश दिया है। इस संबंध में एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि सर्वे के दौरान पांच ठेका कर्मचारी आवासों में निवास करते पाए गए हैं जो कि जिला महिला अस्पताल में तैनात हैं। सीएमएस को जल्द कर्मचारियों से आवास खाली करवाने को पत्र भेजा गया है।

तीन सौ बेड अस्पताल में भी यही हाल : कोविड काल से ही तीन सौ बेड अस्पताल परिसर में कर्मचारी आवासों में लंबे समय से ठेका कर्मचारी निवास कर रहे हैं। कई बार अफसरों ने कार्रवाई की सुध तो ली लेकिन फिर मामला ठंडे बस्ते में चला गया। जबकि आवासों में 10 से अधिक ठेका कर्मचारी निवास कर रहे हैं।

> थॉयराइड जांच की सुविधा शुरू होने के बाद ही विभागीय बैठक में जिला महिला अस्पताल के मरीजों की जांच करने पर सहमति दी थी। अगर सैंपल जांच को जिला अस्पताल भेजे जाएंगे तो जांच जरूर की जाएगी। **-डॉ. अलका शर्मा**, एडीएसआईसी, जिला अस्पताल

आरती करके नाथ महोत्सव की शुरुआत की

- महाशिवरात्रि के दिन 8 मार्च को नाथ मंदिर परिक्रमा भी की जाएगी

बरेली, अमृत विचार : महाशिवरात्रि से पहले भारत माता की आरती के साथ नाथ महोत्सव के कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मंगलवार की रात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुटुम्ब प्रबोधन गतिविधि के तत्वावधान में केशव कृपा स्थित कार्यालय पर भारत माता की आरती की गई।

कार्यक्रम में संघ के विभाग प्रचारक धर्मेंद्र भारत और महापौर डॉ. उमेश गौतम आदि भक्तों ने प्रतिभाग किया। आरती में महानगर प्रचारक मयंक साधु, विभाग प्रचार प्रमुख धर्मेंद्र, कुटुम्ब प्रबोधन गतिविधि के विभाग संयोजक विवेक कुमार, डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी, प्रथू, विनय कृष्ण, शेखर, हेमंत आदि उपस्थित रहे। नाथ महोत्सव के तहत 5 और 6 मार्च को कई संगठनों द्वारा मंदिरों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कई मंदिरों में सुंदर कांड, हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

महोत्सव के तहत बुधवार को जाने माने बैंड सुपर साइको द्वारा बरेली कॉलेज परिसर में संगीतमय भक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 7 मार्च को बरेली कॉलेज के मैदान में भव्य कार्यक्रम आयोजित होगा। इस दौरान हजारों शिव भक्त डमरू वादन करेंगे। महाशिवरात्रि के दिन 8 मार्च को सप्तनाथ मंदिर परिक्रमा होगी। यह नाथ परिक्रमा धोपेश्वर नाथ मंदिर से सुबह 10.30 बजे शुरू होकर तपेश्वर नाथ मंदिर, मढ़ीनाथ, अलखनाथ, त्रिवटी नाथ, बनखंडी नाथ मंदिर होते हुए पशुपति नाथ मंदिर पर शाम को लगभग 8.30 बजे पहुंचेगी। यहां महा आरती के बाद यात्रा का विश्राम होगा। नाथ नगरी के सात नाथ मंदिरों के लगभग 32.5 किलोमीटर लम्बे मार्ग पर शिव भक्त पैदल परिक्रमा करेंगे।

नाथ महोत्सव की शुरुआत करते मेयर।

दांतों के स्वास्थ्य का न रखा ख्याल तो हो जाएंगी पेट संबंधी बीमारियां भी

राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस

- अनियमित खानपान के चलते लगातार बढ़ रही मुंह और दांत संबंधी बीमारियां

बरेली, अमृत विचार : भागदौड़ भरी जिंदगी में खानपान की बिगड़ी आदत की वजह से दांत संबंधी रोगों के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार दांतों की सेहत का ख्याल रखना भी जरूरी है। दंत चिकित्सक के पास समय-समय पर दांतों की जांच करानी चाहिए। ऐसा न करने पर शरीर के अन्य अंगों पर भी गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।

> वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. अनूप आर्य के मुताबिक खानपान के दौरान लोग मुंह के स्वास्थ्य की ओर कोई ध्यान नहीं देते हैं। दांतों में झनझनाहट, कैविटी समेत अन्य समस्या को भी नजर अंदाज किया जाता है, जो कि भविष्य में पेट के साथ कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी का कारण बन सकती हैं।

> वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. पुनीत लुनियाल के अनुसार मुंह संबंधित रोगों के से बचाव के लिए 24 घंटे में दो बार ब्रश अवश्य करें। वहीं साल में एक बार दंत चिकित्सक से परीक्षण जरूर कराएं। वहीं जो मरीज मधुमेह से ग्रसित हैं वह खानपान पर विशेष ध्यान देते हुए इसको कंट्रोल रखने का प्रयास करें।

ब्रश करके ही कुछ खाएं

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल सांइसेज के पेरिओडोंटोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रो. आशुतोष के अनुसार अक्सर लोग बिस्तर से उठने के बाद ही खाना-पीना शुरू कर देते हैं। यह आदत गलत है। सबसे पहले ब्रश करना चाहिए इसके बाद ही कुछ खाएं। अन्य प्रमुख बीमारियों की तरह, शरीर में अन्य बीमारियों से बचाव को को रोकने के लिए मुंह के रोगों की रोकथाम, शीघ्र पहचान और उपचार महत्वपूर्ण है।

ओरल हेल्थ टिप्स

- दिन में दो बार ब्रश करें
- दो से तीन मिनट तक ब्रश करें
- फ्लोराइड युक्त टूथपेस्ट का उपयोग करें
- ठंडी चीजों और फलों के रस जैसे एसिडिक ड्रिंक्स में कमी लाएं
- दांतों को चोट से बचाएं
- भोजन चबाने के अलावा किसी और चीज के लिए दांतों का उपयोग करने से बचें
- महीने में एक बार डेंटल चेकअप जरूर कराएं।

सीटी स्कैन कराने वाले मरीजों की संख्या बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दो महीने पहले तीन सौ बेड अस्पताल में में शुरू हुई सीटी स्कैन की सुविधा

अमृत विचार : तीन सौ बेड अस्पताल में सीटी स्कैन कराने वाले मरीजों की संख्या दो महीने में करीब चार गुना बढ़ गई है। जनवरी में जहां रोजाना तीन से चार मरीजों की जांचें हो रही थीं, वहीं अब संख्या बढ़कर 15 से 20 हो गई है। मंगलवार को भी 20 मरीजों की जांच की गई।

जिला अस्पताल में करीब एक साल तक सीटी स्कैन सुविधा बंद रही। सीटी स्कैन मशीन कंडम होने के बाद शासन की ओर से तीन सौ बेड अस्पताल में नई सीटी स्कैन यूनिट स्थापित की गई है। जनवरी के पहले सप्ताह से मरीजों के लिए सुविधा शुरू हुई है। जिला अस्पताल के साथ ही अब मानसिक अस्पताल के रोगियों की भी यहां जांचे हो रही हैं। फरवरी से यहां मानसिक चिकित्सालय से भी मरीज जांच के लिए आ रहे हैं। वहीं सबसे अधिक गंभीर हालत में बुजुर्ग मरीज जांच के लिए यहां पहुंच रहे हैं।

आर्य समाज का 141वां वार्षिकोत्सव आज से

बरेली, अमृत विचार : आर्य समाज बिहारीपुर नाथ नगरी के 141 वां वार्षिकोत्सव और ऋषि बोधोत्सव की बुधवार से शुरुआत होगी। प्रधान सुशील अग्रवाल ने बताया कि महाशिवरात्रि पर शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी। शोभा यात्रा आर्य समाज बिहारीपुर से शुरू होकर मोती पार्क, कुतुबखाना, आलमगिरीगंज, मठ की चौकी, शहामतगंज, कालीबाड़ी, नगर निगम, पटेल चौक, कोतवाली होते हुए घंटाघर होते हुए आर्य समाज बिहारीपुर पर समाप्त होगी। वार्षिकोत्सव में बाराबंकी से आचार्य सुरेश जोशी, रुक्मणि आर्य, रामदेव शास्त्री शामिल होंगे।

समस्या आपकी समाधान
INTERNATIONAL SEXOLOGIST
• Growth Hormone
• Testosterone Hormone
• L.H Hormone
• F.S.H.Hormone
• Vitamin D
• Prolactin Hormone
• Suger/• B.P
• ALL OLD DISEASES ONLINE TREATMENT POSSIBLE
सभी जाँच करवा कर WhatsApp पर करें और घर बैठे इलाज करवायें

नरेन्द्र कुमार-
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।

पवन कुमार-
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमशः बेटा ठीक हो गया।
धन्यवाद..DR. V.P. SINGH

नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।

Singh Clinic™ An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant
Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist

रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :

सद्दाम के गुर्गे लल्ला गद्दी और सरफुद्दीन ने कोर्ट में किया सरेंडर

अशरफ के साले समेत 11 लोगों पर लगा है गैंगस्टर एक्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- फरार आरोपियों की तलाश जारी, बदायूं जेल में बंद है सद्दाम

अमृत विचार : माफिया रहे अशरफ के साले सद्दाम के गुर्गे मो. रजा उर्फ लल्ला गद्दी और मो. सरफुद्दीन ने स्पेशल जज गैंगेस्टर एक्ट कोर्ट राकेश त्रिपाठी के समक्ष मंगलवार को आत्मसमपर्ण कर दिया। कोर्ट ने दोनों को जेल भेज दिया। मामले में 28 मार्च को सुनवाई होनी है।

बिथरी चैनपुर पुलिस ने समद उर्फ सद्दाम, मो. रजा उर्फ लल्ला गद्दी, मो. फरहद खां उर्फ गुड्डू, मो. सरफुद्दीन, फुरकान नवी खान, राशिद अली, मो. आरिफ, आतिन जफर, जेल वार्डन मनोज कुमार, शिव हरी अवस्थी और कैंटीन संचालक दयाराम उर्फ नन्हे के खिलाफ गिरोहबंद की कार्रवाई की थी। पुलिस ने कैंटीन संचालक को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा था, जबकि, सद्दाम बदायूं जेल में है। पुलिस फरार सभी आरोपियों की तलाश कर रही थी कि मंगलवार को गैंगस्टर लल्ला गद्दी और सरफुद्दीन ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया।

पिछले साल प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड के बाद इस गिरोह का नाम सामने आया था। सद्दाम प्रयागराज के पूरा मुफ्ती हटवा उपहार का निवासी है और बारादरी के खुशबू एन्क्लेव में किराए के फ्लैट में रहकर अशरफ की मदद करता था। पिछले साल बिथरी चैनपुर थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मई में आरोप पत्र दाखिल किया गया था।

बाकी की गिरफ्तारी के लिए बनाई हैं पुलिस टीमें

सद्दाम और अतिन की जमानत अब तक नहीं हो सकी है। वहीं पुलिस ने कैंटीन संचालक दयाराम को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है, जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों की संपत्ति को चिह्नित किया जा रहा है। पुलिस जल्द जब्तीकरण की कार्रवाई करेगी।

चचिया ससुर ने किया दुष्कर्म, पति ने दिया तीन तलाक

बरेली, अमृत विचार: बारादरी क्षेत्र निवासी महिला ने चचिया ससुर पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि विरोध पर पति ने दूसरी शादी कर के फोन पर तीन तलाक दे दिया। महिला ने मंगलवार को एसएसपी कार्यालय में शिकायत की है। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने मामले में जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

महिला के मुताबिक मई 2023 में उसकी शादी हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ही उसे दहेज न लाने के ताने दिए जाने लगे। आरोप है कि एक महीने पहले उसके पति बाहर गए थे। उस दौरान चचिया ससुर ने उसे घर में अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसने मायके में आकर इसकी जानकारी दी। तीन मार्च को पति, चचिया ससुर समेत चार अज्ञात लोगों ने घर में घुस कर मारपीट की।

किला क्षेत्र के ज्वेलर ने गिरवी रखे जेवर हड़पे

कार्यालय संवाददाता,बरेली

- पुलिस ने की ज्वेलर और उसके साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : किला क्षेत्र के साहूकारा मोहल्ला स्थित विजय ज्वैलर्स के मालिक उमंग अग्रवाल पर गिरवी रखे आभूषण हड़पने का आरोप लगा है। आईजी के निर्देश पर किला पुलिस ने ज्वेलर और उसके साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

देवरनियां के गांव नगला निवासी अलीजान ने बताया कि उनके गांव का महेश विजय ज्वैलर्स के यहां काम करता है। महेश के जरिए जरूरत पड़ने पर लाखों रुपये की कीमत का जेवर विजय ज्वैलर्स के यहां वर्ष 2021 में कई बार में 1.74 लाख रुपये में गिरवी रखा था। सात जुलाई 2022 को उन्होंने विजय ज्वैलर्स के मालिक उमंग अग्रवाल को 90 हजार रुपये और दो जनवरी 2023 को शेष धनराशि वापस कर दी। तब उमंग अग्रवाल ने कहा कि गांठें बड़े ज्वेलर्स के यहां गिरवी रखी हैं। पांच जनवरी को जेवर मिल जाएंगे। जब वह लेवर लेने गए तो दुकान बंद थी।

कई बार कहने पर आरोपी गाली गलौज करने लगा और जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। तब चौकी पुलिस को सूचना दी। पुलिस के सामने आरोपी ने 30 जनवरी 2024 को जेवर वापस करने को कहा, लेकिन दिए गए समय तक पीड़ित ने जेवर वापस नहीं किए। शिकायत पर किला पुलिस ने विजय ज्वैलर्स के मालिक उमंग अग्रवाल, महेश कुमार और अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

दुकान पर गई किशोरी का अपहरण

बरेली, अमृत विचार : दुकान पर गई किशोरी का कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया। किशोरी की मां ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में अनहोनी की आशंका जताई है। बारादरी पुलिस ने पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

हजियापुर निवासी महिला ने बताया कि 29 फरवरी को उनकी 15 वर्षीया बेटी रात नौ बजे आरिफ की दुकान से ब्रेड लेने के लिए गई थी। काफी देर तक वापस नहीं आई। बाहर जाकर देखा तो मोहल्ले का साहिल, शहजादे, जुगनू, शाहिद और नावा उनकी बेटी को जबरन उठा कर कार से ले जा रहे हैं। आशंका जताई है कि आरोपियों ने उनकी बेटी की हत्या या उसके साथ गलत काम कर सकते हैं।

बुजुर्गों से भी भुता पुलिस को खतरा एसएसपी से शिकायत

बरेली, अमृत विचार : भुता थाने में तैनात एक दरोगा ने 69 लोगों से शांतिभंग होने का खतरा बताकर उनका नाम 107, 116 के तहत दर्ज कर दिया। जिसमें गांव के बुजुर्गों का भी नाम शामिल किया गया। मामले में अपना दल एस के नेता ने एसएसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

भुता क्षेत्र के सिंघाई मुरावान निवासी योगेंद्र पटेल अपना दल एस पार्टी के नेता हैं। उनके क्षेत्र में तैनात दरोगा ने गांव के 69 व्यक्तियों के 107, 116 सीआरपीसी में तहत नाम दर्ज करा दिए। इसमें दरोगा ने उन व्यक्तियों के नाम भी दर्ज कर दिए जिनकी उम्र 60 साल से भी ज्यादा है। साथ ही दरोगा पर गांव के लोगों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि दरोगा ने गांव में अपने दलाल लगा रखे हैं। जो सारे अवैध काम कराते हैं।

बहेड़ी सीएचसी प्रभारी से कनाडा भेजने के बहाने लाखों की ठगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पैसे लेने के बाद महिला और एक व्यक्ति ने बंद कर लिए मोबाइल
- एसएसपी के निर्देश पर बारादरी पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार : बहेड़ी सीएचसी प्रभारी से कनाडा भेजने के बहाने पांच लाख 74 हजार रुपये की ठगी कर ली गई। इसके बाद ठगों ने मोबाइल फोन बंद कर लिए। एसएसपी से शिकायत के के बाद बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मूलरूप से पीलीभीत के माधोटांडा के गांव बरही निवासी डॉ. अजमेर सिंह सेक्टर 4 ग्रेटर ग्रीन पार्क में रहते हैं। उन्होंने बताया कि वह बहेड़ी सीएचसी प्रभारी हैं। वह परिवार समेत रिश्तेदारों से मिलने के लिए कनाडा जाना चाह रहे थे। उनकी पत्नी कुलविंदर कौर को टीवी पर विज्ञापन देखने पर पता चला कि द येलो लीफ कंपनी बीजा तैयार कराकर विदेश भेजने का काम करती है। विज्ञापन में दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया तो उन्हें मोहाली साहिब जादा अजीत सिंह नगर जेपीएल कंपनी में बुलाया गया। वहां कंपनी के लीगल कंसलटेंट हरमन सिंह गिरेवाल स्टार्टअप वीजा के जरिए परिवार के पांच लोग ग्रुप बनाकर कनाडा भेजेंगे, जिसमें एक वर्ष का समय लगेगा। इसमें कुल खर्च छह लाख रुपये बताया।

आरोपी हरमन सिंह ने बताया कि रुपये चार किश्तों में देने होंगे। भरोसा करके उन्होंने कनाडा जाने की सहमति दे दी और पूरे परिवार के जरूरी दस्तावेज भेज दिए। इसके साथ ही कंपनी के खाता में कई बार में पांच लाख 74 हजार 423 रुपये भेज दिए। पैसे लेने के बाद हरमन सिंह ने सरगुन नाम की महिला से संपर्क करने को कहा। संपर्क करने पर महिला ने 2024 में कनाडा भेजने का आश्वासन दिया।

पते पर पहुंचे तो नहीं मिली कोई कंपनी

रुपये लेने के कुछ दिन तक हरमन सिंह और सरगुन उनसे बात करती रहीं। जनवरी में कनाडा भेजने को कहा। कुछ समय बाद अचानक दोनों के मोबाइल नंबर बंद हो गए। ठगी का एहसास होने पर कंपनी के ठिकाने पर पहुंचे तो वहां वह कंपनी नहीं मिली। इसके बाद डॉक्टर ने एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान को शिकायती पत्र दिया और रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। शिकायत पर बारादरी पुलिस ने हरमन सिंह और सरगुन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अतिरिक्त भुगतान न करने वाली चीनी मिलों पर करें कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अपर गन्ना आयुक्त क्रय ने मंडल के चारों जिलों के गन्ना अधिकारियों संग की बैठक

अमृत विचार : अपर गन्ना आयुक्त क्रय विश्वेश कनौजिया ने मंगलवार को मंडल के जिला गन्ना अधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक में चीनी मिलों से बकाया गन्ना मूल्य भुगतान कराने के निर्देश दिए।

भुगतान में कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन चीनी मिलों की ओर से किसानों को पिछले दिनों एमएसपी घोषित करने के बाद 20 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अतिरिक्त भुगतान नहीं किया उन पर कार्रवाई करें।

जिलेवार मिलों में चीनी उत्पादन और रिकवरी को लेकर कहा कि मिल प्रबंधकों से रोजाना रिपोर्ट ली जाए। बदायूं और शाहजहांपुर के गन्ना अधिकारी ने बताया कि कोल्हुओं पर दाम मिलने की वजह से कई चीनी मिलें बंद होने की स्थिति में है।

डीसीओ बरेली यशपाल सिंह ने बताया कि जिले की फरीदपुर में स्थित द्वारिकेश और मीरगंज की धामपुर चीनी मिल पर किसानों को कोई बकाया नहीं है। बहेड़ी की केसर इंटरप्राइजेज और नवाबगंज की ओसवाल चीनी मिल किसानों का भुगतान करने में पीछे हैं। दोनों मिलों पर इस सत्र का करीब 48 करोड़ का बकाया है।

कमियों को दूर कर दोबारा भेजा बिजनेस प्लान

बरेली। विद्युत विभाग के अधिकारियों के बिजनेस प्लान में मुख्यालय स्तर से कमी बताकर इसे दोबारा भेजने के निर्देश दिए गए थे। अब बिजली अधिकारियों ने दोबारा से बिजनेस प्लान तैयार करके मुख्यालय को भेजा है। अब मुख्यालय से स्वीकृति मिलने के बाद ही बिजनेस प्लान के तहत काम शुरू कराए जाएंगे।

जिले के जर्जर तार और ओवरलोड ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने के लिए जिले के बिजली अधिकारियों की तरफ से कार्ययोजना बनाकर पावर कारपोरेशन के मुख्यालय को भेजी गई थी। जिसके बाद मुख्यालय की तरफ से 40 करोड़ रुपये के काम कराने के लिए स्वीकृति भी दे दी गई थी। बिजनेस प्लान के तहत काम शुरू होने से पहले ही अब पावर कारपोरेशन मुख्यालय की तरफ से प्लान में कई कमियां बताकर दूसरा प्लान देने को कहा। अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार चौरसिया ने बताया कि बिजनेस प्लान के तहत दूसरा प्लान बनाकर मुख्यालय को भेज दिया गया है। मुख्यालय की तरफ से अनुमति मिलने के बाद अब प्लान के तहत होने वाले काम शुरू कराए जाएंगे।

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के नि:शुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा नि:शुल्क परामर्श
दिनांक :-
14 - 15 मार्च 2024
समय :-
सुबह 9 से 4 बजे तक

स्थान :-
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल , हड्डी रोग विभाग
कमरा नंबर - 1084
डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ , मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900 , 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

मृतक आश्रितों से मिले परिवहन मंत्री

- 31 मार्च के बाद नौकरी पर रखने का आश्वासन दिया

बरेली, अमृत विचार: लखनऊ में धरना दे रहे मृतक आश्रितों से मिलकर परिवहन मंत्री ने उन्हें जल्द ही नौकरी पर रखने का आश्वासन देकर धरना प्रदर्शन समाप्त कराया। मृतक आश्रित साल 2018 से नौकरी की मांग कर रहे हैं।

परिवहन निगम में जिले से भी करीब 20 लोगों का मृतक आश्रित में चयन होना है। नौकरी की आस में वह मुख्यालय में अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। सोमवार को जिले के मृतक आश्रितों ने लखनऊ स्थित परिवहन निगम के मुख्यालय के बाहर धरना दिया। मंगलवार को परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह धरना दे रहे मृतिक आश्रितों से मिलने पहुंचे। मंत्री ने आश्वासन दिया है कि 31 मार्च को परिवहन विभाग की बैलेंस शीट आएगी। उसमें विभाग फायदे में रहेगा और मृतक आश्रितों को धरना समाप्त करने की अपील की। परिवहन मंत्री के आश्वासन पर धरना दे रहे लोग वापस शहर लौट आए।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

ट्रेन की चपेट में आने मौत

बरेली, अमृत विचार : चौपुला रेलवे क्रासिंग पर नेकपुर गल्ला मंडी निवासी गजेंद्र पटेल (35) की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। गजेंद्र पटेल के छोटे भाई भरत सिंह ने बताया उनके भाई सोमवार की रात 10 बजे फल लाने की बात कह कर घर से निकले थे। इस दौरान चौपुला रेलवे क्रासिंग पर ट्रेन से कटकर उनकी मौत हो गई। गजेंद्र की पत्नी चार साल पहले उसे छोडक़र चली गई थी। जिसके कारण वह लंबे समय से मानसिक रूप से परेशान रहता था।

एक नजर

बारिश के बाद बीआरसी केंद्र में फैला कचरा

बहेड़ी, अमृत विचार : बारिश की वजह से मोहल्ला जाजूनागर स्थित बीआरसी केंद्र में पानी भरने से कीचड़ फैल गया। इससे अधिकारियों को कर्मचारियों को आने – जाने में परेशानी हुई। बीआरसी केंद्र से सटे प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक और स्टाफ किसी तरह दीवार के सहारे बचते बचाते कक्षों तक पहुंचे।

सड़क पर आपस में भिड़े छात्रों के दो गुट

बहेड़ी, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला महादेवपुरम में छात्रों के दो गुट में भिड़ गए। दोनों गुटों के बीच जमकर लाठी –डंडे चले, अवैध हथियार भी लहराए गए। सूचना पर पहुंची पुलिस को देख कुछ छात्र भाग गए तो कुछ को पकड़कर थाने ले आई। छात्रों के गुटों में कई दिनों से किसी लड़की को लेकर तनातनी चल रही थी। मंगलवार शाम करीब चार बजे दोनों गुटों के छात्रों का मोहल्ला महादेवपुरम् में एक जिम के पास आमना– सामना हुआ तो एक दूसरे पर हमला कर दिया। इससे वहां अफरा–तफरी मच गई। मारपीट में कई छात्रों को चोट भी लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाठी फटकारकर छात्रों को खदेड़ा और मौके से कुछ छात्रों को पकड़कर थाने ले आई। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्जन कर ली है।

ई-रिक्शा और बाइक की टक्कर में युवक घायल

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : हरियाणा से लखनऊ जा रहे बाइक सवार दो लोग हाईवे माधौपुर ओवरब्रिज पर ई रिक्शा से टकराकर गंभीर घायल हो गए। जिसमें चालक सुरेन्द्र कुमार की हालत गंभीर बनी हुई है। हरियाणा के कुंजपुरा निवासी सुरेन्द्र कुमार अपने दोस्त के साथ बाइक से लखनऊ एक रिश्तेदार के घर दावत में जा रहे थे। मंगलवार दोपहर के समय हाईवे के माधौपुर ओवरब्रिज पर ई– रिक्शा से टकराने के कारण दोनों घायल हो गए। पीछे बैठा युवक हेलमेट लगाया था, जिससे उसके सिर में चोट नहीं आई, लेकिन चालक सुरेन्द्र कुमार हेलमेट नहीं लगाने की वजह से गंभीर घायल हो गए। उनका सिर फट गया, दोनों के पैर भी फ्रैक्चर हो गए।

कुत्ते से भिड़ी बाइक युवक गंभीर घायल

आंवला, अमृत विचार : अचानक बाइक के आगे कुत्ते के आ जाने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है। शाहाबद रामपुर के गांव भुड़ासी निवासी मोहम्मद इस्लाम ने बताया कि वह बदायूं के ककराला स्थित मस्जिद में इमाम है। वह मंगलवार को बाइक से ककराला जा रहा था। मंगलवार को आंवला– बदायूं रोड के बीहट गांव की मोड़ के समीप अचानक बाइक के आगे एक कुत्ता आ गया। कुत्ते से टकराने से बाइक गिर गयी और वह गंभीर घायल हो गया।

ओमप्रकाश राजभर के मंत्री बनने पर बांटी मिठाई

बरेली, अमृत विचार : सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर को प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाने पर प्रदेश सचिव भारतेंदु सिंह सोनकर ने समर्थकों के साथ नेकपुर स्थित आवास पर मिठाई बांटी। उन्होंने लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को मजबूत कर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का आवाह्न किया। इस दौरान पुनीत कुमार सोनकर, ईश्वरनाथ लोधी, विश्वनाथ सिंह, योगेश कुमार, अतुल कुमार, अमरनाथ, दीनदयाल, हारून मुराद आदि मौजूद रहे।

सहायक अध्यापिका ने जड़ा शिक्षा मित्र को थप्पड़

नाराज शिक्षामित्रों ने विरोध में बीआरसी परिसर में दिया धरना, बीईओ के आश्वासन के बाद उठे

संवाददाता, मीरगंज

अमृत विचार : एक शिक्षा मित्र को सहायक अध्यापिका से प्रशिक्षण में जाने के बारे में पूछना महंगा पड़ गया। सहायक अध्यापिका ने गुस्से में उसे थप्पड़ मारा और उसके साथ अभद्र भाषा का भी प्रयोग किया। मामले की जानकारी होने के बाद साथी शिक्षा मित्रों ने खंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय के सामने मंगलवार को धरना प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय और कंपोजिट विद्यालय एक ही परिसर में है। खंड शिक्षा अधिकारी के कार्रवाई के आश्वासन पर शिक्षा मित्रों ने धरना प्रर्दशन खत्म किया।

मीरगंज की रहने वाली रुक्मिणी देवी मीरगंज के बीआरसी केंद्र परिसर में स्थित कंपोजिट विद्यालय चुरई दलपतपुर में शिक्षा मित्र हैं।

बीआरसी कार्यालय परिसर में प्रदर्शन करते शिक्षामित्र। ● अमृत विचार

पीड़ित शिक्षामित्र।

● **प्रशिक्षण में जाने के बारे में पूछने पर शिक्षिका का पारा चढ़ा तो मारा थप्पड़**

इसी विद्यालय में गोरखपुर की रहने वाली अर्चना वर्मा सहायक अध्यापिका हैं। सोमवार को सहायक अध्यापिका की डाइट फरीदपुर में ट्रेनिंग थी। जब शिक्षा मित्र ने उसे विद्यालय में देखा तो उनसे पूछ लिया कि आपकी ट्रेनिंग चल रही हैं, नहीं गईं क्या। इस बात से शिक्षिका भड़क गई और उसने शिक्षा मित्र को थप्पड़ जड़ दिया।

यहीं नहीं उससे अभद्र भाषा का प्रयोग किया। जब इसका पता अन्य विद्यालयों में तैनात शिक्षा मित्रों को चला तो उन्होंने सहायक अध्यापिका पर कार्रवाई की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने उन्हें शिक्षिका पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके बाद शिक्षा मित्रों ने धरना खत्म किया।

पहले भी स्टाफ से कर चुकी है मारपीट

शिक्षामित्रों ने बताया कि शिक्षिका अर्चना वर्मा इससे पहले भी कई बार स्टाफ से झगड़ा और मारपीट कर चुकी हैं। कई बार शिकायत के बाद भी उन पर कार्रवाई नहीं हुई। नाम न छापने की शर्त पर कई शिक्षकों ने बताया कि अर्चना वर्मा का व्यवहार स्टाफ और बच्चों के प्रति सही नहीं है, कई बार अधिकारियों से इनकी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। विद्यालय में शिक्षण कार्य भी नहीं करती हैं, सिर्फ हाजिरी रजिस्टर पर बीएलओ लिखकर चली जाती हैं। वहीं विगत वर्ष इनकी बीएलओ से ड्यूटी से गायब रहने के मामले में इनके विरुद्ध रिपोर्ट भी दर्ज हुई थी। इस मामले में शिक्षामित्र रुक्मिणी देवी ने थाने में भी सहायक अध्यापिका के खिलाफ तहरीर दे कर कार्रवाई की मांग की हैं। वहीं इस मामले में आरोपी सहायक अध्यापिका का फोन लगातार बंद जा रहा हैं।

अध्यापकों से सूचना मिली है मैं डाइट फरीदपुर में ट्रेनिंग पर हूं सहायक अध्यापिका मेरे साथ भी अभद्रता और धक्का मार चुकी है, रोजाना रजिस्टर में बीएलओ लिखकर स्कूल से गायब हो जाती हैं बच्चों के प्रति भी अर्चना वर्मा का व्यवहार अच्छा नहीं है, कक्षा 7 और 8 में भी पढ़ाने नहीं जाती है, अपने शैक्षणिक कार्यों का निर्वहन भी नही कर पा रही हैं।

– **सुमन आर्य**, इंचार्ज अध्यापिका कंपोजिट विद्यालय चुरई दलपतपुर

शिक्षामित्र ने इस संबंध में प्रार्थना पत्र दिया है प्रार्थना पत्र के आधार पर आगे की कार्रवाई के लिए जिला स्तर पर पत्र प्रेषित कर दिया गया है।

– **अमन गुप्ता**, खंड शिक्षा अधिकारी, मीरगंज

सार-संक्षेप

पालिकाध्यक्ष बनीं राठौर महासभा महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय संरक्षक

नवाबगंज, अमृत विचार : मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित संगठन के राष्ट्रीय अधिवेशन में नगर परिषद अध्यक्ष प्रेमलता राठौर ने भी भागीदारी की। इस अवसर पर अखिल भारतीय राठौर महासभा की महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष मालती राठौर ने प्रेमलता राठौर को संगठन का राष्ट्रीय सरंक्षक घोषित किया है। प्रेमलता राठौर के मनोनयन पर पालिका सभासदों के साथ ही नगर वासियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

शेरगढ़, अमृत विचार : प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने बगैर विभागीय सिम कार्ड के ऑनलाइन काम का दबाव बनाने को लेकर विरोध जताया और विद्यालयों में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। शिक्षकों का कहना है कि सरकारी टैबलेट को बिना सिमकार्ड चालू करने को सक्रिय नहीं किया गया है वहीं शिक्षकों पर अपनी व्यक्तिगत आईडी से सिम खरीदने का दबाव डाला जा रहा है। शिक्षकों का कहना है कि बेसिक शिक्षा के प्रमुख सचिव ने शिक्षकों की समस्याओं को दूर करने के लिए बनाई गई समिति के बावजूद उल्टे शिक्षकों का उत्पीड़न किया जा रहा है। इस मौके पर शिक्षक कांता प्रसाद गंगवार, विनोद कुमार आर्य, चित्रसेन गंगवार, राजीव सिंह, जगमोहन सिंह, सर्वेश कुमार, मोहम्मद एजाज रिजवी, उपासना मलिक, जुल्फिकार अहमद, झाझन लाल गंगवार, रूप किशोर गंगवार, मनीष सक्सेना, किशोर सिंह चौहान आदि समेत शिक्षक–शिक्षिकाएं शामिल रहे।

शिक्षिका के घर वालों ने शिक्षक को पीटा

गुलड़िया, अमृत विचार : अलीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार देर रात एक प्राइवेट शिक्षक के साथ एक शिक्षिका की गाली गलौज हो गई। जानकारी होने पर शिक्षिका के घर वालों ने शिक्षक की जमकर पिटाई की और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शिक्षक को 151 की धारा में चालान कर दिया। हालांकि हल्का इंचार्ज महेश चंद्र ने बताया कि दोनों का समझौता कर दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों किसी प्राइवेट स्कूल में साथ पढ़ाते हैं, दोनों में प्रेम प्रसंग चल रहा था और शिक्षक शिक्षिका से मिलने राजपुर कला शिक्षिका के घर आया तो से घर वालों ने देख लिया और उसकी पिटाई करके पुलिस को सौंप दिया।

विद्यार्थी परिषद ने फूंका ममता सरकार का पुतला

बहेड़ी, अमृत विचार : पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार की जन विरोधी नीतियों, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार को लेकर अभाविप की स्थानीय इकाई ने ममता सरकार का पुतला दहन किया। इसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय को सौंपा। एबीवीपी के संयोजक प्रद्युम्न गंगवार ने कहा कि पश्चिम बंगाल में अराजकता का माहौल है। हर कोई लूट में लगा है। संदेश खाली की हालिया घटना में अपने भ्रष्ट और दुराचारी समर्थक का बचाव कर ममता बनर्जी ने साबित कर दिया कि महिलाओं के लिए उनके मन में कोई दर्द नही है। इस मौके पर योगेश, अमित, देवांश, कोमल, ज्योति समेत कई अन्य मौजूद रहे।

निजी स्कूल में आग लगने से हजारों का सामान जला

भोजीपुरा, अमृत विचार : एक निजी स्कूल में सोमवार रात आग लगने से हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। स्कूल स्वामी ने घटना की तहरीर भोजीपुरा पुलिस को दी है। भोजीपुरा के गांव जादौपुर में एक निजी स्कूल है। स्कूल समुदाय विशेष की बस्ती के समीप स्थित है। स्कूल के संचालक सुरेश पाठक ने बताया कि वह सोमवार को प्रतिदिन की तरह स्कूल बंद करके घर गए थे। रात में किसी समय प्रधानाचार्य कक्ष में आग लग गई। आग से प्रधानाचार्य कक्ष में रखा स्कूल का सारा रिकॉर्ड एवं कुर्सियां – मेज जलकर राख हो गई। स्कूल संचालक को आग लगने की घटना की मंगलवार सुबह पता चली। स्कूल संचालक ने आग लगने का कारण अज्ञात बताया है। उन्होंने तहरीर प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा को दी है। प्रभारी निरीक्षक जगत सिंह ने हल्का इंचार्ज संजय सिंह को जांच के आदेश दिए हैं, जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

बारिश से हुए नुकसान को देखने पहुंचे तहसीलदार

संवाददाता, मीरगंज

अमृत विचार : बारिश और आंधी से फसलों के नुकसान का आंकलन करने तहसीलदार आशीष कुमार मंगलवार को क्षेत्र में पहुंचे। उन्होंने गांव नगरिया कल्याणपुर, खिरका, फतेहगंज पश्चिमी और औंध गांव में बारिश से हुई क्षति का सर्वे किया।

तहसीलदार ने बताया कि सभी लेखपालों को समय से नुकसान का सही आंकलन कर रिपोर्ट देने को कहा गया है। जिससे उनकी मदद की जा सके। बारिश होने से खेतों में हुए किसानों के नुकसान के आकलन के लिए टीमों को लगा दिया गया है जल्द ही किसानों के हुए नुकसान के आंकलन को उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा, जिससे उन्हें सहायता दिलाई जा सकें।

चार साल से किसान लगातार झेल रहा है मौसम की मार: बहेड़ी में बीते चार से साल किसान मौसम की मार झेल रहे हैं। लाख घाटा सहने के बाद भी किसान खेती करने को विवश हैं।

खेतों का निरीक्षण करते तहसीलदार।

जून में जब धान की रोपाई करने का समय आया तो किसान बारिश के लिए आसमान की ओर ताकता रहा। महंगा डीजल खर्च कर जैसे -तैसे फसल लगाई काटने के समय बारिश ने बर्बाद कर दिया। छुट्टा पशुओं से किसी तरह गेहूं की फसल तैयार की, दाना लगने से पहले बारिश और आंधी की वजह से जमीन पर बिछ गई। किसानों का कहना है चार साल से कुदरत की ऐसी ही मार पड़ रही है। किसान फसलों का बीमा कराते हैं पर क्लेम देने से बचने को कंपनियां आंकलन कम आंककर बीमा से बच जाती हैं। राजस्व विभाग के सर्वे के बाद नुकसान की भरपाई कौन कहे, क्षतिपूर्ति की राशि ऊंट के मुंह में जीरे के समान मिलती है।

छात्रा को कॉलेज गेट से उठाने की धमकी, रिपोर्ट दर्ज

फरीदपुर अमृत विचार : एक तरफा प्यार में पागल सिरफिरे युवक ने कॉलेज गेट से एमए की छात्रा को उठा ले जाने की धमकी दे रहा हैं, इससे वह डिप्रेशन में आ गई हैं। आरोपी युवक सोशल मीडिया पर उसके फोटो लगाकर उसे बदनाम करने की कोशिश कर रहा हैं। छात्रा के परिजनों ने उसे समझने की कोशिश तो आरोपी मानने को तैयार नहीं है। महिला ने बताया कि उसकी बेटी एम की छात्रा है। उसकी ननद का चचेरा देवर आकाश सिंह निवासी बीचोंरिया थाना भमोरा बरेली उसकी बेटी को बदनाम करने के लिए उसके फोटो अपने मोबाइल के स्टेटस पर लगता है उसके मोबाइल फोन पर भी मेसेज करता है। विरोध करने के बाद भी उसके परिजन जब उसे समझाने पहुंचे तो दबंग आकाश ने उसकी बेटी को कॉलेज गेट से उठा ले जाने की धमकी दे दी और बोला तुम लोग मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे सहमी छात्रा डिप्रेशन में आ गई, छात्र के परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर आकाश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

ढाबे के आड़ में अफीम की तस्करी करने वाले दो पकड़े

संवाददाता, फतेहगंज पूर्वी

● **दोनों भाइयों से दो किलो अफीम मिली, ट्रक ड्राइवरों को बेचते थे**

अमृत विचार: फतेहगंज पूर्वी पुलिस ने सोमवार रात एक ढाबा पर छापा मारकर दो भाइयों को पकड़ा उनके पास से तलाशी में दो किलो अफीम बरामद किया। दोनों ढाबे की आड़ में अफीम की तस्करी करते हैं। पुलिस ने मंगलवार को दोनों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। थाना फतेहगंज पूर्वी के गांव वाकरगंज के पास बलवंत सिंह 'शेर-ए-पंजाब' नाम से ढाबा चलाता है। बलवंत सिंह और उसका भाई जसवंत सिंह ढाबे की आड़ में तस्करी करते थे। सोमवार देर रात पुलिस ने मौके पर पहुंच कर ढाबा चालक बलवंत सिंह और जसवंत सिंह को दो किलो से अधिक अफीम के साथ गिरफ्तार कर लिया। दोनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मंगलवार को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। दोनों अफीम और स्मैक के छोटे-छोटे पैकेट बनाकर कई प्रदेशों में सप्लाई करते थे।

अफीम के साथ तस्कर।

ढाबा पर रुकने वाले ट्रक ड्राइवरों को भी अफीम की सप्लाई करते थे। इंस्पेक्टर श्यामवीर सिंह ने बताया कि पकड़े गए दोनों तस्करों ने अपने साथियों के कुछ नाम बताएं हैं, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। क्षेत्र में लंबे समय से अफीम, स्मैक आदि की तस्करी बड़े पैमाने पर की जाती है। पुलिस के तमाम प्रयासों के बावजूद भी अभी भी अफीम की तस्करी का धंधा रुकने का नाम नहीं ले रहा है। कादरगंज, पडेरा गांव से पूर्व प्रधान समेत कई लोगों को पुलिस अफीम तस्करी में पूर्व में ही जेल भेज चुकी है।

बारिश से किसानों को नुकसान, मुआवजा मिले

संवाददाता, नवाबगंज

अमृत विचार : भाकियू (चढ़ूनी गुट) ने बरसात से हुए फसलों के नुकसान का जल्द सर्वे कराकर किसानों को जल्द मुआवजा दिलाने समेत पांच सूत्रीय मांग पत्र मण्डलायुक्त के नाम एसडीएम को सौंपा।

किसान नेताओं की प्रमुख मांग में शाहजहांपुर में साठा धान लगाने की छूट, किसान क्रेडिट कार्ड की बकाया पर जारी आरसी पर रोक लगाने, बरसात से हुई फसलों की क्षति का मुआवजा देने, छुट्टा पशुओं से होने वाले फसली नुकसान से बचाव और गेहूं की फसल पर 500 रुपये प्रति क्विंटल अतिरिक्त भुगतान कराने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में संगठन के प्रदेश महासचिव और जिलाध्यक्ष सरदार सतिन्दर सिंह घुम्मन, अविनूर सिंह, जीशान अली, राजेन्द्र कुमार, विक्रम सिंह, इकबाल सिंह व प्रधान धनपाल सिंह शामिल रहे।

मंडलायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपते किसान नेता। ● अमृत विचार

बेटे को बचाने गए पिता पर बहू ने किया चाकू से हमला

संवाददाता, शीशगढ़

अमृत विचार : शीशगढ़ थाना क्षेत्र के गांव परशुरामपुर में झगड़े के बाद बहू ने धारदार हथियार से ससुर पर हमला कर दिया, इससे हाथ में गहरी चोट लग गई, परिजन उन्हें इलाज के लिए ले गए। और आरोपी बहू, उसके भाई और मां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

गांव परशुरामपुर निवासी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि उनके बड़े भाई महेंद्र पाल की शादी शेरगढ़ के गांव मोहम्मदपुर निवासी सीमा से हुई हैं। उनकी भाभी का चाल चलन ठीक नहीं है। इसी को लेकर घर में आए दिन झगड़ा होता रहता है। सोमवार को उनकी रिश्तेदारी में शादी थी। उनके भाई ने पत्नी को शादी में ले जाने से मना कर दिया। इस पर उसने मायके में फोनकर भाई और मां को बुला लिया। सभी ने उसके भाई से मारपीट की। महेंद्र पाल के पिता जब बेटे को बचाने पहुंचे तो उनके हाथ में चाकू और हंसिया लगने से वह घायल हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की हैं।

घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म की कोशिश

फरीदपुर अमृत विचार : एक दबंग युवक पति की गैर मौजूदगी में एक महिला को जबरन कमरे में खींच ले गया उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश की, उसके कपड़े फाड़ दिए। महिला का आरोप है पहले भी कर चुका है दुष्कर्म की कोशिश। थाने में तहरीर देने के बाद पुलिस ने कार्रवाई न करके समझौता करा दिया।

इससे उसके हौसले बुलंद हो गया और उसने दोबारा उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश की। महिला ने दी तहरीर में बताया कि उसके गांव का ही नरेश मंगलवार सुबह 8:00 बजे उसे अकेली देखकर घर में घुस आया और उसे कमरे में खींच ले गया और कपड़े फाड़कर उससे दुष्कर्म की कोशिश की, पीड़िता के शोर मचाने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी, अबकी बार तुझे नहीं छोड़ूंगा। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई हैं।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

सूचना

मैने अपने छोटे पुत्र फैजान उर्फ मुन्ना को उसके गलत चाल–चलन, आचरण, व्यवहार के कारण समस्त चल–अचल संपत्ति से बेदखल कर, सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य मे अपने कृत्य, लेन–देन आदि का स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व परिवार का वास्ता न होगा। **रईस अहमद उर्फ कल्लू पुत्र गनी कुरैशी, निवासी- ठिरिया निजावत खां, थाना- कैन्ट, बरेली।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा भाई शनी उर्फ कांटा, संजू पुत्र श्री अशोक का चाल चलन सही नहीं है एवं सभी से दुर्व्यवहार करता है। इस कारण मैंने अपने दोनों भाईयों से सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **दीपक पुत्र श्री अशोक निवासी न्यू माधोपुरी चन्दन नगर कासगंज तहसील व जिला कासगंज**

सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों की फोटोस्टेट करवाने गया था। जिसमें से मेरी बी.कॉम. की डिग्री कहीं गिर गयी जो काफी तलाशने पर भी नहीं मिली। जो वास्तव में कहीं गुम हो गई है। **विकास कुमार पुत्र श्री रामदास, नि. ताजपुर, थाना मिलक, जिला रामपुर, हाल निवासी- 55, प्यारे लाल कालोनी, इज्जत नगर, बरेली**

सूचना

हमने अपनी पुत्री नीतू कुमारी को उसके गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण उससे सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। यह अपने कृत्यों व लेनदेन की स्वयं जिम्मेदार होगी। हमारा व हमारे परिवार का कोई वास्ता न होगा। **मोतीराम पुत्र श्री तोताराम व निर्मला देवी पत्नी श्री मोतीराम, निवासी-ग्राम खजुरी खेड़ा, तहसील बहेड़ी, जिला बरेली**

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

समाचार पत्र पंजीयन (केन्द्रीय), कानून 1956 आठवें नियम के अन्तर्गत अपेक्षित 'अमृत विचार' बरेली नामक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र से संबंधित स्वामित्व और अन्य बातों का ब्यौरा

प्रपत्र–4

1. प्रकाशक का स्थान : बरेली
2. प्रकाशन की अवधि : दैनिक
3. मुद्रक का नाम : शंभू दयाल वाजपेयी
   क्या भारत के नागरिक हैं : हां
   पता : रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.)
4. प्रकाशक का नाम : शंभू दयाल वाजपेयी
   क्या भारत के नागरिक हैं : हां
   पता : कटरा चांद खां, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाईट, बरेली
5. सम्पादक का नाम : शंभू दयाल वाजपेयी
   क्या भारत के नागरिक हैं : हां
   पता : 116, आवास विकास, सिविल लाइन्स, बरेली
6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों। : रोहिलखंड इन्टरप्राइजेज, बरेली

मैं शंभू दयाल वाजपेयी एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार दिए गए विवरण सत्य है।

हस्ताक्षर
तारीख : 6 मार्च 2024
शंभू दयाल वाजपेयी
मुद्रक / प्रकाशक

महाशिवरात्रि की व्यवस्था देखने पहुंचे एसपी देहात

गुलड़िया, अमृत विचार : गौरी शंकर शिव धाम गुलरिया स्थित मंदिर पर मंगलवार शाम को एसपी देहात मानुष पारीक जायजा लेने पहुंचे। उनके साथ में एसडीएम गोविंद मौर्य, मीरगंज सीओ दीपशिखा अहिबरन रहीं। उन्होंने मंदिर कमेटी के साथ 8 मार्च को महाशिवरात्रि पर लगने वाला मेले के बारे में जानकारी ली, कहा कि मेले में गलियां चौड़ी होनी चाहिए और सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए जाए। श्रद्धालुओं को परेशानी न झेलनी पड़े। अधिकारियों ने मंदिर पर लगे सीसीटीवी कैमरे भी चेक किए। महाशिवरात्रि में श्रद्धालुओं की कतार जल चढ़ाने के लिए लग जाती हैं। मेले में मंदिर कमेटी के वालंटियर को भी मौजूद रहने के लिए कहा गया और सभी के आई कार्ड बनवाने के लिए कहा गया है। इस मौके पर मंदिर महंत रामजी शुक्ला, मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मंगली सिंह वर्मा, ज्ञानचंद, नरेश पाल, संजू, राजवीर, सिरौली इंस्पेक्टर राजेश मौर्य भी मौजूद रहे।

आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर लेखपालों का प्रदर्शन

मीरगंज, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने तहसील परिसर में मंगलवार को प्रदर्शन किया। तहसील अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह ने बताया कि 23 फरवरी को गांव मीरपुर थाना शीशगढ़ में लेखपाल गिरंद सिंह के साथ प्रधान और उनके तीन लड़कों ने मारपीट कर मोबाइल छीन लिया था। लेखपाल ने प्रधान और उसके बेटों पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने प्रधान और उसके एक बेटे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लेखपालों की मांग है कि बचे हुए दो आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए। इसी मांग को लेकर मंगलवार को धरना दिया गया। कई बार शिकायत के बाद भी बचे हुए दो आरोपियों की न तो गिरफ्तारी हुई और न हीं लेखपाल का मोबाइल बरामद किया। कार्रवाई होने तक लेखपाल अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान लेखपाल पुष्पेंद्र सिंह, अनिल कुमार, कृष्ण कुमार, आदित्य कुमार, प्रीतम आर्य, धम्म मित्र, चित्रा गंगवार, शैलेंद्र प्रताप सिंह, विजय सिंह, आदित्य कुमार मौजूद रहे।

शिविर में 237 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

बिथरी चैनपुर, अमृत विचार : रजऊ परसपुर में संपूर्ण सुरक्षा केंद्र की ओर से मंगलवार को जनरल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जहां फरीदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों समेत जिले स्तर की टीम पहुंची। शिविर में पहुंचे मरीजों की एचआईबी, सिफलिस समेत गर्भवती महिलाओं की सभी जांचे की गई। शिविर में 237 मरीज पहुंचे। वहीं फरीदपुर सीएचसी प्रभारी डॉ. अनुराग गौतम ने शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान डॉ अतुल शर्मा, डॉ कांति भूषण पाठक, अनुराग शर्मा, नीलम शर्मा, याचना वर्मा, लव दीक्षित और एएनएम उपस्थित रहीं।

बिना सिम के ऑनलाइन काम कराने का विरोध

देवरनियां, अमृत विचार : बिना सिम कार्ड ऑनलाइन काम का दबाव बनाने के अलावा विभिन्न समस्याओं को लेकर ब्लाक संसाधन केंद्र रिछा पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक के बैनर तले ब्लाक दमखोदा के शिक्षकों ने ज्ञापन सौंपा गया। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष विनोद कुमार वर्मा और मंत्री मोहम्मद हसन की अगुवाई में एक ज्ञापन बीईओ प्रेमसुख गंगवार के नाम सौंपा गया। शिक्षक अपनीत आईडी से सिम नहीं खरीदेंगे। इस दौरान अध्यक्ष विनोद कुमार वर्मा, मंत्री मोहम्मद हसन, जिला संयुक्त मंत्री प्रमोद गंगवार, डीएन मिश्रा, आरके सक्सेना, मधु, शीला गंगवार, क्षेत्रपाल गंगवार, मो. फारुख, अनमोल शर्मा समेत अन्य रहे।

डीडीओ ने शेरगढ़ का किया निरीक्षण

शेरगढ़, अमृत विचार : जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव ने ब्लॉक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए (बूथों) मतदान केंद्रों को लेकर चर्चा की तथा बूथों पर सभी जरूरी व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। मंगलवार की दोपहर अचानक निरीक्षण को ब्लॉक मुख्यालय पहुंचे डीडीओ दिनेश कुमार यादव ने बारी-बारी से अभिलेखों फाइलों, आवास, सर्विस बुक, जीपीएफ पासबुक, भ्रमण रजिस्टर तथा उपस्थिति रजिस्टर आदि को देखा तथा अधिकारियों कर्मचारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर बात की।

बंगाल सरकार के खिलाफ एबीवीपी ने खोला मोर्चा

फरीदपुर अमृत विचार : संदेशखाली में चल रहे ममता सरकार के अत्याचारों से वहां के लोगों की दयनीय स्थिति देखते हुए एबीवीपी के विभाग संयोजक रचित शर्मा के नेतृत्व में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने ममता बनर्जी का पुतला फूंका। अभाविप ने तृणमूल कांग्रेस के नेताओं पर हिंदू घरों से जबरन किशोरियों और महिलाओं को चिह्नित कर उनका अपहरण कर पार्टी कार्यालय में लाकर शोषण करने के कृत्यों की कड़े शब्दों में निंदा की। आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की की मांग की गई। इस मौके पर सारांश ऋषभ मोनू राजीव शरद यादव कश्यप आकाश अभिनव आदि मौजूद रहे।

भाजपा की महिला विंग ने लाभार्थियों से किया संपर्क

बहेड़ी, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की घोषणा होने में ज्यादा समय नहीं बचा हैं। भाजपा के सभी संगठन अपने अपने स्तर पर जनसंपर्क अभियान में जुट गए हैं। मंगलवार को पालिकाध्यक्ष रश्मि जायसवाल की अगुवाई में पार्टी की महिला विंग ने मोहल्ला श्यामा चरण गौंटिया के बूथ 132 पहुंचकर जन संपर्क किया। पालिकाध्यक्ष महिला मोर्चा की स्वाति कुमार के साथ हर महिला लाभार्थी के घर जाकर दस्तक की। महिलाओं को प्रधानमंत्री के फोटो छपे कैरी बैग वितरित कराए और केंद्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों और योजनाओं से अवगत करा कर पार्टी से बहुतायत में जुड़ने की अपील की। पालिकाध्यक्ष ने इस दौरान महिलाओं की एक सभा को संबोधित किया जिसमें उन्होंने कहा कि पार्टी के अबकी बार 400 पार के नारे को पूरा करने के लिए सभी को अपना बूथ सबसे मजबूत की कार्यशैली पर फोकस करना होगा।

स्कूल बस से कुचलकर बच्ची की मौत

संवाददाता, देवरनियां

● हादसे के बाद भाग रहे चालक को लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

अमृत विचार : ग्राम पंचायत कनमन निवासी सत्यप्रकाश की बेटी प्राची (6) मंगलवार दोपहर लगभग 4 बजे घर से दुकान पर खाने की चीज लेने गई थी । कनमन इटौआ मार्ग पर गोपालपुर मोड़ पर आ रही स्कूली बस ने उसे टक्कर मार दी , जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई ।

सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है । पुलिस ने बस को अपने कब्जे में लेकर कोतवाली ले आई । हादसे के बाद भाग रहे चालक को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया । इंस्पेक्टर देवेन्द्र सिंह धामा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है । चालक को भी गिरफ्तार कर लिया है ।

रामपुर में हुए हादसे में बहेड़ी के युवक की जान गई

रामपुर/ बहेड़ी,अमृत विचार : रामपुर के मिलक थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में बहेड़ी के फैक्ट्री कर्मी की मौत हो गई । पुलिस ने उसका शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा कर परिजनों को सूचना दी । बहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव उलहेतापुर में धर्मेंद्र का परिवार रहता है । उनका पुत्र प्रदीप (30) रुद्रपुर की एक फैक्ट्री में काम करता था । मंगलवार तड़के 4 बजे वह परिजनों से रुद्रपुर फैक्ट्री जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन वह किसी काम से मिलक आ गया था । रुद्रपुर लौटते समय बिलासपुर रोड स्थित गंगापुर मंदिर के पास सुबह करीब छह बजे किसी वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी । जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई । हादसे के दौरान सड़क पर जाम लग गया । राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी । सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और शिनाख्त कराने का प्रयास करती रही । इसके बाद युवक के मोबाइल पर घटना की सूचना परिजनों को दी । सूचना मिलने के बाद प्रदीप के परिजन भी आ गए ।

एक नजर

विधायक के ताऊ को किया सुपुर्द ए खाक

देवरनियां, अमृत विचार : सपा विधायक अताउर्रहमान के ताऊ हाजी रफीक अहमद (95) का सोमवार सुबह बीमारी की वजह से इंतकाल हो गया । उन्हें कोई संतान नहीं थी उन्होंने विधायक अताउर्रहमान को ही गोद ले रखा था । विधायक के ताऊ के इंतकाल की खबर से उनके निवास पर लोगों का तांता लग गया । दोपहर जोहर की नमाज के बाद मरहूम हाजी रफीक को चांद मस्जिद के पास स्थित कब्रिस्तान मे सुपुर्दे खाक कर दिया गया । इस मौके पर सपा के जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप,पूर्व विधायक सुलतान बेग,पूर्व महानगर अध्यक्ष कदीर अहमद, प्रदेश उपाध्यक्ष अनीस अहमद इंजीनियर,जिला महासचिव रवींद्र यादव, अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष असलम खान समेत अन्य मौजूद रहे ।

पुलिस ने तीन वारंटी पकड़कर जेल भेजे

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : पुलिस ने ग्राम रुकुमपुर और फतेहगंज पश्चिमी के दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । इकरार मारपीट के एक मामले में एसीजेएम-5 कोर्ट में पिछली कई पेशियों पर हाजिर नहीं हो रहा था । इसी तरह कृष्ण कुमार मोहल्ला ठाकुरद्वारा थाना व कस्बा फतेहगंज पश्चिमी भी इसी अदालत में कई तारीखों पर पेश नहीं हुआ था । दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया । जहां से जेल भेज दिया है । वहीं पॉक्सो एक्ट में वांछित राकेश निवासी ग्राम मदारपुर बेला थाना बंडा शाहजहांपुर को गिरफ्तार किया गया ।

'अनमोल हमारी थाती है' का विमोचन

भदपुरा, अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के ब्रज प्रान्त बौद्धिक प्रमुख डॉ. देवराज सिंह की पुस्तक "अनमोल हमारी थाती है, भारतीय ज्ञान व परम्परा "का विमोचन मंगलवार को ब्लॉक सभागार में हुआ । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रुद्रमन सिंह, और बतौर मुख्य अथिति डॉ. खेमकरण लाल रहे । डॉ. रुद्रमन सिंह ने युवाओं को इस पुस्तक में लिखी भारतीय संस्कृति और भारत के अतीत विज्ञान से रूबरू होने का आग्रह किया जिससे युवाओं को पता चलेगा की भारत ने अब तक विश्व को क्या क्या दिया । डॉ .खेमकरण ने कहा इस तरह की पुस्तक जो संस्कृति की रक्षा करें का अध्ययन सभी वर्ग के लोगो को करते रहना चाहिए । देवराज सिंह ने बताया की समाज में गिरते मूल्यों और संस्कृति की रक्षा के लिए, भारत के गौरवशाली अतीत को आज की पीढ़ी को जानने के लिए ऐसी पुस्तक लिखी है ।इस मौके पर विधायक डॉ एमपी आर्या , डॉ .बृजेश, सर्वेश सैनी समेत अन्य मौजूद रहे ।

घर से भागी किशोरी को पुलिस ने पकड़ा

भोजीपुरा, अमृत विचार : घर से भागी किशोरी को पुलिस ने पकड़ लिया, जबकि प्रेमी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस ने किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा, और प्रेमी की तलाश में जुटी हुई हैं। भोजीपुरा क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को गांव का रहने वाला देशराज बहकाकर भगा ले गया था। किशोरी के पिता ने आरोपी के खिलाफ बेटी को भगाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसआई सुरेश चंद्र ने एक स्थान से किशोरी को को पकड़ लिया, लेकिन प्रेमी भागने में सफल हो गया। प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा जगत सिंह ने बताया कि किशोरी को मेडिकल परीक्षण के जिला अस्पताल भेजा गया है।

कार्यालय ग्राम पंचायत विकास अधिकारी ग्रन्ट डाटपुर वि.खं.-बांकेगंज, खीरी

पत्रांक: मेमो/मनरेगा निर्माण कार्य/निविदा सामग्री आपूर्ति **निविदा सूचना** दिनांक: 05.03.2024

अधिकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ग्रन्ट डाटपुर वि.खं. बांकेगंज खीरी में मनरेगा व राज्य वित्त योजनान्तर्गत कार्ययोजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में निम्नलिखित कार्य प्रस्तावित है:-

क्र. सं.	कार्य का नाम	माप	अनुमानित लागत	योजना का नाम
01.	ग्राम पंचायत ग्रन्ट डाटपुर में उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र का निर्माण (अन्नपूर्णा दुकान)	01	712400	मनरेगा एवं राज्यवित्त कन्वर्जन

नोट- अनुमन्य जी.एस.टी. अलग से देय होगी ।

उक्त कार्य हेतु प्रथम श्रेणी की ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, इण्टरलॉक, ईट, सरिया, लोहा, लोहा पाईप, जी.आई.शीट, पेन्ट, पुट्टी, प्राईमर एवं अन्य निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 06.03.2024 से 12.03.2024 तक दोपहर 02:00 बजे तक जमा कर सकते है तथा निविदा दिनांक 13.03.2024 को दोपहर 03:00 बजे गठित समिति के मध्य खोली जायेगी । किसी भी निविदा / सभी को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा ।

श्री आलोक कुमार अवस्थी
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी

श्रीमती आलिया बेगम
ग्राम प्रधान

कार्यालय जिला पंचायत, शाहजहांपुर

पत्रांक: सी-551/जि.पं.सम्पत्ति/2023-24 दिनांक: 05.03.2024

नीलाम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत शाहजहांपुर के प्रबन्धाधीन विकास खण्ड मिर्जापुर भरतपुर बाग में साप्ताहिक पशु बाजार/ बाजार के ठेका वर्ष 2024-25 का नीलाम दिनांक 16.02.2024 को समय 11:00 बजे कार्यालय जिला पंचायत शाहजहांपुर में किया जायेगा। बोलीदाता को बोली बोलने से पूर्व जमानत के रूप में अंकन 10000/- रूपये जमा करना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही जिला पंचायत के स्वामित्वाधीन बादशाहनगर कहेलिया मार्ग, जलालाबाद खण्डहर मार्ग पुवायां निगोही मार्ग, कटरा खुदागंज मार्ग, बण्डा पूरनपुर मार्ग, कांट मदनापुर मार्ग की आम फसल बहार का भी नीलाम उक्त दिनांक को ही किया जायेगा। फसल बहार लेने वाले व्यक्ति को अंकन 2000/- रूपये जमानत जमा करना अनिवार्य होगा। सर्वोच्च बोलीदाता को बोली की समस्त धनराशि तुरन्त जमा करनी होगी। नीलामी के समय जो भी नीलाम समिति द्वारा व्यवस्था दी जाएगी वह सभी को मान्य होगी। सर्वोच्च बोलीदाता को अपने व्यय पर अनुबंध करना होगा तथा जिला पंचायत द्वारा निर्धारित दरों पर उगाही का कार्य करना होगा। नीलाम स्वीकार/ अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी को होगा। यदि उपरोक्त नीलाम तिथि को किसी कारणवश नीलाम नहीं हो पाता है तो नीलाम की कार्यवाही प्रत्येक बुधवार को निर्धारित समय व स्थान पर की जाएगी। अन्य जानकारी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, शाहजहांपुर

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINNER, DIVISIONAL OFFICE
U.P. JAL NIGAM(R) A-16 GARDEN STATE, BAREILLY MOD SHAHJAHANPUR=242001

Letter No. 370/M-13/19 Date : 04-03-2024

Short Term Tender Notice for Publication

On behalf of chairman, U.P. Jal Nigam, Tenders in sealed envelopes are hereby invited by undersigned from registered contractors for "Shifting of 150 mm dia, Dl-K7 pipeline water supply pipeline due to construction of Ganga expressway at Gulariya Water supply scheme, Shahjahanpur". As per following schedule and same shall be opened in the office of Executive Engineer, Divisional office U.P. Jal Nigam (R) A-16 Garden State, Bareilly Mod, Shahjahanpur on the same day at 3%30 P.M. in the presence of tenderers of their authorized representatives present at the time of opening of tenders.

Sr. No.	Name of Work	Date of Sale of Tender	Date of Receipt of Tender	Date of Opening of Tender	Earnest Money Deposit in Rs.	Cost of Tender Document in Rs.	Comple-tion Time
1	2	3	4	5	6	7	8
1	Shifting of 150 mm dia. Dl-K7 pipeline water supply pipeline due to construction of Ganga expressway at Gulariya Water supply scheme, Shahjahanpur	From 06.03.2024 To 11.03.2024 upto 2:00 PM	11.03.2024 upto 2:00 PM	11.03.2024 upto 3:00 PM	10000.00	1000-00 + 18% GST	15 days

Sunny Singh
Executive Engineer

कार्यालय जिला पंचायत, शाहजहांपुर

पत्रांक: सी.625/जि.पं.-नि.अनु./2023-24 दिनांक:- 05.03.2024

अति-अल्पकालीन निविदा सूचना

संशोधित निर्माण नियमावली 1984 के अनुसार जिला पंचायत सिंचाई विभाग / लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त आयोग एवं 15 वां वित्त अनटाइड के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 की निम्नांकित परियोजनाओं के निर्माण हेतु दिनांक 11.03.2024 को मोहरबंद निविदाएं अपरान्ह 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन सायं 03 बजे से कार्यालय जिला पंचायत शाहजहांपुर में निविदा समिति द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जाएगी। इच्छुक ठेकेदार दिनांक 11.03.2024 को प्रात: 11 बजे तक निर्धारित निविदा शुल्क जमाकर टेन्डर फार्म कार्यालय से क्रय कर सकते हैं। इच्छुक ठेकेदार को कार्य के सम्मुख अंकित दो प्रतिशत धरोहर धनराशि (एन.एस.सी./टीडीआर/एफडीआर) निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा जो अपर मुख्य अधिकार जिला पंचायत शाहजहांपुर के नाम बंधक होगी। निविदायें स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष जिला पंचायत में निहित है। निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्तें कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है। आमंत्रित निविदाओं के कार्यादेश धनराशि की उपलब्धता के आधार पर निर्गत किये जायेंगे। आमंत्रित की जाने वाली निविदाओं का विवरण निम्नवत् है:-

क्र. सं.	ब्लाक	कार्य का नाम	लागत जी.एस.टी. सहित	अर्नेस्ट मनी	निविदा शुल्क जी.एस.टी. सहित	कार्य पूर्ण करने की अवधि
01.	तिलहर	ग्राम बिलहरा में हरिराम के खेत से जयप्रकाश के खेत की ओर इंटरलॉकिंग	6.35	12700	1200	2 माह
02.	खुटार	ग्राम टाह मोहलिया मार्ग से त्रिलोक सिंह के घर तक इंटरलॉकिंग	6.36	12720	1200	2 माह
03.	निगोही	ग्राम गढ़ा में राजेश के मकान से सरकारी नल कूप तक खडंजा	6.10	12200	1200	2 माह
04.	ददरौल	ग्राम कटका में राजवीर के मंदिर वाली गली में इंटरलॉकिंग	6.36	12720	1200	2 माह
05.	भावलखेड़ा	ग्राम सिंगरहा में खडंजा	7.63	15260	1200	2 माह
06.	जलालाबाद	ग्राम रहपुरा में मुख्य मार्ग से संतोष वर्मा में घर तक इंटरलॉकिंग	6.36	12720	1200	2 माह
07.	पुवायां	ग्राम टकेली में अम्बेडकर पार्क से पंचायत घर तक इंटरलॉकिंग	6.36	12720	1200	2 माह
08.	ददरौल	ग्राम पिपरौली में खडंजा	3.05	6100	710	2 माह
09.	भावलखेड़ा	ग्राम आदमपुर में गुरूद्वारे के पास इंटरलॉकिंग	6.36	12720	1200	2 माह
10.	भावलखेड़ा	ग्राम सेहरामऊ रौरा मार्ग पर टायर हाउस के पास ण्ड साहब के फार्म तक इंटरलॉकिंग	6.36	12720	1200	2 माह
11.	तिलहर	फर्म खांडसार में चावर पलिया रोड से गांव के बाहर पूरब की ओर खडंजा कार्य।	7.63	15260	1200	2 माह

अभियन्ता
जिला पंचायत, शाहजहांपुर

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, शाहजहांपुर

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, पूरनपुर (पीलीभीत)

पत्रांक: 3625/आंकिक/क्षेत्र पंचायत / 2023-24 दिनांक:- 05.03.2024

अति-अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत पूरनपुर के अन्तर्गत पंचम राज्य वित्त आयोग / 15 वां वित्त आयोग (अनटाइड / टाइड फंड) के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से प्रत्येक कार्य हेतु अलग-अलग सीलबन्द निविदायें इस कार्यालय द्वारा जारी शर्तो एवं अनुबन्धों के साथ दिनांक 06.03.2024 की अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 12.03.2024 को अधोहस्ताक्षरी / मनोनित अधिकारी द्वारा गठित समिति के समक्ष सायं 04:00 बजे खोली जायेगी। निविदादाता खोलते समय उपस्थित रह सकते है। निविदा प्रपत्र कार्यालय अवधि में दिनांक 11.03.2024 तक सायं 05:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। नियम एवं शर्तें कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	माप/संख्या	लागत लाख में	निविदा मूल्य
1.	वार्ड संख्या 32 में काली मन्दिर से सौरभ सरकार के घर तक खडन्जा कार्य।	340 मी.	6.40	725+GST
2.	उदयपुर हाल्ट से मुजफरनगर की ओर लिंक रोड पर खडन्जा कार्य।	500 मी.	9.50	725+GST
3.	कुरैया में राजेश वर्मा के खेत से जोगराजपुर लिंक रोड तक खडन्जा कार्य।	500 मी.	9.50	725+GST
4.	महादेव माती से सतनाम सिंह के झाले से नीरज गुर्जर के खेत तक खडंजा कार्य।	500 मी.	9.50	725+GST
5.	ग्राम भैसापुर में ग्राम सिमरा जाने वाली रास्ता पर खडन्जा मिट्टी मरम्मत कार्य।	750 मी.	6.77	725+GST
6.	ग्राम पंचायत चंदिया हजारा के मजदूर बस्ती राहुल नगर गोपाल मण्डल के घर के पास ग्राम चंदिया हजारा जंगल तक खडंजा मरम्मत कार्य।	510 मी.	4.61	725+GST
7.	ग्राम भोपतपुर शाहगढ़ मार्ग पर सरकारी फार्म से चर्तुभोज जाने वाले रास्ते पर खडन्जा मरम्मत	510 मी.	4.61	725+GST
8.	ग्राम पंचायत सबलपुर के दक्षिण रोड से ग्राम भयपुर गुरूद्वारा रोड पर मिट्टी खडन्जा मरम्मत कार्य।	450 मी.	4.08	725+GST
9.	अण्डवोझी गुरूद्वारा से चैन सिंह के घर तक खडंजा मरम्मत निर्माण कार्य।	500 मी.	4.63	725+GST
10.	बलरामपुर चौकी के दक्षिण ओर मेन रोड से कसगंजा बाजार तक खडंजा मरम्मत।	500 मी.	4.60	725+GST
11.	नरायनपुर बुजुर्ग में मझरा राजपुर ता. माधौटांडा पक्के मार्ग से बलकराम सिंह के झाले तक खडंजा मरम्मत कार्य।	150 मी.	1.40	725+GST
12.	सुल्तानपुर के उत्तर जगदीशपुर जाने वाले रोड तक सम्पर्क मार्ग खडंजा मरम्मत।	400 मी.	3.63	725+GST
13.	ग्राम कुलुआ गाडा भायपुर गुरूद्वारा ग्राम सबलपुर जाने वलो मेन रोड तक खडंजा मरम्मत।	510 मी.	4.61	725+GST
14.	केशरपुर कलां में हीरपुर से खाण्डेपुर की तरफ खडंजा मरम्मत।	600 मी.	5.43	725+GST
15.	लुकटहाई पक्के रोड केशवपुर श्मशान घाट रोड पर खडंजा।	350 मी.	6.65	725+GST
16.	कुरैया में साधु वर्मा के खेत से रजनीश शुक्ला के खेत तक खडंजा निर्माण।	300 मी.	5.70	725+GST
17.	मढ़ाखुर्द वार्ड 202 में लाल तलाव से नवदिया लक्षण तालाब तक नाला निर्माण।	200 मी.	9.50	725+GST
18.	ग्राम सैल्हा में देवव्रत की दुकान से सामुदायिक शौचालय तक नाला निर्माण।	200 मी.	9.50	725+GST
19.	सिमरिया अजीतपुर विल्हा में लालजीत के खेत से राजेश वाल्मिकी के घर तक नाला निर्माण	100 मी.	4.75	725+GST
20.	इक्कोतर नाथ मंदिर पर शौचालय निर्माण।	एक	7.00	725+GST
21.	गुलडिया भूपसिंह मंदिर पर शौचालय निर्माण।	एक	7.00	725+GST
22.	ग्राम पंचायत शेरपुर मकरन्दापुर में हरजिन्दर सिंह पक्कड के घर की ओर नाले पर पुलिया निर्माण कार्य।	1	6.5	725+GST
23.	ग्राम पंचायत शेरपुर मकरन्दपुर में रोड से ब्रहमदेव रोड की ओर हरजिन्दर सिंह, पक्कड़ सिंह के घर की सी.सी. / इन्टरलॉकिंग कार्य।	95 मीटर	5.1	725+GST
24.	ग्राम पंचायत नरायनपुर में नटवीर बाबा तक इन्टरलॉकिंग कार्य।	180 मीटर	9.97	725+GST
25.	ग्राम पंचायत कपूरपुर मेला स्थल के प्रांगण में इन्टरलॉकिंग कार्य।	750 वर्ग मी.	9.95	725+GST
26.	ग्राम पंचायत अजीतपुर विल्हा पक्के रोड से चेतराम के बाग तक मिट्टी व खडंजा कार्य।	525 मीटर	9.92	725+GST
27.	ग्राम पंचायत अजीतपुर विल्हा में रामनाथ के खेत के पास पुलिया।	एक	6.5	725+GST
28.	ग्राम पंचायत गजरौलाखास वेचेलाल के घर से अयोध्या प्रसाद के घर तक नाली/ इन्टरलॉकिंग कार्य।	185 मीटर	9.82	725+GST
29.	सिमरा ता. घुंघचिहाई में श्मसान घाट की बाउन्ड्रीवाल निर्माण।	230 मीटर	9.95	725+GST
30.	टंडौला में बनारसी के घर से स्कूल की पुलिया से होते हुये कलन्दर वाली पुलिया तक 190 मी. इन्टरलॉकिंग रोड निर्माण।	150 मीटर	9.9	725+GST
31.	ग्राम पंचायत सिमरिया रामपाल के खेत से बुद्धसेन के खेत तक खडंजा कार्य।	500 मीटर	9.4	725+GST
32.	ग्राम पंचायत जगनाथपुरम में लिंक मार्ग पर इन्टरलॉकिंग कार्य।	170 मी.	7.80	725+GST
33.	पूरनपुर देहात वार्ड नं. 2 में यामीन के घर से मदीना मस्जिद तक खडन्जा निर्माण कार्य।	170 मीटर	9.5	725+GST
34.	लालपुर में स्कूल खेत से विधीपुर माईनर बाग के आगे तक खडंजा निर्माण।	525 मीटर	9.92	725+GST
35.	आसाम रोड गढ़ा पचपेडा पिंकी के घर से लालपुर की हद तक खडंजा निर्माण।	525 मीटर	9.92	725+GST
36.	ग्रान्ट में भगवान दास के घर से ओमप्रकाश वाले सी.सी. रोड तक इन्टरलॉकिंग निर्माण।	77 मीटर	5.6	725+GST
37.	ग्राम ढकिया केसरपुर में राजपाल के घर से सियाराम के घर तक इन्टरलॉकिंग कार्य।	100 मीटर	5.57	725+GST
38.	ग्राम पंचायत जगतपुर में छत्रपाल के घर से मुकेश गौतम के घर तक इन्टरलॉकिंग कार्य।	150 मीटर	9.20	725+GST
39.	ग्राम पंचायत कुरैया खुर्द के मुनेन्द्र सिंह के मोटर से रामदीन वर्मा के खेत तक खडंजा कार्य।	500 मीटर	9.4	725+GST
40.	ग्राम पंचायत हरीपुरकलां मौजा सुन्दरपुर में गुरूबक्श सिंह के घर से सुन्दरपुर खडंजा तक इन्टरलॉकिंग कार्य।	170 मीटर	9.95	725+GST
41.	ग्राम पंचायत मुजफ्फरनगर में गुरूदेव सिंह, रतन सिंह के यहां से पिपरिया घाट पुलिया तक खडंजा।	525 मीटर	9.92	725+GST
42.	ग्राम पंचायत जटपुरा में अवनीश के खेत से हरिओम के खेत तक खडंजा।	525 मीटर	9.92	725+GST
43.	कबीरगंज में लखविन्दर सिंह के खेत से निदा सिंह के घर तक खडंजा	500 मीटर	9.94	725+GST
44.	ग्राम पंचायत सिद्धनगर में मेनरोड से तरसेम सिंह के खेत तक खडंजा कार्य।	480 मीटर	9.94	725+GST
45.	ग्राम पंचायत सिद्धनगर में सामुदायिक शौचालय के पास पुलिया निर्माण।	एक	6.5	725+GST
46.	ग्राम शास्त्रीनगर से शास्त्रीनगर पुरानी मस्जिद तक खडन्जा कार्य।	460 मीटर	9.94	725+GST
47.	ग्राम पंचायत कुटिया गुदिया में मेन रोड से अमरीक सिंह के घर तक खडन्जा कार्य।	350 मीटर	7.58	725+GST
48.	ग्राम रामनगर में छविनाथ के घर से जयराज की आबादी तक इन्टरलॉकिंग कार्य।	66 मीटर	5.9	725+GST
49.	केशरपुर गुरूद्वारा से परशुरामपुर गौशाला तक खडन्जा मरम्मत कार्य।	650 मीटर	6.75	725+GST
50.	ग्राम केशरपुर में सुच्चा सिंह के पुलिया से काले पुल तक खडंजा।	400 मीटर	7.57	725+GST
51.	ग्राम नवदिया में दयालपुर मार्ग के मध्य नाले पर पुलिया निर्माण।	एक	6.5	725+GST
52.	ग्राम पंचायत कबीरगंज में धर्मपाल के घर से प्रा.वि. तक इन्टरलॉकिंग कार्य।	100 मीटर	9.3	725+GST
53.	मा. ब्लाक प्रमुख कक्ष में शौचालय मरम्मत	एक	0.95	725+GST
54.	विकास खण्ड परिसर में शहीद स्तम्भ का जीर्णोधार एवं अन्य मरम्मत कार्य।	एक	0.95	725+GST
55.	संजय दास के घर से गोलक मोहली के घर तक खडंजा कार्य।	200 मीटर	3.81	725+GST
56.	ग्राम चतीपुर में श्मसान घाट की बाउन्ड्रीवाल।	150 मीटर	6.55	725+GST
57.	ग्राम रामनगर में सत्य सूदन से सेंसर पाल के खेत तक खडंजा।	500 मीटर	9.45	725+GST
58.	रम्पुरा फकीरे किसान सेवा समिति में इन्टरलॉकिंग कार्य।	725 वर्ग मी.	9.99	725+GST
59.	मुरैना गांधीनगर में कोमिल के खेत से शैलेन्द्र सिंह के खेत तक खडंजा	450 मीटर	9.73	725+GST
60.	भीमपुर नौगजा में श्मसान घाट की बाउन्ड्रीवाल	170 मीटर	7.38	725+GST
61.	गौतमनगर से नीरूसिंह के घर से विनोद सिंह के घर इन्टरलॉकिंग/नाली	75 मीटर	4.00	725+GST
62.	पूरनपुर देहात में इस्लाम भाई के घर से हारून के घर तक इन्टरलॉकिंग कार्य।	150 मी.	7.30	725+GST
63.	ग्राम पंचायत शेरपुर कलां में हाजी वली कुरैशी के खेत से सरकारी नलकूप होते हुये घनाराघाट रोड तक खडंजा कार्य।	400 मी.	7.57	725+GST
64.	नवदिया धनेष कलीनगर मार्ग से फाजिलपुर माइनर नहर पर अमर सिंह पासबान के खेत से गुरूद्वारा तक खडंजा।	400 मी.	7.57	725+GST
65.	पूरनपुर देहात में निजामुद्दीन के घर से लखीमपुर रोड तक इन्टरलॉकिंग कार्य।	175 मी.	8.3	725+GST
66.	ग्राम पंचायत शेरपुर कलां में हाजी जफर खां के वाग से हाफी बली कुरैशी के खेत तक खडंजा कार्य।	400 मी.	7.57	725+GST
67.	ग्राम पंचायत रूरिया सलेमपुर में श्मसाान घाट की बाउन्ड्रीवाल।	190 मीटर	8.30	725+GST
68.	फत्तेपुर में श्मसान घाट की अवशेष बाउन्ड्रीवाल।	50 मी.	2.20	725+GST
69.	मझारा ता. महारापुर में डामर रोड से उज्जैन सिंह के घर तक खडन्जा निर्माण कार्य।	415 मीटर	7.85	725+GST
70.	ग्राम पंचायत नरायनपुर ज.पूरनपुर में ग्राम पंचायत पूरनपुर देहात से गुरूद्वारे वाली पक्की सड़क से बहादुर सिंह के प्लाट तक दोनों तरफ नाली सहित इन्टरलॉकिंग कार्य।	100 मीटर	7.00	725+GST

1. तकनीकी बिड प्रत्येक कार्य हेतु अलग-अलग कार्यवार डाली जायेगी। 2. तकनीकी बिड के फार्म के साथ उपरोक्त तालिका के मैं लागत की 2.00 प्रतिशत धरोहर धनराशि की एन.एस.सी./एफ.डी.आर. जो खण्ड विकास अधिकारी पूरनपुर के पदनाम से बन्धक हो संलग्न करना आवश्यक है। इसके अभाव में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। इसके अतिरिक्त जो कार्य स्वीकृत होगा उस कार्य की कम से कम 3.00 प्रतिशत धरोहर धनराशि कार्य से पूर्व जमा करनी होगी तथा शेष 5.00 प्रतिशत धनराशि कार्य के भुगतान में कटौती की जायेगी। एफ.डी.आर. सम्बन्धित फर्म को 1 वर्ष तथा कटौती की गयी 5.00 प्रतिशत धनराशि अन्तिम भुगतान के 01 माह के उपरान्त वापस की जायेगी। 3. कोई भी निविदा पंजीकृत डाक से स्वीकृत नहीं की जायेगी। 4. निविदा बिना किसी शर्तें के ही स्वीकृत होगी। 5. तकनीकी बिड के साथ सम्बन्धित को नियमानुसार 100.00 के स्टाम्प पर स्व-घोषणा पत्र एवं 10.00 रू. के स्टाम्प निर्धारित शपथ अवश्य संलग्न करना होगा। 6. उपरोक्तानुसार निर्धारित कार्यो की संख्या कम एवं ज्यादा हो सकती है। इसके लिये कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है। 7. उक्त सभी कार्यो पर जी.एस.टी. / टी.डी.एस./लेबर सेस / रायल्टी आदि की कटौती नियमानुसार की जायेगी। 8. एक अथवा समस्त निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। 9. तकनीकी बिड एवं फाइनेन्शिल बिड पृथक-पृथक डाली जायेगी। जिसके लिफाफे का कार्य का नाम एवं फर्म का नाम तथा तकनीकी बिड/फाइनेन्शिल बिड अवश्य लिखा जाये। 10. कार्य प्राक्कलन में निर्धारित मानक के अनुसार कराया जाये। जिसका परीक्षण समय-समय पर अवर अभियन्ता (ग्रा.अ.वि.) द्वारा किया जायेगा। अवर अभियन्ता के परीक्षणोपरान्त ही भुगतान किया जायेगा। 11. भुगतान में विलम्ब के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा, जिसके लिए लिए कोई दावा नहीं किया जा सकता है। 12. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त कार्य 03 माह में कार्य पूर्ण कराना आवश्यक होगा। 13. निविदा की अन्य शर्तें निविदा तकनीकी बिड के साथ उपलब करायी जायेगी।

अरूण कुमार सिंह
खण्ड विकास अधिकारी, पूरनपुर

होटल से 10 जुआरी गिरफ्तार, 2.37 लाख रुपये और 12 मोबाइल बरामद

पीलीभीत बाईपास स्थित होटल में बाहर से मंगाई जाती थीं लड़कियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : पीलीभीत बाईपास पर पुलिस ने मंगलवार की देर शाम कान्हा श्याम होटल (द ग्रीन लेवल) में दबिश देकर दस जुआरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से दो लाख 37 हजार पांच सौ रुपये बरामद हुए हैं। पुलिस ने जुआरियों के रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोप है कि मालिक जगमोहन होटल में अनैतिक कार्य भी कराता है।

इंस्पेक्टर जयशंकर सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि होटल कान्हा श्याम के कमरा नंबर 110 में जुआ और सट्टे का कारोबार चल रहा है। जानकारी पर मंगलवार को टीम गठित करके दबिश दी तो वहां जुआ होता मिला। पुलिस ने नन्हे निवासी सुरेश शर्मा नगर, विजेन्द्र निवासी फरीदापुर इन्यात खां, रनवीर निवासी मोहनपुर, हरेन्द्र व पिंटू निवासी इटोआ बेनीराम, बिथरी चैनपुर, नरोत्तम पटेल निवासी कीरतपुर, भुता, सोनू सिंह निवासी कुम्हरा, इज्जतनगर, दीपक निवासी संजय नगर, रविन्द्र यादव निवासी सुरेश शर्मा नगर और सुरेन्द्र निवासी मुडिया अहमद नगर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस गिरफ्त में पकड़े गए जुआरी। ● अमृत विचार

कम दाम पर होटल में दिया जाता है कमरा

पकड़े गए जुआरियों ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि होटल मालिक जगमोहन बाहर से लड़कियों को बुलाता है। इसके अलावा जुआ और सट्टा कारोबार भी चलाता है। वह तीन चार गुना कम दाम पर कमरा किराये पर देता है। हारने वाले जुआरी को 25 प्रतिशत ब्याज पर रुपये नकद देता है। इसके अलावा जीतने वाले जुआरियों से भी कमीशन लेता है। सटोरियों और जुआरियों की संख्या एक से दो दर्जन तक रहती है। जुआरियों ने बताया कि उनकी जमीन बीडीए ने अभी हॉल में ही अधिग्रहित की गई है। आरोपी प्रापर्टी डीलिंग का भी कार्य करते हैं।

पुलिस ने जुआरियों के कब्जे से दो लाख 37 हजार 500 रुपये और 12 मोबाइल बरामद किए हैं। पुलिस को देखते ही होटल मालिक जगमोहन गंगवार, उसका बेटा सचिन गंगवार और तीन जुआरी फरार हो गए। पुलिस फरार आरोपियों को तलाश कर रही है। इंस्पेक्टर ने बताया कि पकड़े गए जुआरियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा। पकड़े आरोपियों को छुड़ाने के लिए पुलिस कर्मियों के मोबाइल पर लगातार रसूखदारों के फोन घनघनाते रहे।

रमजान और होली पर रंगीन कचरी बिगाड़ न दे सेहत

बरेली, अमृत विचार : रमजान और होली से पहले बाजार में रंगीन कचरी और पाकड़ की बिक्री शुरू हो गई है। कचरी और पापड़ में स्वास्थ्य को हानि पहुंचाने वाले रंग मिलाए जाते हैं लेकिन अभी तक खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने इनके नमूने लेना शुरू नहीं किया है। टीमें अभियान चलाकर सिर्फ दूध से बने खाद्य पदार्थों के ही नमूने ले रही हैं।

रमजान की शुरुआत अगले सप्ताह से हो जाएगी। वहीं होली 25 मार्च को है। इसलिए इस महीने कचरी और पापड़ की अधिक खपत होने की संभावना है। कुतुबखाना, शहामतगंज, किला, पुराना शहर, सैलानी जैसे शहर के प्रमुख बाजारों में रंगीन कचरी और पापड़ की जमकर बिक्री हो रही है। पिछले कई बरसों में रंगीन कचरी और पापड़ के नमूने जांच में फेल हो चुके हैं। इस बार भी त्योहार के दौरान बाजार में मांग अधिक होने पर अधिक मुनाफा कमाने के लिए मिलावटखोर इसमें केमिकल मिलाकर बेच रहे हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी रोकने के लिए अभियान शुरू किया गया है, लेकिन दूध, पनीर और खोया आदि के नमूने ही अब तक लिए गए हैं। पर्याप्त स्टाफ होने के बावजूद एक दिन में तीन से चार सैंपल ही लिए जा रहे हैं। तीन दिन से विभाग का अभियान भी ठंडा पड़ा हुआ है।

● एफएसडीए की टीमों ने नहीं लिए रंगीन कचरी-पापड़ के सैंपल

लिवर संबंधी बीमारियां हो सकती हैं

जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. राहुल वाजपेई के अनुसार रंग युक्त खाद्य पदार्थ खाने से लिवर संबंधी बीमारियों से ग्रसित होने का खतरा ज्यादा है। इन रंगों को खतरनाक केमिकल का उपयोग कर तैयार किया जाता है। इसके लगातार सेवन से पेट संबंधी गंभीर बीमारियां भी हो जाती हैं। जितना हो सके इस प्रकार के खाद्य पदार्थों से बचना चाहिए।

विभाग की तरफ से सैंपलिंग की कार्रवाई लगातार जारी है। मिलावटखोरी किसी भी सूरत में नहीं होने दी जाएगी। अगर कहीं रंगीन कचरी बाजार में बिक रही है तो उसकी सैंपलिंग कराई जाएगी। -अपूर्व श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय, एफएसडीए

पांच खंड शिक्षा अधिकारियों को मिला अतिरिक्त प्रभार

बरेली, अमृत विचार : बेसिक शिक्षा अधिकारी ने मंगलवार को रिक्त पदों पर पांच खंड शिक्षा अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार आवंटित किया गया है। इनमें भानु शंकर गंगवार को फरीदपुर, अवनीश कुमार को नवाबगंज, प्रेमसुख गंगवार को भोजीपुरा, दिनेश चंद्र जोशी को फतेहगंज पश्चिमी और विनोद कुमार को मझगवां विकास क्षेत्र का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि शासकीय, राजकीय हित में खंड शिक्षा अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, जिससे विभागीय कामों में रुकावट न हो।

आवासीय जिला स्तरीय ट्रायल में छह खिलाड़ी चयनित

बरेली, अमृत विचार : क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय ने मंगलवार को आवासीय क्रीड़ा छात्रावास में प्रवेश के लिए जनपद स्तरीय ट्रायल किया। इस दौरान फुटबॉल में छह खिलाड़ियों का चयन किया गया। इसमें दस खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी जितेंद्र यादव ने बताया कि खिलाड़ियों को निर्धारित दस्तावेज के साथ ही प्रवेश दिया गया। उपक्रीड़ा अधिकारी शमीम अहमद, कमल किशोर, अविनाश कुमार आदि मौजूद रहे।

ऑनलाइन आवेदन करने पर 24 घंटे में मिलेगा ऋण

● एलडीएम ने बताया कि बैंक की आधिकारिक वेबसाइट से करें आवेदन

बरेली, अमृत विचार : जिले के सभी सरकारी बैंकों में ऑनलाइन आवेदन पर 24 घंटे में ऋण स्वीकृत किए जा रहे हैं। ग्राहकों के खातों से पेन कार्ड जुड़ा होना जरूरी है। आरबीआई के निर्देश पर 31 मार्च तक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक वीके अरोरा ने बताया कि अब लोन के लिए ग्राहकों को चक्कर नहीं काटने होंगे। इसके लिए ग्राहकों को संबंधित बैंक की वेबसाइट पर जाकर आवेदन करने होंगे। इसके बाद बैंक ग्राहकों के दस्तावेज मिलने पर लोन देने की प्रकिया शुरू कर देती है। इसमें ग्राहकों को कम समय में लोन की स्वीकृति मिल जाती है। ग्राहक को सिर्फ एक बार बैंक में आना पड़ता है। इसके बाद बैंक खाताधारक की सिविल रिपोर्ट जांच करती है। सही मिलने पर 24 घंटे में लोन स्वीकृत कर दिया जाता है। इसमें ग्राहक के पास आधार कार्ड, पैन कार्ड होना अनिवार्य है। इससे पहले लोगों को लोन लेने के लिए महीनों बैंक के चक्कर लगाने पड़ते थे।

चित्र प्रदर्शनी में दिखी सरकार की उपलब्धियों की झलक

बरेली, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव से पहले अधिकारी और जनप्रतिनिधि डबल इंजन की सरकार की तमाम उपलब्धियों को गिनाने में लगे हैं। विकास भवन में मंगलवार से शुरू हुई तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी में सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की झलक देखने को मिली। प्रदर्शनी का उद्घाटन आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप और जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने किया। आंवला सांसद ने कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से आम जनमानस को सरकारी योजनाओं की जानकारी होगी। उन्होंने प्रधानमंत्री के कार्यों की सराहना की। जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई चित्र प्रदर्शनी के प्रयासों को सराहा। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी से आम लोगों को जिन योजनाओं की जानकारी नहीं है उन्हें इसका पता चल सकेगा। प्रदर्शनी में मेट्रो ट्रेन, वंदे मातरम एक्सप्रेस, वाराणसी से हल्दिया तक फैले अंतर्देशीय जल मार्ग, यूपी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में निवेश, अयोध्या धाम, निर्माणाधीन एक्सप्रेस वे, उज्जवला योजना आदि कार्यों और योजनाओं को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी को विधायक बिथरी चैनपुर डॉ. राघवेंद्र शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, जिला सूचना अधिकारी नीतू कन्नौजिया और अन्य भी देखने पहुंचे।

स्वास्थ्य और स्वच्छता पर वीडियो चलाएंगे रसोइया

बरेली, अमृत विचार : लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य, स्वच्छता, कृषि, आपदा, प्रबंधन, प्रोत्साहन को लेकर वीडियो श्रृंखला विद्यालयों में चलाई जाएगी। शासन के निर्देश पर सीडीओ जग प्रवेश ने बीएसए को निर्देश दिए हैं। विद्यालय अवधि के बाद स्मार्ट कक्षाओं में लगे स्मार्ट टीवी, उपकरण पर वीडियो के माध्यम से आमजन को जागरूक किया जाएगा। इसमें आंगनबाड़ी केंद्र पर स्वास्थ्य को लेकर एनीमिया विषय पर 50 प्रतिभागियों, 200 अभिभावकों को स्वच्छता सेक्टर में हैंडबाश को लेकर, 150 कृषकों को कृषि सेक्टर में मोटे अनाज को लेकर, 200 स्थानीय निवासियों को प्रोत्साहन सेक्टर में मन की बात और 180 स्थानीय निवासी को आपदा प्रबंधन सेक्टर में आंधी-तूफान से बचाव को वीडियो में दिखाया जाएगा। विद्यालय बंद होने के बाद उपकरण की सुरक्षा की जिम्मेदारी रसोइयों को दी गई है। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि सभी विद्यालयों में रसोइयों, पंचायत सहायक की निगरानी में अभियान चलाया जाएगा। विद्यालय बंद कराने में लापरवाही बरतने से चोरी उपकरण का उत्तरदायित्व रसोइया और पंचायत सहायक की होगी। इसके लिए प्रत्येक विद्यालय में पंजिका में रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की कार्यकारिणी का विस्तार

बरेली, अमृत विचार : राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की बैठक में जिला कार्यकारिणी का विस्तार करने के साथ कई प्रस्ताव पास किए गए। वहीं, जिलाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला ने इस बैठक को असंवैधानिक बताया। उन्होंने कहा कि संगठन की छवि खराब करने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महामंत्री विनोद कुमार और संगठन मंत्री जितेंद्र गंगवार के नेतृत्व में मंगलवार को गांधी उद्यान में हुई बैठक में गिरजेश कुमार को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मोनिका गुप्ता को जिला महिला उपाध्यक्ष, योगेंद्र गंगवार को जिला उपाध्यक्ष, अनूप यादव को जिला उपाध्यक्ष, शैलेन्द्र सिंह को जिला सयुंक्त मंत्री, मोनिका सागर को जिला मंत्री का दायित्व दिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि इससे पहले कुछ पदाधिकारी खुद को संयोजक और सह संयोजक बताते रहे हैं। लेटर पैड का दुरुपयोग भी किया। मंगलवार शाम को ही आपातकालीन बैठक बुलाकर सर्वसम्मति से जिले के तीनों पदाधिकारियों के खिलाफ प्रदेश नेतृत्व और अनुशासन समिति को कार्रवाई की संस्तुति कर पत्र भेजा गया है। बैठक में कोषाध्यक्ष पुष्कर उपाध्याय, अरविंद चौधरी, रमेश कुमार, बचन सिंह, अतुल सिंह, विवेक कुमार, डॉ. अरुण गंगवार, रेनु वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

सफाई कर्मचारी लिखकर अपमानित करने का आरोप

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज के अस्थाई कर्मचारी जितेंद्र मिश्रा ने सफाई कर्मचारी लिखकर अपमानित करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने रोवर्स-रेंजर्स के तीन दिवसीय समागम में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है, जिसमें उनके और एक अन्य नाम के आगे चतुर्थ श्रेणी सफाई कर्मचारी लिखा है। इससे उनका अपमान किया गया। आरोप है कि कॉलेज में लगातार विरोध प्रदर्शन की वजह से उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। वह आठ मार्च को उपश्रमायुक्त से मिलकर शिकायत करेंगे और प्राचार्य और जिलाधिकारी से भी शिकायत करेंगे।

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी.डि.) महोदय, पीलीभीत

उत्तराधिकार वाद संख्या- 958 सन् 2023

ऊषा देवी उम्र करीब 59 वर्ष पत्नी स्व. गांधीराम मौर्य, निविदा ग्राम व पोस्ट व थान घुंघचिहाई, परगना तहसील पूरनपुर, जिला पीलीभीत ..... प्रार्थिनी

बनाम

1. विनोद कुमार मौर्य उम्र करीब 41 वर्ष पुत्र स्व. गांधी राम मौर्य 2. प्रमोद कुमार मौर्य उम्र करीब 38 वर्ष पुत्र स्व. गांधी राम मौर्य 3. चन्दन कुमार मौर्य उम्र करीब 35 वर्ष पुत्र स्व. गांधीराम मौर्य। समस्त निविदागण निवासी ग्राम व पोस्ट व थाना घुंघचिहाई, परगना तहसील पूरनपुर, जिला पीलीभीत

.... विपक्षीगण

हर खास आम को सूचित किया जाता है कि प्रार्थिनी ऊषा देवी द्वारा वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र मृतक गांधी राम मौर्य की धनराशि के अदालत में योजित किया है, जो दर्ज रजिस्टर हो चुका है, जिसमें वास्ते आपत्ति एवं निस्तारण दिनांक 9/3/2024 तिथि नियत है। लिहाजा जिस किसी व्यक्ति को भी प्रार्थना पत्र पर कोई आपत्ति हो, वह निश्चित तिथि पर दिन के 10:00 बजे व्यक्तिगत रूप से अथवा द्वारा अधिवक्ता आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा वाद तामील प्रार्थना पत्र का निस्तारण एक पक्षीय रूप से किया जायेगा। आज दिनांक 09.03.2024 को यह इश्तेहार मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर अदालत से जारी किया गया।

मुन्सरिम
अदालत सिविल जज (सी.डि)
पीलीभीत

सामान्य सूचना

सूचित करना है कि ग्राम नवदिया, इलाका सिघांई जनपद बरेली उ0 प्र0 मे स्थित जीवन सुख मे बने हुए घर "सरस्वती नं0-3" क्षेत्रफल 104.45 वर्ग मीटर की बुकिंग हर नारायण पाण्डेय पुत्र वृजराज पाण्डेय निवासी 236, गली नं0-5 निकट मन्सा माता मन्दिर कर्मचारी नगर जनपद बरेली उ0 प्र0 तथा चन्द्रावती पाण्डेय पत्नी हर नारायण पाण्डेय निवासी 236 गली नं0-5 निकट मन्सा माता मन्दिर कर्मचारी नगर के नाम से की गयी थी परन्तु चन्द्रावती पाण्डेय पत्नी हर नारायण पाण्डेय की मृत्यु 17 सितम्बर 2021 को हो जाने के कारण उक्त घर के संबंध मे हर नारायण पाण्डेय पुत्र वृजराज पाण्डेय 236, गली नं0-5, निकट मंसा माता मंदिर कर्मचारी नगर, जनपद बरेली उ0 प्र0 का नाम (अकेले) मैसर्स आनन्द रूरल बिल्डलाइन एल.एल.पी. के अभिलेखो मे अंकित किया जाना है इस संबंध मे यदि किसी को कोई आपत्ति है तो मैसर्स आनन्द रूरल बिल्डलाइन एल.एल.पी. प्लाट नं0- 16, सेकन्ड फ्लोर, सेक्टर 135, नोएडा जनपद गौतम बुद्धनगर उ0 प्र0 201305 टेलीफोन नं0- 91- 120-7111500 पर सम्पर्क करें।

सामान्य सूचना

सूचित करना है कि ग्राम मुड़िया अहमद नगर, जिला बरेली उत्तर प्रदेश मे स्थित जीवन सुख फेज-II में एक भूखण्ड अमलतास 61 क्षेत्रफल 87.72 वर्ग मीटर श्रीमती चन्द्रावती पाण्डेय पत्नी हर नारायण पाण्डेय पुत्र वृज राज पाण्डेय निवासी 236, कर्मचारी नगर गली नं0-5, निकट मन्सा माता मन्दिर बरेली उत्तर प्रदेश के नाम से बुक किया गया था। श्रीमती चन्द्रावती पाण्डेय की मृत्यु दिनांक 17 सितम्बर 2021 को हो जाने के कारण उक्त भूखण्ड के लिये हर नारायण पाण्डेय पुत्र वृज राज पाण्डेय आयु लगभग 78 वर्ष निवासी 236, गली नं0-5, निकट मन्सा माता मन्दिर कर्मचारी नगर जिला बरेली उत्तर प्रदेश का नाम क्रेता के रूप मे मैसर्स आनन्द रूरल बिल्डलाइन एल.एल.पी. के अभिलेखो मे अंकित किया जाये। उक्त कार्यवाही पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के छपने से 21 दिन के भीतर मैसर्स आनन्द रूरल बिल्डलाइन एल.एल.पी. प्लाट नं0- 16, सेकन्ड फ्लोर, सेक्टर 135, नोएडा जनपद गौतम बुद्धनगर उ0 प्र0 201305 टेलीफोन नं0-91- 120-7111500 पर सम्पर्क करें।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल इण्डिया शेल्टर हाउसिंग फाइनेंस लि. शाखा बरेली से श्रीमती चमेली देवी पत्नी श्री रमेश चन्द्र निवासी बंशीनगला मढीनाथ, बरेली एक किता मकान रकबई 70.61 वर्ग.मी. जो खसरा नं.63 में से वाकै बेनीपुर चौधरी पर.तह. व जिला बरेली में स्थित है जिसकी चौहद्दी पूरब में मकान राजू, पश्चिम में मकान मंगल व चन्द्र पाल, उत्तर में रास्ता 7 फिट चौड़ा व दक्षिण में मकान कालीचरन है, को बंधक रखकर ऋण ले रही है उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित एक मूल बैनामा जिसकी रजिस्ट्री स.र. बरेली के कार्यालय में दिनाक 25.09.1991 को फो.प्र.पु. सं.1 खण्ड 116 के पृष्ठ 159 से 166 पर क्रमांक 5306 पर हुई है जो कहीं खो गया है जिसके खोने की सूचना दिनांक 03.03.2024 को ई-थाना पर दर्ज कराई जा चुकी है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति/बैंक /संस्था आदि को उक्त बंधक सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 15 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल इण्डिया शेल्टर हाउसिंग फाईनेंस लि. बरेली के कार्यालय पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा उक्त ऋण जारी कर दिया जायेगा।

दिनाक : 05.03.2024

मुनीश कुमार सक्सेना, एडवोकेट, चैम्बर नं. 27, न्यू बिल्डिंग बंगलिया सिविल कोर्ट, बरेली। सूचीबद्ध अधिवक्ता "इण्डिया शेलटर हाउसिंग फाईनेंस लि. बरेली। मो.नं. : 9997389012

कार्यालय उच्च प्राथमिक विद्यालय ढकिया डाम, विकास खंड शेरगढ़, जिला बरेली

नीलामी सूचना

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के पत्रांक संख्या 12232-33/2023-24 दिनांक 07/02/2024 के क्रम में सादर अवगत कराना है कि उच्च प्राथमिक विद्यालय ढकिया डाम, विकास खंड शेरगढ़ के परिसर में लगे यूकेलिप्टस के वृक्षों की कटाई हेतु नीलामी की कार्यवाही खुली बैठक के माध्यम से उच्च प्राथमिक विद्यालय ढकिया डाम, विकास खंड शेरगढ़ के परिसर में दिनांक 14/03/2024 को 12:00 बजे से प्रस्तावित है। इच्छुक खरीददार समय से उपस्थित हों।

प्रधानाध्यापक
उच्च प्राथमिक विद्यालय ढकिया डाम
विकास खंड शेरगढ़, जिला बरेली

कार्यालय नगर पालिका परिषद, बदायूं

पत्रांक: 1613/59-59/2023-24 दिनांक: 05.03.2024

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों / एजेन्सियों / फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, बदायूं सीमान्तर्गत सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट के अन्तर्गत डोर-टू-डोर कलेक्शन एण्ड ट्रांसपोर्टेशन का कार्य की निविदायें ई-टेण्डर वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 5.03.2024 का समय 3 बजे से दिनांक 11.03.2024 को समय 5:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी जोकि कार्यालय समय में दिनांक 12.03.2024 को प्रातः 11 बजे सक्षम समिति के द्वारा खोली जायेगी। E-tender Technical and Financial bid से सम्बन्धित समस्त शर्तो व विवरण की जानकारी ई-टेण्डर वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

अरूण कुमार, अधिशासी अधिकारी/नगर मजिस्ट्रेट, नगर पालिका परिषद, बदायूं
फात्मा रज़ा, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, बदायूं

कार्यालय ग्राम पंचायत धमीपुर, वि.खं. भदपुरा, जनपद बरेली

निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मो/विकेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत धमीपुर, वि.खं. भदपुरा, जिला बरेली में 2023-24 में ग्राम निधि एवं मनरेगा कन्वर्जेन्स योजना के अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार कार्यो हेतु आवश्यक सामग्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। पंजीकृत फर्म सीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 06.03.2024 से 10.03.2024 अपरान्ह 12:00 बजे तक जमा करें, जो उसी दिन सायं 4 बजे खोली जायेगी।

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनु. लागत
1.	ग्राम धमीपुर में समुदाय के लिए पशु शेड निर्माण कार्य।	15.04 लाख

श्रीमती अंजू देवी, ग्राम प्रधान
राजू सिंह, सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत मीरवैश्यपुर वि.खं. कांट, शाहजहांपुर

कोटेशन/टेंडर

ग्राम पंचायत मीरवैश्यपुर में मनरेगा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में निम्न विवरण के अनुसार कार्य होना है जिसमें सामग्री आपूर्ति हेतु टेंडर/कोटेशन आमंत्रित किए जा रहे है इच्छुक कोटेशन/टेंडरदाता फर्म निविदा प्रकाशन के तीन दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय में संपर्क करें। **कार्य का नाम :-** यशवीर के घर से रविन्द्र के घर तक इन्टरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य। अनुमानित लागत:- 3,93,000/-

ग्राम प्रधान, जसपाल सिंह (विपिन)
सचिव, शिवानन्द सिंह जी

कार्यालय ग्राम पंचायत छीतरपुर महरोला इस्लामनगर बदायूं

अल्पकालीन निविदा दिनांक: 05.03.2024

समस्त सामग्री आपूर्ति यथा (सीमेंट, रेता, बजरी, बजरफुट ईट,सरिया,एंगिल, रोडा) आदि को सूचित किया जाता है कि मनरेगा राज्य वित्त, केन्द्र वित्त योजना (2023-24) के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत छीतरपुर महरोला वि खं इस्लामनगर बदायूं में निम्न कार्य हेतु निवादाएं आमंत्रित की जाती है। अतः समस्त संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है। कि निविदा की तारीख से सामग्री की दरे बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 08.03.2024 को शाम 3:00 बजे तक कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-

क्र.स	कार्य का विवरण	अनुमानित धनराशि
01.	भोजराज के घर से जलालुद्दीन के घर तक सी.सी निर्माण कार्य	प्राक्कलन के अनुसार
02.	जलालुद्दीन के घर से असगर के घर तक सी.सी निर्माण कार्य	प्राक्कलन के अनुसार

प्रधान
सचिव

विद्यालय प्रबन्ध समिति उच्च प्राथमिक विद्यालय सिरसा सरदाह वि.क्षे. मरौरी जनपद- पीलीभीत

पत्रांक: बे.शि./नीलामी/1850-53/2023-24 दिनांक: 24.02.2024

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उ.प्रा. विद्यालय सिरसा सरदाह, वि.क्षे. मरौरी, जनपद पीलीभीत के विद्यालय प्रांगण में खड़े 08 यूकेलिप्टस वृक्षों की नीलामी दिनांक 12/03/2024 को अपरान्ह 03:00 बजे उ.प्रा.वि. सिरसा सरदाह में की जायेगी। जो भी सज्जन उपरोक्त वृक्षों को लेना चाहे वह उ.प्रा.वि. सिरसा सरदाह में जाकर नीलामी वाले 08 वृक्षों को भली भंति देख ले और निर्धारित नीलामी तिथि व नियत समय पर उपस्थित होकर निर्धारित जमानत धनराशि 5000/- व पहचान पत्र की मूल प्रति के साथ छाया प्रति जमा कर नीलामी में प्रतिभाग कर बोली बोल सकते हैं। नीलामी से सम्बन्धित नियम व शर्तो की जानकारी के लिए प्रत्येक विद्यालय कार्य दिवस में विद्यालय समयावधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

सचिव, विद्यालय प्रबन्ध समिति
उ.प्र.वि. सिरसा सरदाह वि.क्षे. मरौरी, पीलीभीत

कार्यालय जिला पंचायत, कासगंज

पत्रांक: 466/जि.पं.-मेला/2023-24 दिनांक: 04.03.2024

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पशु मेला राम छितौनी वर्ष 2023-24 (अवधि 14.04.2024 से 20.04.2024 तक) के प्रबन्ध का सार्वजनिक नीलामी दिनांक 07.03.2024 को दोपहर 12:00 बजे स्थान कार्यालय जिला पंचायत कासगंज में किया जायेगा, किसी कारणवश उक्त तिथि को नीलामी नहीं हो पाती तो दिनांक 11.03.2024 में पुनः नीलामी की जायेगी। बोली बोलने से पूर्व बोलीदाता को मूल्य 10,000/- रू. बतौर जमानत जमा करना होगा, जो सर्वोच्छ बोलीदाता की बोली में समायोजित करते हुये शेष बोलीदाताओं को तुरन्त मौके पर ही वापस कर दिया जायेगा। बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार मा. अध्यक्ष महोदया, जिला पंचायत कासगंज में निहित है। मा. मध्यक्ष महोदया जिला पंचायत कासगंज, द्वारा स्वीकृत किये जाने पर ठेकेदार को निर्धारित स्टाम्प पर इकरारनामा करना होगा। मेले से सम्बन्धित शर्तो को किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखा जा सकता है।

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, कासगंज

कार्यालय ग्राम पंचायत भंडसर, वि.खं. बिथरी चैनपुर, जनपद बरेली

निविदा आमंत्रण सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत ग्राम निधि/मनरेगा की स्वीकृत कार्य योजना के सापेक्ष निम्न विवरण के अनुसार सामग्री क्रय हेतु पंजीकृत फ़र्मो और विक्रेताओं के द्वारा अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जानी है।

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनु. लागत	अनु. माप	योजना का नाम
1.	कुंवरसेन के घर से सूखे के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण	3,99,804/-	90 मी.	मनरेगा
2.	प्राथमिक विद्यालय से डीआईजी के मकान तक सी.सी. व नाली निर्माण	3,99,646/-	88 मी.	मनरेगा

उक्त सामग्री लगाए जाने हेतु अनुभवी संस्था के चयन हेतु अल्पकालीन सामान्य निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा की शर्ते एवं विवरण निविदा पत्र में अंकित है। जिसे ग्राम पंचायत के कार्यालय में प्राप्त किया जा सकता है। निविदाताओं को जीएसटी फर्म का रजिस्ट्रेशन, एवं पैन कार्ड की प्रकाशित छाया प्रति संलग्न करनी होगी। निविदा स्वीकृत /अस्वीकृत का अधिकार निर्माण समिति का होगा। सामग्री घट बढ़ सकती है। 2 प्रतिशत धरोहर राशि नकद/एफडी के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बंधक होनी चाहिए। निविदा सूचना 06/03/2024 से 12/03/2024 को 2 बजे तक आमंत्रित की जाती है। तथा उसी दिन 4:00 बजे खोली जाएंगी।

प्रधान-नसरीन
सचिव-अजय वंश

कार्यालय नगर पंचायत शेरगढ़ (बरेली)

पत्रांक-757/न.पं. शेरगढ़/अल्प.नि.सू./2023-24 दिनांक : 05.03.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि नगर पंचायत शेरगढ़ (बरेली) को राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत नगर निकायों हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 में वास्तविक प्राप्तियों के आधार पर अवशेष समनुदेशन की प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले निर्माण कार्यों की जिलाधिकारी महोदय बरेली की स्वीकृति के उपरान्त नगर पंचायत शेरगढ़ (बरेली) के कार्यालय पर दिनाँक 12.03.2024 को समय 11:00 बजे तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। जो उसी दिन अपरान्ह 1:00 बजे उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष अध्यक्ष महोदय न.पं. शेरगढ़ (बरेली) द्वारा खोली जायेगी, निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 07.03.2024 से दिनांक 11.03.2024 तक किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 2:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत शेरगढ़ (बरेली) से नकद मूल्य देकर क्रय किये जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा के साथ 2 प्रतिशत अग्रिम धनराशि नकद जमा करनी होगी, एवं एक सौ रुपये के स्टाम्प पेपर पर स्वयं का घोषणा पत्र जो फोटो सहित नोटरी से सत्यापित कराकर संलग्न करना अनिवार्य होगा। बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा। अन्य शर्तें कार्यालय दिवस में कार्यालय समय में देखी व पढ़ी जा सकती हैं।

क्र.सं.	कार्य का प्रकार	आगणन की धनराशि	2% जमानत धनराशि	निविदा का मूल्य	कार्य अवधि
1.	नगर पंचायत शेरगढ़ में कान्हा गौशाला में खड़ंजा व पशुओं के चारा हेतु नाद बनाने का कार्य।	946228.99	18925	1125	1 माह
2.	नगर पंचायत शेरगढ़ में कान्हा गौशाला में जी.आई. स्टील लगवाने का कार्य।	998907.52	19978	1180	1 माह
3.	नगर पंचायत शेरगढ़ के वार्ड सं. 1 में राजपाल के मकान से सेवाराम के मकान तक पी.वी.सी. पाइप लाइन का कार्य।	205937.69	4119	295	15 दिन
4.	नगर पंचायत शेरगढ़ के वार्ड सं. 7 में महेश पाल के मकान से कुन्दन नेता के मकान तक इंटरलॉकिंग ब्रिक्स रोड व नाली निर्माण का कार्य।	233248.01	4665	295	1 माह
5.	नगर पंचायत शेरगढ़ के वार्ड सं. 7 में धर्मेन्द्र कुमार के मकान से खेम करन के मकान तक इंटरलॉकिंग ब्रिक्स रोड व नाली निर्माण का कार्य।	324777.38	6496	413	1 माह
6.	नगर पंचायत शेरगढ़ के वार्ड सं. 7 में पप्पू कश्यप के मकान से मन्दिर व लिंक रोड में इंटरलाकिंग ब्रिक्स रोड व नाली निर्माण का कार्य।	499286.11	9986	590	1 माह
7.	नगर पंचायत शेरगढ़ के वार्ड सं. 9 में डूंगरपुर वाली पुलिया के पास आर.सी.सी. डिप व सी.सी. रैम्प का कार्य।	98813.12	1976	118	15 दिन
8.	नगर पंचायत शेरगढ़ के वार्ड सं. 7 में पी.वी.सी. पाइप लाइन राजेन्द्र के मकान से मुरारी लाल के मकान तक आर.सी.सी. डिप निर्माण कार्य।	91078.23	1822	118	15 दिन

शर्तें-
1. निर्माण कार्यों में गुणवत्ता खराब होने अद्योभापक होने पर, ठेकेदार की लापरवाही एवं तकनीकि खराबी के कारण कार्य की गुणवत्ता में कमी आने पर ठेकेदार का भुगतान काटा, रोका एवं जब्त किया जा सकता है।
2. आयकर/श्रमिक कर/जी.एस.टी. आदि की कटौती नियमानुसार की जायेगी।
3. निविदा की दरें साफ-साफ शब्दों व अंको में लिखना होगा अपूर्ण व कटिंग निविदा स्वीकार नहीं की जायेंगी।
4. सशर्त निविदायें स्वीकार नहीं की जायेंगी।

वीरेन्द्र प्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत शेरगढ़ (बरेली)
बुद्धसेन मौर्य, अध्यक्ष, नगर पंचायत शेरगढ़ (बरेली)

सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश
सिंचाई कार्यशाला खण्ड, बरेली
अल्पकालीन ई-निविदा सूचना सं0 12/WM/IWDB/2023-24

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा ऑनलाइन वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से प्री-क्वालीफिकेशन टेक्निकल विड एवं फाइनेंशियल बिड सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के यांत्रिक "ए" श्रेणी के पात्र पंजीकृत निविदादाताओं से दिनॉक 11/03/2024 को 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदाओं की सूचना निम्नानुसार है।

लॉट संख्या	कार्य का विवरण	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में	धरोहर धनराशि रू0 में	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	पंजीकृत श्रेणी
1	Carriagre and Erection of shutter assembly of Service(Spillway) Gate and Stop log Gate of Rohin Barrage, Maharajganj (As per BOQ)	17.93	35860.00	60 Days	रू0 1500 एवं GST 18% अतिरिक्त	यांत्रिक "ए" श्रेणी
2	Carriagre and Erection of Embedment parts ,shutter assembly , Super structure , Lifting Mechanism , Rollar assembly of Head Regulator and Staircase of Rohin Barrage, Maharajganj (As per BOQ)	8.42	16840.00	60 Days	रू0 1500 एवं GST 18% अतिरिक्त	यांत्रिक "ए" श्रेणी
3	Carriagre and Erection of Liftting Mechanism and Rollar assembly of Service Gates of Rohin Barrage, Maharajganj (As per BOQ)	33.60	67200.00	60 Days	रू0 1500 एवं GST 18% अतिरिक्त	यांत्रिक "ए" श्रेणी

B	बिड अपलोड करने की अवधि, जिसके साथ बिड डाक्यूमेंट शुल्क, बिड सिक्योरिटी, रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र एवं अन्य वांछित आवश्यक अभिलेख पी0डी0एफ0/एक्स00 एल0 फार्मेट में।	दिनॉक 07/03/2024 को समय 10:00 बजे से दिनॉक 11/03/2024 को 12.00 बजे तक
C	निविदा प्रपत्र शुल्क, बिड सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र एवं अन्य वांछित अभिलेख मूल रूप में कार्य प्रबंधक, सिंचाई कार्यशाला खण्ड बरेली के कार्यालय में जमा करने की निर्धारित तिथि व समय	दिनॉक 11/03/2024 को 12:00 बजे तक
D	आनलाइन पार्ट-'ए' प्री-क्वालीफिकेशन, टेक्निकल बिड 01 (धरोहर धनराशि व तकनीकी भाग) खोले जाने की तिथि एवं समय	दिनॉक 11/03/2024 को 12:30 बजे
E	आनलाइन पार्ट-'बी'(वित्तीय भाग) फाइनेंशियल बिड खोले जाने की तिथि एवं समय	पार्ट 'ए' खोलने एवं इवैल्यूएशन के उपरान्त
F	बिड खोले जाने का स्थान	कार्यालय कार्य प्रबंधक, सिंचाई कार्यशाला खण्ड, बरेली

निविदा सूचना, सूचना विभाग की वेब-साइट http://information.up.gov.in व सिंचाई विभाग की वेब-साइट http://idup.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र ई-प्रोक्योरमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in से डाउन लोड किये जा सकते हैं, परन्तु निविदा-प्रपत्र का मूल्य, कार्य प्रबंधक, सिंचाई कार्यशाला खण्ड, बरेली के नाम केवल इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन देय होगी जो निविदा के भाग-'ए' के साथ आवश्यक रूप से जमा किया जाएगा। निविदा-प्रपत्र का मूल्य, निविदा के भाग-ए' के साथ संलग्न न किये जाने की स्थिति में निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।

निविदा डालने से पूर्व ठेकेदार को साईट की विजिट स्वयं कर लेनी चाहिए। बजट एवं साइट की आवश्यकतानुसार कार्य की मात्रा घट/बढ़ सकती है।

UP-205117 दिनांक 04.03.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है। (कार्य प्रबन्धक)

अकामान् कामयति यः कामयानान् परित्यजेत्।
बलवन्तं च यो द्वेष्टि तमाहुर्मूढचेतसम् ॥

जो व्यक्ति अपने हितैषियों को त्याग देता है तथा अपने शत्रुओं को गले लगाता है और जो अपने से शक्तिशाली लोगों से शत्रुता रखता है, उसे महामूर्ख कहते हैं।

संपादकीय

ऊर्जा में आत्मनिर्भरता

बढ़ती ऊर्जा जरूरतों के चलते भारत 2030 तक दुनिया के तीसरे सबसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ता के रूप में यूरोपीय संघ से आगे निकल जाएगा। यानि भारत में वैश्विक स्तर पर किसी भी देश की तुलना में सबसे अधिक ऊर्जा मांग वृद्धि होने की उम्मीद है। इसलिए ऊर्जा का एक विश्वसनीय स्रोत होना बहुत जरूरी है। हम अब कोयले और अन्य स्रोतों पर निर्भर नहीं रह सकते। इसलिए हमें सौर ऊर्जा के लिए अपनी क्षमता का विस्तार करने की आवश्यकता है। पिछले सप्ताह मंत्रिमंडल ने 75,021 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दी। इस योजना में बिजली की पहुंच और देश की जलवायु परिवर्तन प्रतिबद्धता की पूरी गतिकी को बदल देने की क्षमता है। करीब एक करोड़ घरों को शामिल करने की संभावना वाली इस योजना के लाभार्थियों को हर महीने 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। इससे गरीब और मध्यम वर्ग का बिजली का बिल तो कम होगा ही, वहीं भारत उर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बनेगा। इस योजना के माध्यम से, शामिल घर बिजली बिल बचाने के साथ-साथ डिस्कॉम को अधिशेष बिजली की बिक्री के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित करने में सक्षम होंगे। तीन किलोवाट क्षमता वाली एक प्रणाली एक घर के लिए औसतन प्रति माह 300 से अधिक यूनिट उत्पन्न करने में सक्षम होगी। प्रस्तावित योजना के परिणामस्वरूप आवासीय क्षेत्र में छत पर स्थापित सौर ऊर्जा के माध्यम से 30 गीगावॉट की सौर क्षमता की बढ़ोतरी होगी, जिससे 1000 बीयू बिजली पैदा होगी और छत पर स्थापित सौर ऊर्जा प्रणाली के 25 साल के जीवनकाल में 720 मिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर उत्सर्जन में कमी आएगी। अनुमान है कि यह योजना विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स, आपूर्ति श्रृंखला, बिक्री, स्थापना, ओएंडएम और अन्य सेवाओं में लगभग 17 लाख प्रत्यक्ष नौकरियां पैदा करेगी।

करीब एक करोड़ गरीबों से लेकर मध्यम वर्ग के परिवारों को छत पर सोलर पैनलों से लैस करके, इस योजना का लक्ष्य पारंपरिक बिजली ग्रिडों पर उनकी निर्भरता को कम करना है। सार्वजनिक आंकड़ों से पता चलता है कि पूरे भारत में बिजली की औसत घरेलू खपत लगभग 100 यूनिट प्रति माह है, दिल्ली जैसे कुछ ही राज्यों में यह 300 यूनिट के करीब है। हालांकि नई सूर्य घर योजना पिछली योजनाओं के मुकाबले बेहतर लग रही है। जब तक सरकार बिजली वितरण कंपनियों की आपूर्ति और कीमत निर्धारण जैसी संरचनात्मक समस्याओं का समाधान नहीं करती, तब तक एक करोड़ घरों तक इसे पहुंचाने का लक्ष्य हासिल करना मुश्किल होगा। फिर भी इस योजना के कार्यान्वयन के साथ ऐसे भविष्य की आशा की जा सकती हैं, जहां भारत नवीकरणीय उर्जा में वैश्विक लीडर बन जाएगा।

भारत में अभी चालू है चेचक की सांस्कृतिक नैदानिक पद्धति

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

बच्चों और वयस्कों, दोनों को ही चेचक हो जाया करती। सभी वैद्यों और हकीमों को दवा या इलाज़ मालूम नहीं था। ब्रिटिश मेडिकल प्रैक्टिशनर्स को भी भारत में टीके के बारे में कम मालूमात थीं। इनके सिस्टम में यह दूसरे महायुद्ध के समय ही आया। भारत में तो आदिकाल से ही संक्रामक रोगों से बचाव के लिए कुछ दैवी शक्तियों की उत्पत्ति की गई।

सन 1963-64 में गांव के स्कूलों में चेचक से बचाव के टीके लगाए जाए थे। भारत के स्वास्थ्य तंत्र कर्मियों द्वारा खूब मेहनत करके करोड़ों बच्चों को तीसरी पीढ़ी का चेचक-प्रतिरक्षण टीका लगाया गया। तीसरी पीढ़ी के टीके क्षीण वैक्सीनिया वायरस पर आधारित होते हैं जो बहुत कम विषाणु जनित होते हैं और कम दुष्प्रभाव होते हैं। क्षीण वायरस, प्रतिकृति या गैर-प्रतिकृति हो सकते हैं। सन 1977 के अप्रैल महीने में संपूर्ण भारत को चेचक मुक्त घोषित कर दिया। यह कौतुक की बात है कि चेचक से मुक्त होने के बाद भी देश में चेचक से बचाव की देवी 'शीतला' माता की मान्यता जारी है और 1987 और 1992 के वर्ष में दौरान दो बार विज्ञान लोकप्रियकरण के लिए देशव्यापी आंदोलन चलाए जाने के बावजूद अभी तक चेचक से बचने के लिए लोकमान्यताएं पूरी शक्ति से लोगों के मन पर हावी हैं। ऐसी मान्यताओं की वैधता और अवैधता को मापने की जुर्रत किसी में नहीं है क्योंकि इससे अराजकता फैल सकती है।

चेचक की 'एटियलजि' को समझने और इस संक्रमण को नियंत्रित करने की कारगर विधि तलाश करने का पहला प्रयास सन 1796 में हालांकि ब्रिटिश फिजिशियन एडवर्ड जेनर ने शुरू किया था लेकिन वे सन 1798 तक एक कार्यकारी टीका बनाकर फील्ड-टेस्टिंग के लिए उपलब्ध करवा सके थे। बाद में ज़िंदा एनिमल्स की चमड़ी के जरिए टीका बनाया गया जो सुरक्षित नहीं थी। इसके बाद जब विषाणु को पृथक करने की टेक्नोलॉजी सुलभ हुई तो ज़िंदा विषाणु को ही टीके के बतौर इस्तेमाल किया गया। यह भी सुरक्षित विधि नहीं थी। 1970 आदि दशक तक विषाणु को क्षीण करके इसकी सर्फेस-प्रोटीन्स के जरिए एक सुरक्षित टीके का विकास संभव हुआ जिसे विश्व स्तर पर प्रयोग किया गया था ताकि चेचक के विषाणु के संपर्क के आने के बाद व्यक्ति को इन्फेक्शन हो जाए तो भी इसके दुष्प्रभाव उस पर न पड़ें। सन 1974 तक भी चेचक से भारत में ही हर साल 1.2-1.5 लाख लोग प्रभावित हो रहे थे और बहुत से मर भी जाते थे।

लंदन में कॉलेज ऑफ फिजिशियन के डॉ.जॉन जेड हॉलवेल ने सन 1767 में एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें बताया गया कि अठारहवीं शताब्दी के आयुर्वेदिक डॉक्टरों के दिमाग को समझने के लिए भारत से उपलब्ध हुई प्राचीन पांडुलिपि एक उत्कृष्ट स्रोत है। हॉलवेल का कहना था कि एक इनोक्यूलेटर के हाथ भारत में रहते हुए ऐसी पांडुलिपि हाथ लगी जिसका अध्ययन करने से इसमें जो लिखा था उन्हें मालूम हुआ तो वे चौंक पड़े थे। मालूम हुआ था कि विश्व में सर्प्रथम टीका बनाने की विधि सन 1000-1200 के आसपास आयुर्वेदाचार्यों ने विकसित की थी। इसमें औषधि को नाक के जरिये व्यक्ति को दिया जाता था। इस विधि का प्रसार चीन, मध्य एशिया और अफ्रीका में हुआ। इस विधि में व्यक्ति को वास्तव में ही हलके रॉप में चेचक निकलती और फफोलों से सारा द्रव बाहर निकल जाता। चमड़ी पर चन्द्रमा की सतह जैसे क्रेटरनुमा निशान नहीं पड़ते थे। लेकिन 19 वीं सदी के उत्तरार्द्ध तक भी यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन का न तो कांसेप्ट बना था और न ही वैक्सीन की इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग की जाती थी। भारत में सार्वजनिक टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत चेचक का प्रोफाइलेक्टिक टीका बच्चों को अब नहीं लगाया जाता। चेचक के आखिरी दौर में यह संक्रमण पूर्वी उत्तरप्रदेश और बिहार के संलग्न क्षेत्रों में ही व्याप्त था। अब कहीं नहीं है।

बच्चों और वयस्कों, दोनों को ही चेचक हो जाया करती। सभी वैद्यों और हकीमों को दवा या इलाज़ मालूम नहीं था। ब्रिटिश मेडिकल प्रैक्टिशनर्स को भी भारत में टीके के बारे में कम मालूमात थीं। इनके सिस्टम में यह दूसरे महायुद्ध के समय ही आया। भारत में तो आदिकाल से ही संक्रामक रोगों से बचाव के लिए कुछ दैवी शक्तियों की उत्पत्ति की गई जैसे कि बारहवीं सदी में उत्तर-पश्चिमी भारत और बंगाल में चेचक के लिए 'शीतला माता' का प्रतीकात्मक उदय।

समझने की जरूरत है कि इंडियन मेडिकल सर्विस के डॉक्टर अफसरों ने उस समय भारत में प्रचलित आयुर्वेद और सिद्ध मेडिकल सिस्टम्स के अलावा अरब चिकित्सा पद्धितयों का भी अध्ययन करके इसके साहित्य और वैद्यों और हकीमों की समझ और कार्यक्षमता पर भी अच्छी टिप्पणियां की थीं, लेकिन बहुत मामलों में इनकी नैदानिक पद्धति को पूर्णतः वैज्ञानिक करार नहीं दिया। शुरू में तो यूंही चलता रहा लेकिन उन्नसवीं सदी के उत्तरार्द्ध में ब्रिटिश इंडियन गवर्नमेंट ने कलकता, मद्रास और बॉम्बे प्रेसीडेंसीज में मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की जो अभी तक चालू हैं।

भारत में यूरोपियन चिकित्सा पद्धितयों को धीरे-धीरे न केवल विस्तार दिया जाने लगा बल्कि एक खास बात यह हुई कि इसमें यूरोपियन लोगों का भारत की जलवायु, खान-पान और स्थानीय सांस्कृतिक जन-जीवन के करीब होने से संक्रामक रोगों के होने की संभावना पर पैनी दृष्टि रखने के अलावा जो आयुर्वेज्ञानिक अध्ययन हुए इनका बहुत फायदा भारतीय लोगों को भी मिला जैसे कि उन दिनों मद्रास प्रेसीडेंसी में नीलगिरी की पहाड़ियों में स्थित कुनूर कस्बे में डॉ.रॉबर्ट मैक्कैरिसन ने सन 1911 में न्यूट्रीशन रिसर्च लैबोरेट्रीज की स्थापना की थी जिसमें प्रारंभ में भारतीय खाद्यान्नों, फल, सब्जियों, खाद्य तेल और घी की 'न्यूट्रीटिव वैल्यूज' का पता लगाया गया था जिसका उद्देश्य फौजियों के लिए उपयुक्त आहार निर्धारित करने के लिए किया गया। सन 1950 आदि दशक के दौरान न्यूट्रीशन रिसर्च लैबोरेट्रीज को हैदराबाद शिफ्ट करके नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ न्यूट्रीशन बनाया गया जो आज तक चालू है। ऐसे काम के दौरान विलियम क्रूक जैसे ब्रिटिश ऑफिसर्स भारत का सांस्कृतिक अध्ययन करने में जुटे थे जिसने सन 1893 में 'एन इंट्रोडक्शन टू द पॉपुलर रिलिजन एंड फोकलोर ऑफ़ नॉर्थन इंडिया' प्रकाशित की। क्रूक महोदय ने अपनी पुस्तक के तीसरे अध्याय 'द गॉडलिंग्स ऑफ़ डिजीज' में पेज 78 से 88 तक सिर्फ शीतला माता की मान्यता और विश्वास के बारे में जिक्र किया है जिसकी पूजा चेचक से बचने के लिए उत्तर-पश्चिम भारत की महिलाएं करती है। क्रूक की किताब छपने के 130 वर्ष बाद भी अधिकांश भारत में रोग से बचने के लिए अंधविश्वास, झाड़-फूंक और देव-देवियों की मान्यता और पूजा-अर्चना चालू है और महिलाएं श्रद्धापूर्वक चैत्र महीने की चंद्रोदय वाले पक्ष में आने वाली सप्तमी और अष्टमी में उन स्थानों पर जाती हैं जहां-जहां शीतला माता मंदिर हैं। क्रूक ने उस सभी स्थानों के नाम दिया है। रोहतक नगर में शीतला माता मंदिर में हज़ारों की संख्या में श्रद्धालु महिलाएं अभी आती हैं और सरसों के तेल से तैयार 'पूड़े' (मीठा पराठा) नैवेद्य के रूप में देवी को प्रस्तुत करती हैं।

गुरुग्राम का शीतला माता मंदिर तो प्रसिद्ध है जिसमें पूजा-अर्चना के लिए हर साल लाखों श्रद्धालु आते हैं। चैत्र का महीना इसलिए तय है कि ऋतु परिवर्तन के इसी समय पर चेचक के विषाणु का हमला मनुष्य पर होता है और अगले एक-दो महीना में प्रकोप के रूप में यह प्रकट होता था। यह जानना रोचक होगा कि बीमारियों से संबद्ध देवियां हिंदुओं के प्राचीन देवकुलों से बिलकुल अलग हैं। लोकविश्वास कायम रहने का ताज़ा उदाहरण 'कोरोना माता' का है जिसकी उत्पत्ति भारत में कोरोना संक्रमण काल में उत्तर प्रदेश के जिला प्रतापगढ़ में एक स्थान पर सन 2021 में की गई। इस बाबत एक शानदार शोधपत्र मेघा यादव ने स्विट्ज़रलैंड से प्रकाशित होने वाले'रिलिजन्स' जर्नल के लिए सन 2022 के अंक13 में पृष्ठ संख्या 1011-1023 पर लिखा है। संक्रामक बीमारियों को दैवी-प्रकोप मानने की रीति भारत और अफ्रीका महाद्वीप के मुल्कों में ही नहीं बल्कि यूरोपियन–खासतौर से ईस्टर्न यूरोप के देशों में भी व्याप्त रही। इसी बारे इंग्लैंड के डॉ. जेडी रौलेस्टन को याद करना जरूरी है जिन्होंनें 'फोकलोर ऑफ़ द डिजीजेज़' पर खूब काम किया और इस बारे में नेचर जैसी विख्यात पत्रिका में सन 1941 से लेकर 1945 तक, एक के बाद एक, शानदार टिप्पणियां प्रकाशित कीं जिसके अंतर्गत टीबी, चेचक, मिर्गी,अनजाने बुखार, यौन संक्रमण और दन्तदर्द पर लोक-विश्वास और वार्ताओं की प्रकृति और व्याप्तता पर इन्होंनें सामग्री इकट्ठा की थी।

प्रसंगवश

आजा नाच लै

> यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र आदि में बारातों में यों खुल कर सड़क पर डांस करने की शुरूआत सन 1947 में पार्टीशन के बाद वहां आकर बस गए रिफयूज़ी पंजाबियां ने मस्ती और जोश के प्रतीक भांगड़ा से की थी।

सत्तर के ऊपर निकले चार बरस हो चुके हैं बंदे को। मगर आज भी उसके पैर बैंड-बाजे के बेसुरे शोर पर थिरकने के लिए और जिस्म नृत्य की मुद्रा में आने को बेताब है। इसके साथ ही वो साठ व सत्तर के सालों के उस जमाने की याद में गुम हो जाता है जब तमाम मोहल्लों से बंदे की मंडली को लड़के की शादी में नाचने का न्यौता मिलता था। वे बारात के आगे-आगे 'कम सप्टेंबर' की धुन पर ट्विस्ट और 'नया दौर' के 'ये देश है वीर जवानों को अलबेलों का मस्तानों का' की बैंड-बाजे की बेसुरी धुनों पर जोशीला भांगड़ा करते थे। नागिन की बीन बजते ही बंदा ज़मीन पर लोट-पोट होकर सांप की तरह रेंगने और फुफकारने लगता था। हालांकि मंडली में इन मुद्दों पर अक्सर खासी बहस हुआ करती थी कि 'ये देश है वीर जवानों का' वाले डांस का बारात में क्या काम है? और इसके साथ ये 'दिल वाले दुल्हनिया ले जाएंगे' का क्या मतलब? अरे भाई सिर्फ मजबूत कद-काठी वालों को ही दुल्हनिया ले जाने का हक़ है? बेचारे दुबले-पतले और कमजोर को किस गली से दुल्हनिया हासिल होगी? कम से कम दुल्हनिया से तो पूछ लेते कि वो सेहरा सजाए दुल्हे के साथ जाने को तैयार भी है कि नहीं? सारे फैसले दुल्हा पक्ष के बुड्ढे-बुढियां ही किए जा रहे हैं। और फिर नागिन की तरह फुफकारने की क्या ज़रूरत है भाई? ये धुन तो दुल्हन की ओर से बजनी चाहिए।



वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र आदि में बारातों में यों खुल कर सड़क पर डांस करने की शुरूआत सन 1947 में पार्टीशन के बाद वहां आकर बस गए रिफयूज़ी पंजाबियां ने मस्ती और जोश के प्रतीक भांगड़ा से की थी। औरतों के बारात में सड़क पर खुलेआम नाचने की पहल भी पंजाबियों की देन है। उनके खुलेपन को शुरूआत में बड़ी हिकारत और संकीर्ण नज़र से देखा गया। चूंकि खुशी और मस्ती किसी एक वर्ग की नहीं बल्कि सांझी रवायत होती है और संगीत की धुन पर पैर स्वतः ही थिरकने लगते हैं। इसीलिए यह दिमागी सोच की संकीर्णता में बहुत दिनों तक सीमित नहीं रह पाई। तभी तो आज आलम ये है कि हरेक प्रदेश के हर वर्ग में शादी ही नहीं हर खुशी के मौके पर जमकर डिस्को डांस किए बिना जश्न पूरा नहीं होता है। छोटे से लेकर बूढ़े तक खूब नाचते-गाते-झूमते हैं। तकलीफ यह जरूर है कि ढोल काफी हद तक गायब हो गया है। आज से दस साल पहले तक तो बैंड-बाजे के साथ ढोल की थाप पर भांगड़ा करने वाले मस्तानों की टोली भी अलग से चलती थी। लेकिन वक्त और मौजूदा पीढ़ी की जरूरतों के साथ सब कुछ बदलता है। भांगड़ा भी अब डिस्को में गुम हो गया है। अब भांगड़ा डिस्को स्टाईल में उछलता, कूदता और थिरकता है।

बंदे का दौर गुज़रे आज लगभग तीस बरस हो चुके हैं। 'कम सेप्टेंबर' का ट्विस्ट गायब हो चुका है। मगर बंदे को फख्र है कि उस दौर की बाकी धुनें आज भी ज़िंदा हैं और बारातें इसके बिना अधूरी हैं। फिर बंदा याद करता है उस दिन को जब उसका बारातों में नाचने का दि एंड हुआ था। वो उसकी अपनी ही बारात थी। जैसे ही बैंड-बाजे ने 'ये देश है वीर जवानों का' की धुन छेड़ी, उधर घोड़ी पर बैठा बंदा भूल गया कि वो दुल्हा है। वो घोड़ी से कूद कर नाचने लगा था और खूब नाचा। दुल्हे का अपनी ही बारात में नाचना उस ज़माने में कौतुहल का विषय था। बड़े-बुजुर्ग बेहद नाराज़ और गुस्सा हुए थे।

अगली ट्रेजडी तो सुहागरात पर हुई थी। पत्नी गुस्से में फनफनाई और तमतमाई हुई थी। दरअसल, पति के भालू-बंदरों की तरह बारात में फूहड़ तरीके डांस की ख़बर से वो कतई खुश नहीं थी। उसे ये भी पता चल चुका था कि उसके पति यानी बंदे को नचनिया समझ कर बारातों में न्यौता मिलता था और खूब नचाया जाता था। उसे लगा था कि उसकी शादी किसी सड़क छाप नाचू से हुई है। उसकी सहेलियों ने जब इस बात पर उससे मज़ाक किया था तो उसे ये बहुत ही खराब लगा था।

बहरहाल वो बामुश्किल इस शर्त पर ठंडी हुई थी कि आइंदा से बंदा किसी भी बारात में किसी भी किस्म का डांस नहीं करेगा। वो दिन है और आज का दिन। इस दौरान बंदे ने सैकड़ों बारातें अटेंड की हैं। मगर पैर तक नहीं थिरका उसका।

कैसे नियंत्रित हो सियासत में काला धन

पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

> कल्याणकारी और लोकतंत्रात्मक शासन के लिए चुनावी तंत्र में आमूल चूल परिवर्तन अनिवार्य है और इसकी शुरुआत वित्तीय तंत्र से ही करनी होगी।

बीते कुछ दिनों में देश की सियासत में जो कुछ हो रहा है, उससे भले ही सरकार बन और बिगड़ रही हो लेकिन इससे लोकतंत्र की मूल आत्मा पर कुठाराघात तो हुआ ही है। एक तो सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्शन बांड से राजनीतिक दलों की चंदा लेने की प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी पाई और उसे अवैध घोषित कर दिया। फिर चुनाव आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध आंकड़ों के विश्लेषण के बाद एक समाचार पोर्टल ने बताया कि किस तरह राजनैतिक चंदे-सरकार और सरकार की जांच एजेंसियों के बीच मिलीभगत होती है। उसी दौरान चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव में महज 36 में से आठ वोट लूट गए, वह भी कैमरे के सामने और सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव परिणाम में दखल दिया। दूसरी बात स्पष्ट है कि संविधान निहित दलबदल कानून अब रद्दी का टुकड़ा है और यह केवल ताकतवर को और शक्ति देने के लिए ही दुरुपयोग का है। तीसरा अब मान लो कि लोकतंत्र का अर्थ है-जिसकी लाठी- उसकी भैंस-जिस राज्य में जिसकी ताकत है वह वोट लूट लेगा। आम लोग जो मत या वोट देते हैं वह नेता के लिए लाखों की कमी का जरिया मात्र है।

भारत में लोकतंत्रात्मक गणराज्य का सपना देखने वाले सेनानियों का मत था कि 'वोट के लिए निजी अपील करना संसदीय लोकतंत्र और सामूहिक हित की भावना के प्रतिकूल है। वोट मांगने का काम केवल सार्वजनिक सभाओं के जरिए होना चाहिए।' यदि कोई भी सरकार लोकतंत्र की इस मूल भावना को जीवित रखने के लिए निर्वाचन प्रक्रिया में आमूल-चूल परिवर्तन करती है तो आम आदमी खुद को लोकतंत्र के करीब समझेगा। असल में यह किसी से छिपा नहीं है कि चुनाव बहुत खर्चीले हो गए हैं। किसी भी दल से टिकट पाना हो या प्रचार के लिए समर्थकों को मैदान में भेजना या फिर मतदाताओं को रिझाना-लुभाना, सभी कुछ केवल धन पर आश्रित है और चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित सीमा में ये सब खर्च संभव नहीं होता। ऊपर के खर्चों के लिए ऊपर से ही कमाई होती है और इस राह में अनाचार, भ्रष्टाचार और दुराचार को विजेता की नैतिकता का जामा पहना दिया जाता है।

यह समय की मांग है कि एक जन कल्याणकारी और लोकतंत्रात्मक शासन के लिए चुनावी तंत्र में आमूल चूल परिवर्तन अनिवार्य है और इसकी शुरुआत वित्तीय तंत्र से ही करनी होगी। ऐसा नहीं कि चुनाव सुधार के कोई प्रयास किए गए नहीं, लेकिन विडंबना है कि सभी सियासती पार्टियों ने उनमें रूचि नहीं दिखाई। वीपी सिंह वाली राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार में कानून मंत्री दिनेश गोस्वामी की अगुआई में सन 1990 में गठित चुनाव सुधारों की कमेटी का सुझाव था कि राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त दलों को सरकार की ओर से वाहन, ईंधन, मतदाता सूचियां, लाउड-स्पीकर आदि मुहैया करवाए जाने चाहिए। इसमें यह भी कहा गया था कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों को न केवल सरकार के अंतर्गत किसी नियुक्ति बल्कि राज्यपाल के पद सहित किसी अन्य पद के लिए अयोग्य घोषित किया जाना चाहिए। साथ ही किसी भी व्यक्ति को दो से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों पर चुनाव लड़ने की अनुमति न देने, निर्दलीय चुनाव लड़ने पर जमानत राशि बढ़ाने की बात भी इस रिपोर्ट में थी।

राजनैतिक दलों का चंदा एकत्र करने का तरीका चुनाव के दौरान और बाद में भ्रष्टाचार को बेहिसाब बढ़ावा देता है। 1970 में प्रत्यक्ष कर जान के लिए गठित वांचू कमेटी की रपट में कहा था कि चुनावों में अंधाधुंध खर्चा काले धन को प्रोत्साहित करता है। अगस्त-98 में एक जनहित याचिका पर फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिए थे कि उम्मीदवारों के खर्च में उसकी पार्टी के खर्च को भी शामिल किया जाए। आदेश में इस बात पर खेद जताया गया था कि सियासती पार्टियां अपने लेन-देन खातों का नियमित ऑडिट नहीं कराती हैं। अदालत ने ऐसे दलों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही के भी निर्देश दिए थे। लेकिन हुआ कुछ भी नहीं।

असल बात तो यह है कि अब चुनाव आम आदमी की पहुंच से दूर होता जा रहा है, उसी का परिणाम है कि उससे उपजा प्रतिनिधि भी जनता से बहुत दूर है। तभी उसके समाज से सरोकार नहीं है और जनता भी वोट देने के बावजूद उसे अपना 'प्रतिनिधि' नहीं मानती। दिनों दिन बढ़ती यही दूरी लोकतंत्र को नए किस्म की राजशाही में परिवर्तित कर रही है। चुनाव प्रक्रिया में शुचिता, पारदर्शिता और खर्च काम करना आज लोकतंत्र के सशक्तिकरण की अनिवार्य जरूरत है।

सोशल फोरम

राजनीति की गंगा

एक पार्टी के बारे में अक्सर विपक्षी कहते हैं कि वह राजनीतिज्ञों के पापों को भी पुण्य में बदल देती है। दरअसल मोक्षदायिनी गंगा में पहले यही गुण था। वैज्ञानिकों के अनुसार गंगाजल में बैक्टेरियोफेज कभी खूब थे जो हानिकर रोगाणुओं का भक्षण कर जल को रोगमुक्त करते थे। मगर इसकी भी एक सीमा थी। अब गंगाजल में बैक्टेरियोफेज कमतर हो चले हैं और कई जगह तो गंगाजल इतना अशुद्ध हो चला है कि पीने की कौन कहे, वह स्पर्श लायक भी नहीं है।

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

लोकसभा चुनाव के लिए एक पार्टी के हाल के आबंटित टिकटों के कुछ चेहरे भी ऐसे हैं जिनके बारे में विपक्षियों का यह आक्षेप कि इस पार्टी में आकर जघन्य पाप भी धुल जाते हैं, सही लगता है। आखिर इस राजनीतिक गंगा की भी दोष प्रक्षालन की कोई तो सीमा होगी? और यह भी ध्यातव्य है कि इस समय यह पार्टी अपनी लोकप्रियता के चरम बिन्दु पर है। और चरम बिन्दु के तदनंतर क्या होता है कहने की जरुरत नहीं।

कथित पार्टी की सफलता का मूल कारण केवल एक है-हिन्दू माईंड सेट को सेट कर लेना। उसके मन की बात को भांपना और तदनुसार रणनीतियां बनाना। राम जी तो सभी का बेड़ा पार करते हैं और इस पार्टी के यूसपी तो राम जी ही है। जन जन, जन मन में व्याप्त राम जी। राम जी राजनैतिक नैया पार कराने के भी शर्तियां माध्यम बन गए हैं। और राम नाम की इसी बहती गंगा में हाथ धोने कथित पार्टी में शामिल हो रहे हैं लोग, जो पापों को धो देने की गारंटी देती है। मगर जनता सब देख रही है। राम जी तो ठीक हैं मगर आखिर में काम, किया गया जमीनी काम ही आएगा। यह यूफोरिया, यह नशा हमेशा के लिए नहीं है। उत्कर्ष पर पहुंच कर संभलना बहुत मुश्किल होता है। तनिक भी संतुलन बिगड़ा बस सीधे नीचे।

यह संभलने का वक्त है। टिके रहने का वक्त है। अन्यथा जिस जनादेश ने अर्श तक पहुंचाया वही फर्श तक भी पहुंचाने का काम अंजाम देगी। समय रहते इस पार्टी के आलाकमान को चेतने का समय है।

-फेसबुक वॉल से

कुबेर का घमंड

कुबेर को घमंड हो गया था कि वो ब्रह्मांड में सबसे अमीर है। आप भी जानते हैं कि कुबेर रावण के सौतेले भाई थे। काम था लोगों के धन को अपने पास रखने का। तकनीकी भाषा में कहें तो वो खजांची थे। लेकिन उन्हें लगने लगा था कि उनके पास जो कुछ है, वो सब उन्हीं का है। वो रात-दिन लोगों को अपनी संपत्ति दिखलाते थे। जताते थे कि वो ब्रह्मांड में सबसे दिमागदार हैं, इसीलिए उनके पास इतनी संपत्ति है।

एक बार रावण ने शिव से कुबेर की मुलाकात कराई। कुबेर के सिर पर दौलत की सनक देख शिव ने कहा कि तुम्हारे पाल इतनी दौलत है। लेकिन क्या फायदा? तुम अपने वैभव का प्रदर्शन ठीक से नहीं कर पा रहे हो। ऐसा करो कि तुम तीनों लोकों के देवताओं को अपने बसाए किसी नगर (लंका) में भव्य पार्टी दो। लोगों को दिखला दो कि तुम क्या हो। दौलत हो तो उसका प्रदर्शन भी होना चाहिए। कुबेर को बात भा गई। सही बात है, इतना है तो इसका प्रदर्शन तो बनता है। कुबेर ने पार्टी की तैयारी कर ली। तैयारी क्या करनी थी? उनके पास तो पूरा देश था सोने (गोल्ड) का। उन्होंने सभी को न्योता भेजा। शिव को भी न्योता भेजा।



संजय सिन्हा
वरिष्ठ पत्रकार

शिव थोड़ा व्यस्त थे। वो खुद पार्टी में नहीं गए, लेकिन व्यवहार निभाने के लिए अपने पुत्र गणेश को उन्होंने भेज दिया। घर से कोई जाए, व्यवहार दे आए तो उपस्थिति दर्ज हो जाती है। गणेश तो गणेश थे। खाना परोसा गया। सभी देवता भोजन शुरू करते उससे पहले ही गणेश सारा भोजन चट कर गए। भोजन खत्म हो गया लेकिन गणेश का पेट भरा नहीं था। बाकी मेहमान अभी भूखे ही थे। गणेश ने कहा कि और खाना लाओ। कुबेर हतप्रभ। सारा खाना अकेले गणेश हजम कर गए? उन्होंने हाथ जोड़ दिए। कोई इतना खाता है क्या? सबके हिस्से का खाकर भी कह रहे हैं, और खिलाओ।

गणेश अभी भूखे थे। उन्होंने कहा कि खाना खत्म हो गया, इस बात से उनका कोई मतलब नहीं। उन्हें तो भूख लगी है, खाना चाहिए। और उन्होंने कुबेर को दौड़ा लिया।

आप कहानी में लॉजिक मत तलाशिएगा कि गणेश ने ऐसा कब कहा, कहां कहा? गणेश का क्रोध देख कर कुबेर जान बचा कर भागे। आगे-आगे कुबेर। पीछे-पीछे गणेश। भागते-भागते कुबेर हिमालय पहुंचे, शिव के पास। 'प्रभु रक्षा कीजिए। गणेश पूरा खाना खाने के बाद भी तुष्ट नहीं हुए हैं। अब मेरे पीछे पड़ गए हैं।' शिव मुस्कुराए। उन्होंने पार्वती की ओर देखा। पार्वती ने एक मोदक गणेश के मुंह में डाला। गणेश तुष्ट हो गए। शांत होकर बैठ गए। कुबेर हैरान थे। इतने पकवान खा कर जिसका उदर शांत नहीं हुआ था, मां के हाथों एक मोदक में शांत हो गया? वो शिव के चरणों पर लेट गए। 'प्रभु, ये क्या है?'

'ये मन है। जब मन संतुष्ट हो गया तो गणेश शांत हो गए। पेट भरना कुछ नहीं होता। महत्वपूर्ण है मन का भरना। जिसका मन तुष्ट वो संसार में सबसे अमीर। सुनो कुबेर, तुम सबसे अमीर नहीं हो। क्यों नहीं हो क्योंकि तुम्हारा मन तुष्ट नहीं है। और जिसे तुम अपना कहते हो, वो तुम्हारा है क्या?' कुबेर को अहसास हो गया था कि जिस दौलत का वो प्रदर्शन कर रहे थे, जिस पर इतरा रहे थे, वो असल में कुछ भी नहीं। असल में वो दौलत उनकी थी ही नहीं। दौलत किसी एक की होती ही नहीं है।

खूबसूरत और रहस्यमयी पहेली

> वो जानती है 'चेहरे' दुनिया का सबसे बड़ा झूठ और 'नाम' महज पुकार हैं। उसे यकीन है मुस्कुराती हुई लड़की दुनिया की सबसे खूबसूरत और रहस्यमयी पहेली है।

वो तब सबसे अधिक मजबूत होती है जब दुनिया उसे कमजोर करने की कोशिश करती है। वो भीड़ में कभी गुम नही होती और तन्हाई में भी आत्मविश्वासी बनी रहती है। पुरूषों को आकर्षित करने की बजाय वो खुद को फूल देती है। वो अपनी मनपसंद है। बुरा बर्ताव करने वालों को वो कतई बर्दाश्त नहीं करती और उनकी तरफ ध्यान भी नही देती जो उसे काबू करना चाहते हैं। वो एक लच्छेदार बालों वाले गोरे लड़के पर फिदा है और चुपके-चुपके उसे जी भर कर दुआ देती है। अपनी गल्तियों पर वो शर्मिंदा नहीं होती बल्कि उनको सीख की तरह इस्तेमाल करती है। पछताने का उसे वक्त नहीं मिलता। वो खुद को स्त्री होने का आदर देती है।

निधि नित्या
जबलपुर

वो जानती है 'चेहरे' दुनिया का सबसे बड़ा झूठ और 'नाम' महज पुकार हैं। उसे यकीन है मुस्कुराती हुई लड़की दुनिया की सबसे खूबसूरत और रहस्यमयी पहेली है। पहले से किसी रिश्ते में रह रहा पुरुष या विवाहित पुरुष किसी और स्त्री के पास इसलिए चला जाता है क्योंकि वो दूसरी स्त्री उसके ईगो को फीड करती है। ज़्यादातर पुरुष उस स्त्री के साथ रहना पसंद करते हैं जो उसके आधीन रहना सहजता से स्वीकार कर लेती है। ज़्यादातर पुरुष सक्षम और मज़बूत स्त्रियों के साथ रहना नहीं चाहते हैं। दूसरे शब्दों में कहूं तो पुरुष रिलेशनशिप में उस स्त्री को अधिक पसंद करता है जो मानसिक रूप से कमज़ोर होती है या जो पुरुष पर अपनी मेन्टल डिपेंडेंसी दिखाती रहती है।

इस बात को थोड़ा सा विश्लेषित करेंगे तो समझ आएगा कि जो पुरुष स्वयं मानसिक रूप से और वैचारिक रूप से कमज़ोर होते हैं वे ऐसी स्त्रियों को पसंद करते हैं जो उनको भगवान या तारनहार बने रहने का सुख देती है। इसके विपरीत समक्ष स्त्री उनकी पसंद तब होती है जब वो उनके ज़िम्मेदारी के बोझ को कम कर सकती हो। चाहे वो ज़िम्मेदारी परिवार, समाज या कमाई, कर्तव्य की हो। दोनों विपरीत बात और आंकलन हैं। ये मेरा व्यक्तिगत अनुभव है जो लोगों से मिलने पर मिला।

एक नजर

राष्ट्रपति आज देंगी 2022 व 2023 के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज बुधवार को प्रदर्शन कला के क्षेत्र में 94 प्रतिष्ठित कलाकारों को वर्ष 2022 और 2023 के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्रदान करेंगी। संस्कृति मंत्रालय ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति इस समारोह में साल 2022 और 2023 के लिए अकादमी पुरस्कारों के अलावा सात प्रतिष्ठित कलाकारों (एक संयुक्त फेलोशिप) को संगीत नाटक अकादमी फेलोशिप (अकादमी रत्न) भी प्रदान करेंगी। अकादमी पुरस्कार साल 1952 से प्रदान किए जा रहे हैं। ये सम्मान न केवल उत्कृष्टता और उपलब्धि के उच्चतम मानक के प्रतीक हैं, बल्कि निरंतर व्यक्तिगत कार्य और योगदान को भी मान्यता देते हैं। अकादमी फेलोशिप के तहत तीन लाख रुपये की नकद धनराशि प्रदान की जाती है। वहीं, अकादमी पुरस्कार के तहत ताम्रपत्र और अंगवस्त्रम् के अलावा एक लाख रुपये की नकद धनराशि दी जाती है।

हरियाणा सरकार ने 15 हजार की मातृभाषा सत्याग्रही पेंशन

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने हिंदी आंदोलन-1957 के मातृभाषा सत्याग्रहियों की मासिक पेंशन मंगलवार को 10,000 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला किया गया। हरियाणा राज्य शुभ्र ज्योत्सना पेंशन और अन्य सुविधाएं योजना, 2018 के तहत मासिक पेंशन को 10,000 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये करने को मंजूरी दी गयी। बयान के अनुसार बढ़ी हुई पेंशन तत्काल प्रभाव से लागू होगी। वर्ष 1957 में, तत्कालीन पंजाब के कई हिंदीभाषी लोगों ने अपनी मातृभाषा के सम्मान, प्रचार और कार्यान्वयन के लिए आंदोलन किया था और उन्हें मातृभाषा सत्याग्रही कहा जाता है। मंत्रिमंडल ने हिसार जिले के चार गांवों में लोगों को आवासीय भूखंडों का मालिकाना हक देने के लिए एक नीति बनाने को भी मंजूरी दी। इस नीति के तहत, 31 मार्च, 2023 तक हिसार में 234 एकड़ से अधिक सरकारी पशुधन फार्म भूमि पर निर्मित आवास वाले लोग स्वामित्व अधिकार के लिए पात्र होंगे।

एनसीडीआरसी ने अपोलो व दो डॉक्टरों पर लगाया 30 लाख का जुर्माना

नई दिल्ली। राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) ने चिकित्सीय लापरवाही के एक मामले में चेन्नई के अपोलो स्पेशलिटी अस्पताल और उसके दो चिकित्सकों पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। एनसीडीआरसी अप्रैल 2015 में रीढ़ की हड्डी की एक सर्जरी के बाद मरीज की देखभाल में अस्पताल और उसके दो चिकित्सकों की ओर से लापरवाही के संबंध में एक शिकायत सुन रहा था। सर्जरी के बाद मरीज को होश नहीं आया और वह अचेतावस्था में था। शिकायत लंबित रहने के दौरान अप्रैल 2017 में उसकी मृत्यु हो गई। एनसीडीआरसी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ए पी साही हैं। आयोग ने कहा कि मरीज के बेटे और पत्नी ने अपोलो स्पेशलिटी हॉस्पिटल, चेन्नई; अपोलो हॉस्पिटल एंटरप्राइज लिमिटेड, सर्जन साजन के हेगड़े और वसंत रूपन के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी थी। शिकायतकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता मधुकर पांडे पेश हुए। शिकायत के अनुसार, मरीज की 20 अप्रैल, 2015 को चेन्नई के अपोलो स्पेशलिटी अस्पताल में रीढ़ की हड्डी की सर्जरी हुई, लेकिन अस्पताल और चिकित्सकों की लापरवाही के कारण उसे कभी होश नहीं आया।

प्यार की खातिर कराया लिंग परिवर्तन और सर्जरी, धोखा मिलने पर प्रेमी के चाचा की कार में आग लगा दी

एक करोड़ खर्च कर दीप से बन गई दीपा, मिला धोखा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। चकेरी थानाक्षेत्र के श्यामनगर में रेस्टोरेंट के बाहर खड़ी कार को पेट्रोल डालकर आग लगाने की घटना का पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। पुलिस ने बताया कि इंदौर की एक ट्रांसजेंडर दीप से श्यामनगर के रेस्टोरेंट संचालक ने प्यार का नाटक किया। ट्रांसजेंडर ने एक करोड़ रुपये खर्च कर लिंग परिवर्तन, चेहरे और ब्रेस्ट की सर्जरी कराई लेकिन प्रेमी शादी से मुकर गया। धोखा मिलने पर बदला लेने के लिए ट्रांसजेंडर ने अपने दोस्त के साथ मिलकर बेवफा प्रेमी के चाचा की कार में आग लगाई थी। पुलिस ने ट्रांसजेंडर और उसके दोस्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

श्याम नगर रामपुरम निवासी अनूप कुमार शुक्ला ने बताया था कि उनका स्टूडियो है। वे घर के बाहर पार्किंग में कार खड़ी करते हैं। रविवार देर रात कार धू-धू कर जलने लगी थी। घटना वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गई थी। जहां एक युवक गेट खोलकर अंदर घुसा इसके बाद हाथ में लिए बोतल से कार की छत पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी।

मंगलवार को डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि कार मालिक अनूप कुमार शुक्ला के भतीजे रेस्टोरेंट संचालक वैभव शुक्ला की इंदौर निवासी ट्रांसजेंडर दीप तनवानिया से नजदीकी थी। इंस्ट्राग्राम के जरिए दोनों में दोस्ती हुई थी। वैभव ने उससे शादी करने का झांसा दिया था। शर्त थी कि लिंग परिवर्तन कराना पड़ेगा। इसके बाद ट्रांसजेंडर दीप तनवानिया ने करीब 60 से 65 लाख रुपये खर्च करके अपना जेंडर चेंज कराया था। इसके बाद 40 लाख रुपये ज्यादा खर्च करके अपनी ब्रेस्ट सर्जरी और फेस सर्जरी कराई थी जिससे कि वह लड़कियों जैसे दिखे। करीब एक करोड़ रुपये खर्च करने के बाद भी वैभव शादी से मुकर गया और कहा कि तुम्हारे बच्चे नहीं हो सकते हैं। इसी खुन्नस में दीप तनवानिया अपने साथी भोपाल निवासी रोहन यादव के साथ कानपुर पहुंची। इसके बाद दोनों ने 500 रुपये में किराये की स्कूटी ली और पेट्रोल फुल कराया। इसके बाद सुनसान जगह पर बोतल में पेट्रोल निकालकर बदला लेने के लिए रेस्टोरेंट के बाहर खड़ी वैभव शुक्ला के चाचा की कार को पेट्रोल डालकर फूंक दिया था। वारदात को अंजाम देकर दोनों भाग निकले थे। पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र की मदद से इंदौर जा रही बस का पीछा करके फजलगंज के पास से दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

दीप से दीपा बना युवक पुलिस हिरासत में।

▸▸ श्याम नगर में ट्रांसजेंडर ने दोस्त के साथ मिलकर पेट्रोल डालकर फूंक डाली थी कार

कानपुर-इंदौर के चक्कर लगाए लेकिन नहीं मिली सजा

कई बार कानपुर और इंदौर के थानों में चक्कर लगाए। इंदौर में केस तो दर्ज हुआ लेकिन वैभव को उसके किए की सजा नहीं मिल रही थी। पूरी पूरी रात जागते कट जाती थी। आखिर सोचा कि अपना बदला खुद ही लिया जाए। इसके बाद फिर कानपुर आई और ये कांड कर दिया।

सब कुछ किया कुर्बान, फिर बदला लेने को ठानी

इस चौंकाने वाले अनोखे मामले में ट्रांसजेंडर ने पुलिस को बताया कि वैभव शुक्ला से उसका तीन वर्ष से रिलेश्नशिप था। उसने उसे धोखा देकर लाखों रुपये ठगे थे। उसने प्यार के खातिर सब कुछ कुर्बान कर दिया था। उसने वैभव को रेस्टोरेंट खोलने, कार खरीदने के लिए भी रुपये दिए थे। अक्सर वैभव उससे बेवजह की जरूरतें बताकर रुपये ले जाता था। जब भी वह मिलता तो पहले बीयर पीने को मजबूर करता था, बाद में शराब पिलाने लगा था। कहता था कि अगर तुम लड़की होते तो मैं तुमसे शादी कर लेता। मैंने सोचा कि वैभव वास्तव में मुझसे प्यार करता है, कुछ करीबियों से राय ली तो उन्होंने जेंडर चेंज कराने की सलाह दी। वैभव ने कहा कि वह अगर जेंडर चेंज करा लेगा तो वह उससे शादी कर लेगा। शादी का झांसा देकर उसने कई बार उससे अप्राकृतिक यौन संबंध बनाए। पुलिस के सामने अपने बयानों में ट्रांसजेंडर ने बताया कि लगभग एक करोड़ रुपये खर्च कर उसने खुद को क्या से क्या बना लिया। इसके बाद वैभव ने उसे स्वरूप नगर बुलाया और एक होटल में ले जाकर उसके साथ संबंध बनाए। देर शाम रेस्टोरेंट में बैठकर वे बातें कर रहे थे इसी दौरान वैभव ने उससे कहा कि वह बच्चे पैदा नहीं कर सकती इसलिए वह उससे शादी नहीं कर सकता। पहले तो वह मजाक समझी लेकिन जब असलियत सामने आई तो पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई। फिर वह इंदौर चली गई।

तमिलनाडु में 108 करोड़ के 99 किग्रा मादक पदार्थ जब्त

चेन्नई। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) और भारतीय तटरक्षक ने तमिलनाडु में मंडपम तट के पास एक देशी नाव से 99 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया है, जिसकी कीमत 108 करोड़ रुपये बताई जा रही है। मंगलवार को एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

नाव श्रीलंका की ओर जा रही थी और राजस्व खुफिया निदेशालय की चेन्नई इकाई और भारतीय तटरक्षक मंडपम के अधिकारियों के संयुक्त दस्ते ने नाव का पीछे करने बाद इसे रोक लिया। एक गुप्त सूचना मिली कि समुद्री तट के पास तटीय मार्ग के माध्यम से भारत से श्रीलंका में नशीले पदार्थों की तस्करी की जा रही है, जिसके बाद मंडपम समुद्री तट अधिकारियों ने चार और पांच मार्च की मध्यरात्रि को तटरक्षक जहाज के माध्यम से मन्नार की खाड़ी पर निगरानी रखी। निगरानी के दौरान, डीआरआई और तटरक्षक बल के अधिकारियों ने श्रीलंका की ओर जा रही एक देशी नाव की पहचान की और उसे रोक लिया।

भारत जोड़ो यात्रा में 'मोदी-मोदी' के नारे

राहुल बोले- नफरत के बाजार में खोल रखी है मोहब्बत की दुकान, नारेबाजों से मिले

शाजापुर (मप्र), एजेंसी

राहुल गांधी के नेतृत्व में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' मंगलवार को जब मध्य प्रदेश के शाजापुर शहर से गुजर रही थी तो मोदी-मोदीके नारे लगाए गए। कांग्रेस नेता गांधी ने अपना काफिला रोकर नारे लगा रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें आलू दिए और गांधी ने 'फ्लाइंग किस' दिया। बाद में शाम को, गांधी ने एक सभा को संबोधित करते हुए इस घटना का उल्लेख किया और कहा कि नफरत के बाज़ारमें मोहब्बत की दुकानखोलकर ऐसी घटनाओं का सामना करना आसान है। जब यह यात्रा शाजापुर से गुजर रहा थी तो एबी रोड पर पार्षद मुकेश दुबे के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं का एक समूह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा में मोदी-मोदीके नारे लगा रहा था। समूह को देखते ही गांधी ने उनके साथ बातचीत करने के लिए काफिला रोक दिया और एक-दूसरे का अभिवादन किया, हाथ मिलाया, जबकि भाजपा कार्यकर्ताओं ने जय श्री रामके नारे लगाए।

भाजपा कार्यकर्ताओं से मिलने और हाथ मिलाने के बाद गांधी अपने वाहन की ओर लौट गये। वाहन में बैठकर, उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के समूह की ओर हाथ हिलाया और उन्हें 'फ्लाइंग किस' दी। बाद में 'पीटीआई-भाषा' से बात करते हुए, शाजापुर नगर परिषद के वार्ड नंबर 28 का प्रतिनिधित्व करने वाले भाजपा पार्षद दुबे ने कहा कि जब उन्होंने 'मोदी-मोदी' और 'जय श्री राम' के नारे लगाए तो गांधी वाहन से उतरकर नीचे आए। उन्होंने कहा, ''मैंने गांधी से कहा कि आपका स्वागत है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कांग्रेस नेता को आलू भी सौंपे। गांधी की यात्रा बाद में यहां से उज्जैन के लिए रवाना हुई। उज्जैन में अपने वाहन से एक सभा को संबोधित करते हुए, गांधी ने कहा, नफरत के बाजार में प्यार की दुकान खोलो। यह काफी आसान है। यह उतना मुश्किल नहीं है। कभी-कभी यात्रा के दौरान ऐसा होता है, जैसे आज हुआ।

उन्होंने कहा, भाजपा के तीन-चार लोग झंडे लेकर खड़े थे। वे चिल्ला रहे थे। मैंने गाड़ी से उतरकर हाथ मिलाया और पूछा भाई कैसे हो? और उन्होंने चिल्लाना बंद कर दिया और मुस्कुराने लगे और फिर जब मैं जा रहा था, तो वे ऐसा ही (फ्लाइंग किस) कर रहे थे। इससे पहले, गांधी ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के साथ उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की।

न्याय यात्रा के दौरान उमड़ी भीड़ का अभिवादन स्वीकार करते राहुल गांधी।

कांग्रेस के घोषणा पत्र में युवाओं पर होगा फोकस

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ 'रोजगार का अधिकार' देने, पेपर लीक के खिलाफ सख्त कानून जैसे चुनावी वादों की तैयारी में कांग्रेस

कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को अपने चुनावी घोषणा पत्र के मसौदे को अंतिम रूप दे दिया जो 'न्याय के पांच स्तंभों' पर केंद्रित रहने वाला है और जिसमें पार्टी 'रोजगार का अधिकार' देने, पेपर लीक के खिलाफ सख्त कानून बनाने, जाति जनगणना कराने तथा 'अग्निपथ' योजना को खत्म करने जैसे कई बड़े वादे कर सकती है।

पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा मध्य प्रदेश के बदनावर में एक सार्वजनिक रैली के दौरान 'रोजगार के अधिकार' पर घोषणा करने की संभावना है। इस सभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी दोनों मौजूद रहेंगे। एक सूत्र ने कहा, यह पहली बार है कि देश के युवाओं को 'रोजगार का अधिकार' देने की ऐसी योजना लाई जाएगी और युवाओं को कुछ भत्ता भी दिया जा सकता है।

सूत्रों के अनुसार, पार्टी देश में पेपर लीक के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कानून और सजा का प्रावधान करेगी और अपने घोषणापत्र में सरकारी भर्तियों में पारदर्शिता लाने के उपाय सुझाएगी। पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम की अध्यक्षता वाली घोषणा पत्र समिति ने चुनावी मुद्दों के संदर्भ में लंबी मंत्रणा की है। पार्टी की घोषणापत्र समिति में प्रियंका गांधी वाद्रा, शशि थरूर, जयराम रमेश और आनंद शर्मा जैसे वरिष्ठ नेता शामिल हैं। समिति के प्रमुख सदस्यों ने मंगलवार दोपहर पार्टी मुख्यालय में बैठक की और दस्तावेज के मसौदे को अंतिम रूप दिया। उनकी सोमवार को भी यहां बैठक हुई थी। समिति के बैठक के बाद चिदंबरम ने कहा, हमने घोषणापत्र का मसौदा तैयार कर लिया है।

परंपरा का उत्सव

मंगलवार को पुणे से 50 किमी दूर वीर गांव में श्रीनाथ वीर म्हस्कोबा उत्सव मनाया गया। इसमें हजारों शिव भक्तों ने हिस्सा लिया और परंपरा निभाते हुए एक-दूसरे पर लाल रंग लगाया। यह भगवान शिव के अवतार और उनके विवाह का उत्सव है। यह माघ पूर्णिमा को मनाया जाता है और 10 दिनों तक जारी रहता है। ● एजेंसी

डॉ. भीमराव आंबेडकर पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में एक गिरफ्तार

मुंबई। डॉ. भीमराव आंबेडकर के बारे में सोशल मीडिया पर कथित तौर पर आपत्तिजनक पोस्ट लिखने के आरोप में मुंबई पुलिस की अपराध आसूचना इकाई ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे एक अभ्यर्थी को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि बीड जिले के रहने वाले आरोपी को पिछले हफ्ते पुणे से गिरफ्तार किया गया था, वह पुणे में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। आरोपी द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के बाद मामला संज्ञान में आया और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की धारा 153 ए (धर्म, नस्ल, जन्म स्थान के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) के तहत मामला दर्ज किया गया। अधिकारी ने बताया कि आरोपी को छह मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

वायुसेना के भूतपूर्व कर्मी को 18 लाख का भुगतान करने का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ उच्चतम न्यायालय ने कहा- बेस अस्पताल किया जाए उपचार और प्रत्येक यात्रा के लिए यात्रा एवं प्रवास खर्च के लिए हो 25,000 रुपये का भुगतान

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को निर्देश दिया कि 2002 में जम्मू कश्मीर के सांबा में एक सैन्य अस्पताल में संक्रमित रक्त चढ़ाये जाने के कारण एचआईवी से संक्रमित हुए भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के एक भूतपूर्व कर्मी को मुआवजे के रूप में तत्काल 18 लाख रुपये का भुगतान किया जाए।

शीर्ष अदालत ने पिछले साल 26 सितंबर को भूतपूर्व कर्मी की याचिका पर दिए गए अपने फैसले में भारतीय वायुसेना को उन्हें मुआवजे के रूप में लगभग 1.5 करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया था। भूतपूर्व कर्मी 13 दिसंबर 2001 को भारतीय संसद पर आतंकवादी हमले के बाद शुरू किए गए "ऑपरेशन पराक्रम" के दौरान बीमार हो गया था और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उसे एक यूनिट रक्त चढ़ाना पड़ा था। शीर्ष अदालत द्वारा 2023 के फैसले में जारी निर्देशों की अवमानना का आरोप लगाने वाली उनकी याचिका मंगलवार को न्यायमूर्ति बी आर गवई और संदीप मेहता की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आयी। यह आदेश देने के अलावा कि उसे तत्काल 18 लाख रुपये का भुगतान किया जाए, शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि उसे यहां बेस अस्पताल में उपचार प्रदान किया जाए और प्रत्येक यात्रा के लिए यात्रा एवं प्रवास खर्च के लिए 25,000 रुपये का भुगतान किया जाए। पीठ ने यह भी निर्देश दिया कि कर्मी को विकलांगता पेंशन का भुगतान करने के लिए उनकी विकलांगता को 100 प्रतिशत माना जाए।

उसने इस मामले में न्यायमित्र एक वकील की इन दलीलों पर गौर किया कि कुछ मुद्दे हैं जिनका समाधान करने की आवश्यकता है। न्यायमित्र ने 2023 के फैसले के एक पैरा का हवाला दिया जिसमें कहा गया था, "जैसे-जैसे समय आगे बढ़ेगा, भूतपूर्व वायुसेना कर्मी को एक सहायक की सहायता की आवश्यकता होगी। ऐसे सहायक को लगभग 10,000 रुपये से 15,000 रुपये प्रति माह का भुगतान करना होगा।

शाह बोले- वक्त आ गया है अब एआईएमआईएम को छत्रपति संभाजीनगर से उखाड़ फेंकें

छत्रपति संभाजीनगर। केंद्रीय गृह मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने मंगलवार को छत्रपति संभाजीनगर के लोगों से एआईएमआईएम को यहां से उखाड़ फेंकने और लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए महायुति उम्मीदवार को चुनने की अपील की।



यहां एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने 1948 में मराठवाड़ा क्षेत्र को निज़ाम के चंगुल से मुक्त कराया था। अब आपको एआईएमआईएम को यहां से उखाड़ फेंकना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे अपने बच्चों को राजनीति में स्थापित करने के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन देश के लिए नहीं। वे धारा 370, तीन तलाक, राम मंदिर, आतंकवाद और नक्सलवाद को खत्म करने के लिए नए कानूनों में संशोधन समेत मोदी सरकार द्वारा लिए गए कई फैसलों का विरोध कर रहे हैं। शाह ने राकांपा प्रमुख शरद पवार और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे को पिछली महा विकास अघाड़ी सरकार के कार्यकाल का हिसाब देने की चुनौती दी।

दिल्ली में मार्च में चार साल बाद सबसे कम न्यूनतम तापमान रहा

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को चार साल बाद मार्च में सबसे कम न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

आईएमडी के मुताबिक, मंगलवार को न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जबकि अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस रहा। दोनों तापमान सामान्य से चार डिग्री कम थे। आंकड़ों के मुताबिक, यह 2019 के बाद सबसे कम न्यूनतम तापमान है। उस साल एक मार्च को न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। आंकड़ों के अनुसार, 2019 को छोड़कर 2017 से यह दूसरा मौका है जब न्यूनतम पारा नौ डिग्री सेल्सियस तक लुढ़का है। आईएमडी के सफदरजंग केंद्र में 13 मार्च 2017 को न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। वहीं न्यूनतम पारा पांच मार्च 2015 को 9.7 डिग्री और 11 मार्च 2012 को 9.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था।

आईएमडी के मुताबिक, दिल्ली में मार्च के महीने में अबतक का सबसे कम न्यूनतम तापमान 1945 में दर्ज किया गया था जब छह मार्च को पारा 4.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ था। आईएमडी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली में मंगलवार को एक-दो स्थानों पर शीतलहर की स्थिति महसूस की गई। हालांकि विभाग का कहना है कि बुधवार से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी शुरू हो जाएगी।

सुगम हुआ रेलमार्ग एनसीआरटीसी ने पूरी की उद्घाटन की तैयारियां, आज होगा वर्चुअल उद्घाटन

दुहाई से मोदीनगर तक दौड़ेगी नमो भारत

मोदीनगर, एजेंसी

आरआरटीएस कॉरिडोर के दूसरे फेज में दुहाई से मोदीनगर नॉर्थ तक नमो भारत ट्रेन का संचालन छह से शुरू हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोलकाता में आयोजित कार्यक्रम में इसका वर्चुअल उद्घाटन कर जनता को समर्पित करेंगे। एनसीआरटीसी ने इस उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारी शुरू कर दी है। इसके बाद नमो भारत ट्रेन साहिबाबाद से मोदीनगर तक 34 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर पर दौड़नी शुरू हो जाएंगी। फिलहाल यह ट्रेनें साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक सिर्फ 17 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर पर संचालित हो रही हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 20 अक्तूबर 2023 को साहिबाबाद से देश की इस पहली नमो भारत ट्रेन के प्राथमिकता खंड पर संचालन का शुभारंभ किया था। दूसरे चरण में इसका संचालन दुहाई से मेरठ साउथ स्टेशन तक 25 किलोमीटर लंबे खंड पर किया जाना था। मेरठ साउथ स्टेशन अभी तक संचालन के लिए तैयार नहीं हो पाया है। इसकी वजह से फिलहाल इसे मोदीनगर नार्थ स्टेशन तक चलाया जा रहा है।

एनसीआरटीसी के अधिकारियों का कहना है कि उद्घाटन के बाद मुरादनगर से नमो भारत ट्रेन मोदीनगर तक निर्धारित गति पर सफर करेगी। हालांकि यात्रियों को इस ट्रेन से मोदीनगर तक सफर करने के लिए एक-दो दिन और इंतजार करना पड़ सकता है। एनसीआरटीसी के अधिकारी इस कॉरिडोर को यात्रियों के लिए खोलने की तारीख तय करने पर मंथन कर रहे हैं।

नदी के अंदर देश की पहली रेल परिवहन सुरंग में मेट्रो को हरी झंडी दिखाएंगे प्रधानमंत्री मोदी

कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बुधवार को कोलकाता में हावड़ा मैदान और एस्प्लेनेड के बीच मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाये जाने के साथ भारत में नदी के नीचे पहली सुरंग भी यातायात के लिए खुल जाएगी। दो स्टेशनों - हावड़ा मैदान और एस्प्लेनेड के बीच सुरंग की कुल लंबाई 4.8 किलोमीटर है। इसमें, 1.2 किमी सुरंग हुगली नदी में 30 मीटर नीचे है, जो इसे 'किसी भी बड़ी नदी के नीचे देश की पहली परिवहन सुरंग' बनाती है। इसके अलावा, हावड़ा मेट्रो स्टेशन, देश का सबसे गहरा स्टेशन भी होगा। यह सुरंग ईस्ट-वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर परियोजना का एक हिस्सा है जो सेक्टर पांच से शुरू होती है और वर्तमान में सियालदह में समाप्त होती है। मेट्रो रेल के मुताबिक, इस कॉरिडोर की पहचान 1971 में शहर के मास्टर प्लान में की गई थी।

ग्रीन हाइड्रोजन नीति से बढ़ेगा स्टार्टअप 1.20 लाख को मिल सकेगा रोजगार

सरकार अधिकतम 25 लाख देगी पांच साल के लिए प्रतिवर्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : ग्रीन हाइड्रोजन नीति के तहत राज्य सरकार प्रदेश में स्टार्टअप को बढ़ावा देगी। इसके अंतर्गत उद्योग लगाने वालों को तमाम तरह के लाभ और प्रोत्साहन निलेंगे। खासतौर पर अधिकतम 25 लाख रुपये प्रतिवर्ष प्रति स्टार्टअप पांच वर्षों तक वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करेगी। इसके अतिरिक्त इंक्यूबेटर को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। पांच वर्षों में एक लाख 20 हजार रोजगार सृजन का लक्ष्य है।

उल्लेखनीय है कि राज्य कैबिनेट ने मंगलवार को ही ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी को मंजूरी दी है। ग्रीन हाइड्रोजन नीति के संचालन में यूपीनेडा नोडल एजेंसी होगी। ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं की स्थापना के लिए 30 वर्ष अवधि हेतु ग्राम समाज, सरकारी भूमि पर लीज पर भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। सार्वजनिक क्षेत्रों के लिए लीज का मूल्य एक रुपए प्रति एकड़ प्रतिवर्ष होगा तथा निजी निवेशकों के लिए यह 15 हजार रुपये प्रति एकड़ प्रतिवर्ष होगा। यह भूमि अस्थानांतरणीय होगी और यदि आवंटन होने के तीन वर्ष की समयावधि में भूमि ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं हेतु उपयोग में नहीं लाई जाती है तो भूमि अनिवार्य रूप से वापस ले ली जाएगी।

दो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की भी होगी स्थापना

ग्रीन हाइड्रोजन एवं इसके उत्पादों की उत्पादन लागत घटाने एवं नवीनतम तकनीकी विकास हेतु 2 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जाएगी, जिसमें शासकीय शैक्षणिक संस्थानों को शतप्रतिशत एक मुश्त वित्तीय प्रोत्साहन के रूप में अधिकतम 50 करोड़ रुपये तक दिया जाएगा। भारत सरकार द्वारा समय समय पर उपलब्ध कराए गए प्रोत्साहन इस नीति के प्राविधानिक प्रोत्साहन के अतिरिक्त माने जाएंगे एवं अनुमन्य होंगे। प्रदेश में वर्ष 2028 तक ग्रीन हाइड्रोजन/ग्रीन अमोनिया एक मिलियन मीट्रिक टन प्रतिवर्ष उत्पादन क्षमता का लक्ष्य है। कुल 5 हजार करोड़ रुपये का वित्तीय प्राविधान इस नीति के क्रियान्वयन में किया जाएगा।

दो सिलेंडर फटे दंपती समेत पांच की जान गई

लखनऊ, अमृत विचार : काकोरी क्षेत्र स्थित हाता हजरत साहब वार्ड में दो सिलेंडर फटने से हुए धमाकों की चपेट में आकर एक ही परिवार के दंपती, दो सगी और एक चचेरी बहन समेत पांच की मौत हो गयी और चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे पुलिस व दमकल कर्मियों ने घायलों को केजीएमयू स्थित ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया है। काकोरी के हाता हजरत साहब वार्ड नंबर नौ निवासी आतिशबाद मुशीर अहमद (50) के घर में मंगलवार रात करीब 10:30 बजे दो सिलेंडरों में धमाका हुआ। चपेट में आकर मुशीर, उनकी पत्नी हुस्ना बानो (45), रइया (7) पुत्री बबलू और अजमत की दो बेटियों हुमा (5) और हिबा (3) की मौके पर ही मौत हो गयी। लकब, इंशा, बहनोई अजमत और भांजी अनम घायल हो गये।

कंटेनर से भिड़ी बरातियों की बोलेरो, तीन लोगों की जान गई

संवाददाता, कलान (शाहजहांपुर)

अमृत विचार : बरातियों से भरी बोलेरो की सोमवार रात नौगवां मुबारकपुर के पास सामने से आ रहे कंटेनर से भिड़ंत हो गई, जिससे तीन बरातियों की मौत हो गई जबकि चार घायल हो गए। यह सभी मदनापुर गई बरात से लौट रहे थे। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया जिसमें एक की हालत गंभीर है।

क्षेत्र के अब्दुल्ला नगर मड़ैया निवासी जीवन की बरात सोमवार शाम को मदनापुर गई थी। द्वाराचार की रस्म पूरी होने के बाद बरातियों ने खाना खाया। इसके बाद शादी की आगे की रस्में शुरू हो गईं। कुछ बराती खाना खाकर बोलेरो से घर के लिए चल दिए। रात करीब दो बजे मुरादाबाद-कानपुर स्टेट हाईवे पर कलान क्षेत्र के नौगवां मुबारकपुर गांव के पास कलान की ओर से आ रहे कंटेनर से बोलेरो की भिड़ंत हो गई।

नेत्रपाल रामदीन

- मदनापुर गई बरात से लौट रहे थे सभी लोग, घायलों को पुलिस ने भेजा अस्पताल

भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। हादसे में बोलेरो चालक मिर्जापुर के गांव भौरा नगला निवासी रजनीश, लक्ष्मनपुर निवासी रामदीन, अब्दुल्ला नगर मडैय़ा निवासी नेत्रपाल उर्फ नेता की मौके पर मौत हो गई। जबकि लक्ष्मनपुर निवासी रमेश और डालचंद, अब्दुल्ला नगर मडैय़ा निवासी रवित, प्रेमपाल घायल हो गए। सभी को पुलिस ने फर्रुखाबाद के अस्पताल भेजा, रमेश की हालत गंभीर होने पर सैफई रेफर कर दिया गया।

साइबर ठगों ने दो महीने में 130 लोगों के उड़ाए 3.66 करोड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : स्मार्ट क्राइम बहुत तेजी से बढ़ रहा है। परिक्षेत्र के जिलों में दो महीने में ही 130 लोग साइबर ठगी का शिकार हो गए हैं। इन लोगों के कुल 3.66 करोड़ रुपये की धनराशि ठगों ने गुमराह कर उनके खातों से चोरी कर ली है। साइबर ठग विभिन्न तरीकों से झांसे में लेकर ठगी कर रहे हैं, लेकिन इन दिनों ठगों ने एक नया पैटर्न निकाला है।

साइबर क्राइम सेल के प्रभारी मनोज सिंह बताते हैं कि इन दोनों साइबर ठगों ने अपने को पुलिसकर्मी बताकर ठगी करनी शुरू कर दी है। इस तरह के कई मामले भी आए हैं। उन्होंने बताया कि ठगी का शिकार हुए लोगों ने उन्हें बताया है कि कॉल करने वाले ने अपने को पुलिसकर्मी बताया और परिवार के किसी सदस्य को अपराध में पकड़ा जाना बताकर सुविधा शुल्क के नाम पर ठग लिया। देखने में आ रहा है कि इस तरह आम लोग ही नहीं विशेषजन भी साइबर ठगी का शिकार होते जा रहे हैं। डीआईजी कार्यालय के आंकड़े बताते हैं कि जनवरी-फरवरी में परिक्षेत्र के सभी पांच जिलों में कुल 130 मामले सामने आए हैं। इसमें सबसे अधिक 69 मामले बिजनौर जिले के हैं। इनसे संबंधित लोगों से साइबर ठगों ने उनके खाते से कुल 1.07 करोड़ रुपये उड़ाने का प्रयास किया था।

मुरादाबाद से 10 को लखनऊ के लिए पहली उड़ान

मुरादाबाद, अमृत विचार : महानगर से हवाई उड़ान 10 मार्च से शुरू होने वाली है। इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आजमगढ़ से वर्चुअली मुरादाबाद के हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे। महानगर के निर्यातकों का कहना है कि हवाई अड्डा शुरू होने से पीतल कारोबार को पंख लगेंगे। मुरादाबाद से उड़ने वाले पहले विमान को इंडोनेशिया के पायलट उड़ाएंगे। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने हवाई अड्डे के उद्घाटन में शामिल होने वाले मेहमानों की सूची भी तैयार कर ली है। जिसमें सांसद, विधायक, निर्यातक, समाजसेवी व प्रशासनिक अधिकारी शामिल रहेंगे।

वीडियो वायरल होने के बाद सकते में आई भाजपा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- बुधवार से पुन: मैदान में उतर सकते हैं भाजपा कार्यकर्ता

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में भाजपा के घोषित उम्मीदवार सांसद उपेंद्र रावत का वीडियो वायरल होने के बाद न केवल उनके समर्थक बल्कि पूरी पार्टी सकते में है। पार्टी के चुनाव अभियान के जो कार्यक्रम चल रहे थे पिछले तीन दिन से ठप हैं। हालांकि भाजपा यह कहकर इसे डालने की कोशिश कर रही है कि शादी विवाह अधिक होने के कारण कार्यकर्ता मांगलिक समझ में व्यस्त रहे।

पार्टी ने 1 फरवरी से बूथ चलो बूथ जीतो अभियान प्रारंभ किया था। पिछले तीन दिनों से इससे संबंधित कोई भी कार्यक्रम नहीं हुआ। 25 फरवरी से प्रारंभ हुआ लाभार्थी संपर्क अभियान भी 3 दिन से बंद है। नारी शक्ति वंदन अभियान को भी गति नहीं मिल सकी है। पार्टी में भी बस यही चर्चा है कि अगला उम्मीदवार कौन होगा। वायरल वीडियो की इस किरकिरी से बचने के लिए भी पार्टी नेता जनता के बीच जाने से बच रहे हैं। क्योंकि निचले स्तर तक के कार्यकर्ताओं में भी वीडियो पहुंच चुका है। गांव के चौपाल पर भी इसकी चर्चा हो रही है। बस इसे लेकर कोई भी नेता या कार्यकर्ता अपनी जुबान खोलने के लिए तैयार नहीं है। अधिकांश नेताओं के फोन ही नहीं उठ रहे हैं। 3 मार्च को एलईडी प्रचार वैन आनी थी वह भी नहीं आई। हालांकि आविष्कार रूट मार्च तैयार किया जा रहा है। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुनने के लिए जरूर जगह-जगह एलईडी लगाई जा रही है। जहां कार्यकर्ता एकत्र होकर प्रधानमंत्री को सुनेंगे। इसी दौरान अगली रणनीति तय होगी। भाजपा जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य ने बताया कि बुधवार को जिले के 25 स्थान पर नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मुख्य कार्यक्रम जिला मुख्यालय पर नगर पालिका परिसर में होगा। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को कार्यकर्ता सुनेंगे।

सलीम शेरवानी की नाराजगी से ज्यादा चिंतित हैं अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अखिलेश, शिवपाल से शेरवानी की हुई बातचीत रही है बेनतीजा
- एक बैठक के बाद सलीम करेंगे आगे की राजनीतिक का निर्णय

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के महासचिव पद से इस्तीफा देने वाले पूर्व सांसद सलीम शेरवानी और पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की मुलाकात बेनतीजा रही है। एक के बाद एक सहयोगियों के छोड़ कर जाने के बाद अब लोकसभा चुनाव से पहले सपा को चिंता सताने लगी है।

बीते साल नवंबर में खीरी संसदीय सीट से दो बार सांसद रहे रवि प्रकाश वर्मा ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। वह भी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव थे। इसके बाद पिछले दिनों सपा के राष्ट्रीय महासचिव व एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य ने पीडीए की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए पार्टी और विधान परिषद से इस्तीफा दे दिया था। इसके पहले सपा के सहयोगी दल रालोद ने एनडीए का दामन थाम लिया। अभी हाल ही में राज्यसभा चुनाव से पहले सपा के मुख्य सचेतक मनोज पांडे ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया। मनोज पांडे समेत सपा के सात विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को वोट दिया।

दरअसल, पांच बार के सांसद रहे सलीम शेरवानी की नाराजगी सपा प्रमुख को ज्यादा आहत करने वाली रही है। उनका चुनाव क्षेत्र बदायूं रहा है। इसके बाद सपा ने बदायूं से धर्मेंद्र यादव के बजाय शिवपाल यादव को प्रत्याशी बनाया। शिवपाल ने सलीम शेरवानी को मनाने के लिए फोन भी किया। वहीं, चार मार्च को लखनऊ में सपा प्रमुख अखिलेश यादव और सलीम शेरवानी के बीच मुलाकात हुई लेकिन इस दौरान बातचीत से कोई समाधान नहीं निकला। खबर है कि, शेरवानी सहसवान में सेक्युलर फ्रंट के तहत बुधवार को एक बैठक करने जा रहे हैं। वहां वह अपने समर्थकों के साथ राय-मश्विरा करने के बाद यह तय करेंगे कि आगे क्या करना है।

माता-पिता को कमरे में बंद कर तीन युवकों के साथ गई युवती

कार्यालय संवाददाता, खीरी

अमृत विचार: शहर निवासी एक युवती ने अपने तीन युवक साथियों की मदद से माता-पिता को कमरे में बंद कर दिया और अलमारी में रखे पांच लाख के जेवर लेकर युवकों के साथ भाग गई।

युवती की मां का आरोप है कि जब विरोध किया तो युवकों ने उसके साथ मारपीट व अश्लील हरकतें कीं। पुलिस ने महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि दो मार्च की वह और उसके पति नीलेश दीक्षित घर में सो रहे थे। इस बीच उसकी पुत्री की मिली भगत से शोभित श्रीवास्तव, विश्वमोहन उर्फ मोनू श्रीवास्तव, रोहित कुमार निवासी सुंदरपुरम रात करीब दो बजे घर में घुस आए। सो रहे उसके पति को घर के कमरे मे बंद कर दिया। घर की अलमारी का लॉकर खोलकर उसमें रखे करीब 5 लाख रुपये के जेवरात चोरी कर लिए।

सार-संक्षेप

बीयर केन के साथ गोला अधीक्षक का फोटो वायरल

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : गोला सीएचसी अधीक्षक का बीयर की केन के साथ मंगलवार को फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसे उप मुख्यमंत्री/स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक को भी ट्वीट कर दिया गया। स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर सीएमओ ने गोला अधीक्षक को कार्यालय से संबंध किया है। मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक साथ कई फोटो वायरल हुए, जिसमें एक युवक बीयर केन के साथ सड़क पर मौजूद है। यह फोटो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला के अधीक्षक डॉ. गणेश कुमार का बताया जाता है। सोशल मीडिया पर वायरल फोटो स्वास्थ्य मंत्री तक को ट्वीट कर दिया गया। इसका संज्ञान लेकर स्वास्थ्य मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सीएमओ को जांच कराकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए, जिस पर सीएमओ ने दो सदस्यीय जांच टीम गठित कर अधीक्षक को कार्यालय से संबद्ध कर लिया है।

प्रेमिका के साथ पकड़ा गया पति, चप्पलों से हुई पिटाई

आगरा, अमृत विचार : जिला अस्पताल के एक आशिक मिजाज कर्मचारी को मंगलवार को पत्नी ने प्रेमिका के साथ रंगे हाथ पकड़ लिया। दोनों की चप्पलों से पिटाई हुई। बताया जा रहा है कि पत्नी को अपने पति पर पहले से ही शक था। पत्नी को मंगलवार को न जाने कैसे सूचना मिल गयी कि पति अपनी प्रेमिका के साथ है। इस पर वह अपनी बेटी के साथ जिला अस्पताल पहुंच गयी। उसने कमरे में पति को प्रेमिका के साथ रंगे हाथ पकड़ लिया। उसके बाद पत्नी ने चप्पलों से दोनों की पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान किसी ने एकत्रित लोगों ने कुछ नहीं बोला। इस बीच आरोपी महिला फरार हो गयी। लेकिन, उस महिला की बेटी और दामाद को पकड़ लिया गया। कर्मचारी की पत्नी अपने पति की प्रेमिका की बेटी और दामाद को रकाबगंज थाने ले गयी और पूरी घटना की जानकारी दी।

नाबालिग से दुष्कर्म, हत्या के आरोपी की सजा घटाई

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तीन वर्षीया बच्ची से दुष्कर्म और उसकी हत्या के दोषी व्यक्ति की मृत्युदण्ड की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया है। कोर्ट का मानना है कि दोषी व्यक्ति का ना तो कोई आपराधिक इतिहास है और ना ही वह पूर्व में दोषी रहा है, इसलिए उसके सुधार की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति सैयद आफताब हुसैन रिजवी की खंडपीठ ने फतेहपुर की जिला अदालत से मृत्युदंड की सजा पाए दिनेश पासवान की आपराधिक अपील को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए पारित किया है।

माफिया के मददगार दो अधिशासी अभियंता निलंबित

लखनऊ, अमृत विचार : माफिया अनुपम दुबे व उनके परिजन के नाम संचालित फर्म पर कार्रवाई के बजाय मददगार बनने के आरोप में फर्रुखाबाद जनपद के पीडब्ल्यूडी के दो अधिशासी अभियंताओं पर गाज गिरी है। पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने मंगलवार को निलंबित करते हुए मुख्यालय से अटैच करने का आदेश दिया है। शासन की जांच में सामने आया कि राज्य स्तरीय सूचीबद्ध माफिया अनुपम दुबे व उनके परिजनों के नाम संचालित फर्म मे. कुसुमलता दूबे पत्नी स्व. महेशचंद्र दुबे का चरित्र प्रमाण पत्र निरस्त होने के बाद ब्लैकलिस्ट व डिबार नहीं किया गया। नियम विरुद्ध कार्य देने और भुगतान की कार्रवाई होती रही। यह अनियमितता करने में फर्रुखाबाद जनपद में पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता राजकुमार पिथौरिया और प्रांतीय खंड फतेहगढ़ के अधिशासी अभियंता जोश कुमार दोषी पाए गए।

नक्सली गतिविधियों में लिप्त दंपती को एटीएस ने दबोचा

लखनऊ, अमृत विचार : एटीएस ने नक्सली गतिविधियों में शामिल रहे पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। प्रयागराज के धूमनगंज थाना क्षेत्र के जयंतीपुर प्रीतम नगर से कृपाशंकर सिंह और उसकी पत्नी बिन्दा सोना उर्फ मंजू उर्फ सुमन को पकड़ा गया है। दोनों पति-पत्नी वहां छिपकर किराए के मकान में रह रहे थे। दोनों भाकपा (भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, माओवादी) के प्रमुख सदस्य रहे हैं। कृपाशंकर सिंह मूलत: कुशीनगर का जबकि उसकी पत्नी रायपुर छत्तीसगढ़ की रहने वाली है। एटीएस ने 5 जुलाई 2019 में सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। सभी पर देश के विभिन्न राज्यों में नक्सली घटनाओं में शामिल होने और किसानों, मजदूरों को बहलाकर नक्सल संगठन के लिए काम करने के लिए तैयार करने का आरोप था। जांच के दौरान दो अभियुक्त मनीष श्रीवास्तव और अमिता श्रीवास्तव को उसी समय गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया था। साल 2023 में दो और अभियुक्तों बृजेश कुशवाहा और प्रभा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति की अहम बैठक आज

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रबंधन समिति की अहम बैठक बुधवार को शाम चार बजे होने जा रही है। बैठक में चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक और जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सहसंयोजक और लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद, समित के सदस्य सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, कांता कर्दम और मोहित बेनीवाल भी मौजूद रहेंगे। चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत की व्यूह रचना तैयार की जाएगी। चुनावी समर के दौरान बूथ प्रबंधन, नामांकन सभा, चुनाव आयोग से समन्वय, प्रचार-प्रसार सामग्री, रैलियों-सभाओं और रोड शो की तैयारियों पर विचार-विमर्श होगा।

उत्तराखंड

लालकुआं से अमृतसर के लिए ट्रेन शुरू

हल्द्वानी/लालकुआं, अमृत विचार : जनपद नैनीताल से अमृतसर के लिए के लिए रेल सेवा शुरू हो गई है। मंगलवार को केंद्रीय रक्षाराज्य मंत्री अजय भट्ट ने लालकुआं जंक्शन पर साप्ताहिक लालकुआं-अमृतसर एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर-15016) का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। केंद्रीय मंत्री भट्ट ने कहा कि लालकुआं से अमृतसर को सीधे ट्रेन संचालन से उत्तराखंड का मिनी पंजाब के रूप में पहचाने जाने वाला ऊधम सिंह नगर सीधे अमृतसर से जुड़ जाएगा। हजारों श्रद्धालु स्वर्ण मंदिर के दर्शन कर सकेंगे। उन्होंने टनकपुर-देहरादून तथा अमृतसर-लालकुआं एक्सप्रेस के संचालन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वार्ष्णेय एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया।

अब्दुल मलिक के लिए जिला जेल में भेजा गया वसूली का नोटिस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- तहसील प्रशासन ने जिला जेल नैनीताल भेजा नोटिस



अमृत विचार : बनभूलपुरा मास्टर माइंड अब्दुल मलिक पर वसूली का शिकंजा कसता जा रहा है। तहसील प्रशासन ने मलिक के घर पर नोटिस होने के 24 घंटे के भीतर जिला जेल नैनीताल में भी नोटिस भेज दिया है। मलिक इन दिनों जिला जेल नैनीताल की बैरक नंबर-1 में बंद है।

नगर निगम ने बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा हिंसा में अब्दुल मलिक निवासी आजाद नगर को मास्टर माइंड माना है। हिंसा में क्षतिग्रस्त हुए नगर निगम की जेसीबी, उपकरण, वाहन आदि के नुकसान का 2.40 करोड़ रुपये का आकलन किया। इसकी क्षतिपूर्ति के लिए मलिक की आरसी काटी गई थी। जिला प्रशासन की संस्तुति के बाद यह आरसी तहसील पहुंची। जब तक आरसी तहसील में पहुंचती तब तक जिला पुलिस फरार चल रहे मलिक की चल संपत्ति की कुर्की कर चुका था। ऐसे में तहसील प्रशासन के सामने नोटिस तामीली और वसूली बड़ी चुनौती थी। मलिक के फरार होने की वजह से नोटिस तामीली हो नहीं सकती थी जबकि चल संपत्ति पहले ही कुर्क हो चुकी थी। पुलिस ने बीती 24 फरवरी को अब्दुल मलिक को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया था। उसको जिला जेल नैनीताल में बैरक नंबर-1 में रखा गया है। ऐसे में तहसील अधिकारी मलिक से वसूली को लेकर पशोपेश में थे। इधर, बीते सोमवार को तहसील कर्मचारियों की टीम ने मलिक के आजाद नगर लाइन नंबर-8 स्थित घर पर वसूली नोटिस चस्पा किया।

इसके 24 घंटे के भीतर वसूली नोटिस जिला जेल नैनीताल को भेज दिया है। अब जेल अधिकारी ही जेल में मलिक को नोटिस देंगे। इसकी रिपोर्ट बुधवार को मिल जाएगी। नोटिस के बाद मलिक विधिक प्रक्रिया कर सकता है।

जंगली हाथी के हमले से हुई टैक्सी चालक की मौत

ऋषिकेश, एजेंसी : मंगलवार तड़के ऋषिकेश-नीलकंठ मोटर मार्ग पर मौनी बाबा तिराहा के पास एक जंगली हाथी के हमले से एक टैक्सी चालक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार बिजनौर निवासी सतेंद्र (32) अपने वाहन में सो रहा था, तभी सुबह करीब साढ़े पांच बजे हाथी ने उस पर हमला कर दिया। लक्ष्मण झूला पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सैनी ने बताया कि जैसे ही वह अपने वाहन से बाहर भागा हाथी ने उसे कुचल दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि सतेंद्र को गंभीर रूप से घायल होने के कारण यहां स्थित एम्स में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मदरसों में अब आधुनिक शिक्षा देंगे

संवाददाता, काशीपुर

काशीपुर में प्रेस वार्ता करते उत्तराखंड मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी।

अमृत विचार: उत्तराखंड के मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों के एक हाथ में कुरान, तो दूसरे हाथ में कंप्यूटर होने का सपना भाजपा सरकार में साकार होने जा रहा है। मदरसे के बच्चों को दीनी तालीम के साथ आधुनिक शिक्षा भी ग्रहण कराई जाएगी। यह बात उत्तराखंड मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी ने कही।

मंगलवार को माता मंदिर रोड स्थित भाजपा नेता शहनवाज खान के प्रतिष्ठान पर उत्तराखंड मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी के पहुंचने पर वरिष्ठ भाजपा नेता राम मेहरोत्रा ने उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया। मुफ्ती कासमी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में अल्पसंख्यक समाज के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इनका लाभ अल्पसंख्यक समाज को मिल रहा है। उत्तराखंड मदरसा शिक्षा परिषद की समकक्ष मान्यता के संबंध में शीघ्र ही निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी मदरसों का पंजीयन अनिवार्य रूप से होना चाहिए। वर्तमान में 415 मदरसों का पंजीकरण है। कहा कि मुख्यमंत्री धामी का विजन है कि मदरसों में आधुनिक शिक्षा होनी चाहिए ताकि यहां तालीम लेने वाले बच्चे भी डॉक्टर, आईएएस, आईपीएस व इंजीनियर बनकर देश की सेवा कर सकें। वही उन्होंने कांग्रेस पर भी कई गंभीर आरोप लगाये। इस दौरान उन्होंने काशीपुर में संचालित हो रहे मदरसों के संचालकों के साथ भी वार्ता की और उनके सुझाव व समस्याओं का सुन उनके निराकरण के प्रयास किये।

अब देवभूमि से दो हजार रुपये में पहुंचेंगे रामनगरी

देहरादून, एजेंसी

देवभूमि उत्तराखंड के देहरादून से अयोध्या धाम के दर्शन के लिए मात्र 1999 रुपये प्रति यात्री की दर से हवाई सेवा उपलब्ध होगी। यह छूट 7006 रुपये फ्लाइट के टिकट पर 20 मार्च तक उपलब्ध रहेगी।

इसके अलावा, पंतनगर, वाराणसी और अमृतसर के लिए भी हवाई सेवा के उद्घाटन के दिन अर्थात, बुधवार को मात्र 1999 रुपये किराया रहेगा जबकि नियमित उड़ान पर पूरा किराया लिया जाएगा। सभी उड़ानों का शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को जौलीग्रांट में करेंगे।

उत्तराखंड के जौलीग्रांट एयरपोर्ट से राज्य सरकार एयर कनेक्टविटी योजना के तहत बुधवार से तीन बड़े शहर अयोध्या, वाराणसी और अमृतसर के लिए नियमित फ्लाइट सेवा शुरू करने जा रही है। राज्य के सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने अवगत कराया कि सरकार के नागरिक उड्डयन विभाग ने बुधवार से शुरू होने जा रही उड़ानों का शेड्यूल और किराया तय कर लिया है।

गुस्साए कांवड़ियों ने दो घंटा एनएच-74 किया जाम

संवाददाता, दिनेशपुर

काशीपुर में कांवड़ यात्रा रूट को लेकर रोडवेज स्टेशन के पास एकत्र कांवड़िये।

- बाइक की टक्कर से कांवड़ खंडित होने से भड़के कांवड़िये
- सैकड़ों वाहन जाम में फंसे अफसरों के समझाने पर बमुश्किल माने

अमृत विचार: पीलीभीत कांवड़ संघ के कांवड़ियों का जत्था हरिद्वार से पैदल चलकर कांवर लेकर आ रहा था। अज्ञात बाइक की टक्कर लगने से कांवड़ खंडित होने पर गुस्साए कांवड़ियों ने एनएच-74 पर जाम लगा दिया।

कांवड़ियों ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने कांवड़ियों के लिए उचित व्यवस्था नहीं की है। जबकि यूपी सरकार ने कांवड़ियों के आने- जाने वाले मार्गों पर वनवे की व्यवस्था की है। मंगलवार शाम एनएच-74 पर गदरपुर से जाफरपुर के मध्य खानपुर के पास अज्ञात बाइक सवार कांवड़िये से टकरा गया। जिससे कांवड़ से पवित्र जल गिरकर खंडित हो गया। इस पर कांवड़िया फूट- फूट कर रोने लगा और उसने बताया कि वह गंगोत्री से पैदल चलकर पवित्र जल लेकर पीलीभीत यूपी जा रहा था। घटना से गुस्साए कांवड़ियों ने एनएच-74 मार्ग जाम कर दिया। जिससे दो घंटे तक वाहन जाम में फंस रहे। सूचना मिलने पर पंतनगर सीओ तपेश कुमार, नायब तहसीलदार देवेंद्र सिंह बिष्ट व थानाध्यक्ष अनिल जोशी पुलिस फोर्स लेकर मौके पर पहुंचे। अधिकारियों के काफी समझाने के बाद कांवड़िया शांत हुए और रुद्रपुर के लिए चल पड़े। कांवड़ियों के शांत होने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली। जाम में फंसे दो घंटे बाद वाहन चले।

प्रदेश में बन रहा व्यापार, विकास व विश्वास का वातावरण : धामी

कार्यालय संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को उद्योग विभाग की ओर से आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2023 में हुए निवेश प्रस्तावों की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में हिस्सा लिया। उन्होंने 11 परियोजनाओं का शिलान्यास किया और 64 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि 27 हजार करोड़ की परियोजनाओं की ग्राउंडिंग की जा रही है। इस प्रकार अब तक 71 हजार करोड़ की परियोजनाओं की ग्राउंडिंग की जा चुकी है। यह ग्राउंडिंग संपादित एमओयू का 20 प्रतिशत है, इसे शत-प्रतिशत किया जाएगा। अवस्थापना के क्षेत्र में निरन्तर प्रगति हो रही है।

कनेक्टिविटी के क्षेत्र में चाहे रेल हो, सड़क या हवाई सेवा लगातार सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के सपने साकार हो रहे हैं और व्यापार, विकास और विश्वास का वातावरण बन रहा है। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के तहत 3.56 लाख करोड़ के एमओयू को समय-समय पर धरातल पर उतारा जाएगा।

खराब मौसम से प्रभावित नौ जिलों को शासन ने जारी किए 23 करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले तीन दिनों में खराब मौसम से क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे के लिए नौ जनपदों को 23 करोड़ की धनराशि जारी की है। राहत विभाग को तत्काल अन्नदाताओं के खातों में भेजने के निर्देश दिए हैं। शासन के मुताबिक प्रदेश के अन्य जिलों में भी क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे कार्य लगभग पूरा हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार किसानों को मुआवजा देने की प्रक्रिया चल रही है।

प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरु प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खराब मौसम से क्षतिग्रस्त फसलों के सर्वे के लिए प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को खेतों में स्थलीय आकलन के लिए भेजा गया था। इस पर प्रदेश के नौ जिलों से अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त फसलों की रिपोर्ट विभाग को भेजी गई थी। इस रिपोर्ट को मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उन्होंने नौ जिलों के लिए 23 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि जालौन के लिए सबसे ज्यादा पांच करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। बांदा, बस्ती, झांसी और शामली के लिए दो-दो करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके अलावा चित्रकूट के लिए एक करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इन जिलों के प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की प्रक्रिया चल रही है। राहत आयुक्त के मुताबिक बाढ़, ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से 33 प्रतिशत से अधिक क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित अन्नदाताओं को ही मुआवजा दिया जाता है।

भाजपा मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए अपने सामाजिक समीकरणों को भी साधने की कोशिश करेगी

लोस चुनाव में क्षेत्रीय-जातिगत समीकरण साधने का विस्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव से ठीक पहले उप्र. मंत्रिमंडल विस्तार को क्षेत्रीय और जातिगत समीकरणों को भी साधने की नजर से देखा जा रहा है। दरअसल, लंबे समय से मंत्रिमंडल विस्तार टलता रहा है लेकिन अब लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने से ठीक पहले भाजपा इस मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए अपने सामाजिक समीकरणों को साधने की कोशिश की है। विस्तार के बाद अब उप्र. मंत्रिमंडल में सिर्फ पांच सीटें खाली हैं। किसी भी राज्य में विस के सदस्यों की कुल संख्या के 15 फीसदी सदस्य मंत्री बन सकते हैं। उप्र. विधानसभा में 404 सदस्य होते हैं। इस हिसाब से राज्य में 61 मंत्री बनाए जा सकते हैं।

राजभर संभालेंगे पूर्वांचल के कई जिले



फिलहाल मंगलवार को कैबिनेट में शामिल चार नये चेहरों पर चर्चा की जाए तो इनके माध्यम से चुनाव के दौरान कई क्षेत्रों में सामाजिक समीकरणों को साधने की मंशा सामने आती है। राजनीतिक नजरिए से देखा जाए तो गाजीपुर के जहूराबाद विधानसभा से विधायक ओमप्रकाश राजभर को मंत्रीमंडल में शामिल कर पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में राजभर बिरादरी को साधने की कोशिश की गई है। विधानसभा चुनाव में राजभर सपा के साथ थे, इससे गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, अम्बेडकरनगर सहित इस क्षेत्र में भाजपा को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा था। राजभर काफी दिनों से मंत्रीमंडल में शामिल होना चाह रहे थे लेकिन अब जाकर उन्हें जगह मिल पाई। लोस चुनाव से पहले राजभर को मंत्री बनाकर भाजपा पूर्वांचल की सीटों पर अपनी पकड़ मजबूत बनाने की कोशिश में है।

उप चुनाव हारने के बावजूद दारा बने मंत्री

इसी तरह लोस. चुनाव में नोनिया चौहान समाज को साधने के लिए भाजपा ने दारा सिंह चौहान को मंत्रिमंडल में शामिल किया है। दारा सिंह विस. चुनाव 2022 से पहले भाजपा छोड़कर सपा में शामिल हो गए थे। दारा सपा के टिकट पर घोसी से विधायक भी निर्वाचित हुए थे। लेकिन जुलाई 2023 में वह सपा विधायक पद से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गए। उसके बाद घोसी में हुए उप चुनाव में भाजपा ने दारा सिंह को प्रत्याशी बनाया जिसमें वह हार गए। बावजूद इसके सामाजिक समीकरणों का ध्यान रखते हुए भाजपा ने पहले उन्हें एमएलसी बनाया फिर अब मंत्री भी बना दिया। पूर्वांचल और बुंदेलखंड क्षेत्र में करीब 40 लाख नोनिया चौहान मतदाता है। सरकार में इस समाज से एक भी मंत्री नहीं हैं। समाज को प्रतिनिधित्व देने के कारण भाजपा ने घोसी उप चुनाव हारने के बावजूद दारा सिंह चौहान को मंत्रिमंडल में शामिल किया है।

अनिल कुमार के पीछे सामाजिक समीकरण

हाल ही में सपा का साथ छोड़ कर एनडीए के साथ आयी रालोद के भी एक विधायक को मंत्री बनाए जाने के पीछे सामाजिक समीकरणों को साधना है। सहारनपुर के रहने वाले अनिल कुमार मुजफ्फरनगर की पुरकाजी सीट से रालोद के विधायक हैं। राजभर और दारा सिंह की तरह अनिल कुमार भी पहले बसपा में थे। अनुसूचित जाति के वोटों को साधने के अनिल कुमार को मंत्री बनाने की पहल की गई है।

चुनावी समीकरण को सुनील को भी बनाया मंत्री

मंत्री के रूप में शपथ लेने वाले सुनील शर्मा साहिबाबाद से भाजपा के विधायक हैं। तीन बार से विधायक बन रहे शर्मा की गिनती ब्राह्मण नेताओं की जाती है। उन्हें योगी के अलावा राजनाथ सिंह का भी करीबी माना जाता है। साल 2022 के चुनाव में सुनील शर्मा ने रिकॉर्ड 2 लाख से ज्यादा मतों के साथ जीत दर्ज की थी। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जातीय समीकरण साधने की कड़ी में सुनील शर्मा को भी मंत्री बनाया गया है।

अनपरा में 800 मेगावाट की दो इकाइयों को मंजूरी

मिलेगी सस्ती बिजली, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एनटीपीसी के साथ हुए थे दो बड़े एमओयू

मंत्रिमंडल के फैसले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार ने मंत्रिमंडल की बैठक में मंगलवार को बड़ा निर्णय लेते हुए अनपरा में एनटीपीसी की मदद से 800 मेगावाट की दो इकाइयां लगाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि 2023 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एनटीपीसी के साथ दो बड़े एमओयू किए गए थे।

इसमें ओबरा डी में 800 मेगावाट की दो इकाइयां लगाने के प्रस्ताव को पिछले वर्ष ही मंत्रिमंडल की मंजूरी मिल चुकी है और अब अनपरा में भी 800 मेगावाट के दो प्लांट एनटीपीसी की मदद से लगाए जाएंगे। राज्य सरकार और एनटीपीसी के बीच 50-50 प्रतिशत की सहभागिता के साथ यह प्रोजेक्ट आगे बढ़ेगा। इस प्रोजेक्ट की कुल कीमत 8624 करोड़ है और इसकी पहली यूनिट लगभग 50 महीनों में तैयार हो जाएगी, जबकि दूसरी यूनिट 56 महीने में क्रियान्वित हो जाएगी।नोएडा से ग्रेटर नोएडा सफर करने वाले लाखों यात्रियों के लिए खुशखबरी है। नोएडा के सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा के जैतपुरा डिपो तक चलने वाली मेट्रो अब बोड़ाकी तक दौड़ेगी। कैबिनेट ने 416.34 करोड़ से एमएमटीएच (मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब) परियोजना हेतु ग्रेटर नोएडा डिपो स्टेशन से बोड़ाकी मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब साइट तक एनएमआरसी की मौजूदा एक्वा लाइन का 2.6 किमी विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

आबकारी विभाग लाएगा एकमुश्त समाधान योजना : कैबिनेट ने आबकारी विभाग को अपना बकाया धनराशि को वसूलने के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस स्कीम) लाने की मंजूरी प्रदान कर दी है। आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने बताया इसमें बकायेदारों द्वारा पूरी धनराशि का भुगतान करने पर ब्याज में 50 फीसदी की छूट दी जाएगी।

मंत्रिपरिषद की बैठक में इन प्रस्तावों पर भी लगी मुहर

- मातृभूमि अर्पण योजना को मंजूरी दी गई। इससे विदेश में रहने वाले लोग अपने गांव या शहर में सामुदायिक उपयोग के लिए विकास कार्य करवा सकेंगे। 40 प्रतिशत धनराशि राज्य सरकार देगी, 60 प्रतिशत प्रवासी देगें।
- शराब बिक्री के नियमों में संशोधन को भी मंजूरी दी गई है। इसके जरिए विदेशी शराब को भरने की बोतलों की नियमावली-2020 के संशोधन का प्रस्ताव पास हुआ।
- आगरा में पेयजल परियोजना हेतु रिवाइज्ड कॉस्ट को लेकर प्रस्ताव को मंजूरी
- मक्का की खेती बढ़ाने के लिए त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम सभी जिलों में चलाया जाएगा। 4 साल में 146 करोड़ का खर्च होगा।
- कृषि क्षेत्र ने अनुसंधान हेतु प्रदेश के चार कृषि विश्वविद्यालयों और रहमानखेड़ा, लखनऊ स्थित बागवानी संस्थान में एक-एक इनक्यूबेशन सेंटर बनेगा।
- यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण क्षेत्र में प्रस्तावित अंतराष्ट्रीय फ़िल्म सिटी फेज़ वन निर्माण हेतु ई टेंडर माध्यम से हायर बिडर का चयन किया गया, फेज़ 1 की अनुमानित लागत 1510 करोड़ होगी।
- जनपद पीलीभीत मेडिकल कालेज में नए नर्सिंग कॉलेज स्थापना हेतु 4500 वर्ग मीटर भूमि का चिकित्सा शिक्षा विभाग को नि:शुल्क हस्तांतरण प्रस्ताव को मंजूरी।
- मथुरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गुण अनुसंधान संस्थान के शिक्षकों-कार्मिको को केंद्रीय वेतनमान की संस्तुतियों के आधार पर पुनरीक्षित वेतनमान एरियर भुगतान को मंजूरी, 2016 से 2019 तक के भुगतान का रास्ता साफ।
- नजूल भूमि के सम्बंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी गई, इससे अब नजूल भूमि किसी निजी व्यक्ति या संस्था को आवंटित नही की जाएगी, केवल सरकारी कार्ययोजना हेतु इसका आवंटन होगा, इसको अध्यादेश के रूप में लाया जाएगा।
- आयुष डीजी पद को मंजूरी। सचिव स्तर के आईएएस अफसर को मिलेगी तैनाती। आयुष महानिदेशक के अधीन होंगे विभाग के तीनों निदेशालय और दोनों बोर्ड।
- स्नातक, स्नातकोत्तर, तकनीकी, डिप्लोमा, कौशल विकास, पैरामेडिकल नर्सिंग आदि के विद्यार्थियों को मुफ्त स्मार्टफोन और टैबलेट खरीदने के लिए 4 हजार करोड़ खर्च करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

होमगार्ड स्वयंसेवकों का आहार भत्ता चार गुना बढ़ा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में प्रदेश कैबिनेट ने मंगलवार को होमगार्ड स्वयंसेवकों का आहार भत्ता चार गुना बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। होमगार्ड मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने बताया कि अभी तक होमगार्ड स्वयंसेवकों को अंतरजनपदीय आवागमन के दौरान ड्यूटी भत्ते के अलावा 30 रुपये भोजन भत्ता मिलता था। बढ़ती महंगाई की वजह से यह भत्ता नाकाफी था। इसे बढ़ाकर 120 रुपये करने का प्रस्ताव रखा गया था। इससे करीब 77 हजार होमगार्ड स्वयंसेवकों को फायदा होगा। विभाग पर करीब 2.75 करोड़ रुपये का अतिरिक्त व्यय भार आएगा। कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों में भर्ती मरीजों को प्रतिदिन मिलने वाले भोजन की दर में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अभी तक प्रति मरीज भोजन की दर 100 रुपये तय थी। महंगाई को देखते हुए इसे बढ़ाकर अब 138 रुपये कर दिया गया है। प्रदेश में 10 राज्य बीमा अस्पताल संचालित हैं। इन अस्पतालों में बीमित कर्मचारियों और श्रमिकों का मुफ्त इलाज होता है।

रेलवे के डीएमई समेत दो को पांच-पांच साल का कारावास

लखनऊ, विधि संवाददाता : रेलवे विभाग में गाड़ियों की मरम्मत के नाम पर फर्जी बिल बनाने के आरोपी एनई रेलवे बनारस के फिटर ग्रेड एक के सीनियर डीएमई पीके दत्ता व मेसर्स विन्टेक इंजीनियरिंग के रिप्रजेंटेटिव विनय कुमार सिंह को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश विजेश कुमार सिंह ने पांच-पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने इन पर जुर्माना भी लगाया है। पीके दत्ता डीएमई एनई रेलवे, डीआरएम कार्यालय वाराणसी के कार्य करने के दौरान वर्ष 2004 से 2006 के बीच सुरेंद्र शरन वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी, मोहम्मद असलम सिद्दीकी अकाउंट असिस्टेंट व तीन प्राइवेट पार्टियों के साथ मिलकर साजिश करके सरकारी गाड़ियों की मरम्मत के बिल धोखाधड़ी से तैयार किए।

प्रशिक्षण योग्यता पूर्ण न होने की दशा में चयन अपूर्ण माना जाएगा

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुरानी पेंशन स्कीम से संबंधित एक मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि अगर अभ्यर्थी प्रशिक्षण योग्यता प्राप्त कर रहा है तो यह नहीं कहा जा सकता कि चयन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, क्योंकि नियुक्ति के बाद ही चयन प्रक्रिया पूरी मानी जाती है।

यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने सुषमा यादव की याचिका खारिज करते हुए पारित किया है। वर्तमान मामले में प्राइमरी स्कूल में सहायक अध्यापक के पद पर याची की नियुक्ति वर्ष 2006 में हुई। हालांकि भर्ती विज्ञापन वर्ष 1998 में जारी हुआ था, जिसमें याची को मेरिट में सबसे अधिक अंक मिलने के कारण नियुक्त कर लिया गया था, इसलिए याची ने पुरानी पेंशन की मांग करते हुए हाईकोर्ट के समक्ष याचिका दाखिल की। नियुक्ति के समय पद की अर्हता के अनुसार याची के पास बीटीसी प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र नहीं था। अतः उसे अपना बीटीसी प्रशिक्षण पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

याची ने वर्ष 2004 में अपना बीटीसी प्रशिक्षण पूर्ण करके वर्ष 2006 में सहायक अध्यापक के रूप में नियुक्ति प्राप्त की। याची का तर्क है कि नियुक्ति में देरी के लिए उसे दोषी नहीं माना जा सकता है। उसकी नियुक्ति वर्ष 1998 में हुई, लेकिन प्रशिक्षण पूरा न होने के कारण उसे तैनाती नहीं मिली थी। याची की पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने की प्रार्थना का कोई कानूनी आधार नहीं है, इसलिए कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी।

सार-संक्षेप

पांच जिलों के लिए उड़ान सेवाएं 8 या 9 से संभव

लखनऊ,अमृत विचार : लखनऊ से चित्रकूट, अलीगढ़, मुरादाबाद सहित पांच जिलों के लिए 2 मार्च से शुरू होने वाली उड़ान सेवाओं को स्थगित कर दिया गया। अब इन्हें 8 या 9 मार्च को शुरू किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (उड़ान) को गति देने के उद्देश्य से चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे से सस्ती उड़ान सेवाओं को शुरू किया जा रहा है। फ्लाई बिग एयरलाइंस की ओर से लखनऊ से चित्रकूट, अलीगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती और आजमगढ़ के लिए उड़ान सेवाएं शुरू करने की घोषणा हुई थी। एयरलाइंस की ओर से डी-हेवीलैंड डीएससी6-400 एयरक्राफ्ट इस्तेमाल किया जाएगा। इसमें 19 सीटर विमानों का इस्तेमाल किया जाएगा। जिसका किराया डेढ़ से ढाई हजार रुपये के बीच रहेगा। सूत्रों की मानें तो 8 या 9 मार्च से उड़ान सेवाएं शुरू हो सकती हैं।

महानिदेशक परिवार कल्याण को हाईकोर्ट ने किया तलब

विधि संवाददाता, लखनऊ : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बार-बार समय प्रदान करने के बावजूद राज्य सरकार की ओर से एक मुकदमे में जवाब न आने पर सख्त रूख अपनाया है। न्यायालय ने महानिदेशक, परिवार कल्याण को 13 मार्च को कोर्ट के समक्ष हाजिर होने का आदेश दिया है। न्यायालय ने यह भए आदेश दिया है कि वह मुकदमे से संबंधित समस्त रिकॉर्ड भी अपने साथ लाएं। यह आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन की एकल पीठ ने अमेठी अल्ट्रासाउंड सेंटर, कावा रोड, अमेठी की ओर से दाखिल एक रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। न्यायालय ने कहा कि मुख्य स्थायी अधिवक्ता के कार्यालय से बार-बार पत्र भेजने के बाद भी जवाब न आना खेदजनक है। न्यायालय ने महानिदेशक को व्यक्तिगत हलफ़नामा दाखिल कर यह भी बताने को कहा है कि जिन अधिकारियों के कारण मुख्य स्थायी अधिवक्ता कार्यालय के पत्रों के उत्तर में जवाब नहीं दिया गया उनके खिलाफ क्या कार्यवाही की गयी है।

कोविड में अपनों को खो चुके बच्चों को मदद राशि का इंतजार

लखनऊ, अमृत विचार : कोविड में अनाथ हुए बच्चों को मदद राशि की किस्त का इंतजार है। अभी इनके खाते में राशि नहीं पहुंची है। बता दें कि कोविड काल में अनाथ हो चुके बच्चों के लिए मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की शुरुआत की गई थी। इसके तहत प्रदेश सरकार की ओर से अनाथ बच्चों को चार हजार रुपये प्रतिमाह दिए जाते हैं। कोविड के बाद 2022 तक तिमाही भुगतान किया जा रहा था। इसके बाद छमाही भुगतान किया जाने लगा। जिले में 900 बच्चों को चार हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से राशि दी जा रही है। 900 से अधिक अनाथ बच्चों को पढ़ाई और भरण पोषण के लिए उक्त राशि दी जाती है। पिछले वर्ष नवंबर माह में भुगतान किया गया था। अब पात्र बच्चों को भुगतान के लिए बजट मांगा गया है।

बढ़े गेहूं के भाव से सरकारी पंजीयन में आई कमी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रबी विपणन 2024-25 गेहूं खरीद की तरफ रुझान कम

अमृत विचार : गेहूं का बाजार भाव समर्थन मूल्य से अधिक होने के कारण सरकारी खरीद के पंजीयन की रफ्तार धीमी है। बाजार भाव कम न हुआ तो इस बार भी खरीद प्रभावित हो सकती है। पंजीयन कम होना किसानों का क्रय केंद्रों पर रुझान कम होना दर्शाता है। इसके लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है।

प्रदेश में दो वर्ष से समर्थन मूल्य से बाजार भाव अधिक होने के कारण सरकारी खरीद का लक्ष्य पूरा नहीं हो पा रहा है तो पंजीयन आदि प्रक्रिया में किसानों को परेशानी होती हैं। इन सब कमी को देखते हुए इस बार रबी विपणन 2024-25 गेहूं खरीद के लिए एक माह पहले यानी 1 मार्च से केंद्र खोले गए हैं। हालांकि गेहूं तैयार न होने के कारण बोहनी नहीं हुई है। खरीद के लिए किसानों के पंजीयन कराने पर जोर है। लेकिन, रफ्तार धीमी है। कारण गेहूं का बाजार भाव समर्थन मूल्य से ज्यादा बताया जा रहा है। समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल है, जबकि गेहूं का बाजार भाव 2500 प्रति क्विंटल तक है। शायद इसलिए किसानों का फिलहाल क्रय केंद्रों की तरफ रुझान नहीं है। 2024-25 की खरीद के लिए शुरुआती दौर में मंगलवार तक 1,14,616 किसानों ने पंजीयन कराया है। जबकि 2021-22 में पूरे खरीद सत्र में 16,09,712 किसानों ने पंजीयन कराया था और 13,01,753 ने गेहूं बेचा था।

वर्ग पहेली-1

बाएं से दाएं

1. एक पौधा जिसकी जड़ औषधि के काम आती है।
3. 1. विरक्ति, अरुचि, वैराग्य 2. चाह या अनुराग का अभाव।
4. 1. छोटी-छोटी बातों पर अप्रसन्न होना, जल्दी नाराज़ होना, रूठ जाना 2. चिढ़ना, झल्लाना 3. झुंझलाना।
6. हरियालीयुक्त, हरीतिमा की आभा से युक्त।
8. साठ वर्ष की उम्रवाला।
9. 1. माया जाल 2. सांसारिक आकर्षण, ममता।

ऊपर से नीचे

2. 1. झुरना 2. किसी का कमज़ोर हो जाना 3. सूखना।
3. विकल होने का भाव या अवस्था, अधीरता, बेचैनी, व्याकुलता।
5. 1. लेई जो न अधिक गाढ़ी और न अधिक पतली हो और जिसे चाटा जाए, चटनी, माजून 2. औषधि जिसे चाटा जाए।
6. हृष्टपुष्ट, ताकतवर, स्वस्थ, बलशाली।
7. भरण-पोषण करने वाला, पालक, पोषक।



वर्ग पहेली - 362 का हल

1 ख़ि		2 अ		3 सं
ल		नि		वि
4 क	ट	चा	य	धा
त		मि		न
	5 वि	त	र	क
6 पं	च	पि	ता	
त		न	7 झा	ल

सुडोकू -80

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

6		1		9	2	5		
	4		7				1	
	3				8		6	
5			2			1		
	2						3	
		4			7			9
	5		6				4	
	9	7			5		2	
		8	1	7				5

सुडोकू - 79 का हल

8	3	6	9	5	1	4	7	2
1	9	5	2	4	7	3	6	8
2	7	4	8	3	6	9	1	5
5	2	7	3	6	9	8	4	1
6	1	3	5	8	4	7	2	9
4	8	9	1	7	2	6	5	3
9	4	8	7	1	5	2	3	6
3	6	1	4	2	8	5	9	7
7	5	2	6	9	3	1	8	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 मार्च, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 06.30 तक तत्पश्चात एकादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 14.52 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

मेष — आज लापरवाही के कारण आपके काम की गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ सकता है। जॉब में उच्च अधिकारियों की सलाह लेना लाभकारी होगा। आत्मविश्वास में कमी महसूस होगी। बिना मांगे किसी को सलाह देने के कारण अपमान हो सकता है।

वृष — आज आपकी रूखी बात निकटस्थ लोगों को व्यथित कर सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको नई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। प्रेमी जन के साथ संवाद हीनता के कारण बात बिगड़ सकती है। बच्चों का मन पढ़ाई से उचट सकता है।

मिथुन — आज पैतृक व्यवसाय में आय बढ़ेगी। पति-पत्नी एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करेंगे। परिवार में सुख-समृद्धि बढ़ेगी। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं। आपके सभी काम समय पर पूरे होने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

कर्क — आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। आज आप स्वादिष्ट भोजन का आनन्द लेंगे। इंटरव्यू आदि में सफलता मिल सकती है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको सफलता मिलेगी। आपकी तर्क-शक्ति की लोग प्रशन्सा करेंगे।

सिंह — आज उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश लेना चाह रहे हैं तो दिन काफी शुभ है। भविष्य को लेकर योजना बनाते समय मित्रों और परिजनों से परामर्श लेना शुभ होगा। बच्चों को कार्यक्षेत्र में बड़ी सफलता मिल सकती है। धन से जुड़े मामलों की समस्या का समाधान होगा।

कन्या — आज सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। रियल एस्टेट से जुड़े कार्यों में सावधानी रखें। रक्तचाप के रोगियों को परेशानी होने की संभावना है। माता का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। विरोधियों से सावधान रहने की आवश्यकता है।

तुला — आज काफी दिनों से चली आ रही समस्या दूर होगी। कई पुरानी यादें एकदम से आपके सामने उभर के आयेंगी। अनुसंधान संबंधित प्रोजेक्ट्स में सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ आप काफी अच्छा समय बितायेंगे।

वृश्चिक — आज पड़ोसी आपकी काफी मदद करना चाहेंगे। अपनी उपलब्धियों पर गर्व होगा। आप जिस काम को बहुत आसान समझते हैं वही आपको काफी परेशान कर सकता है। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से समय बहुत अच्छा है। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी।

धनु — आज घर में मेहमानों का आगमन होने से आप प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में आप बड़ा और साहसिक निर्णय ले सकते हैं। धन के लेन-देन से आपको लाभ मिलेगा। लोग आपसे काफी अपेक्षायें रखे हुये हैं, जिसे आप पूरा भी करेंगे।

मकर — आज नया काम शुरू करने के लिए दिन शुभ नहीं है। धर्म-कर्म के प्रति आपका रूझान कम हो सकता है। शारीरिक और मानसिक थकान हो सकती है। निर्माण कार्य से जुड़े लोगों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। अवान्छित यात्रायें करनी पड़ सकती है।

कुंभ — आज बुद्धिमान लोगों की संगत आपके लिए लाभकारी होगी। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता के बावजूद आप काफी प्रदर्शन करेंगे। परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। बच्चों के करियर की चिन्ता हो सकती है।

मीन — आज परिस्थितियां धीरे-धीरे आपके पक्ष में होंगी। आपका मन आध्यात्मिक कार्यों में लगेगा। आपकी छवि लोगों के बीच एक उदार और परोपकारी व्यक्ति के रूप में निर्मित होगी। इसका सीधा लाभ आपको कार्यक्षेत्र में भी प्राप्त होगा।

आज की फिल्में

घातक — सुबह : 11.00
जख्मी सिपाही — रात : 07.00
आंख मिचौली — सुबह : 10.11
दिल तो बच्चा है जी — शाम : 04.03

एनाकोंडा — सुबह : 11.48
पैसिफ़िक रिम — दोपहर : 03.03
फोन भूत — सुबह : 10.50
बरसात — रात : 07.00
देवदास — सुबह : 08.53
फोर्स 2 — रात : 06.58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात 07.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- आज भी किसी मोहल्ले से निकलू तो सब लड़कों की नजर मेरे पर ही रहती है...

पति- इनकी परवाह न करो डार्लिंग, कबाड़ियों का मोहल्ला है।

उनकी नजर हमेशा कबाड़ पर ही रहती है।

साली- जीजा जी क्या आप मेरे लिए शेर को मार कर ला सकते हो?

जीजा- नो साली जी, कुछ और बताओ मैं तुम्हारे लिए और कुछ भी कर सकता हूं..

साली- क्या मैं तुम्हारा फेसबुक चेक कर सकती हूं

जीजा- कहां है वो शेर जिसके बारे में तुम बात कर रही थी।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	73,677.13	22,356.30
नुकसान	195.16	49.30
प्रतिशत में	0.26	0.22

मैंथा बाजार भाव

रामपुर–शिवालिक 1000 फ्लैग 1110 डीएमओ 880 बोल्ड 1145, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1115 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन–तुलसी 1835, राज श्री 1350, फॉर्चून कि. 1720, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन ली0 1570, जय जवान 1420, सचिन 1485, सूरज 1445, अवसर 1575, राग गोल्ड 1550, गृहणी 1475, क्लासिक (किलो) 1670, मोर 1565, चक्र टिन 1650, ब्लू 1585, आशीर्वाद मस्टर्ड 1675, स्वास्तिक 1805, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 14700, जीरा 41000, लाल मिर्च 20000–24000, धनिया 9000–10000, अजवायान 16000–24000, मेथी 8600, सौंफ 15000–20000, सोंठ 41500, (प्रति कि.) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200–14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750–7100 मलका दाल 6850–7700, मलका छाँटी 7200, दाल उड़द बिलासपुर 10000–10800, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500–12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9700–11500, सच्चा हीरा 11700, मोटा हीरा 12700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200–14600, अरहर कोरी छोटी 15200, **चीनी**–डालमियां 4040, पीलीभीत 4020, नवाबगंज (नई) 4010, बहेड़ी (नई) 4020 रुपये।

बीते साल के सांख्यिकी मंत्रालय के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन ने जारी किए आंकड़े

बेरोजगारी दर घटकर 3.1 प्रतिशत पर आई

नई दिल्ली, एजेंसी

सांख्यिकी मंत्रालय के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन ने कहा है कि 15 साल या उससे अधिक उम्र के लोगों की बेरोजगारी दर वर्ष 2023 में घटकर 3.1 प्रतिशत रह गई, जो तीन साल का सबसे निचला स्तर है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ) की तरफ से मंगलवार को जारी आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक, कैलेंडर वर्ष 2023 में देश की बेरोजगारी दर 3.1 प्रतिशत रही जबकि 2022 में यह 3.6 प्रतिशत और 2021 में 4.2 प्रतिशत रही थी। बेरोजगारी दर को श्रमबल (15 साल से अधिक उम्र वर्ग) में बेरोजगार लोगों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है।

आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोविड महामारी का मार्च, 2020 में प्रसार शुरू होने के बाद से रोजगार की स्थिति सुधर रही है। महामारी पर काबू पाने के लिए लॉकडाउन लगाए जाने से आर्थिक गतिविधियां पूरी तरह ठप हो गई थीं। लेकिन केंद्र और राज्यों में लॉकडाउन हटाए जाने के बाद आर्थिक गतिविधियां तेज होने से स्थिति सुधरी है। सर्वेक्षण से पता चला कि महिलाओं के बीच बेरोजगारी दर भी 2023 में घटकर 3% पर आ गई।

वहीं महिला बेरोजगारी वर्ष 2022 में 3.3 प्रतिशत और 2021 में 3.4 प्रतिशत रही थी। इसी तरह पुरुषों के लिए बेरोजगारी का आंकड़ा 2022 में 3.7 प्रतिशत और 2021 में 4.5 प्रतिशत था लेकिन पिछले साल यह घटकर 3.2 प्रतिशत पर आ गया। शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की कुल दर में भी वर्ष 2023 में गिरावट आई और यह 5.2 प्रतिशत पर आ गई। वर्ष, 2022 में शहरी बेरोजगारी दर 5.7 प्रतिशत थी जबकि वर्ष 2021 में यह 6.5 प्रतिशत थी। इसी तरह, ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी दर 2022 के 2.8 प्रतिशत और 2021 के 3.3 प्रतिशत से घटकर बीते साल 2.4 प्रतिशत पर आ गई।

देश में फरवरी में सेवा क्षेत्र की वृद्धि सुस्त पड़ी

कारोबारी गतिविधियों, बिक्री और नौकरियों में नरमी के चलते भारत में फरवरी में सेवा क्षेत्र की वृद्धि सुस्त पड़ गई। एक मासिक सर्वेक्षण में मंगलवार को यह बात कही गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा व्यवसाय गतिविधि सूचकांक फरवरी में 60.6 रहा, जो इससे पहले जनवरी में 61.8 था। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से अधिक अंक का अर्थ है कि गतिविधियों में विस्तार हो रहा है, जबकि 50 से कम अंक संकुचन को दर्शाता है। एचएसबीसी की अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा–भारत की सेवा पीएमआई से पता चलता है कि सेवा क्षेत्र में विस्तार की गति जनवरी के मुकाबले फरवरी में कम हो गई है। सर्वेक्षण के मुताबिक फरवरी में व्यावसायिक गतिविधि सूचकांक में कमी आई, लेकिन ऐतिहासिक रूप से यह मजबूत बना रहा। भारत में सेवा कंपनियों को विदेश से मिलने वाले नए कारोबार में लगातार तेरहवें महीने वृद्धि हुई। सर्वेक्षण के मुताबिक भविष्य की व्यावसायिक गतिविधि के लिए सेवा कंपनियों का पूर्वानुमान सकारात्मक रहा।

सीसीआई जल्द ही एआई पर बाजार अध्ययन करेगा शुरू

नई दिल्ली। निष्पक्ष व्यापार नियामक सीसीआई जल्द ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर बाजार अध्ययन शुरू करेगा। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की प्रमुख रवनीत कौर ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि एआई को लेकर बढ़ती चिंताओं को समझने के लिए यह अध्ययन किया जाएगा। हाल के दिनों में विभिन्न क्षेत्रों में एआई अनुप्रयोगों का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है।

कौर ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि हम जल्द ही भारतीय बाजारों में एआई और एआई के उपयोग के संबंध में व्यापक समझ हासिल करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर एक बाजार अध्ययन शुरू करेंगे। इससे नवाचार और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए आयोग की तैयारियों में मदद मिल सकती है।

कर्मचारियों की कमी से संकट में आ गईं मंडी समितियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 5111 पद के सापेक्ष 1760 बचे
- बरेली में ज्यादा परेशानी

अमृत विचार: जिलों की 251 मंडी समितियां और मंडी परिषद मुख्यालय कर्मचारियों की भारी कमी से जूझ रहा है। नई भर्ती न होना और बराबर सेवानिवृत्ति होने से मंडी समितियां संकट में हैं। तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की भारी कमी से मंडी शुल्क, शमन शुल्क, देयताओं की वसूली, मंडी कारोबार से लेकर कार्यालय के सभी कार्य प्रभावित हैं। स्थित यह है कि कुल 5111 में 1760 कर्मचारी ही बचे हैं। इन पर खाली पदों का भी बोझ है।

बरेली मंडल में ज्यादा दिक्कत है। यहां की सभी मंडियों में 448 स्वीकृत पदों पर 122 कर्मी बचे हैं। इनमें तृतीय श्रेणी के 184 में 33 व चतुर्थ श्रेणी 264 में 122 कर्मचारी हैं। दिसंबर तक कई सेवानिवृत्ति की कतार में हैं। कार्यों का संचालन बिगड़ने पर उप निदेशक (प्रशासन विपणन) बरेली ने मंडी परिषद मुख्यालय से कर्मियों को तैनात करने की मांग की है। निदेशक अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि कर्मियों की भर्ती के लिए उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को अधियाचन भेजा जा चुका है। जल्द समाधान होगा।

मंडी परिषद मुख्यालय पर 30 प्रतिशत ही स्टॉफ बचा है। भर्ती न होने के कारण आउटसोर्सिंग से काम चल रहा है या फिर बचे कर्मियों के पास पटल व कार्य अतिरिक्त हैं। मुख्यालय पर भी कई कर्मी मार्च से सेवानिवृत्ति होने वाले हैं। वहीं, प्रदेश के कुल 5111 स्वीकृत पदों की बात करें तो इसमें तृतीय श्रेणी के 1678 पदों में 541 और चतुर्थ श्रेणी के 3433 में 1219 कर्मचारी कार्यरत हैं। 3551 कर्मचारियों की कमी है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	74,200
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	66,000
गिन्नी (प्रति नग)	49,150–49,350
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	65,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,000
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	74,000
चांदी तैयार	74,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 500
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,800
सोना जेवरात गिन्नी	63,800
चांदी पक्की	730 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	63,800
चांदी आभूषण	74,100

पेटीएम पेमेंट्स बैंक संदिग्ध लेनदेन का पता लगाने में रहा विफल

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्तीय अधिसूचना इकाई ने लगाया है आरोप

पेटीएम पेमेंट्स बैंक धन शोधन रोधक कानून के तहत संदिग्ध लेनदेन का पता लगाने और उसकी सूचना देने के लिए एक आंतरिक व्यवस्था बनाने में विफल रहा। वित्तीय आसूचना इकाई (एफआईयू) ने अपने आदेश में यह बात कहने के साथ ही जोड़ा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक ने अपनी भुगतान सेवा में उचित जांच प्रक्रिया का पालन नही किया। उसने फिनटेक कंपनी पर 5.49 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया।

वित्तीय खुफिया जानकारी जमा करने वाली संघीय एजेंसी ने अपने एक मार्च के आदेश में कहा कि बैंक के खिलाफ ये आरोप चार से अधिक की जांच के बाद पुष्ट किए गए थे। इस संबंध में पेटीएम पेमेंट्स बैंक को 14 फरवरी, 2022 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। उस समय केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने एफआईयू की कार्रवाई पर एक बयान जारी किया था। इसके बाद पेटीएम पेमेंट्स बैंक के प्रवक्ता ने कहा था कि जुर्माना एक कारोबारी खंड से संबंधित है, जिसे पहले ही बंद कर दिया गया था।

पंजाब सरकार ने पेश किया दो लाख करोड़ रुपये का बजट

चंडीगढ़। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राज्य का दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का बजट पेश किया। उन्होंने कहा कि बजट में मुख्य रूप से स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र पर ध्यान दिया गया है। चीमा ने बजट पेश करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आप (आम आदमी पार्टी) सरकार ने दो साल में 40,000 से अधिक नौकरियां दी हैं। कहा कि दो लाख करोड़ से अधिक के कुल वार्षिक परिव्यय में 13,784 करोड़ कृषि क्षेत्र के लिए और 16,987 करोड़ रुपये शिक्षा क्षेत्र के लिए रखे गए हैं।

क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम से महिलाएं जल्द बनेंगी लखपति : सीतारमण

छपरा, एजेंसी

- बिहार में कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में बोलीं वित्त मंत्री

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम से महिलाएं जल्द लखपति बनेंगी। सीतारमण ने मंगलवार को बिहार के जिला मुख्यालय सारण में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में उनके द्वारा 61787 परिवार के बीच कुल 1349.52 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई। इ

सके माध्यम से प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार योजना सृजन कार्यक्रम, स्टैंड अप योजना, कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर, प्रधानमंत्री स्वनिधि तथा जीविका सहित कुल नौ योजना के तहत लाभार्थियों को राशि वितरित की गई। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के तहत काम कर रहा है। इन योजनाओं से लाभान्वित होकर लखपति दीदी बहुत ही जल्द बन सकती है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अभी तक महिलाओं के उत्थान और विकास के लिए जितने भी काम प्रारंभ किया है पूर्व में किसी भी प्रधानमंत्री के द्वारा यह काम नहीं किया जा सका है। श्रीमती सीतारमण ने विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

राष्ट्रीय

जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय ने दिया इस्तीफा, भाजपा में होंगे शामिल

कोलकाता, एजेंसी

- पूर्व न्यायाधीश ने इस्तीफा देने के कुछ घंटों बाद किया एलान

कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद से इस्तीफा देने के कुछ घंटों बाद अभिजीत गंगोपाध्याय ने मंगलवार को एलान किया कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस भ्रष्टाचार का पर्याय है और वह मजबूती से लड़ेंगे।

गंगोपाध्याय ने कहा, ''मैं संभवतः सात मार्च को भाजपा में शामिल हो रहा हूं। मैं भाजपा में शामिल हो रहा हूं क्योंकि यह बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ रही है।'' यह पूछे जाने पर कि क्या वह लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, गंगोपाध्याय इसका कोई सीधा जवाब नहीं दिया। न्यायाधीश पद पर रहने के दौरान शिक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर उनके फैसलों के कारण राजनीतिक चर्चाएं छिड़ गयी थीं। उन्होंने कहा-यह भाजपा नेतृत्व पर निर्भर करता है कि वे मुझे चुनाव लड़ाना चाहते हैं या नहीं। वे जो कुछ भी फैसला करेंगे मुझे स्वीकार्य होगा। गंगोपाध्याय ने कहा कि वह तृणमूल कांग्रेस के 'अन्याय' और 'भ्रष्टाचार' के खिलाफ लड़ेंगे।

वे लोग मुझे कहते हैं मेरा परिवार ही नहीं है

तेलंगाना में विपक्ष पर बरसे मोदी, 7200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

हैदराबाद, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि परिवारवाद की राजनीति के कारण प्रतिभाशाली व्यक्तियों को नुकसान पहुंचता है जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलने में बाधाएं झेलनी पड़ती है। तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में आयोजित एक रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विपक्ष पर निशाना साधते हुए बोले कि वे (कांग्रेस) लोग मुझे कहते हैं, मेरा परिवार ही नहीं है। आगे उन्होंने कहा कि परिवारवाद लोकतंत्र के लिए खतरा है। पीएम मोदी ने आगे कहा मैं घोटाले का खुलासा करता हूं। उन्होंने कहा कि आपके इस प्यार को मैं तेलंगाना के विकास के रूप में दोगुना करके दूंगा।

नरेंद्र मोदी आज संगारेड्डी जिले में 7200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद पटेलगुडा, पाटंचेरु स्थित एसआर इन्फिनिटी में आयोजित विजय संकल्प सभा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर अपने भ्रष्टाचार को छुपाने का आरोप लगाया और तीखी आलोचना की। उन्होंने कांग्रेस की विरासत और परिवारवार की राजनीति की अवधारणा की निंदा करते हुए कहा कि इससे प्रतिभाशाली व्यक्तियों को नुकसान उठाना पड़ता है, जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलने में बाधाएं झेलनी पड़ती है।

नरेंद्र मोदी तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के पटानचेरु में एक सार्वजनिक बैठक के लिए पहुंचते ही समर्थकों का अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

ओडिशा में परियोजनाओं का किया शिलान्यास

चंडीखोल (ओडिशा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के जाजपुर जिले में 19,600 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार प्राकृतिक संसाधनों से संपन्न पूर्वी भारत के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि हमारी सरकार विकसित भारत बनाने के लक्ष्य के साथ वर्तमान और भविष्य के लिए काम करती है।

जल्द ही टेलीविजन को पीछे छोड़ देगा डिजिटल मीडिया

नई दिल्ली, एजेंसी

- उद्योग मंडल फिक्की और ईवाई की संयुक्त रिपोर्ट में जताई गई उम्मीद

मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में इस साल डिजिटल मीडिया 75,100 करोड़ रुपये के अनुमानित आकार के साथ जल्द ही टेलीविजन को पीछे छोड़ सकता है। उद्योग मंडल फिक्की और ईवाई की मंगलवार को जारी संयुक्त रिपोर्ट में यह कहा गया है। देश के मीडिया और मनोरंजन (एम एंड ई) क्षेत्र में 2023 में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 2.32 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसके 2024 में 2.55 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने और 2026 तक तीन लाख करोड़ रुपये को पार करने की उम्मीद है।

रिपोर्ट में कहा गया है, हमें उम्मीद है कि एम एंड ई क्षेत्र 2024 तक 10.2 प्रतिशत बढ़कर 2.55 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। वहीं 2026 तक संचयी रूप से 10 प्रतिशत वृद्धि के साथ यह 3.1 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। हालांकि, 2023 में टेलीविजन 69,600 करोड़ रुपये के साथ सबसे बड़ा खंड रहा। लेकिन 2022 में 70,900 करोड़ के मुकाबले इसमें 1.83% की गिरावट आई। जबकि, 2023 में डिजिटल मीडिया 65,400 करोड़ को पार कर गया और 2024 में लगभग 75,100 करोड़ रुपये पहुंच जाने की उम्मीद है। यह टेलीविजन मीडिया के 71,800 करोड़ रुपये के आंकड़े से अधिक है।

एक नजर

डिप्टी सीएम शिवकुमार को न्यायालय से राहत

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के खिलाफ धनशोधन की एक जांच मंगलवार को खारिज कर दी। कांग्रेस नेता शिवकुमार ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था, जिसने धनशोधन के एक कथित मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को रद्द करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की एक पीठ ने शिवकुमार को राहत दी।

एसबीआई को ढाल बना रही है सरकार: खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया कि सरकार अपने संदिग्ध लेनदेन को छिपाने और चुनावी बॉण्ड से संबंधित उच्चतम न्यायालय के फैसले को नाकाम बनाने के लिए भारतीय स्टेट बैंक का ढाल के रूप में उपयोग कर रही है। मुख्य विपक्षी दल ने यह सवाल भी किया कि बैंक को चुनावी बॉण्ड की जानकारी देने के लिये इतना समय क्यों चाहिए? एसबीआईने चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक समय देने का सोमवार को उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया।

केंद्र सेना की पदोन्नति की प्रक्रिया को करे स्पष्ट: उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया

उच्चतम न्यायालय ने केंद्र को निर्देश दिया कि वह सेना में पदोन्नति संबंधी सूची में पुरुष एवं महिला अधिकारियों को शामिल किए जाने की प्रक्रिया स्पष्ट करे। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी को इस मुद्दे पर केंद्र सरकार की स्थिति के संबंध में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।

इससे पहले महिला सैन्य अधिकारियों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हुजेफा अहमदी ने महिला अधिकारियों को सूची में शामिल करने में भेदभाव होने का आरोप लगाया। उन्होंने पिछले साल तीन नवंबर को शीर्ष अदालत द्वारा पारित एक पूर्व आदेश का हवाला दिया और कहा कि इसमें उन सभी महिला अधिकारियों पर विचार की आवश्यकता है, जिन पर पहले के विशेष चयन बोर्ड 3बी (कर्नल के रूप में पदोन्नति के लिए) द्वारा विचार किया गया है। वेंकटरमणी ने कहा कि सूची में शामिल किए जाने की अवधारणा एक ही बैच के अधिकारियों के बीच तुलनात्मक योग्यता पर आधारित है। इसके समर्थन में, उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा दायर नीति दस्तावेज पर भरोसा जताया और कहा कि जिन अधिकारियों को पहले ही पैनलबद्ध किया जा चुका है, उनके बारे में छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए। हालांकि, जब नया विशेष चयन बोर्ड बुलाया गया है, तो पैनल में शामिल अधिकारियों और अन्य अधिकारियों का तुलनात्मक अध्ययन आवश्यक है। अहमदी ने उनकी दलीलों का विरोध किया और कहा कि पुरुष अधिकारियों को पैनलबद्ध करने के लिए इसी तरह की कवायद नहीं की गई थी। न्यायालय की पीठ ने दलीलों पर गौर करते हुए मामले की अगली सुनवाई 11 मार्च के लिए सूचीबद्ध की और अटॉर्नी जनरल से एक हलफनामा भी दाखिल करने का निर्देश भी दिया है।

गलत बयानबाजी के चक्कर में फंसे द्रमुक सांसद ए. राजा

चेन्नई/नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा ने गिरफ्तारी की मांग की कांग्रेस ने की बयान की निंदा

द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के सांसद ए. राजा के उस बयान से मंगलवार को विवाद खड़ा हो गया जिसमें उन्होंने कथित रूप से कहा है कि भारत कभी एक राष्ट्र नहीं रहा बल्कि यह एक उपमहाद्वीप है जहां विभिन्न प्रथाएं और परंपराएं हैं। इस पर न केवल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बल्कि द्रमुक की सहयोगी कांग्रेस ने भी निंदा की है।

भाजपा ने द्रमुक नेता की टिप्पणी को 'विभाजन' का आह्वान बताते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग की है। कांग्रेस ने भी कथित टिप्पणियों के लिए द्रमुक सांसद की आलोचना की और कहा कि बोलते समय उन्हें संयम बरतना चाहिए। यह विवाद विपक्षी दलों द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो के बाद उपजा है जिसमें राजा कथित रूप से उक्त टिप्पणी करते दिख रहे हैं। राजा की रामायण और भगवान राम को लेकर की गई कुछ टिप्पणियां भी राष्ट्रीय पार्टियों को पंसद नहीं आईं। राजा एक वीडियो में पार्टी द्वारा आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए दिख रहे हैं।

माओवादी संबंध मामला : कोर्ट ने डीयू के पूर्व प्रोफेसर साईबाबा को किया बरी

नागपुर। बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने मंगलवार को माओवादी संबंध मामले में दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर जी. एन. साईबाबा को बरी कर दिया। अदालत ने उनकी उम्रकैद की सजा रद्द कर दी। न्यायमूर्ति विनय जोशी और न्यायमूर्ति वाल्मीकि एस.ए. मेनेजेस की खंडपीठ ने मामले में पांच अन्य आरोपियों को भी बरी कर दिया। पीठ ने कहा कि वह सभी आरोपियों को बरी कर रही है क्योंकि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ संदेह से परे मामला साबित करने में विफल रहा। इसने कहा-अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ कोई कानूनी साक्ष्य या आपत्तिजनक सामग्री पेश करने में विफल रहा है।

भाजपा विधायक पर अवैध शराब की दुकान चलाने का आरोप

भोपाल। भोपाल से भाजपा की लोकसभा सदस्य प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में अपनी पार्टी के विधायक सुदेश राय पर अवैध रूप से शराब की दुकान चलाने का आरोप लगाया और महिलाओं व लड़कियों की सुरक्षा पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने राय की विधानसभा सदस्यता खत्म करने की मांग भी की। जब मीडियाकर्मियों ने इस संबंध में राय से संपर्क कर प्रतिक्रिया मांगी तो उन्होंने कहा कि वे खुद ठाकुर के आरोपों की पड़ताल करें। ठाकुर ने कहा कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र के इलाकों के दौरे पर थीं, तभी कुछ लड़कियां उनके पास आईं और उन्होंने मुझसे शिकायत की।

सात राज्यों में 17 ठिकानों पर एनआईए का छापा

नई दिल्ली/चेन्नई, एजेंसी

- बंगलुरु जेल में कैदियों को कट्टरपंथी बनाने और कैफे में विस्फोट का मामला

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकी द्वारा कर्नाटक में बेंगलुरु की जेल में कैदियों को कट्टरपंथी बनाने से जुड़े मामले में मंगलवार को सात राज्यों के 17 स्थानों पर छापेमारी की है। वहीं, विगत एक मार्च को बेंगलुरु में रामेश्वर कैफे में हुए विस्फोट के मामले में चेन्नई एवं रामनाथुरुम जिले में करीब चार-पांच जगहों पर छापेमारी की है।

केंद्रीय जांच एजेंसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि बेंगलुरु शहर पुलिस ने पिछले साल जुलाई में सात पिस्तौल, चार हथगोले, एक मैगजीन सहित अन्य गोला-बारूद की जब्ती के बाद मामला दर्ज किया था। शुरुआत में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था और उनसे पूछताछ के बाद एक और गिरफ्तारी हुई। लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी टी. नासिर इस मामले में जुनैद अहमद के साथ आरोपी है। नासिर ने बेंगलुरु की केंद्रीय जेल में पांच लोगों को कट्टरपंथी बनाया था। जुनैद अहमद फरार है।

एनआईए ने गत एक मार्च को कर्नाटक के बेंगलुरु में रामेश्वर कैफे में हुए विस्फोट के मामले में मंगलवार को चेन्नई एवं रामनाथुरुम जिले में छापे मारे। रिपोर्ट के मुताबिक करीब चार-पांच जगहों पर छापेमारी की जा रही है। एनआईए ने जांच अपने हाथ में लेने के एक दिन बाद, यह पता लगाने के लिए छापेमारी की कि बेंगलुरु कैफे विस्फोट के तमिलनाडु के किसी संगठन से कोई संबंध है या नहीं। प्रारंभिक जांच में विस्फोट में कर्नाटक के बाहर के लोगों के साथ कुछ संदिग्ध संबंधों की संलिप्तता का पता चला है, जिसके कारण गृह मंत्रालय ने जांच एनआईए को सौंपी। उत्तरी चेन्नई के मन्नाडे और मुथियालपेट और दक्षिणी रामनाथपुरम जिले में भी छापेमारी की जा रही है।

शिवकुमार-सिद्धरमैया को मिला धमकी भरा मेल

डीके शिवकुमार

सिद्धरमैया

बेंगलुरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मंगलवार को कहा कि उन्हें और मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को एक ईमेल मिला है जिसमें 25 लाख अमेरिकी डॉलर (20.7 करोड़ रुपये) का भुगतान नहीं करने पर राज्य में विस्फोट करने की धमकी दी गई है। राज्य कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि उन्होंने ईमेल को पुलिस अधिकारियों को भेज दिया है और पुलिस ईमेल भेजने वाले का पता लगाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा मुझे और मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को तीन दिन पहले मेल मिला था, यह मेरे फोन में है और मैंने इसे जांच के लिए पुलिस को भेज दिया है। उनके अनुसार, प्रेषक शाहिद खान 10786 है, जिसने भविष्य में संवाद के लिए एक और ईमेल आईडी भी साझा की है।

दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियन्स को 29 रन से हराया

कप्तान मेग लैनिंग और जेमिमा रोड्रिग्स के तूफानी अर्धशतकों के बाद शानदार गेंदबाजी की बदौलत दिल्ली को मिली जीत

जेमिमा रोड्रिग्स

69* रन
33 गेंद
8 चौके
3 छक्के

नई दिल्ली, एजेंसी

कप्तान मेग लैनिंग और जेमिमा रोड्रिग्स के तूफानी अर्धशतकों के बाद शानदार गेंदबाजी से दिल्ली कैपिटल्स ने डब्ल्यूपीएल में मंगलवार को मुंबई इंडियन्स को 29 रन से हराया। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 192 रन बनाने के बाद मुंबई को 8 विकेट पर 163 रन पर रोक दिया। दिल्ली की पांच मैचों में यह चौथी जीत है और टीम 8 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

लैनिंग ने 6 चौके और 2 छक्के की मदद से 53 रन बनाए। अपने तीसरे अर्धशतक के साथ उन्होंने 3 उपयोगी साझेदारियां की। प्लेयर ऑफ द मैच जेमिमा ने 8 चौके और 3 छक्के लगाकर नाबाद 69 रन बनाए और टीम को 200 रन के के करीब पहुंचाया। शेफाली वर्मा (28) और ऐलिस कैप्सी (19) ने भी आक्रामक पारियां खेली। मुंबई की पूजा वस्त्राकर ने 4 ओवर में 20 रन देकर 1 विकेट लिया। साइका इशाक, शबनीम इस्माइल और मैथ्यूज विकेट लेने वाली अन्य गेंदबाज थीं। मुंबई के लिए अमनजोत कौर ने 7 चौके की मदद से 42 रन बनाए। मैथ्यूज ने 29 जबकि संजीवन सजना ने नाबाद 24 रन बनाए। दिल्ली के लिए जोस जेनासन ने 21 रन देकर 3 जबकि मरीजान कैप ने 37 रन देकर 2 और शिखा पांडे, टिटास साधु और राधा यादव ने 1-1 विकेट लिए। लक्ष्य का बचाव करते हुए मरीजान कैप और शिखा पांडे ने शुरुआती दो ओवरों में क्रमशः यास्तिका भाटिया (6) और नैट सिवर ब्रंट (5) को चलता कर दिल्ली को शानदार शुरुआत दिलाई। दूसरे छोर से मैथ्यूज ने 3 चौके जड़ मुंबई की रन गति को बढ़ाने की कोशिश की, लेकिन मरीजान ने कप्तान हरमनप्रीत कौर (6) को चलता किया। पावरप्ले के आखिरी ओवर में जेस ने मैथ्यूज की 29 रन की पारी को खत्म किया। एमिलिया केर ने टिटास साधु के खिलाफ पारी का पहला छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर जेमिमा को कैच थमा बैठी, जिससे मुंबई ने नौवें ओवर में 68 रन तक 5 विकेट गंवा दिए। अमनजोत और पूजा ने स्कोर आगे बढ़ने पर ध्यान दिया। पूजा (17) जहां तेजी से रन बनाने के लिए संघर्ष कर रही थी। अमनजोत ने 14वें ओवर में राधा यादव और 15वें ओवर में शिखा को दो-दो चौके जड़े लेकिन जोनासन ने 16वें ओवर की पहली गेंद पर उन्हें बोल्ड कर दिया। लैनिंग और शेफाली ने ताबड़तोड़ शुरुआत की। शेफाली ने शबनीम के खिलाफ 2 चौके जड़े। इशाक ने उनका कैच टपकाकर जीवन दान दिया। लैनिंग ने सिवर ब्रंट के खिलाफ मैच का पहला छक्का जड़ा। उन्होंने इसी ओवर में 14 रन बटोरे। शेफाली ने भी शबनीम की गेंदों पर छक्का जड़ा लेकिन इस गेंदबाज ने उन्हें आउट कर दिया। पावरप्ले के बाद दिल्ली का स्कोर 1 विकेट पर 56 रन था।

विमेंस प्रीमियर लीग

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक	नेट रन रेट
दिल्ली	5	4	1	8	1.301
बेंगलुरु	5	3	2	6	0.242
मुंबई	5	3	2	6	0.018
यूपी	5	2	3	4	-0.073
गुजरात	4	0	4	0	-1.804

संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

दिल्ली कैपिटल्स : 192/4, जेमिमाह रॉड्रिग्स 69* मेग लानिंग 53, शेफाली 28, ऐलिस कैप्सी 19, मैरिजेन कप्प 12। **विकेट :** शबनिम इस्माइल 1, साइका इशाक 1, पूजा 1, हेली मैथ्यूज 1।

मुंबई इंडियंस : 163/8, अमनजोत कौर 42, हेली मैथ्यूज 29, संजीवन 24*, एमेलिया 17, पूजा 17। **विकेट :** मैरिजेन कप्प 2, शिखा पांडे 1, जेस जॉनसन 3, टिटास साधु 1, राधा यादव 1।

खेल डायरी

सात्विक और चिराग, त्रिसा और गायत्री के साथ लक्ष्य ने फ्रेंच ओपन में किया जीत से आगाज

पेरिस, एजेंसी। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी मंगलवार को मलेशिया के ओंग यू सिन और टीओ ई यी के खिलाफ मुकाबले में जीत के साथ फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंची। भारतीय जोड़ी ने 47 मिनट चले मुकाबले में 21-13, 24-21 से जीत दर्ज की। 2022 की चैंपियन जोड़ी के सामने दूसरे दौर में मान वेई चोंग और काई वुन टी मलेशिया की एक और जोड़ी की चुनौती होगी। लक्ष्य सेन ने जापान के कांता त्सुनेयामा पर जीत हासिल की। पुरुष एकल के प्री-क्वार्टर फाइनल में मुकाबला ली शेन फेंग से होगा। त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी हमवतन अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रेस्टो पर जीत के साथ दूसरे दौर में पहुंच गईं। भारत की यह दोनों महिला जोड़ी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में है। तनीषा और अश्विन की जोड़ी 11वें जबकि त्रिसा और गायत्री की जोड़ी ओलंपिक की रैंकिंग में 14वें स्थान पर हैं। प्रियांशु का सफर हार के साथ खत्म हो गया। वह विक्टर एक्सेलसन से हार गए।

सुमित नागल इंडियन वेल्स में पदार्पण पर जीते

इंडियन वेल्स, एजेंसी। भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल ने इंडियन वेल्स मास्टर्स में पहली बार खेलते हुए अमेरिका के वाइल्ड कार्डधारी स्टेफान डोस्टानिच को सीधे सेटों में हराया। नागल ने क्वालीफाइंग के पहले दौर में जीत दर्ज की। आठवीं वरीयता प्राप्त नागल को जीतने में 68 मिनट लगे। उन्होंने आखिरी क्वालीफाइंग दौर में पहुंचकर दस रैंकिंग अंक और 14400 डॉलर पुरस्कार सुनिश्चित कर लिया। इस साल वह आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचने वाले एक दशक में पहले भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी बने थे। उन्होंने चेन्नई चैलेंजर्स खिताब भी जीता, लेकिन पुणे और दुबई में हार गए। अब दूसरे दौर में उनका सामना कोरिया के सियोंग चान हांग से होगा।

लक्ष्य चाहर भी ओलंपिक क्वालीफायर से बाहर

बस्तो अर्सिज़ियो (इटली), एजेंसी। राष्ट्रीय चैंपियन लक्ष्य चाहर विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के पहले दौर में बाहर होने वाले चौथे भारतीय हैं। चाहर सोमवार को ईरान के गेश्लाघी मेसम से हार गए। भारत के अब तक जो 4 मुक्केबाज रिंग में उतरे हैं, उन्हें पहले दौर में ही हार मिली। दीपक भोरिया (51 किग्रा), नरेंदर बेरवाल (92 किग्रा से अधिक) और जैस्मीन लाम्बोरिया (60 किग्रा) आगे नहीं बढ़ पाए। मोहम्मद हुसामुद्दीन और शिव थापा सहित 5 भारतीय मुक्केबाज अब भी ओलंपिक कोटे की दौड़ में हैं। भारत ने मुक्केबाजी में चार कोटा पाए हैं। इनमें निकहत ज़रीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा), परवीन हुडा (57 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) हैं। सभी ने एशियाई खेलों में ओलंपिक कोटा हासिल किया था।

नदीम ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 500 से अधिक विकेट लेने वाले झारखंड के बाएं हाथ के गेंदबाज शहबाज नदीम ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। नदीम ने कहा कि मैं काफी समय से संन्यास पर विचार कर रहा था और अब मैं तीनों प्रारुपों से संन्यास ले रहा हूं। अब मुझे जब पता है कि भारतीय टीम में मुझे मौका नहीं मिल सकता तो यह बेहतर है कि मैं युवा क्रिकेटरों को मौका दूं। साथ ही अब मैं दुनिया भर की टी-20 लीग में खेलने का भी मन बना रहा हूं। नदीम ने भारत के लिए दो टेस्ट मैच खेले। उन्होंने 2019 में रांची में द. अफ्रीका के खिलाफ पर्दापण किया था। उन्होंने 4 विकेट लिए थे। उन्हें 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ खेलने का मौका मिला था। आईपीएल में उन्होंने दिल्ली और हैदराबाद की टीम से 72 मैच खेले। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट के 140 मैचों में 542 विकेट लिए हैं। टी-20 में उनके नाम 125 विकेट हैं। नदीम 2015-16 और 2016-17 में रणजी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। 2018 के विजय हजारे ट्रॉफी में भी ज्यादा विकेट लिए। इसी ट्रॉफी में उन्होंने राजस्थान को 10 रन देकर 8 विकेट लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। 2013 से 2020 तक उन्होंने इंडिया ए के लिए खेलते हुए 83 विकेट भी लिए थे।

इंग्लैंड के खिलाफ 2012 की श्रृंखला मेरे लिए निर्णायक मोड़ : अश्विन

उस श्रृंखला से मिली सीख से वह ऐसे गेंदबाज बन सके जो वह आज हैं

धर्मशाला, एजेंसी

भारत के आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने मंगलवार को कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ 2012 की श्रृंखला उनके करियर का निर्णायक मोड़ थी क्योंकि उससे मिली सीख से ही वह ऐसे गेंदबाज बन सके जो वह आज हैं। इंग्लैंड ने वह श्रृंखला 2-1 से जीती थी जो भारत में 1984-85 के बाद श्रृंखला में उसकी पहली जीत थी। अश्विन उस श्रृंखला में अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके और एलेस्टेयर कुक तथा केविन पीटरसन ने उन्हें आराम से खेला। 12 साल बाद अश्विन ने उस श्रृंखला को करियर का निर्णायक मोड़ बताया।

अश्विन ने अपने सौवे टेस्ट मैच से पहले कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ 2012 की श्रृंखला मेरे लिए निर्णायक थी। इसने मुझे बताया कि मुझे कहां सुधार करना है। कुक ने यहां आकर आसानी से रन बनाए। लेकिन मेरे लिए वह श्रृंखला और उसके बाद ऑस्ट्रेलियाई श्रृंखला ने बहुत कुछ बदला। मैंने पहले अच्छा खेला था तो मुझे समझ में नहीं आया कि ऐसा क्यो हुआ। अश्विन ने 4 टेस्ट में 14 विकेट लिए थे। उन्होंने कहा कि मेरे बारे में कई लेख लिखे गए और इसने मुझे सोचने पर मजबूर किया कि कहां गलती हुई।

इंग्लैंड के खिलाफ 7 मार्च से शुरू हो रहे पांचवें और आखिरी टेस्ट के जरिए अश्विन अपने सौ टेस्ट पूरे करेंगे। उन्होंने कहा कि यह बड़ा मौका है। गंतव्य से ज्यादा सफर खास रहा है। मेरी तैयारी में इससे कोई बदलाव नहीं आया है। हमें टेस्ट मैच जीतना है। उन्होंने कहा कि बर्मिंघम में 2018-19 में मेरे टेस्ट करियर का सर्वश्रेष्ठ स्पेल रहा। मैने दोनों पारियों में गेंदबाजी की। तीसरे दिन सुबह गेंदबाजी करके 3 विकेट लिए। मैंने मैच में 7 विकेट लिए लेकिन हम वह मैच 31 रन से हार गए थे। उसके बाद बेंगलुरू टेस्ट मैच में मैंने दूसरे दिन सुबह गेंदबाजी की। सेंचुरियन में 2018-19 में पहले दिन 4 विकेट लिए। ये स्पेल खास रहे। अश्विन ने 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। रविंद्र जडेजा की बल्लेबाजी बेहतर होने से उन्हें विदेश में अक्सर तरजीह मिलती रही, लेकिन अश्विन ने कहा कि अब उन्हें अतीत से कोई गिला नहीं। कोई कप्तान या खिलाड़ी किसी ऐसे को बाहर नहीं रखना चाहता जो उपयोगी लगता हो। रविंद्र जडेजा एक अच्छा बल्लेबाज है। इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका की पिचों पर सिर्फ गेंदबाजी के आधार पर ही चयन नहीं किया जाता है।

अश्विन बोले- स्मिथ, रूट को गेंद डालना पसंद

अश्विन ने अपने 100वें टेस्ट मैच से दो दिन पहले उन खिलाड़ियों को याद किया जिनके साथ मैदानी जंग में उन्हें मजा आता है। इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच से पूर्व अश्विन की प्रशंसा की थी और अब भारतीय स्पिनर ने भी अपने इस प्रतिद्वंद्वी की सराहना की। अश्विन ने कहा कि रूट के अलावा स्टीव स्मिथ और केन विलियमसन ने उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मुझे स्टीव, विलियमसन और रूट को गेंद डालना पसंद है। वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में हैं। जब मैं प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलता था तो मुझे स्पिनरों के खिलाफ बल्लेबाजी करने वालों को गेंदबाजी करने का मौका मिला। तमिलनाडु में मुझे एस बद्रीनाथ को गेंदबाजी करने का अवसर मिला और वह स्पिन को अच्छी तरह से खेलता है। मिथुन मनहास और रजत भाटिया भी इनमें शामिल हैं। ये सभी उन बल्लेबाजों में हैं जिनका मैं अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सामना नहीं करना चाहता। मैं उनके सम्मान में सर झुकाता हूं क्योंकि इन्होंने मुझे बहुमूल्य सबक सिखाए।

आंकड़ों का दुर्लभ संयोग

अश्विन और बेयरस्टो पूरा करेंगे टेस्ट मैचों का सैकड़ा

धर्मशाला, एजेंसी

ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो गुरुवार को जब मैदान पर उतरेंगे तो यह चौथा मौका होगा जब दो खिलाड़ी एक साथ अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे। पहली बार 2000 में वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच ओल्ड ट्रैफर्ड में हुए मैच में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन और एलेक स्टीवर्ट ने इस उपलब्धि को पाया था। द. अफ्रीका के जैक्स कैलिस, शॉन पोलाक और न्यूजीलैंड के स्टीफन फ्लेमिंग ने 2006 में सेंचुरियन में द. अफ्रीका बनाम न्यूजीलैंड मैच में 100वां टेस्ट खेला था। इस मौके पर 3 खिलाड़ियों ने एक मैच में 100वां टेस्ट खेला था। 2013 में पर्थ में इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया एशेज श्रृंखला में एलिस्टर कुक और माइकल क्लार्क ने टेस्ट मैचों का सैंकड़ा एक साथ पूरा किया था। न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउदी और उनके पूर्ववर्ती केन विलियमसन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे मैच में अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे। चौतीस साल के बेयरस्टो 100वीं टेस्ट कैप हासिल करने वाले इंग्लैंड के 17वें खिलाड़ी बनेंगे। उन्होंने 2012 में पदार्पण किया था। भारत मौजूदा श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर चुका है।

टेस्ट मैचों का शतक बहुत मायने रखता है: बेयरस्टो

टेस्ट मैचों का शतक पूरा करने की दहलीज पर खड़े विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो ने कहा कि इस ऐतिहासिक उपलब्धि तक पहुंचना उनके लिए बहुत मायने रखता है क्योंकि इस बीच उन्हें कई चुनौतियों से गुजरना पड़ा। बेयरस्टो ने कहा कि कोई बच्चा जब पेशेवर क्रिकेट की यात्रा शुरू करता है तो वह 100वां टेस्ट मैच खेलना चाहता है। मैंने 2012 में लॉर्ड्स में पदार्पण किया था और 12 साल बाद आप कहते हैं कि मैं 100वां टेस्ट मैच खेलने जा रहा हूं तो यह बेहद खुशी का पल होगा।

डोपिंग में ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिमोना की सजा हुई कम

लुसाने (स्विट्जरलैंड), एजेंसी। दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिमोना हालेप की अपील पर खेल की सर्वोच्च अदालत ने डोपिंग के खिलाफ उनके प्रतिबंध को कम कर टेनिस में वापसी की मंजूरी दे दी। खेल पंचाट ने कहा कि उसके न्यायाधीशों ने हालेप की अपील को आंशिक रूप से बरकरार रखा और उनके 4 साल के प्रतिबंध को घटाकर नौ महीने कर दिया। उनका प्रतिबंध जुलाई में समाप्त हो गया। फैसले में कहा कि हालेप ने प्रतिबंधित पदार्थ का सेवन सप्लीमेंट के माध्यम से किया है।

मंधाना को दिल्ली में भी बेंगलुरु जैसे उत्साह की उम्मीद

डब्ल्यूपीएल के दूसरे सत्र के बाकी मैच देश की राजधानी में होंगे, सोमवार को खेला गया बेंगलुरु सत्र का आखिरी मैच

नई दिल्ली, एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की कप्तान स्मृति मंधाना ने मंगलवार को उम्मीद जताई कि महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मौजूदा सत्र के पहले चरण में बेंगलुरु में दर्शकों ने जैसा उत्साह दिखाया वैसा माहौल टूदेश की राजधानी दिल्ली में भी देखने को मिलेगा।

डब्ल्यूपीएल के दूसरे सत्र का आयोजन बेंगलुरु और दिल्ली में किया जा रहा है। बेंगलुरु चरण में सोमवार को सत्र का आखिरी मैच खेला गया, जिसमें आरसीबी ने यूपी वॉरियर्स को 23 रन से हराया। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में इस दौरान दर्शक बड़ी संख्या में मौजूद थे। मंधाना ने कहा कि हम देखेंगे कि क्या दिल्ली के दर्शक बैंगलोर के प्रशंसकों की ऊर्जा को टक्कर दे पाएंगे। हमने यहां पुरुषों का क्रिकेट देखा है, मैं 2016 में एक मैच देखने आई थी। उस समय स्टेडियम दर्शकों से भरा था और ऐसा ही (बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम की तरह) माहौल था। इस दौरान लोगों ने मेरा काफी समर्थन किया और यह देखना शानदार था।

भारतीय महिला टीम की इस सलामी बल्लेबाज ने कहा कि डब्ल्यूपीएल के पहले सत्र में भी मुंबई के ब्रेबोर्न और डीवाई पाटिल स्टेडियम में बड़ी संख्या में दर्शक मैच देखने के लिए पहुंचे थे। इससे यह पता चलता है कि महिला क्रिकेट की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। मंधाना ने कहा कि एक महिला खिलाड़ी के रूप में मुझे लगता है कि यह महिला क्रिकेट की जीत है। मैं यह सिर्फ स्मृति मंधाना या आरसीबी के बारे में नहीं कह रही हूं, मुझे लगता है कि महिला क्रिकेट जीत रही है। उन्होंने कहा कि पिछले साल मुंबई में हमें दर्शकों का साथ मिला, इस साल बेंगलुरु में दर्शकों का उत्साह चरम पर देखने को मिला। यह देखकर अच्छा लगा की दर्शक सिर्फ घरेलू टीम ही नहीं बल्कि दूसरी टीमों के मैच देखने के लिए स्टेडियम में आए।

बॉलीवुड हलचल

यश की फिल्म शादी एक रात की शूटिंग शुरू

मुंबई, एजेंसी। निर्माता-निर्देशक रुस्तम अली चिस्ती की भोजपुरी फिल्म शादी एक रात की की शूटिंग शुरू हो गई है। फिल्म में यश कुमार मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म को लेकर चिस्ती ने बताया कि यह फिल्म नाम के अनुसार ही बेहतरीन बन रही है। उम्मीद है दर्शकों को पसंद आएगी। फिल्म में यश कुमार अपने यूनिक अभिनय और सब्जेक्ट वाली फ़िल्में के लिए प्रसिद्ध हैं। वे इस फिल्म में भी एक अलग और नायाब अंदाज में नज़र आएंगे। फिल्म की कहानी से लेकर संवाद तक सभी दर्शकों को पसंद आने वाले हैं। वही, फिल्म को लेकर यश कुमार ने कहा कि फिल्म उन अच्छी फिल्मों में होगी, जिसे लोग बार बार देखना चाहेंगे। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और सेट पर हम कहानी को टाइम लाइन पर उतार रहे हैं। फिल्म शादी एक रात की यश कुमार के साथ रक्षा गुप्ता, अनारा गुप्ता, पूजा सिंह, समर्थ चतुर्वेदी, अनिता रावत, राधे कुमार, हीरा यादव, संजीव सोलंकी, राजेश तोमड मुख्य भूमिका में हैं।

करीना, कृति और तब्बू की 'क्रू' का गाना नैना जारी

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की आने वाली फिल्म 'क्रू' का गाना नैना रिलीज हो गया है। फिल्म 'क्रू' का पहला ट्रैक 'नैना' रिलीज हो गया है। इस गाने में करीना, तब्बू और कृति अपने दिकलश अदाओं का जादू चलाती नजर आ रही हैं। गाने को दिलजीत दोसांझ और बादशाह ने गाया है। इस गाने को कम्पोज राज रन्जोध ने किया है। उन्होंने ही इसके लिरिक्स भी लिखे हैं। फिल्म क्रू को बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनाया गया है, जिसके निर्देशक राजेश कृष्णन हैं। यह फिल्म 29 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

लवली का गाना रंग लहे लहे डाली रिलीज

मुंबई,एजेंसी। गायक नवरत्न पांडेय और अभिनेत्री लवली काजल का गाना रंग लहे लहे डाली' रिलीज हो गया है। नवरत्न पांडेय और नेहा राज ने इस गीत को आवाज दी है। यह भोजपुरी होली गीत वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस होली गीत में नवरत्न पांडेय और लवली काजल की जोड़ी है। इस गाने में दिखाया गया है कि नवरंग पांडेय दोस्तों के साथ भांग पीकर पूरे मूड दिख रहे हैं। उनके सामने जब उनकी पत्नी आती है तो वह होली खेलने के लिए कहते हैं कि... 'फगुआ में हमरो बनाई द मिजाज, सइयां जी से आपन काहे खातिर लाज, मन में बा बेचैनी कइसे संभाली हो कइसे संभाली...'लवली काजल रंग लगाने का ऑफर देते हुए कहती है कि... एको जगे छोड़ी जनि खाली, राजा जी रंग लहे लहे डाली... वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इसको गीतकार सूरज सिंह ने लिखा है, जबकि संगीत विक्की वॉक्स ने दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता हैं।

अरविंद का गाना साली घरवाली रिलीज

मुंबई। भोजपुरी अभिनेता-गायक अरविंद अकेला कल्लू का नया होली स्पेशल गाना साली घरवाली टी-सीरीज हमार भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हो गया है। कल्लू ने कहा कि यह गीत श्रोताओं की खुशियों को और भी गहरा करेगा। शिल्पी राज के साथ गया यह गाना बेहद खास है। टी-सीरीज के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सोनू श्रीवास्तव ने बताया कि कल्लू और शिल्पी राज का यह गाना बेहद खूबसूरत है।

स्लाइस की ब्रांड एंबेसडर बनीं नयनतारा

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों की अभिनेत्री नयनतारा स्लाइस की ब्रांड एंबेसडर बन गई है। आम के शौकीनों के लिए प्रमुख पेय के रूप में पिछले कुछ वर्षों में, स्लाइस ने संपूर्ण देश के घरों में अपनी जगह पक्की की है। स्लाइस ने नयनतारा को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। नयनतारा ने कहा, मैं स्लाइस परिवार का हिस्सा बनकर और इस प्रतिष्ठित ब्रांड की विरासत में योगदान देकर रोमांचित हूं। मैं ब्रांड की आगामी परियोजनाओं का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हूं। मुझे उम्मीद है कि नया अभियान मेरे प्रशंसकों को अनोखे और मनमोहक तरीके से स्लाइस की रमणीय दुनिया में डुबो देगा। पेप्सिको इंडिया के स्लाइस एंड ट्रॉपिकाना के एसोसिएट डायरेक्टर, अनुज गोयल ने कहा, स्लाइस परिवार में नयनतारा का स्वागत करते हुए हमें खुशी हो रही है और हमें विश्वास है कि जनता के बीच उनकी व्यापक अपील ब्रांडों को हमारे मुख्य उपभोक्ताओं से जुड़ने में मदद करेगी। स्लाइस और नयनतारा दोनों ने परिवारों का मनोरंजन किया है और लोगों को एक प्यारे ढंग से एक साथ लाया है।

फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा की आने वाली फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। स्वातंत्र्य वीर सावरकर' विनायक दामोदर सावरकर की बायोपिक है। वह एक क्रांतिकारी, समाजसुधारक और राजनेता थे। फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' में रणदीप हुड्डा ने विनायक दामोदर सावरकर का किरदार निभाया है, वहीं अंकित लोखंडे ने उनकी पत्नी 'यमुनाबाई' की भूमिका निभाई है। ट्रेलर की शुरुआत रणदीप के डायलॉग से होती है, जिसमें वह कहते नजर आ रहे हैं कि 'हम सबने पढ़ा है कि भारत को आजादी अहिंसा से मिली है। यह वो कहानी नहीं है। ट्रेलर में दिखाया गया कि कैसे सावरकर ने अखंड भारत की लड़ाई लड़ी। किस तरह उन्होंने भारत को आजाद करवाने के लिए अपनी फौज खड़ी कर अग्रेजों को भागने पर मजबूर किया। इससे रणदीप हुडा अपना डायरेक्टोरियल डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म को ज़ी स्टूडियोज, आनंद पंडित, रणदीप हुडा, संदीप सिंह और योगेश राहर ने प्रोड्यूस किया है। स्वातंत्र्य वीर सावरकर 22 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

एक नजर

हिमाचलः भूस्खलन की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत

शिमला। हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में भूस्खलन की चपेट में आने से बिहार के दो मजदूरों की मौत हो गई। बता दें, पिछले सप्ताह से हो रही ताजा बर्फबारी और बारिश से पहाड़ी हिस्सों में जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पुलिस ने मंगलवार को कहा- जिले में धरमपुर इलाके के गाहर गांव में सोमवार रात दोनों मजदूर घर में सो रहे थे, अचानक हुए भूस्खलन से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने कहा- सुखारी मुखिया (31) और बासे मुखिया (46) मलबे के नीचे दबकर दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएंगे।

बर्फ के तूफान का कहर, कई इलाके 12 फीट तक बर्फ में दबे

सेन फ्रांसिस्को। तस्वीर अमेरिका में कैलिफोर्निया की है। वहां बर्फ का भीषण तूफान आया है। हवा की रफ्तार 306 किमी प्रति घंटे तक रही। साथ ही हर घंटे 6.6 इंच से अधिक बर्फबारी हो रही है। कुछ इलाकों में तो 12 फीट से अधिक ऊंचाई तक बर्फ जमा है। इससे यातायात बाधित है। मैमथ माउंटेन क्षेत्र में भारी बर्फबारी हुई। इस कारण वहां स्की रिजॉर्ट को बंद कर दिया गया। राज्य के करीब 2.3 लाख लोगों के यहां बिजली गुल है।

यूक्रेन ने नष्ट किया अरबों की कीमत वाला रूस का युद्धपोत

कीव। यूक्रेन ने रूस के एक और युद्धपोत को समुद्र में डुबोने का दावा किया है। उसने मंगलवार को कहा कि उच्च तकनीक वाले समुद्री ड्रोन का उपयोग करके काला सागर में क्रीमिया के पास रूसी युद्धपोत को डुबो दिया गया। यूक्रेन की ओर से यह दावा ऐसे समय किया गया है, जब उसकी सेना अग्रिम मोर्चे पर लक्ष्यों को लगातार निशाना बना रही है। हालांकि रूसी अधिकारियों ने यूक्रेन के इस दावे की पुष्टि नहीं की है। यूक्रेन ने फरवरी में भी दो रूसी युद्धपोतों को डुबोने का दावा किया था।

लक्षद्वीपः मिनिकॉय द्वीप पर भारतीय नौसेना का नया बेस आज से शुरू

नई दिल्ली। हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत करने की कवायद के तहत भारतीय नौसेना लक्षद्वीप के मिनिकॉय द्वीप समूह में अगले सप्ताह एक नया बेस आईएनएस जटायु बनाने जा रही है। भारतीय नौसेना 6 मार्च को नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार की उपस्थिति में मिनिकॉय में आईएनएस जटायु के रूप में नौसैनिक टुकड़ी को शामिल करने के लिए पूरी तरह तैयार है। आईएनएस जटायु की स्थापना द्वीपों में भारतीय नौसेना की परिचालन क्षमता और कनेक्टिविटी को बढ़ाएगा।

पराग समेत एक्स के कई पूर्व अफसरों ने मस्क पर किया केस

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- वेतन को लेकर हुआ विवाद, 12.8 करोड़ डॉलर न देने पर एक्स के मालिक पर लगाया आरोप

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) के पूर्व सीईओ पराग अग्रवाल और एक्स के कई पूर्व शीर्ष अधिकारियों ने एलन मस्क के खिलाफ मुकदमा किया है। विवाद नौकरी से निकाले जाने के बाद हर्जाने के तौर पर दिए जाने वाले वेतन को लेकर है।

पराग अग्रवाल के अलावा जिन अन्य लोगों ने एलन मस्क के खिलाफ मुकदमा किया है, उनमें नेड सीगल, एक्स के पूर्व सीएफओ, विजया गड्डे, एक्स की पूर्व चीफ लीगल ऑफिसर और सीन एजेट, एक्स के पूर्व जनरल काउंसल का नाम शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पराग अग्रवाल समेत चारों अधिकारियों ने एलन मस्क के खिलाफ 12.8

करोड़ डॉलर के विच्छेद वेतन (सेवेरेंस सैलरी) न देने के आरोप लगाए हैं।

इन अधिकारियों को एलन मस्क द्वारा एक्स का अधिग्रहण करने के बाद नौकरी से निकाल दिया गया था। मस्क ने अधिकारियों पर काम में लापरवाही बरतने और गलत आचरण के चलते नौकरी से निकाला था। हालांकि इन अधिकारियों ने मस्क के आरोपों से इनकार किया था।

पाकिस्तानः मोदी ने शहबाज को प्रधानमंत्री बनने पर दी बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को शहबाज शरीफ को दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए शहबाज शरीफ को शुभकामनाएं दी है।

दरअसल, बीते सोमवार को शहबाज के पीएम पद की शपथ के बाद भारत की ओर से बधाई संदेश न मिलने पर कई तरह की अटकलें शुरू हो गई थीं, लेकिन फिलहाल उन सभी अटकलों पर पूर्ण विराम लग गया है। 2022 में जब शहबाज शरीफ पहली बार प्रधानमंत्री बने थे, तब भी पीएम मोदी ने उन्हें बधाई दी थी।

31 MARCH के पहले पूरे कर लें ये जरूरी काम

इस महीने वित्त वर्ष समाप्त हो रहा है। 31 मार्च से पहले अपने फाइनेंशियल और टैक्स प्लानिंग से संबंधित सभी जरूरी काम पूरे कर लेने चाहिए। आइये जानते हैं कौन से महत्वपूर्ण काम ये महीन खत्म होने से पहले निपटा लेना जरुरी है।

चेक करें ईसीएस डेबिट

इंश्योरेंस प्रीमियम, एसआईपी, हाउसिंग लोन इंस्टॉलमेंट आदि आमतौर पर ईसीएस के द्वारा बैंक खाते से डेबिट होते हैं। अगर किसी तकनीकी कारण से ईसीएस डेबिट नहीं हो पाई हो या चेक से भुगतान की दशा में चेक बाउंस हो गया हो तो करदाता इनका क्लेम नहीं ले सकता है।

- पुरानी सैलरी डिटेल सबमिट करें वित्त वर्ष के दौरान अगर जॉब चेंज किया है तो मौजूदा नियोक्ता के पास फॉर्म 12बी में पुराने नियोक्ता से प्राप्त सैलरी की डिटेल सबमिट करें। नहीं तो हो सकता है कि दोनों नियोक्ता इनकम टैक्स बेसिक एक्सम्पशन लिमिट की छूट दे दें। ऐसी डिटेल नहीं देने पर रिटर्न दाखिल करते समय ब्याज सहित टैक्स का भुगतान करना पड़ सकता है।
- एक्सपेंस प्रूफ सबमिट करें कर्मचारी को हाउस रेंट अलाउंस या लीव ट्रैवल कंसेशन जैसी कुछ छूट खर्च करने पर ही मिलती हैं। 31 मार्च से पहले ऐसे बिल सबमिट कर इनका डिडक्शन क्लेम किया जा सकता है।
- यदि आपने अभी तक फास्टैग केवाईसी की प्रक्रिया पूरी नहीं की है तो नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इसकी डेडलाइन को बढ़ाकर 31 मार्च कर दी है। अगर आप 31 मार्च तक फास्टैग केवाईसी नहीं करते हैं तो बाद में आपका फास्टैग ब्लैकलिस्ट हो सकता है।

जांच लें पीपीएफ और एनपीएस खातों की न्यूतम राशि

यदि साल भर में पीपीएफ और एनपीएस खातों में कोई भी रकम जमा नहीं की है तो इस दशा में ये एकाउंट्स डोरमेट याने निष्क्रिय हो सकते हैं। ऐसे खाते सक्रिय बनाये रखने के लिए 31 मार्च के पहले इनमें 500 रुपए की न्यूनतम राशि जमा करा दें। बता दें, खाताधारक को नॉमिनेशन की प्रक्रिया को जरूर पूरा करना चाहिए। अकाउंट खोलने के लिए आपको फॉर्म-ए और नॉमिनेशन की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए फॉर्म-बी भरना जरूरी है। इससे बाद खाताधारक की मृत्यु हो जाने की स्थिति में खाते में जमा राशि को क्लेम करने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी।

हिंद-प्रशांत में नहीं चलेगी किसी की दादागिरी, रक्षा मंत्री का चीन को संदेश

राजनाथ ने कहा- पड़ोसी देशों को उनकी संप्रभुता कायम रखने में दी जाएगी मदद

पणजी, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के सैन्य शक्ति दिखाने के संदर्भ में परोक्ष संदेश देते हुए कहा कि भारतीय नौसेना यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी सशक्त आर्थिक और सैन्य ताकत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अन्य देशों पर अपना प्रभुत्व नहीं जमा पाए या उनकी संप्रभुता के लिए खतरा बन जाए।

नौसेना यह भी पक्का कर रही है कि कोई भी यहां पर वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश नहीं कर पाए। गोवा में मंगलवार को एक कार्यक्रम पर संबोधित करते हुए कहा कि हिंद-प्रशांत के सभी पड़ोसी देशों को उनकी स्वयत्तता और संप्रभुता कायम रखने में मदद दी जाएगी। गोवा स्थित नेवल वार कालेज की नई इमारत के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना पूरी तरह तैयार है। वह हिंद महासागर के तटीय देशों को पूरी सुरक्षा प्रदान कर रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खतरों को आंकने और उनसे निपटने का तरीका बदल गया है। पहले सरकारों का पूरा फोकस जमीन पर स्थित सीमाओं को ही सुरक्षित करने पर पूरा जोर रहता था। लेकिन जल क्षेत्र के खतरों को इतना महत्व नहीं दिया जाता था।

नये भारत के रणनीतिक विचारों में बदलाव पर सिंह ने कहा कि एक समय में हमें चारों ओर से जमीनी सीमाओं से घिरा देश माना जाता था, लेकिन अब भारत को जमीनी सीमाओं के साथ समुद्र से घिरे देश के रूप देखा जाता है। रक्षा मंत्री ने कहा, भारत की बढ़ती ताकत का लक्ष्य हिंद महासागर में दबदबा कायम करना नहीं है, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि का महौल बनाना है।" सिंह ने यह भी कहा कि अगर भारत प्रगति करता है तो उसके आसपास के क्षेत्र भी प्रगति करेंगे।

भारत की प्रगति से आसपास के क्षेत्र की भी होगी उन्नति

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमने सुनिश्चित किया है कि हिंद महासागर में किसी तरह का दबदबा न हो। उन्होंने आगे कहा, आज भारतीय नौसेना लगातार मजबूत होती जा रही है। हमारा नौसैनिक औद्योगिक आधार मजबूत हो रहा है। हमारे शिपयार्ड का विस्तार हो रहा है। विमानवाहक पोत बढ़ रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा, भारत की बढ़ती ताकत का लक्ष्य हिंद महासागर में दबदबा कायम करना नहीं है, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि का महौल बनाना है। सिंह ने यह भी कहा कि अगर भारत प्रगति करता है तो उसके आसपास के क्षेत्र भी प्रगति करेंगे। राजनाथ सिंह ने कहा, जिस तत्परता के साथ भारतीय नौसेना सहयोगियों के साथ खड़ी है, वह देश के वैश्विक मूल्यों को पर्याप्त ताकत प्रदान करती है। नौसेना की तत्परता के कारण भारत अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहा है और हिंद महासागर में सहयोगी देशों की पूरी मदद कर रहा है। उन्होंने आगे कहा, हिंद महासागर में हमारी नौसेना की मौजूदगी बाकी सहयोगियों पर आने वाले दबाव को रोकती है। उन्होंने कहा, हिंद महासागर क्षेत्र में पड़ोसी देशों की स्वायत्तता और संप्रभुता सुरक्षित रहनी चाहिए।

पीटीआई ने नई सरकार को बताया फर्जी, 10 को देशव्यापी प्रदर्शन

इस्लामाबाद। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने 'जनादेश की चोरी' के खिलाफ 10 मार्च को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। पार्टी पिछले महीने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में धांधली के आरोप लगा रही है।

पीटीआई जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी है।

पीटीआई के वरिष्ठ नेता असद कैसर ने पत्रकारों से बात कही। इस दौरान उन्होंने कहा, हम सभी राजनीतिक ताकतों को एकजुट करेंगे और कानून व संविधान के दायरे में आंदोलन शुरू करेंगे। मीडिया के मुताबिक, नेशनल असेंबली के पूर्व स्पीकर कैसर ने कहा कि वे सभी प्रांतों में सड़कों पर उतरने की योजना बना रहे हैं, ताकि उनकी मांगें पूरी हो सकें।" कैसर ने कहा, "हमारा आंदोलन जारी रहेगा। सभी राजनीतिक ताकतों को एक साथ लाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि वे समान विचारधारा वाले दलों के साथ गठबंधन करेंगे।

नई सरकार के सत्ता साझेदारी में विफल रहे प्रधानमंत्री दहल

काठमांडू, एजेंसी

- प्रचंड सरकार की स्थिरता को लेकर अटकलें तेज, सहयोगी दलों के साथ बैठक रही बेनतीजा

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड मंगलवार को सहयोगियों के साथ सत्ता साझेदारी समझौते पर सहमति बनाने में विफल रहे। उनकी सहयोगियों के साथ बातचीत बेनतीजा समाप्त हो गई। इससे नेपाली कांग्रेस के साथ नाटकीय तरीके से गठबंधन समाप्त करने के बाद प्रचंड सरकार की स्थिरता को लेकर अटकलें तेज हो गईं हैं।

प्रचंड ने कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के साथ नया गठबंधन बनाया है। संसद में संख्या बल के लिहाज से पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की अगुआई वाली यह पार्टी दूसरे नंबर की है। इसके बाद सीपीएन-यूएमएल से पदम गिरी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओवादी केंद्र) से हित बहादुर तमांग और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) से डोल प्रसाद अर्याल ने सोमवार को पद और गोपनीयता की शपथ ली। सोमवार को नया गठबंधन बनाने के बाद चारों दल, सीपीएन (माओवादी केंद्र), सीपीएन-यूएमएल, लोकतांत्रिक

समाजवादी पार्टी और जनमत पार्टी आठ सूत्री समझौते पर पहुंचे। समझौते के अनुसार, चारों दल नेशनल असेंबली अध्यक्ष चुनाव में माओवादी सेंटर के उम्मीदवार का समर्थन करने पर सहमत हुए हैं और उपाध्यक्ष के लिए यूएमएल उम्मीदवार का समर्थन करने का निर्णय लिया गया।

हालांकि, सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों के बीच सत्ता साझेदारी पर सहमति नहीं बन पाने के कारण प्रधानमंत्री 'प्रचंड' नई गठबंधन सरकार के गठन के 24 घंटे बाद भी कैबिनेट सदस्यों को मंत्री पद बांटने में विफल रहे। सीपीएन-यूएमएल के समर्थन से आनन-फानन में गठित हुए मंत्रिमंडल में प्रचंड ने गृह, रक्षा, विदेश और वित्त समेत 25 विभाग अपने पास रखे हैं।

10 मई के बाद मालदीव में भारतीय सेना नहीं रहेगी मौजूद, मुइज्जू ने दोहराया बयान

माले (मालदीव), एजेंसी

भारत विरोधी बयानबाजी तेज करते हुए मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा कि उनके देश में 10 मई के बाद एक भी भारतीय सैन्य कर्मी मौजूद नहीं रहेगा, यहां तक कि सादे कपड़ों में भी नहीं।

मीडिया के अनुसार, मुइज्जू का यह बयान तब आया है जब एक सप्ताह से भी कम समय पहले भारत की असैन्य टीम मालदीव में एक उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर का संचालन करने वाले सैन्यकर्मियों की जगह लेने वहां पहुंची थी। मुइज्जू ने अपने देश से भारतीय सैन्यकर्मियों के पहले समूह की वापसी के लिए 10 मार्च की समयसीमा तय की थी। मीडिया के अनुसार, उन्होंने द्वीप के इधाफुशी आवासीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सैनिकों को देश से बाहर निकालने में उनकी सरकार की सफलता के

- बोले-कोई भी भारतीय सैनिक सादे कपड़ों में भी मौजूद नहीं रहेगा

कारण झूठी अफवाहें फैला रहे लोग स्थिति को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे हैं।

मीडिया ने चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज्जू के हवाले से कहा, यह कहना कि ये लोग (भारतीय सेना) देश छोड़कर जा नहीं रहे हैं, वे सादे कपड़े पहनकर अपनी वर्दी बदलने के बाद वापस लौट रहे हैं। हमें ऐसे विचार नहीं लाने चाहिए जो हमारे दिलों में संदेह पैदा करें और झूठ फैलाएं। उन्होंने कहा, 10 मई के बाद देश में कोई भारतीय सैनिक मौजूद नहीं रहेगा। न ही वर्दी में और न ही सादे कपड़ों में। भारतीय सेना किसी भी तरह के कपड़ों में इस देश में नहीं रहेगी। मैं विश्वास के साथ यह कहता हूं।

बर्फीली वादियों में अठखेलियां...

मनाली : बर्फीली वादियों में पर्यटकों का जमावड़ा लगा रहा। मनाली के मुख्य पर्यटन स्थल सोलंग वैली सहित हिडिंबा मंदिर, वशिष्ट, पलचन, बरुआ और मॉल रोड पर पर्यटक बर्फबारी का जम कर लुत्फ उठा रहे हैं। सोलंग वैली पूरी तरह से पर्यटकों से गुलजार दिखी। सैलानी बर्फ से अठखेलियां करते नजर आए। बर्फ देखने और बर्फ के बीच मस्ती करने के लिए भारी संख्या में पर्यटक मनाली पहुंच रहे हैं। इस वजह से जाम की स्थिति भी बन रही है। जिससे स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ● एजेंसी

भारत द्विराष्ट्र समाधान का समर्थक : रूचिरा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

इजराइल-हमास के बीच पिछले पांच महीने से चल रहे युद्ध को लेकर संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने गाजा की स्थिति को लेकर चिंता जाहिर की। साथ ही उन्होंने नागरिकों की मौत की कड़ी निंदा की।

भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां इजराइल की सुरक्षा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए फिलिसतीनी एक स्वतंत्र देश में खुलकर जी सकें। वीटो के इस्तेमाल पर सोमवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक को संबोधित करते हुए कंबोज ने कहा कि संघर्ष पर भारत की स्थिति स्पष्ट रही है और कई मौकों पर यह कहा गया है। उन्होंने

- यूएन में स्थायी प्रतिनिधि रूचिरा ने गाजा में संघर्ष को लेकर जताई गहरी चिंता

कहा, दोनों पक्षों के बीच सीधी और सार्थक बातचीत के जरिए हासिल किया गया केवल दो राष्ट्र समाधान ही स्थायी शांति ला सकेगा। भारत दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है जहां फिलिस्तीनी लोग इजराइल की सुरक्षा जरूरतों का सम्मान करते हुए सुरक्षित सीमाओं के भीतर एक स्वतंत्र देश में खुलकर रह सकें। उन्होंने सभी बंधकों को रिहा करने, उकसावे वाली कार्रवाइयों से बचने और सीधी शांति वार्ता जल्द शुरू करने की स्थितियां बनाने की दिशा में काम करने का आग्रह करते हैं।

इजराइल में रहने वाले भारतीयों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की हिदायत

इजराइल में भारतीय दूतावास ने मंगलवार को एक एडवाइजरी जारी की है। जिसमें सीमा क्षेत्रों में काम करने वाले अपने नागरिकों से मौजूदा परिस्थितियों के कारण देश के भीतर सुरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित होने का आग्रह किया गया है। दूतावास ने अपनी एडवाइजरी में कहा, मौजूदा सुरक्षा स्थिति और स्थानीय सुरक्षा सलाह के मद्देनजर, इजराइल में सभी भारतीय नागरिकों, विशेष रूप से उत्तर और दक्षिण में सीमावर्ती क्षेत्रों में काम करने वाले या आने वाले लोगों को, इजराइल के भीतर सुरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित होने की सलाह दी जाती है। एक दिन पहले एक भारतीय की मौत के बाद यह सलाह जारी की गई है।

विज्ञान नए कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में जेम्स टेलिस्कोप की नजर, जुलाई से शुरू होगी खोज

ब्लैक होल, एक्सोमून व डार्क एनर्जी के अब खुलेंगे रहस्य

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : ब्रह्मांडीय खोज की दुनिया में खगोलविदों ने अपने लिए नए लक्ष्य निर्धारित किए हैं। जिसकी पूर्ति जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप से होगी। लक्ष्य में ब्लैक होल, एक्सोमून व डार्क एनर्जी को शामिल किया गया है। इस वर्ष जुलाई से अगले वर्ष जून के बीच खगोलीय खोज की दुनिया में नए आयाम स्थापित हो सकेंगे।

ब्लैक होल, एक्सोमून व डार्क एनर्जी ब्रह्मांड में छिपे वह रहस्य हैं, जिनके बारे में विज्ञान आज भी अनभिज्ञ है। हालांकि ब्लैक होल के बारे में काफी कुछ जानकारी है, जो वैज्ञानिक दृष्टि से पर्याप्त नही है। बड़ी बात यह है कि ब्लैक होल ब्रह्मांड की अदृश्य

जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप के साथ ब्लैक होल व एक्सोप्लानेट की काल्पनिक तस्वीर।

महाशक्ति है। लिहाजा इसके बारे में प्रत्येक जानकारी बेहद जरूरी है। जिस कारण ब्लैक होल को भी लक्ष्य में रखा गया है।

एक्सोमून (बाहरी ग्रहों के चंद्रमा) की बात करें तो अभी तक इस दिशा में खोज का आंकड़ा शून्य है। यह स्वाभाविक है कि दूसरे तारों के अपने ग्रह हैं तो उनके उपग्रहों की भी अलग दुनिया होगी। जिनके बारे में हम कुछ नही जानते। यह भी संभव है कि किसी ब्रह्मांड के किसी एक्सोमून में ही जीवन हो। जिसके चलते एक्सोमून की खोज को पहली बार लक्ष्य बनाया गया है। डार्क एनर्जी की बात करें तो यह वह शक्ति है जो ब्रह्मांड के बड़े हिस्से में अपना वर्चस्व रखता है। मगर आज तक इसके बारे में हम अंजान हैं। लंबे समय से इस महाशक्ति पर शोध किये जा रहे हैं। मगर इसकी वास्तविकता का पता नही लग सका है। मगर जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप इस दिशा में गूढ़ रहस्यों का पर्दाफाश कर पाएगी।

जुलाई से जून 2025 तक दुनिया के कई देशों के वैज्ञानिक होंगे शामिल

नासा के स्पेस टेलेस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट ने जुलाई 2024 से जून 2025 के बीच का समय निर्धारित किया है। यह टेलेस्कोप 5500 घंटे खोज करेगी। इस कार्य में दुनिया के कई देशों के वैज्ञानिक शामिल होने रहे हैं। जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप अंतरिक्ष में पृथ्वी से 15 किमी की दूरी पर स्थित है, जो आधुनिक खगोल विज्ञान की विशाल आंख है और अत्याधुनिक उपकरणों से लैस है। यह टेलेस्कोप अभी तक कई कीर्तिमान स्थापित कर चुकी है और अब इसकी अगली रोचकपूर्ण खोज को लेकर दुनिया के वैज्ञानिको की नजरें इस पर रहेंगी।

भारतीय सेना का प्रशिक्षु विमान खेत में गिरा, पायलट घायल

गया। तकनीकी खराबी के कारण अचानक सेना का प्रशिक्षु विमान गांव के खेत में गिर गया। विमान के गिरते ही ग्रामीणों के बीच अफरातफरी का माहौल मच गया। कुछ ही देर में विमान को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ लग गई। घटना गया जिले के बोधगया थाना क्षेत्र अंतर्गत बगदाहा गांव की है।

बता दें, विमान का इंजन अचानक फेल हो जाने के कारण क्रैश होकर खेत में गिर गया। विमान में दो पायलट सवार थे। लेकिन इस घटना में दोनों पायलटों को मामूली चोटें आईं हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि बगदाहा गांव के पास अचानक तेज आवाज के साथ जा गिरा। उस दौरान थोड़ी देर के लिए गांव के ग्रामीणों के बीच अफरातफरी मच गई। हालांकि सूचना के बाद सेना के अधिकार पहुंच गए। क्षतिग्रस्त विमान को सैनिक कैंप ले जाने की तैयारी में जुट रहे।

पूरा भारत चाहता है मणिपुर की स्थिति सामान्य हो : जयशंकर

सियोल, एजेंसी

दक्षिण कोरिया के दौरे पर मंगलवार को पहुंचे विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि मणिपुर में जो कुछ भी हुआ वह 'बेहद दुखद' है। वहां की परिस्थितियों ने हमारे दिल तोड़ दिए हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पूरा भारत पूर्वोत्तर राज्य में सामान्य परिस्थितियों की बहाली देखना चाहता है।

उन्होंने यह भी कहा कि वह युग जब कुछ ताकतों ने वैश्विक व्यवस्था को पुनर्निधारित करने में 'अत्यधिक प्रभाव' का प्रयोग किया था, वह अब बीत चुका है, इसलिए भारत व दक्षिण कोरिया की इस प्रक्रिया में सक्रिय योगदान की जिम्मेदारी बढ़ती जा रही है। दक्षिण कोरिया और जापान की चार दिवसीय यात्रा के पहले दिन भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने एक

- दक्षिण कोरिया में भारतीय प्रवासियों से बोले विदेश मंत्री

एनआरआई के मणिपुर की स्थिति के बारे में पूछने पर अपनी पीड़ा बताई। उन्होंने कहा कि यह कैसे हुआ? सरकार ने ऐसा कैसे होने दिया? वहां जो कुछ भी हो रहा है, किसी को भी इससे पीड़ा होगी। वहां जो कुछ भी हुआ वह बेहद दुखद और पीड़ादायी है। मणिपुर में जो कुछ हो रहा है, उसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को 'व्यथित' बताना एक हल्का शब्द है। उन्होंने बताया कि आपसी मेलजोल वाले समुदायों (मैतेई और कुकी) के बीच तनाव से ऐसे हालात बने। उनके बीच खाई इतनी बढ़ गई कि इतनी भीषण हिंसा हुई जिसे रोक पाना बहुत मुश्किल हो गया।

भारत का पुनरुत्थान कायम रहेगा, यहां से पीछे नहीं हटेगा

वाशिंगटन। सुप्रीम कोर्ट के एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों से कहा कि भारत का पुनरुत्थान, जो भूराजनीति, धार्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक सहित कई

कारकों का परिणाम रहा है, कायम रहने वाला है और देश यहां से पीछे नहीं हटने वाला है।

सुप्रीम कोर्ट के वकील और लेखक जे साई दीपक स्टैनफोर्ड इंडिया डायलॉग द लीडर्स ऑफ टुमॉरो में छात्रों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'सच्चाई यह है कि सत्तर, अस्सी और नब्बे के दशक की पीढ़ी भारत को एक रोमांचक कहानी के रूप में देख रही है। अब वे इसका हिस्सा बनना चाहते हैं, जो मुझे लगता है कि स्वागत योग्य है। यह शानदार है।